
A254

रूपान्तरण

Rupantaran



नाटक विशेषाङ्क

८

अनुवादप्रधान हिन्दी, नेपाली, अङ्ग्रेजी वार्षिकी



रूपान्तरण

(अङ्क ८, वि.सं. २०७७; नाटक विशेषाङ्क)

Rupantaran

An Annual Literary Translation Magazine (Hindi, Nepali, English)

(Vol . 8, A. D. 2020)

प्रधान सम्पादक
प्रा.डा. उषा ठाकुर
(मोबाइल : ९८४९४६७८७०)

सम्पादक मण्डल
डा. रामदयाल राकेश
केशव सिग्देल
मुकेश मिश्र

कार्यकारी सम्पादक
महेश पौड्याल

प्रकाशक
नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान
कमलादी, काठमाडौं

मुद्रक
प्रज्ञा छापाखाना, कमलादी

आवरण सज्जा
वसन्तराज अज्ञात

कम्प्युटर सेटिङ
रञ्जन घिमिरे

मूल्य : रु. २५०/-

email
office@nepalacademy.org.np
वेब साइट
www. nepalacademy.org.np
फोन : ०१-४२३१७९१
फ्याक्स : ०१-४२२११७५
प्रधान सम्पादक (सम्पर्कका लागि)
इमेल : ushathakur51@gmail.com
फोन : ४२४१३०५

यस अङ्कमा

नेपाली साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

संस्कृत साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

भोजपुरी साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

नेपाल भाषा साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

थारु साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

अवधी साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

विदेशी साहित्यबाठ नेपाली भाषामा अनुवाद

English Translations from Nepali Literature

Interview

Criticism

Survey

Plays

सम्पादकीय

विश्व-साहित्य की कालजयी कृतियों का अनुवाद न केवल आज के समय की ज़रूरत है, अपितु भविष्य का सहज स्वाभाविक विकास का उपकरण भी है। वस्तुतः अनुवाद ही वह साधन है जिसके द्वारा हम विश्व के भिन्न-भिन्न भागों में रहने वाले मानव समूहों की संवेदनाओं में अपने सुखों-दुखों का साझा स्वरूप देख पाते हैं। और इस तरह पूर्वजों से प्राप्त विश्व-बंधुत्व के संकल्प को साकार रूप में उपलब्ध करते हैं। आज के विश्वव्यापीकरण के युग में अनुवाद का महत्त्व विश्व-साहित्य की अवधारणा को और भी व्यापक बनाने की दिशा में सर्वोपरि है। इसीलिए आज अनुवाद भाषिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक सेतु के रूप में विश्व में स्थापित होता जा रहा है, वैश्विक एकता को मज़बूत कर रहा है और विश्व-भाषाओं की साहित्यिक संपदा के संवर्द्धन एवं पोषण में अपना योगदान दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि विश्व भाषिक-साहित्यिक उन्नति के लिए नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। विश्व साहित्य की अवधारणा को और भी व्यापक बनाने की दिशा में प्रतिष्ठान का अनुवाद विभाग सक्रिय है तथा नेपाली भाषा-साहित्य को विश्व रंगमंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए कटिबद्ध है। अपनी अनेक विभागीय परियोजनाओं, अनुवाद विचार गोष्ठियों तथा अनूदित कृतियों के प्रकाशनों द्वारा विश्व साहित्यिक जगत में नेपाली साहित्य को प्रतिष्ठित करने के लिए अनुवाद विभाग सतत जागरूक और क्रियाशील है। हिंदी नेपाली और अंग्रेज़ी तीन भाषाओं में प्रकाशित 'रूपांतरण' अनुवाद पत्रिका इसी दिशा में एक ठोस प्रयास है।

हिंदी और अंग्रेज़ी संसार के व्यापक क्षेत्र में बोली जाने वाली समृद्ध और स्थाापित भाषाएँ हैं। अतः नेपाली साहित्य के विश्वव्यापीकरण के लिए इस पत्रिका के हिंदी और अंग्रेज़ी खंड में नेपाली साहित्य की उत्कृष्ट रचनाओं के अनुवाद हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा में प्रस्तुत किए जाते हैं। एकेडमी के उद्देश्य अनुरूप नेपाली साहित्य की उन्नति के साथ ही संस्कृत साहित्य तथा नेपाल की मातृभाषा साहित्यों की भी उन्नति और प्रचार-प्रसार आवश्यक है। तदनुरूप अंग्रेज़ी और हिंदी खंड के अनुवादों के द्वारा इन साहित्यों की भी गरिमामाय प्रस्तुति रहती है। साथ ही नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान के उद्देश्य अनुरूप अनुवाद द्वारा विश्व साहित्य को नेपाली साहित्य जगत के समक्ष प्रस्तुत करना भी आवश्यक है ताकि नेपाली साहित्य जगत में विश्व साहित्य में प्रयुक्त भाव, भाषा-शैली और विचार-दर्शनों का ज्ञान हो। विगत अंकों के 'रूपांतरण' में जापान अमेरिका, ऑस्ट्रिया, चीन, इज़िप्ट, रूस, नॉर्वे, स्विट्ज़रलैंड, अजरबैजान, फ्रांस, पोलैंड, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, स्पेन, आयरलैंड, इटली, स्वीडेन, मेक्सिको, युगोस्लाविया, हंगेरी, इराक, दक्षिण अफ्रिका, डेनमार्क, ग्रीस, नाइजीरिया, विलायत आदि की उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाएँ नेपाली भाषा में अनूदित होकर प्रकाशित होती रही हैं।

इस अंक में भी अमेरिका, विलायत, रूस, चीन, भारत, फ्रांस आदि देशों के नाटकों का नेपाली भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किए गए हैं जो हमें वैश्विक साहित्यिक प्रवृत्तियों का रसास्वादन करवाने में सक्षम हैं तथा हमारी लेखनी को ऊर्जा प्रदान करवाने में समर्थ और प्रेरणादायी हैं।

'रूपांतरण' का प्रस्तुत आठवाँ अंक 'नाटक विशेषांक' के रूप में प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है।

प्रस्तुत अंक में साहित्य की विभिन्न विधाओं में नाटक विधा की सर्वोत्कृष्टता सिद्ध करने का प्रयास किया गया है। नाटक वास्तव में साहित्य की दृश्य विधा अंतर्गत पड़ने वाला जीवन का कलात्मक अनुकरण है। देश की राष्ट्रीयता, सामाजिकता, तथा सांस्कृतिकता का पात्रों के द्वारा भाषा और कार्य-

व्यापार के माध्यम से मंच पर अभिनयात्मक प्रस्तुति ही नाटक है जो साहित्य की अनेक विधाओं में सबसे अधिक प्रभावशाली है, मानव मन-मस्तिष्क को शीघ्र ही बहुत ही गहराई तक झंकृत कर देता है। साहित्य और कला का अद्‌भुत संगम नाटक की सफलता नाटककार की नाट्य लेखन कला पर मात्र निर्भर न रहकर अभिनयकर्ताओं की अभिनय कला, रंग शिल्पी की वास्तुकला तथा प्रस्तोता की प्रस्तुति कला पर भी निर्भर करता है।

प्रस्तुत अंक में विषय के आधार के रूप में पौराणिक नाटक, ऐतिहासिक नाटक, समस्या प्रधान नाटक, प्रतीकवादी नाटक, सामाजिक नाटक, सांस्कृतिक नाटक, मनोविश्लेषणपरक नाटक, आदर्शोन्मुख नाटक, तथा यथार्थवादी नाटक के सुंदर उदाहरण देख सकते हैं। इसी तरह आकार की दृष्टि से नाटक पूर्णांकी और एकाङ्की के रूप में तथा भाषा-शैली की दृष्टि से गद्यात्मक और पद्यात्मक नाटकों को भी यहाँ प्रस्तुत किया गया है। इस नाटक विशेषांक में नाटक संबंधी विभिन्न समीक्षात्मक शोधपरक लेख भी प्रस्तुत किए गए हैं जिनके द्वारा नेपाली नाटकों के विभिन्न रूप, विभिन्न मोड़, विभिन्न प्रवृत्तियों, नाटक के बारे में विभिन्न सोच, विभिन्न प्रयोग, रंगमंच की अवस्था, आवश्यकता और उपादेयता संबंधी अनेक सार्थक दृष्टिकोण प्रस्तुत किए गए हैं। प्राध्यापक जगत प्रसाद उपाध्याय 'प्रेक्षित' जी ने सम के 'अमर सिंह' नामक नाटक के बारे में जो विद्वत्तापूर्ण समीक्षा प्रस्तुत की है, वह अनुपम है। इसी तरह प्रा. डॉ. हेमनाथ पौडेल जी की गोपाल प्रसाद रिमाल के 'मसान नाटक में नारी चेतना' शीर्षक की समीक्षा उल्लेखनीय है।

नेपाली नाटक यात्रा में वि. सं. १९६३ में पहलमान सिंह स्वार का मौलिक नाटक 'अटल बहादुर' प्रकाशित होने के बाद नेपाली नाटक का पूर्व-आधुनिक काल प्रारंभ होता है। वि. सं. १९८६ में बालकृष्ण सम द्वारा लिखित 'मुटुको व्यथा' के प्रकाशन के बाद नेपाली नाटक में आधुनिकता का पूर्ण प्रवेश माना जाता है। अन्त्यानुप्रासहीन पद्यात्मक (अनुष्टुप छंद) शैली में दुखांत नाट्य लेखन आरंभ करने वाले नाट्य सम्राट सम नेपाली के सर्वोच्च नाट्य प्रतिभा हैं जिन्होंने लगभग पाँच दशकों से अधिक नाट्य साधना के क्रम में पद्यात्मक तथा गद्यात्मक शैली में विभिन्न नाट्य शिल्प का प्रयोग करते हुए दुखांत और सुखांत प्रकृति के चार दर्जन से भी अधिक नाटक लिखे। पूर्वीय और पशिचमी चिंतन तथा शैली का सुंदर संयोजनपूर्वक अपने विशिष्ट शिल्प में नाट्य सृजन करने वाले सम ने नाटक में सामाजिक, ऐतिहासिक, पौराणिक आदि विभिन्न विषय-वस्तु प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं। सम के बाद नेपाली नाटक क्षेत्र में भीमनिधि तिवारी का उल्लेखनीय स्थान है। तिवारी भी सामाजिक सुधार चाहने वाले आदर्शोन्मुख यर्थावादी धारा के नाटककार थे।

गोपाल प्रसाद रिमाल के 'मसान' (वि. सं. २००३) से नेपाली नाटक के क्षेत्र में यथार्थवाद ने और अधिक सशक्त रूप में प्रवेश किया और एक नया युगांतर स्पष्ट रूप में दिख पड़ा। रिमाल द्वारा प्रवर्तित यथार्थवादी नाट्य धारा को गोविंद बहादुर गोठाले ने और विकसित रूप में प्रस्तुत किया, यद्यपि गोठाले के नाटकों में मनोविश्लेषणात्मक विषयों की भी सशक्त प्रस्तुति पाई जाती है। सम के बाद महान नाटककार के रूप में विजय मल्ल का नाम लिया जाता है। यथार्थवादी नाट्य धारा में अति यथार्थता तथा मनोविश्लेषणात्मकता द्वारा नवीन आयामों को प्रस्तुत करना विजय मल्ल के नाटकों की विशेषता रही है। परंपरावादी और प्रयोगवादी दोनों ही प्रकार के नाटक लिखने वाले विजय मल्ल ने परंपरा और प्रयोग के बीच सेतु बाँधने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। वि. सं. २०३० में ध्रुवचंद्र गौतम के नाटक 'त्यो एउटा कुरा' के प्रकाशन के बाद नेपाली नाटक में नव-आधुनिक युग प्रारंभ हुआ। नव-आधुनिक नेपाली नाटक की धारा को विभिन्न नाट्य प्रयोग के द्वारा व्यापक बनाने, उत्तर-आधुनिक नाट्य धारा को सचेत होकर महत्त्वपूण रूप में आगे बढ़ाने और दिशा-निर्देश प्रदान करने में मन बहादुर मुखिया, अशेष मल्ल, अभि

सुवेदी, मोहनराज शर्मा सरुभक्त, अविनाश श्रेष्ठ, गोपाल पराजुली, शिव अधिकारी, विप्लव ढकाल, गोपी सापकोटा, कृष्ण शाह यात्री, शारदा सुब्बा आदि नाटककारों का उल्लेख्य योगदान रहा है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर-आधुनिक नाटकों में नए-नए विषय-वस्तुओं, नए शिल्पों, नए बिंबों, नए प्रतीकों, नई रंग प्रविधियों को स्थापित करने की कोशिश की गई है। आज के नाटकों में बहुल सांस्कृतिक चेतना, साइबर संस्कृति, अत्याधुनिक प्रविधि, पारंपरिक मूल्य एवं मान्यता के प्रति विद्रोह, अमूर्त शैली का प्रयोग तथा आप्रवासी चेतना को प्रस्तुत करके अत्याधुनिक नाटकों को सार्थकता देने का सुंदर प्रयास हुआ है। साथ ही समकालीन नेपाली रंगमंच की समस्याओं पर भी गंभीर विवेचना हुई है।

हमें यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि नेपाली नाटक के विभिन्न रूप, शैली, कथ्य और प्रकृति को समेटते हुए इस नाटक विशेषांक में नेपाली नाट्य साहित्य के प्रमुख नाटककारों और नाटकों को प्रस्तुत किया गया है। साथ ही नाटक संबंधी विभिन्न पक्षों को समेटते हुए महत्त्वपूर्ण समीक्षात्मक लेख भी प्रस्तुत किए गए हैं। विश्व-साहित्य के प्रसिद्ध नाटकों को प्रस्तुत करने का हमारा उद्देश्य यह रहा है कि हम विभिन्न देशों में लिखे गए नाटकों के विषय-वस्तु, भाव शिल्प और प्रवृत्ति का ज्ञान हासिल कर सकें तथा तुलनात्मक रूप में उन नाटकों में अपने नाट्य साहित्य की स्थिति, दशा और दिशा का तटस्थ आकलन कर सकें।

हमें इस बात की खुशी है कि बालकृष्ण सम, गोपाल प्रसाद रिमाल, विजय मल्ल, रमेश विकल, गोविंद बहादुर मल्ल, प्रा. डॉ. अभि सुवेदी, डॉ. ध्रुवचंद्र गौतम, शार्दूल भट्टराई, पद्मरत्न तुलाधर जैसे नाट्य साहित्य के मूर्धन्य नाटककारों की प्रस्तुति के साथ ही इस अंक में युवा वर्ग को भी प्रोत्साहित करने का, उन्हें मार्गदर्शन करने का पुनीत कार्य हुआ है।

विद्वान नाटककार श्री अशेष मल्ल की अंतर्वार्ता इस अंक का प्रमुख आकर्षण है। मैथिली एकाङ्की के बारे में विद्वान समीक्षक प्रा. डॉ. गोविंदराज भट्टराई की महत्त्वपूर्ण समीक्षा अत्यंत सारगर्भित और खोजमूलक है। साथ ही विदुषी महिला साहित्यकारों की समीक्षाएँ भी उल्लेखनीय हैं।

इस अंक में समसामयिक नाट्य धारा के अत्यंत प्रतिभाशाली नाटककार प्रा. डॉ. अभि सुवेदी का प्रसिद्ध काव्य नाटक 'आरूका फूल का सपना' भी संगृहीत है। यह काव्य नाटक फागुन २०५७ में बांग्लादेश, ढाका के ऐतिहासिक नाट्य उत्सव में प्रस्तुत हुआ और इसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली। इतिहास और कल्पना, साहित्य और कला, संस्कृति के सुंदर समन्वय से परिपूर्ण इस काव्य नाटक में नए बिंबों और प्रतीकों के सहारे नारी मन के द्वंद्व, नारी मानसिकता और विद्रोह को अत्यंत कुशलता के साथ दर्शाया गया है। रंगमंच की सुंदर सजीव व्यवस्था और मानव हृदय का स्वाभाविक चित्रण इस काव्य नाटक की विशेषता है।

नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान के उद्देश्य के अनुसार नेपाली भाषा साहित्य की उन्नति के साथ ही संस्कृत साहित्य तथा नेपाल के मातृभाषा-साहित्यों की उन्नति भी उतनी ही आवश्यक है, तदनुरूप प्रस्तुत अंक में संस्कृत साहित्य अंतर्गत 'मालती माधव' नाटक की समीक्षा, मैथिली एकाङ्की के बारे में समीक्षा, नेपाल भाषा के प्राचीन नाटकों की समीक्षा तथा भोजपुरी, अवधी, थारू और नेपाल भाषा के नाटकों के अनुवाद प्रस्तुत किए गए हैं ताकि नेपाली भाषा-साहित्य के साथ इन साहित्यों का भी प्रचार-प्रसार हो सके।

स्मरणीय है कि अनुवाद विभाग अनेकानेक पुस्तकों का अनुवाद कार्य करके, अनुवाद संबंधी गोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन कर, अनुवाद पत्रिका 'रूपांतरण' का प्रकाशन करके तथा अनुवाद संबंधी अन्य कार्यों को पूर्णता प्रदान करके नेपाली साहित्य को अंतरराष्ट्रीय आँगन में प्रतिष्ठित करने के लिए कटिबद्ध है। इसी दिशा में 'अनुवादक परिचय कोश' (वि. सं. २०७५) का प्रकाशन अनुवाद अध्येताओं के लिए एक ऐतिहासिक कार्य हुआ। इसी कड़ी को जोड़ते हुए **'अनुवाद संदर्भ ग्रंथ'** तैयार किया गया जो

प्रकाशन के लिए प्रेस में भेजा जा चुका है। इसमें अनुवाद के विभिन्न पक्षों को लेकर अनुवाद विज्ञों के ३६ अनुसंधानात्मक लेख संगृहीत किए गए हैं। निश्चय ही यह बृहद् पुस्तक अनुवाद साहित्य के इतिहास में अत्यंत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी सिद्ध होगी।

यह भी अत्यंत गर्व और संतोष का विषय है कि नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान ने 'नेपाल प्रज्ञा अनुवाद पुरस्कार' की स्थापना की है जो आगामी वर्ष से क्रियान्वित होगी।

संक्षेप में मैं यह कहना चाहूँगी कि इस नाटक विशेषांक में नेपाली नाटक का विकास क्रम, नाटकों का विविध स्वरूप, समकालीन नाट्य लेखन का परिदृश्य, प्रमुख नाटककार, नाटक के बारे में समीक्षाएँ तथा विश्व साहित्य के उत्कृष्ट कुछ नाटकों का समावेश हो सका। पत्रिका के सीमित कलेवर में और विस्तृत सामग्री समाविष्ट नहीं हो सकी। भविष्य में इस विषय पर और अधिक उपयोगी सामग्री लेकर हम उपस्थित हो सकेंगे, ऐसी आशा है। 'रूपांतरण' का यह अंक पाठकों के लिए पठनीय, ज्ञानमूलक और फलदायी होगी, ऐसा विश्वास है। प्रस्तुत अंक नेपाली नाट्य-साहित्य का सही प्रतिबंब विश्व के समक्ष उजागर करते हुए नेपाली साहित्य के विश्वव्यापीकरण में महनीय योगदान प्रदान कर सके, यही हमारा लक्ष्य है।

अनुवाद विभाग प्रा. डॉ. अभि सुवेदी जी तथा प्रा. डॉ. गोविंदराज भट्टराई जी के प्रति सदा आभारी है। इनके आवश्यक सुझाव तथा प्रोत्साहन अनुवाद विभाग के लिए बहुत बड़ा संबल है।

इस पत्रिका के लिए अपनी बहुमूल्य रचनाएँ प्रदान करने वाले विद्वान साहित्यकारों, अनुवादक साहित्यकारों के प्रति मैं हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ।

मैं इस पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करने वाले डॉ. रामदयाल राकेश जी, श्री केशव सिग्देल जी, श्री रोशन थापा 'नीरव' जी, श्री महेश पौड्याल जी, श्री मुकेश कुमार मिश्र जी को हार्दिक धन्यवाद देती हूँ। साथ ही प्रकाशन प्रक्रिया से संबंधित सभी भाई-बहनों को भी हार्दिक धन्यवाद देती हूँ। अग्रज साहित्यकारों, अनुवादक साहित्यकारों तथा सुधी पाठकों के सुझाव, सहयोग, सद्भावना की हमें अपेक्षा है।

अत्यंत दुख के साथ लिखना पड़ रहा है कि नेपाली वाङ्मय साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार, देश के गौरव, नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान के प्रकाश स्तंभ, राष्ट्र कवि श्रद्धेय माधव घिमिरे जी भौतिक रूप में अब हमारे बीच नहीं रहे किंतु अपनी बहुमूल्य कृतियों में वे सदा जीवित रहेंगे, हमारा पथ-प्रदर्शन करते रहेंगे।

यह मेरा परम सौभाग्य रहा है कि वि. सं. २०३६ साल से ही वे मुझे प्रेरणा और प्रोत्साहन देते रहे, मेरा मार्ग निर्देशन करते रहे। अनुवाद के क्षेत्र में उनसे प्राप्त उनके बहुमूल्य सुझाव मेरे लिए महत्त्वपूर्ण निधि हैं। उनकी दिवंगत पुण्यात्मा के प्रति इस अंक में हार्दिक पुष्पांजलि स्वरूप उनकी विश्वस्तरीय प्रसिद्ध रचना 'अश्वत्थामा' के बारे में मेरी एक समीक्षात्मक रचना अंग्रेज़ी अनुवाद के रूप में अर्पण करती हूँ– "*Aswatthama* and *Andha Yug* in their motifs to liberate this age from the catastrophe and terror of war."

नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान तथा अनुवाद विभाग की ओर से उन्हें शत-शत नमन, हार्दिक श्रद्धांजलि !!

प्रा. डॉ. उषा ठाकुर
प्रधान संपादक

समालोचना

समकालीन नेपाली नाटक में नारीवादी चिन्तन

डा. कान्छी महर्जन

लेख-सार

नारी-प्रधान, नारी-समस्यामूलक और नारी-केंद्रित नाट्य-रचनाएँ पहले से ही नेपाली नाट्यजगत् में होने के बावजूद सचेत रूप में नारीवादी सशक्त नाटकों की सृजना सन् १९६० के दशक के बाद नजर आती है। नाटककारों ने परंपरागत, पौराणिक और ऐतिहासिक आदि नारी पात्रों का मिथकीय प्रयोग करते हुए विनिर्माण का पीछा किया है। साथ ही पात्रों के चरित्र की पुनर्व्याख्या और पुनर्मूल्यांकन भी किया है। इसी क्रम में नाटककारों का नारीवादी चिंतन स्पष्ट हुआ है। प्रस्तुत लेख में निगमनात्मक शोधविधि का उपयोग किया गया है। नारीवादी चिंतन के सिद्धांतों को उपकरण के रूप में सामने रखकर आवश्यकतानुसार प्राथमिक और द्वितीय स्रोत से सामग्रियों का संकलन करके व्याख्यात्मक और विवरणात्मक ढंग से उसका व्यवस्थापन किया गया है। इस क्रम में समकालीन नेपाली नाटक का सीमा-निर्धारण करते हुए इस समयावधि में प्रकाशित नाटकों में नारीवादी चिंतन का अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत लेख के मूल निचोड़ के रूप में यह दिखाना है कि समकालीन नाटक में पितृसत्तात्मक सोच प्रतिविम्बित होने के बावजूद वैसे पुरुष तथा नारी पात्रों का भी प्रयोग नजर आता है जिसने समाज में नारीवादी चिंतन की रोशनी को फैलाया है।

शब्दकुंजी

कुंठा, नैराश्य, सह-अस्तित्व, सह-धर्मिणी, स्वतंत्रता।

विषय-परिचय

मनुष्य की अनुकरण-प्रवृत्ति के साथ नाटक का घनिष्ठ संवंध होता है। मनुष्य में अनुकरण करने की प्रवृत्ति जन्म से होती है। बच्चे जन्म के कुछ निश्चित समय के बाद अपने करीब के वस्तु, परिवार के सदस्यों का हाव-भाव और व्यवहार को गैर शाब्दिक रूप में अनुरकण करने की कोशिश करते हैं। बोली फूटने के बाद बच्चे अपनी ध्वनि से भी बोली का अनुकरण करने का प्रयास करते हैं या शाब्दिक अनुकरण करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार मनुष्य समय के साथ-साथ सुनने, बोलने, कहने और लिखने के चार कौशल के साथ अभिनय के चारों प्रकार का अनुकरण कर सकते हैं। नाट्य समीक्षकों का मानना है कि मनुष्य की यही अनुकरणगत प्रवृत्ति नाटक का बीज है।

रूपक के भेद नाटक और नाटक से संबंधित रंगमंचीय परंपरा का इतिहास बहुत पुराना है। हरिसिद्धि पुराण के अनुसार नेपाल में सर्वप्रथम विक्रम संवत् ९४१ में 'हरिसिद्धि नाटक' लिखा गया था, और उसका मंचन भी किया गया था। नेपाली नाटक तथा रंगमंच के प्रादुर्भाव के बारे में जानने के लिए हमे मल्ल-काल (यात्री,२०६४, पृ.११-१२) में पहुंचना ही होगा। यद्यपि नेपाली नाटक और रंगमंच के प्रादुर्भाव में हमारे परंपरागत पूजा-आराधना, पर्व-त्यौहार, मेला आदि की विशेष भूमिका रही है। नेपाली रंगमंच की परंपरा और विकास में मल्लकाल की विशिष्ट भूमिका रही है। अनुवाद नाटक परंपरा की तत्कालीन अवस्था में मोतीराम भट्ट ने केवल नेपाली भाषा में नाटक प्रस्तुत करने की कोशिश भर की। निर्देशक और अभिनेता के रूप में रंगमंच पर उतरने वाले मोतीराम भट्ट लंबे समय तक जिंदा नहीं रहे। (यात्री, २०९६४, पृं १३) वि. सं. १९८६ साल में बालकृष्ण सम का 'मुटुको व्यथा' (हृदय की पीड़ा) शीर्षक नाटक के प्रकाशन से ही नेपाली नाट्य परंपरा में आधुनिक काल प्रारंभ होता है। 'मुटुको व्यथा' (हृदय की पीड़) युगांतकारी सामाजिक नाटक है और सम प्रथम आधुनिक नाटककार हैं। (पौडेल तथा अन्य, २०५९, पृ. ८३)। सम के बाद भीमनिधि तिवारी, गोपाल प्रसाद

रिमाल, विजय मल्ल, गोविंद बहादुर मल्ल, मोहनरज शर्मा, ध्रुवचंद्र गौतम, वासु शशी, मन बहादुर मुखिया, अशेष मल्ल और गोपाल पराजुली आदि अनेक नाटककारों ने आधुनिक नाटक को नई-नई प्रवृत्ति और नये-नये आयाम देते हुए आगे बढ़ाया।

समकालीन का अर्थ ही वर्तमान समय होता है। इससे अभी लिखा जानेवाला या वर्तमान समय के नेपाली नाटक का बोध होता है। वि.सं. २०३७ में ध्रुवचंद्र द्वारा स्वैरकल्पनामूलक नाट्य-प्रवृत्तियों को अपनाकर लिखा गया नाटक 'भष्मासुरको नलीहाड' (भष्मासुर का नली और हड्डी) के प्रकाशन से लेकर आज तक के समय को आधुनिक नेपाली नाटक का चौथा चरण अर्थात् समसामयिक नाट्यधारा माना जाता है। (यात्री, २०६४, पृ.२२) इसी चौथे चरण में लिखे गये नाटक ही समकालीन नेपाली नाटक हैं। इसी चरण में प्रकाशित कुछेक नाटकों में नजर आई नारीवादी प्रवृत्ति का विश्लेषण करने में यह लेख केंद्रित है।

समस्या-कथन

साहित्य का मतलब ही मानवीय अनुभूतिजन्य संवेगों की प्रस्तुति है। भाषा के माध्यम से प्रकट होने वाली साहित्य की अनेक विधाओं में नाटक विधा अभिनेयात्मक प्रदर्शनकारी कला है। ऐसा नहीं है कि मानव सभ्यता के साथ-साथ विकसित लोकसाहित्य और उसके बाद विकसित लिखित साहित्य लेखन में नारी के दुःख और पीडाओं की आवाज व्यक्त नहीं हुई है। लेकिन सशक्त रूप में नारीवादी चिंतन अपने सिद्धांत के साथ सन् १९६० में के दशक में उभर कर आया। उत्तरआधुनिकता के अनेक सिद्धांतों में नारीवादी चिंतन भी समाहित नजर आता है। साहित्य की अन्य विधाओं की तरह नेपाली नाटक में उत्तरआधुनिक नाट्यसृजनाएँ तीस के दशक में नजर आती हैं। यह लेख विशेष रूप से इस समस्या पर केंद्रित है कि समकालीन नाटक में प्रयोग हुए पात्र, उनके चारित्रिक विकास, उनकी अभिनेयात्मक भूमिका और संवाद आदि नाटकीय कार्य-व्यापार में नारीवादी चिंतन क्या और कैसे प्रयोग हुआ है ?

उद्देश्य-कथन

उपर्युक्त समस्या-कथन में उल्लिखित मूल समस्याओं के समाधान की खोज करना ही इसका उद्देश्य है। समकालीन नेपाली नाटक की सूची से प्रतिनिधि नाटकों का चयन करके नारीवादी चिंतन को रेखांकित करने के लिए निश्चित उपकरणों जैसे 'नारी अस्तित्व की तलाश','नारियों की वैयक्तिक अनुभूति, पीड़ा, कुंठा और भोगने की अभिव्यक्ति' 'मातृत्व चेतना', पितृसत्तात्मक सोच का विरोध और परंपरा के प्रति तीव्र विद्रोह उप-शीर्षक बनाना और उसके आधार पर ही नाटक में प्रयुक्त नारीवादी चिंचन का अध्ययन करना, इस लेख का उद्देश्य है।

अध्ययन की विधि

वि.सं २०३७ साल में ध्रुवचंद्र गौतम द्वारा स्वकल्पनात्मक प्रवृत्तियों को अपनाकर लिखे गए नाटक 'भष्मासुरको नलीहाड', के प्रकाशन के बाद से ही आधुनिक नेपाली नाटक के चौथा चरण अर्थात् सममसामयिक नाट्यधारा की शुरुआत होती है। इस समयाविधि में प्रकाशित समकालीन नेपाली नाटकों में से सुधा त्रिपाठी का एकाङ्की 'उनी फर्किदिनन कि ? (शायद वो नहीं लौटेंगे), अशेल मल्ल का 'कुमारी' (कुमारी) अभि सुवेदी का 'सान्दाजुको महाभारत' (छोटे भैया का महाभारत), कृष्ण शाह यात्री का क्रमशः 'नायिकाहरू' (नायिकायें) और 'शारदा' सुब्बा का 'यशोधरा' नाटक आदि को प्राथमिक स्रोत सामग्री के रूप में संकलित किया गया है। इन नाटक– एकांकियों के बारे में लिखे गए लेख-समीक्षाएँ अर्थात् द्वितीय स्रोत सामग्री के रूप में अध्ययन किया गया है। नारीवादी चिंतन से संबंधित सिद्धांतों के अध्ययन के लिए पुस्तकालयीय सामग्री का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार प्राथमिक और द्वितीय स्रोत से संकलित सामग्रियों की व्याख्या ऊपर उल्लेखित निश्चित उपकरणों के निर्माण और विविध शीर्षक तथा उपशीर्षक में विश्लेषण करने के बाद की गई है और इस लेख का अंतिम रूप दिया गया है।

समकालीन नेपाली नाटक

ध्रुवचंद गौतम का नाटक भष्मासुरको नलीहाड के प्रकाशन से आरंभ हुए नेपाली नाटक के चौथे चरण समसामयिक धारा में कलम चलानेवाले नाटककारों लंबी सूची है। इस लेख में २०७५ साल तक प्रकाशित कुछ प्रतिनिधि समकालीन नाटककारों के प्रतिनिधि नाटकों को ही अध्ययन के आधार के रूप में लिया गया है।

समकालीन नेपाली नाटक में नारीवादी चिंतन

विश्व साहित्य में सन् १९६० के दशक में चर्चा में आये 'उत्तरआधुनिकतावाद सिद्धांत' बहुलवादी सिद्धांत होने के कारण इसी में नारीवाद भी समाहित है। खुशी की बात है कि पिछले समय में विशेष चर्चा में रहा नारीवाद को नेपाल में गंभीरता के साथ अध्ययन का विषय बनाया जा रहा है। 'सामाजिक एवं राजनैतिक हक, हित और समानता आदि विविध संदर्भ के माध्यम से नारी के पक्ष में आवाज उठानेवाले दृष्टिकोण को नारीवाद कहते हैं। (लुइटेल, २०६७, पृ.४००) । नारीवादी लेखन केवल नारी लेखन में ही नहीं पाया जाता, बल्कि पुरुष साहित्यकारों के लेखन में भी पाया जाता है। गोपाल प्रसाद रिमाल के नाटक 'मसान' (२००२) में नारी को कमजोर और भोग्या तथा घर के चार दिवारी में रहनेवाली प्रवृत्ति के विपर्यास ही है। (एटम, २०७०, पृ १६९) यह नाटक उसी विपर्यास के रूप में लिखा गया है। समकालीन नेपाली नाटक में नारीवादी प्रवृत्ति मुख्य प्रवृत्ति के रूप में रेखांकित है। नारीवादी लेखन समाज में नारियों की क्या स्थिति है के बदले कैसी होनी चाहिए की भावना पर ज्यादा विश्वास रखता है। (बराल, २०७०, पृ १३०) नारीवादी समालोचक नारीवादी मान्यता की कसौटी पर कसकर साहित्यिक रचनाओं की समालोचना करते हैं।

साहित्य का विषय समाज और समाज में घटनेवाली घटनायें ही है। समाज में घटने वाले विषय प्रायः नारी और पुरुष से ही संबंधित होते हैं। अधिकांश समकालीन नाटककारों के नाटकों में नारियों के दुःख, पीड़ा, अवस्था, जटिलता और उनके द्वारा भोगी गई नियति ही विषय के रूप में रेखांकित हैं। लेकिन विषयवस्तु की प्रस्तुति में अंतर भी पाया जा सकता है। यहाँ निम्न नारीवादी मान्यता के आधार पर कुछ प्रतिनिधि समकालीन नाटकों की चर्चा की गई है।

नारी अस्तित्व की तलाश

शिक्षा और चेतना के अभाव के कारण नारियां पितृसत्तात्मक समाज के द्वारा सृजित सामाजिक, धार्मिक आदि कुप्रथा तथा विभेदों को अपनी नियति मानती आई थीं। उस समय बर्बरता और पाशविकता के शिकार नारियों की घटनायें आज भी इतिहास के पन्नों में सुरक्षित है। समय ने करवट बदल लिया है। समय के साथ-साथ शिक्षा में नारी की पहुंच और राजनीति में सहभागिता आदि के कारण आज नारीवादी भावना का विकास हुआ है।

नारीवादी नाटककार सुधा त्रिपाठी के एकाङ्की संग्रह 'निःश्वासका गुजुल्टाहरू' में संकलित 'उनी फर्कदिनन कि ! (शायद वो नहीं लौटेंगे) शीर्षक एकाङ्की में परिवार और प्रेम के नाम पर युगों-युगों से नारियों द्वारा दी जाने वाली अस्तित्व की तिलांजलि की परंपरा का विरोध किया गया है। 'नारी स्वतंत्रता चाहिये ! जाने क्या-क्या ! क्या चाहती हो तुम ? खुद तो बर्बाद हो ही गई हो, संसार की बेटी बहनों को भी बर्बाद करने चली हो ? नहीं चाहिये मुझे तुम्हारी राजनीति ! ' (पृ ६)। अमृत के इस संवाद में परंपरावादी पुरुष की सोच हावी नजर आती है। यहाँ यह अवस्था दिखाई देती है कि उस समय नारियां अपने मन की बात भी स्वतंत्रता पूर्वक नहीं कह पाती थीं। वे वही बोलती थीं, जो उनका परिवार चाहता था। वे उतना ही बोलती थीं, जितना उन्हें बोलने की आजादी दी गई थी। इससे ज्यादा कुछ नहीं। अगर कोई बंदिशें तोड़कर अपने मन की बात बोलती थीं, तो उसे प्रताड़ित किया जाता था। एक तरह से यह राजनीति है। समाज में ऐसी सोच है कि स्वतंत्रता और अस्तित्व की बात करने पर बेटी बहनें बिगड़ जाती हैं। अव पुरुषों को भी सोचना होगा कि ऐसी ही पुरुषवादी सोच के कारण परिवार विखंडित होने की स्थिति में पहुंच जाता है। बिंदु यह सोचकर कि अब जो खामोश रही तो युग थुकेगा, कहती है,' बल्कि आज ही मेरा नशा उतरा है। शायद आज मुझे कोई खामोश नहीं कर सकता। यदि मैं खामोश रही, तो मुझ पर युग थुकेगा। (पृ ७)।' बिंदु ने यह बात भलिभांति समझती है कि जब तब नारियां अपने अस्तित्व के प्रति सचेत नहीं होंगी, तक तक पुरुषवादी सोच का अंत नहीं होगा। इसीलिए वह प्रेम के लिए अपने अस्तित्व को दाव पर लगाने की खातिर कदापि तैयार नहीं है। वह समझ चुकी है,' बहुत देर हो गई है। अगर आज भी उसने सशक्त आवाज नहीं उठाती है, तो आने वाला समय उसे धिक्कारेगा।' इसलिए उसने आज अपने प्रत्येक पारिवारिक बातों और भूमिकाओं को ताख पर रखकर अपने अस्तित्व के विषय को ऊँच प्राथमिता में रखा है। इसी का परिणाम है कि वह आज निर्धक्क होकर बोल पा रही है। वह कहती है-

'क्योंकि तुम पितृसत्तात्मक समाज के आदमी

हो, तुम्हारे प्रत्येक आचरण को समाज ने मान्यता दे रखा है । तुम्हारी जात को भार्या चाहिए, सहधर्मिणी नहीं । तुम लोगों को खुद और अपनेपन को भुला देने वाली आश्रिता चाहिए । हमारा नींद से जगना तुम्हें पसंद नहीं । तुम लोग तो लाश को गले लगाकर जिंदा रहना चाहते हो । तुम लोग अपने ताल पर नाचने वाली कठपुतली चाहते हो । सच सहना तो मुश्किल ही होता है ।' (पृ ८)

सच्चाई यह है कि पुरुषवादी सोच वाला पुरुष नारी को अपने बराबर देख ही नहीं सकता । वे यही चाहते हैं कि चाहे जो भी हो जाय, नारियों को हाथ फैलाकर भीख ही माँगना चाहिए । वे बस यही चाहते हैं कि हर बात के लिए नारियां उनपर ही आश्रित रहें । क्योंकि ऐसा होने पर वे नारियों को आसानी से दबाकर रख सकते हैं । वे यही चाहते हैं कि उनकी जीवनसंगिनी कठपुतली की तरह संवेदना और भाव शून्य हो । वे केवल घर-परिवार के बारे में सोचे । वे यह चाहते हैं कि नारियां अपने बारे में कोई चिंतन न करें । पराश्रित के कारण ही नारियां हीनताभास का शिकार हो जाती हैं और हर तरह की हिंसा सहकर भी जिंदा रहती हैं । अमृत जैसे पुरुषवादी सोच वाला पात्र ऐसा ही सोचता है । लेकिन शिक्षित और नारी चेतनायुक्त पात्र बिंदु को ऐसी अवस्था में रहना मंजूर नहीं है । नारियों को केवल भोग्या मानने वाले और सहधर्मिणी नहीं समझने वाले पुरुषों को एक न एक दिन अपनी सोच पर पछताना ही ही होगा । क्योंकि जीवन केवल सह अस्तित्व के भाव से ही आगे बढ़ सकता है ।

नारियों की वैयक्तिक अनुभूति, पीड़ा, कुंठा और भुगतान की अभिव्यक्ति

समकालीन नाटकारों के नाटकों में नारियों की वैयक्तिक अनुभूति, पीड़ा, कुंठा और उनके भोग की अभिव्यक्ति पाई जाती है । परंपरागत लैंगिक भिन्नता, नारी से संबंधित अंधविश्वास, रीतिरिवाज और कुपरंपरा आदि के विरोध में नारी पात्रों की आवाज बुलंद हुई है ।

प्रथम सड़क नाटककार अशेष मल्लद्वारा लिखित *कुमारी* नाटक का शीर्षक ही स्त्रीलिंगी नामपद है । काठमाँडू में इन्द्रजात्रा दिखाने वाली संस्कृति से जोड़कर कुमारी को जीवित देवी के रूप में मानने की परंपरा आज भी जीवित है । और कुमारी को जीवित देवी के रूप में सम्मान भी दिया जाता है । एक निश्चित समय तक कुमारी रह सकने की परंपरा है । उसके बाद कुछ समय पहले तक जीवित देवी के रूप में श्रद्धा पानेवाली कुमारी का जीवन प्रायः सभी के लिए नेपथ्य बन जाता है । उसके बाद वह किसी की चर्चा का विषय भी नहीं बनी रहती । नाटककार ने कुमारी के उसी नेपथ्यीय पीड़ायुक्त जीवन को अपने नाटक की विषयवस्तु बनाया है । किसी समय कुमारी रह चुकी इन्द्रमाया इस परंपरागत सोच से बुरी तरह ग्रसित है कि अगर कुमारी ने जीवन में विवाह किया तो उसके पति की जल्द ही मृत्यु हो जाएगी । वह अपने ही कारण पति गंवा देने के भय से ग्रसित है । इसी भय के कारण वह मानसिक तनाव में है । 'पता नहीं, कब क्या हो जाय ? मुझे बहुत डर लग रहा है । अगर कुछ हो गया तो ? कल ही जाइये डॉक्टर के पास ? एक्स रे करा लेना होगा '(पृ २६) । कुमारी और औरत बनना दो विशेष अवस्थाएँ हैं । इन्द्रमाया ने कुमारी और औरत दोनों की जिंदगी जिया है । कुमारी होने के कारण ही वह एक सामान्य औरत बनकर जीवन निर्वाह नहीं कर सकी है । 'आपने कहा था न, देवी और औरत में अंतर होता है । मुझे पता चल गया, बहुत अंतर होता है । मैं पहले देवी थी, अभी औरत हूँ । माँ ! तुम तो हर समय औरत ही रही ... लेकिन मैं तो कुमारी भी हुई और अभी औरत भी हूँ । मैं एक इस जन्म में एक बार ही जन्मी । लेकिन हम देवियों को बार-बार मरना पड़ता है'(२९) । अवस्था में भिन्नता होने पर भूमिका में भी भिन्नता होती है । एक ही जन्म में देवी और सामान्य औरत का जीवन निर्वाह करना आकाश और पाताल जैसा है । कुमारी बनकर देवी के रूप में जीवनशैली अपनाकर जीने का अभ्यस्त हो चुकी इन्द्रमाया के औरत के रूप में जीवन निर्वाह करने के क्रम में वैयक्तिक भोगाई को इस नाटक में प्रस्तुत किया गया है । इस बात को उनके पति ने नहीं समझ पाया है । जिसके कारण इन्द्रमाया को यह डर है कि कहीं उसकी बेटी भी कुमारी न बन जाय । जबकि उसके पति रुद्रमान इस बात को खुशी के रूप में लेते हैं । इन्द्रमाया के मन में यह पीड़ा व्याप्त है कि जहाँ और जिस भी अवस्था में भी रहने के बावजूद नारियों को किसी न किसी परंपरा के बंधन कें बंधकर रहना ही पड़ता है । वह कहती है, -'सालों साल तक एक ही कमरे में कैद थी । मुक्त अवस्था में एक बार फिर कैद हो गई । हजारों साल की परंपरा भोगती आई हूँ । (पृ ३९)

नारी नाटककार वेद कुमारी न्यौपाने का विचलित

वर्तमान नाटक अपने शीर्षक के अनुरूप ही वर्तमान विचलित सामाजिक राजनीतिक अवस्था का प्रतिविम्ब उतारनेवाला जन जागरणमूलक नाटक है। इसमें नारी स्वतंत्रता और नारी सत्ता के भाव को सशक्त तरीके से उठाया गया है। 'अगर ऐसा है तो आप मेरी व्यक्तिगत बात भी सुनिए ... ! अब यदि आपने यह कहा कि मैं तुमसे शादी करूंगा, तो भी मैं आपसे शादी नहीं करूंगी, समझे ! ऐसे नैतिक और चरित्रहीन भ्रष्ट व्यक्ति से शादी करने से अच्छा है जीवन भर बिना शादी किए रहना ... '.(पृ ८९)। सत्ता में पहुंचकर फायदा लेनेवाले और अपने न्यूनतम कर्तव्य भी पूरा नहीं करने वाले रमेश को ज्योति ने अपेक्षा की है। इस नाटक में यह तथ्य उजागर हुआ है कि जिस पुरुष में केवल सत्ता और संपत्ति का नशा चढ़ा होता है, वह नारी की सत्ता का कोई महत्त्व नहीं देता है। परंपरागत रूप से देखा जाय तो शादी करने के लिए लड़की से ज्यादा लड़के की मजूरी होना अत्यावश्यक माना जाता है। किसी सामान के चयन करने जैसा लड़के लड़कियों का चयन के लिए आजाद थे। लेकिन यहाँ ज्योति अपने जीवनसाथी खुद चयन करने की स्वतंत्रता की वकालत की है। 'क्यों नहीं ? मृत्यु तो उसके पति की हुई है न, उसके मन की मृत्यु तो नहीं हुई है। उसका मन तो नहीं मरा है। वैसे भी उसकी माँग का सिंदूर ही तो मिटा है, उसका जीवन तो नहीं मिट गया ! और क्या वह अपने जीवन के बारे में सोच भी नहीं पायेगी ? इतना भी अधिकार नहीं है उसे (पृ. १२५) ? ७०-७५ सालों तक ग्रामीण जनजीवन में रहा हुआ विश्व के अपनी विधवा बहू की दूसरे लड़के से शादी कराने के क्रम में परंपरागत सोच से ग्रसित समाज को दिया गया जवाब है यह। ग्रामीण समाज में बहूओं को सताना और अनेक प्रकार से प्रताड़ित करना सामान्य माना जाता है। लेकिन वही अपनी बिधवा बहू को अपनी बेटी मानकर उसकी शादी करना तो निश्चित तौर पर एक क्रांतिकारी कदम है। ऐसा इस कारण हो पाया है, क्योंकि विश्व ने खुद पुरुष पात्र होने के बावजूद अपनी बहू की पीड़ा और अनुभूति को समझ अच्छी तरह से समझा है। उसने नारी की स्वतंत्र सत्ता को स्वीकार किया है।

ऐसा नहीं देखा गया है कि परंपरा सोच ने कभी भी नारी की स्वतंत्र सत्ता को स्वीकार किया हो। नारियों को हमेशा पुरुषों के साये में रखकर देखने की प्रवृत्ति का विश्लेषण करने से नेपाली समाज में पुरुषों का स्थान हमेशा नारियों से अव्वल है। समाज में बनाई गई परंपराएं केवल नारियों के लिए ही बनाई गई होती हैं। क्या पति की मृत्यु के बाद नारियों का जीवन भी खत्म हो जाता है ? क्या नारियों को खुश होने और जिंदा रहने का अधिकार नहीं है ? नारियों के द्वारा इन सवालों का जवाब ढूंढ़ना खुशी की बात है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि आज इस दिशा में पुरुष भी अपनी आवाज बुलंद करने लगे हैं। यह कहना उचित नहीं होगा कि नारियों में नारी चेतना होती है, पुरुषों में नहीं। पुरुषों में भी नारीवादी सोच पाई जाने लगी है। अगर आज की बात की जाय, तो नारियों की स्वतंत्रता के लिए पुरुष भी आवाज बुलंद करने लगे हैं। यह सच है कि समसामयिक युग में नारियां अपनी क्षमता और अस्तित्व की चेतना के कारण बहुत से क्षेत्र में आगे बढ़ गई हैं। लेकिन इतना होने के बावजूद अभी भी लैंगिक विभेदपूर्ण सोच का पूरे तरीके से अंत नहीं हो पाया है। आज की हालत यह है कि आज नारी हिंसा का रूप परिवर्तित होकर आधुनिकीकृत हो गया है।

मातृत्व चेतना

मनुष्य में अनुभूतियां होती हैं। पुरुष और नारी की अलग-अलग अनुभूतियां हो सकती हैं। पुरुषों की सारी अनुभूतियों को नारियां अनुभूत कर सकती हैं, लेकिन नारियों की सारी अनुभूतियों को पुरुष अनुभूत नहीं कर सकता। नारियों की नितांत निजी अनुभूति के अंदर मातृत्व और वात्सल्य भाव आते हैं। यह कहा जा सकता है कि किसी भी नारी के पूर्ण होने में उसमें मातृत्व चेतना होना आवश्यक है। यही वह स्थिति है, जब कोई नारी पूर्ण होती है। मातृत्व शक्ति प्राकृतिक प्रदत शक्ति है। लेकिन इसे पितृसत्तात्मक समाज ने नारियों की कमजोरी के रूप में लिया है। जबकि एक माँ अपनी सृजना के लिए हर तरह का त्याग करने से पीछे नहीं होती। समसामयिक युग में नारी की मातृत्व-चेतना को कमजोरी के रूप के बदले नारी शक्ति के रूप में स्वीकार करने का संदर्भ प्रस्तुत होने लगा है।

नाटककार गणेश गौतम के *युगारम्भ* नाटक संग्रह में संगृहीत *युगारम्भ* में नारी संबंधित संकुचित सोच के समाप्ति के साथ नये युग का आरंभ होन का संकेत किया गया है। पुष्पा का यह तर्क सामने उभर कर आता है कि हो सकता है कि नारियों को मातृत्व सुख का लाभ लेने के लिए किसी पुरुष के साथ की

जरूरत हो, लेकित बच्चों की रेखदेख अकेली माँ ही कर सकती है ।' वह कहती है,-' गलत, माँ बनने के लिए किसी की पत्नी ही होना पड़े, यह जरूरी नहीं । मैंने गर्भधारण किया है, मैं इस बच्चे को जन्म दूंगी और माँ बनूंगी । यह मेरा प्राकृतिक अधिकार है । क्या एक नारी को माँ बनने के लिए किसी पुरुष के अधिन रहना और उसका जोर जबरजस्ती का वरण करना आवश्यक है ? मैं किसी की पत्नी, किसी की बहू और किसी की भाभी नहीं बनना चाहती । मैं तो सिर्फ माँ बनना चाहती हूँ और सृष्टि करना चाहती हूँ (पृ.८०) ।'

यहां पुष्पा ने कुंवारी माँ बनने का निर्णय किया है । विवाहिता सुरेंद्र ने पुष्पा के संबंध को एक गलती के रूप लिया है और बच्चे के एबोर्सन के माध्यम से सुधारने की पुरुषवादी सोच व्यक्त किया है । जबकि पुष्पा ने इसे किसी की पत्नी नहीं बनने और एक नारी के प्राकृतिक अधिकार का प्रयोग करके माँ बनने के माध्यम के रूप में लिया है । वह अपनी प्रत्येक गतिविधियों की जिम्मेदारी खुद लेना चाहती है, क्योंकि वह कमजोर बनना नहीं चाहती या वह उसे अपनी कमजोरी बनाकर समाज के सामने प्रस्तुत करना नहीं चाहती ।

नाटककार अभि सुवेदी का ***सान्दाजुको महाभारत*** (छोटे भैया का महाभारत) में विश्वेश्वर प्रसाद कोइराला की रचनाओं का विनिर्माण किया गया है । अदालत नाटक का मुख्य केंद्र है । नाटक कभी सान्दाजु (छोटे भैया) की कथा में प्रवेश करता है, तो कभी उसके उपन्यास में (रिजाल, २०७२) । अदालत से नाटक धीरे-से कोइराला द्वारा लिखित ***तीनघुम्ती*** (तीन मोड़) उपन्यास में प्रवेश कर जाता है । इन्द्रमाया अपने पति पितांबर से रमेश के साथ हुए यौन संबंध को वासनात्मक पूर्ति का खेल नहीं समझने का आग्रह करती है । वह समझाना चाहती है कि उसमें नारी की पूर्णता का अभीष्ट लक्ष्य है । वह पितांबर से यौन से ऊपर उठकर मातृत्व चेतना को समझने का आग्रह करते हुए कहती है,- 'यौन ! यौन ! क्या तुम यौन के चिंतन से कुछ पल के लिए ही सही, मुक्त नहीं हो सकते, पितांबर ' (पृ. २६) ? इन्द्रमाया ने नारियों को केवल यौन का चश्मा लगाकर देखने वाली परंपरा का विरोध किया है । पति-पत्नी का संबंध विश्वास की डोर से बंधा होता है । इन्द्रमाया का तर्क है कि जब वह विश्वास की डोर टूट जाती है, तो पति-पत्नी का संबंध भी टूट जाता है । उसे फिर सहजता से जोड़ा नहीं जा सकता । वह बेटी को रमेश के हवाले करने पर संबंध सुधर जाने की अवधारणा रखते हुए पितांबर से कहती है,-' जब मुझ पर ही तुम विश्वास नहीं करते, तो बेटी को अपने से दूर कर देने मात्र से हमारा संबंध कैसे सहज हो पाएगा (पृ. २७) ? पितांबर के द्वारा अपने और बेटी में किसी एक के चयन करने की स्थिति खड़ा करने पर वह मातृत्व के पक्ष में खड़ी होती है । वह बेटी को साथ में लेकर पितांबर को छोड़ निकल जाती है । उसका यह दृढ़ आत्मविश्वास है कि शिक्षित होने के कारण ही खुद और बेटी का जीवन सहजता के साथ जिया जा सकता है । उसकी इस सोच को निम्न संवाद पुष्टि करता है,-' हमारी चिंता मत करना । मैं थोड़ा बहुत शिक्षित हूँ । मैं अपना और अपनी बेटी का ख्याल चाहे जैसे भी हो रख सकती हूँ (पृ.२९) । मातृत्व अवस्था नारी की कमजोर और निरीह अवस्था बिल्कुल नहीं है, यह तो एक ऐसी अवस्था है, जिसमें पहुंचते ही नारियां खुद को संपूण होने के एहसास से भर जाती हैं । इतना ही नहीं, चाहे जिस प्रकार की विषम तथा प्रतिकूल परिस्थिति हो, उससे लड़ने की अद्भूत शक्ति प्राप्त करती हैं ।

पितृसत्तात्मक सोच और परंपरा का तीव्र विद्रोह

पुरुष प्रधान समाज में नारियां सदैव ही उपेक्षित और अधिकारविहीन रही हैं । आज इक्कसवीं सदी में भी नारियों को विविध सामाजिक, धार्मिक आदि प्रथा के नाम पर बर्बरता और पाशविकता का शिकार होना पड़ रहा है । अपने ऊपर लादी गई अनेक समाजिक कुप्रथाओं से चाहकर भी नारियां मुक्त नहीं होने के बावजदू उसके विरोध में अपनी आवाज बुलंद करती हुई नजर आ रही हैं ।

प्रथम संकेत नाटककार कृष्ण शाह यात्री का ***आदमी /आदमी*** शीर्षक नाटक संग्रह में संकलित ***क्रमशः नायिकायें*** में मिथकीय नारी पात्रों की उत्तर आधुनिक व्याख्या पाई जाती है । रामायण और महाभारत की तत्कालीन युगनायिकाओं को अत्याधुनिक युग की नायिका के रूप में रूपांतरित करते हुए पितृसत्तात्मक सोच और परंपरावादी विचार के प्रति विद्रोह का भाव व्यक्त हुआ है । समय के किसी कालखंड में अपना सतीत्व प्रमाणित करने के लिए दी गई अग्निपरीक्षा को सीता आज अपनी भूल मानती है । वह कहती है,- 'लेकिन आज मुझे लग रहा है, मैंने जो किया, वह मेरी मूर्खता थी । मेरा उस तरह से अग्नि में कूद जाना, उस युग की दास मनोवृत्ति

थी। क्या एक पुरुष की शंका मिटाने के लिए मुझे उस तरह जलाना उचित था (पृ. १८) ? नारियों को अपने सतीत्व की परीक्षा देने की ही स्थिति है। परीक्षा लेने वाले पुरुष ही होते हैं। लेकिन उन्हें कभी कोई परीक्षा नहीं देनी पड़ती। वे सदैव निष्कलंक होते हैं। समय के साथ परीक्षा लेने वा देने का तौर तरीका भले ही बदल गया हो, लेकिन वह क्रम आज भी जारी ही है। उसके विरोध में आजकी सीता खड़ी है। अब सीता राम की अग्निपरीक्षा लेना चाहती है। ये संवाद निश्चित तौर पर हमारे मस्तिष्क में एक झटका देने में सक्षम हैं। आज नायिकाएं नायकों के चरित्र पर सवाल करने में सक्षम हुई हैं। उन लोगों ने भले ही नायकों की तरह काम नहीं किया हो, लेकिन नायक बने रहने की परंपरा कभी नहीं बदली (पृ. १९)। यही आवाज उठाते हुए आज की सीता विरोध में खड़ी है। पुरुषवादी सोच को चुनौती देने के लिए पहले नारी स्वयं को अपने अस्तित्व को पहचानना आवश्यक दिखता है।

वि.सं. २०६५ में प्रकाशित शारदा सुब्बा का नाटक ***यशोधरा*** में नाटककार ने प्राचीन काल के सिद्धार्थ गौतम की पत्नी यशोधरा के ऐतिहासिक जीवन का पुनर्लेखन तथा पुनर्व्याखया करके उसे वर्तमान संदर्भ में विखडंति किया है। यशोधरा बुद्ध की पत्नी है। बुद्ध बोधिज्ञान प्राप्त करने हेतु अपनी पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल का त्याग करते हैं। आज यशोधरा अपनी भूमिका और चरित्र की पुनःर्व्याख्या और पुनः परिभाषा चाहती है। यशोधरा यह कहते हुए कि 'हां, मैं इतिहास के अक्षरों में गुम हुए रंगों की यशोधरा हूँ (पृ.४६) यह स्वीकार करती है कि प्राचीन काल में उसका स्वतंत्र अस्तित्व नहीं था। यशोधरा विद्रोह करते हुए कहती है कि हमारा गर्भ युग और वंश की निरंतरता के लिए प्रयोग होता रहा है (पृ .४७)। वंश के लिए ही पुरुष नारी की कोख का प्रयोग करता आया है। नारियां अपना शरीर और अपनी कोख को अपने अधिकार में नहीं रख पाती हैं। उसमें आए नारीचेत के कारण ही वह सिद्धार्थ से जवाब माँगती है :

इसीलिये मैं सिद्धार्थ गौतम से पूछना चाहती हूँ, जीवन के मझधार में मुझे अकेले छोड़कर, ऐसे सहयात्रा में मुझे छोड़कर चले जाने का तुम्हारा निर्णय क्या सही है ? मेरे गर्भ को अपने वंश की निरंतरता के लिए प्रयोग करने का तुम्हारा साहस धृगटता है कि नहीं ? मेरे जीवन प्रति का खिलवाड़ है कि नहीं ? आज मुझे जवाब दो, सिद्धार्थ गौतम। (पृ. ४८)

सिद्धार्थ गौतम के द्वारा बोधिज्ञान प्राप्त करने के लिए अपनी पत्नी यशोधरा की उपेक्षा करना पुरुषवादी सोच की ही उपज है। यशोधरा में नारी चेत होने के कारण ही वह अपने अस्तित्व के प्रति सचेत है। यशोधरा का नारी अस्तित्व इस बात को स्वीकार नहीं कर सका है कि इतिहास में बुद्ध की महिमा तो अपार है लेकिन उसके त्याग की कोई चर्चा भी नहीं है। 'मेरी संतान के गौरव से शुरू होता है और पुरुष को आकाश में ले जाकर बिठा देता है, मगर मेरा अस्तित्व उसी पुरुष की छांव में विलय हो जाता है'(पृ. ५८)। यशोधरा ने उस परिस्थिति को व्यक्त किया है, जहाँ पुरुष की सफलता में नारियों का महत्त्वपूर्ण स्थान होने के बावजूद पुरुषवादी सोच के कारण नारी के महत्त्व को कम किया गया है। समय गतिशील है। यशोधरा का विचार है कि प्राचीन काल से वर्तमान समय तक की यात्रा में नारी की अवस्था ज्यों का त्यों है, केवल शैली में बदलाव आया है। यशोधरा यह कहते हुए कि 'सारे वैसे हैं, बिल्कुल वैसे। केवल समय ने करवट बदला है। इस समय के करवट बदलने में हमारे जीवन जीने की शैली में बदलाव आया है '(पृ. ५८), नारियों को सचेत होकर अपनी भूमिका के प्रति संवेदनशील होने की बात कही है।

निष्कर्ष

पिछले समय में पाश्चात्य जगत् में नजर आई नारीवादी प्रवृत्ति का प्रयोग समकालीन नेपाली नाटक के क्षेत्र में सशक्त रूप में हुआ है। तुलनात्मक दृष्टिकोण से महिला नाटकारों की उपस्थिति संख्यात्मक और गुणात्मक दोनों रूप में अच्छी है। इसे सकारात्मक रूप में लिया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि पुरुष नाटककारों के नाटकों में नारीवादी अवधारणाएं सशक्त रूप में नहीं आई हैं। यथार्थवादी मान्यता है कि पुरुषों के द्वारा कभी भी अनुभूत नहीं कर सकने वाली भावना, अनुभूति, अनुभव, समस्या, कुंठा, विकार, यौन संबंधी संदर्भ, मातृत्व संबंधी विविध पक्षों आदि की सृजना महिलाओं के द्वारा ही अगर सृजित हो तो वह पुरुषों द्वारा सृजित रचनाओं से ज्यादा प्रमाणिक और वस्तुगत होगी। यह मान्यता स्थापित भी हो चुकी है। यद्यपि इस लेख में नारी तथा पुरुष दोनों नाटककारों के समकालीन नाटकों का अध्ययन किया गया है।

नारीवादी नाटककार सुधा त्रिपाठी का उनी फर्कदिनन् कि ! शीर्षक के एकाङ्की में बिंदु ने परिवार और प्रेम के नाम पर नारियों द्वारा युगों से अपने अस्तित्व की तिलांजलि देने वाली परंपरा का विरोध किया है। उसने यह भाव प्रकट किया है कि पति को पत्नी के सहअस्तित्व को स्वीकार करते हुए उसे सहधर्मिणी के रूप में मानना चाहिए। प्रथम सड़क नाटककार अशेष मल्ल द्वारा लिखित ***कुमारी*** नाटक में जीवित देवी के रूप में जीवन व्यतीत कर चुकी इन्द्रमाया की भयभीत मानसिकता को उसके पति के द्वारा अच्छी तरह से नहीं समझ पाने की अवस्था का चित्रण किया गया है। नारी नाटककार वेद कुमारी न्यौपाने का ***विचलित वर्तमान*** नाटक में शादी में लड़की से ज्यादा लड़के की स्वीकृति वाली परंपरा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया गया है। इस बात पर जोड़ दिया गया है कि ७०-७५ साल के विश्व के माध्यम से स्वीकार की गई नारी की स्वतंत्र सत्ता सभी को स्वीकार करनी चाहिए। नाटककार गणेश गौतम के ***युगारम्भ*** में नारी संबंधी संकुचित सोच के अंत के साथ नया युग आरंभ होने की ओर संकेत किया गया है।

पुष्पा का यह तर्क सामने उभर कर आता है कि हो सकता है कि नारियों को मातृत्व सुख का लाभ लेने के लिए किसी पुरुष के साथ की जरूरत हो, लेकित बच्चों की रेखदेख अकेली माँ ही कर सकती है।' नाटककार अभि सुवेदी के नाटक ***सान्दाजुको महाभारत*** में इन्द्रमाया मातृत्व को ऊँच प्राथमिकता देने के कारण ही अपने पति पीतांबर का साथ छोड़कर चली जाती है। नाटककार कृष्ण शाह यात्री के नाटक ***क्रमशः नायिकाहरू*** में नायिकाओं के द्वारा नायकों की अग्निपरीक्षा लेने की स्थिति को दर्शाया गया है। शारदा सुब्बा के ***यशोधरा*** में नाटककार ने प्राचीनकाल के सिद्धार्थ की पत्नी यशोधरा केवल वंश निरंतरता के लिए नारी के गर्भ के प्रयोग किए जाने पर विरोध प्रकट करती है।

समकालीन नेपाली नाटककारों के नाटकों में नारीवादी चिंतन अंतर्गत पितृसत्तात्मक सोच का विरोध, नारियों की भोगाई, पीड़ा, असंतुष्टि, आक्रोश, आदि का प्रकटीकरण, नारी स्वतंत्रता की वकालत, सहअस्तित्व और समान अधिकार की खोज, अंधविश्वास का अस्वीकार, ऊंच मातृत्व चेतना आदि पाए जाते हैं। नारी की स्वतंत्र सत्ता की लड़ाई में वर्तमान समय में पुरुष नाटककारों ने भी सृर्जनात्मक रूप में साथ देते हुए दिखाई देते हैं।

अनुवादक : गोपाल अश्क

उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक

कृष्ण शाह यात्री

वि.सं. १९६३ में पहलमान सिंह स्वार के मौलिक नाटक *अटलबहादुर* के प्रकाशन के साथ नेपाली नाटक के पूर्व आधुनिककाल की शुरुआत हुई है। इसके पहले मोतीराम भट्ट नाट्य-परंपरा की अगुवाई कर रहे थे। *अटलबहादुर* वि.सं १९६६ में ही दार्जिलिंग की गोरखा नेशनल थिएट्रिकल कंपनी के द्वारा धनबहादुर मुखिया के निर्देशन में मंचित होकर लोकप्रिय हो चुका था। जब यह नााटक लिखा जा रहा था, उस वक्त नेपाली नाटक और रंगमंच पर उर्दू, हिंदी और संस्कृत नाटकों का काफी हस्तक्षेप था। उस वक्त के अधिकांश नाटकों में साहित्यिक मूल्य और गरिमा की कमी होती थी। अकसर नाटकों का उद्देश्य मनोरंजन ही हुआ करता था। ऐसी स्थिति में *अटलबहादुर* का प्रकाशन और मंचन दोनों ही दृष्टिकोण से विशिष्ट था।

अटलबहादुर नाटक में आधुनिक नाटकों की कुछ विशेषताएं मिलती हैं। तत्कालीन समय के नाट्यलेखन का अभ्यास और प्रवृत्ति के अध्ययन से यह पता चलता है कि *अटलबहादुर* में चित्रित पात्र, घटना और प्रस्तुति आदि ने पूर्व आधुनिक नेपाली नाटक के अध्ययन के लिए कुछ आधार तैयार कर दिया है। लेकिन इसके कुछ दसक के बाद वालकृष्ण सम के नेपाली नाटक और रंगमंच पर उनकी सशक्त उपस्थिति के कारण स्वार की पूर्वआधुनिक नाट्यकला गुमनाम की अंधेरी गली में खो गई। उनको वस प्रथम मौलिक नेपाली नाटककार के पदवी से ही नवाजा गया।

अटलबहादुर के प्रकाशन के तेइस साल के बाद नेपाली साहित्य में बालकृष्ण सम का नाटक 'मुटुको व्यथा' (हृदय की व्यथा) नजर आया। वि.सं. १९८६ में 'मुटुको व्यथा' (हृदय की व्यथा) के प्रकाशन के वाद ही यह माना गया कि नेपाली नाटक में आधुनिकता का प्रवेश हो चुका है। अर्थात् 'मुटुको व्यथा' (हृदय की व्यथा) के प्रकाशन काल को ही आधार माना जाता है, और इसी के साथ ही नेपाली नाटक के आधुनिककाल की शुरुआत होती है। सम अपने समय का सचेत रंगकर्मी और कुशन नाट्य निर्देशक भी थे। सम के बाद विजय मल्ल ने 'कंकाल' (२०१८) और 'पत्थर की कथा' (२०२५) के माध्यम से स्वैरकाल्पनिक नाटक लिखकर आधुनिक नाटक में प्रयोगशीलता को आगे बढ़ाया। लेकिन नाटककार मल्ल परंपरागत संरचना और चिंतन से मुक्त नहीं हो सके। इसीलिए उनके ये नाटक नवआधुनिक नाटकों के अंतर्गत नहीं आते हैं। एक बात है, उनके नाटकों में असमान्य मनोविज्ञान दिखाई देता है।

आधुनिक नेपाली नाटक वि.सं २०६८ तक आते-आते अपना आठ दसक से भी लंबा इतिहास बना चुका है। आधुनिक नेपाली नाटक के इतिहास का अध्ययन करने पर विभिन्न नाट्यधारा और उपधाराओं का संदर्भ सवतः जुड़ा हुआ पाया जाता है। इस अवधि में सम के नेतृत्व में स्वच्छंदतावादी तथा आदर्शवादी नाट्यधारा, गोपाल प्रसाद रिमाल की अगुवाई में यथार्थवादी नाट्यधारा, गोविंद मल्ल गोठाले और विजय मल्ल की अग्रसरता में मनोविश्लेषणवादी नाट्यधाराओं में उल्लेख्यंपूर्ण सृजनाएं हुई हैं। नेपाली साहित्य में विभिन्न नाट्यधारा की उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

बालकृष्ण सम का नाटक 'मुटुको व्यथा' (हृदय की व्यथा) के चौवालिस वर्ष के वाद 'त्यो एउटा कुरा' (वह एक बात') से नेपाली आधुनिक नाटक ने करवट वदल डाली। अर्थात् वि.सं. २०३० में ध्रुवचंद्र गौतम का नाटक 'त्यो एउटा कुरा' (वह एक वात) के प्रकाशन के वाद नेपाली नाटक में नवआधुनिक युग शुरू हुआ। पूर्ववर्ती नाटककारों के नाटकों की तुलना में, घटना, पात्र और प्रस्तुति की दृष्टि से पृथक शैली में प्रस्तुत हुए 'त्यो एउटा कुरा' (वह एक वात) नाटक ने नेपाली नाटक में एक साथ नवीन सोच और भिन्न प्रयोग की

शुरुआत कर दी।

'त्यो एउटा कुरा' (वह एक बात) की मूलभूत नाट्यवस्तु 'खोज' है। इसका केंद्रीय पात्र रवि अनेक बातों की तलाश में रहता है। वह गहन बातों की तलाश और चिंतन के साथ-साथ जूता, मोजा और कोट जैसे सामान चीजों की तलाश में भी अपना समय व्यतीत करता है। उसकी निरर्थक और उपलब्धिहीन खोज ही इस नाटक का सार है।

सानु : पता नहीं ... हम क्या खोज रहे थे, इतने सालों से।

रवि : वो तो अब भी तलाश करेगे, तब तक तलाश करेंगे, जब तक उसकी मिलने की आशा बनी है, शायद वही वह चीज है, जिसे कितने घर, आदमी, पति-पत्नी खोजकर थक चुके हैं, खोजते रहे हैं, थकते रहे हैं, खोज रहे हैं, थक रहे हैं, वही जिसका नाम हमें मालूम नहीं है या वह एक ऐसी बात है जिसे (कुछ देर मौन रहने के बाद) अरे छोड़ो, हो गया। (त्यो एउटा कुरा, पृ. ११२)

'त्यो एउटा कुरामा' (वह एक बात) में बातें होती हैं। मगर काम जहाँ का तहां ही रहता है। घटना का महत्त्व नहीं दिया गया है। यह विसंगत और प्रतीकात्मक नाटक है। इस नाटक में कथानक गौण है और चरित्र ज्यादा हावी है। नाटक का सार-तत्त्व निरर्थकता, निःसारता और शून्यता के साथ-साथ अतंतकाल तक की प्रतीक्षा में केंद्रित है। इन आधारों ने भी इस नाटक को नवआधुनिक नाटक की श्रेणी में खड़ा किया है। इस नाटक में 'सिरीफस की कथा' और वेटिंग फॉर गोदो' का प्रभाव पाया जाता है।

धुवचंद्र के द्वारा शुरू की गई नवआधुनिक नेपाली नाटक की धारा को विभिन्न नाट्य-प्रयोग के मार्फत विस्तार देने का काम मनबहादुर मुखिया, अशेष मल्ल, मोहनराज शर्मा, सरूभक्त,अविनाश श्रेष्ठ, गोपाल पराजुली, शिव अधिकारी, शार्दुल भट्टराई और राजव आदि नाटककारों ने किया। इन नाटककारों के नाटकों में प्रयोग और नवआधुनिकता पर्याप्त मात्रा में मिलती है। लेकिन लेखन शैली में परंपरा का निवार्ह करने के कारण इन नाटककारों के नाटकों में उत्तरआधुनिकता नहीं मिलती है। इन नाटकों में पूर्ववर्ती नाटककारों द्वारा स्थापित मर्यादा और उनके जीवंत तत्त्व की स्वीकृति और नई मर्यादा की संभावनाओं के विकास करने का प्रयास पाया जाता है।

उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक

नेपाली साहित्य में चालीस के दशक के आरंभ से उत्तरआधुनिकता पर विचार विमर्श होने लगा था। तीस के दशक में ही साहित्य की अनेक विधाओं की तरह नाटक में भी उत्तरआधुनिक नाट्य की सृर्जनाएं नजर आती हैं। नेपाल के परिप्रेक्ष में उत्तरआधुनिकता की मान्यताओं में विविधता नजर आती है। उत्तरआधुनिकता को समयावधि, प्रवृत्ति या प्रभाव मानने के संबंध में विवाद होने के बावजूद, इसकी पृथक अवधारणा के कारण एक वाद के रूप में स्वीकार किया गया है। यह वाद का आकार ले चुकी है। उत्तरआधुनिकता बहुल केंद्र को स्वीकार करती है, अर्थात् किसी एक केंद्र का खंडन करती है। इस अर्थ में यह कहा जा सकता है कि उत्तरआधुकितावाद विश्व साहित्य में नजर आई बहुलवादी प्रवृत्ति है। उत्तरआधुनिकता का बहुलवादी आवरण होने के कारण इसके अंतर्गत अनेक सिद्धांत समाहित नजर आते हैं।

नेपाली नाटक में उत्तरआधुनिक कार्य प्रशस्त हुए हैं। लेकिन उनका सूक्ष्म अध्ययन और विश्लेषण बहुत कम हुआ है। यहाँ उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक के संदर्भ, पृष्ठभूमि, चर्चा और विश्लेषण पर केंद्रित होने का प्रयास किया गया है।

नेपाली नाटक में पचास के दशक से ही समसामयिक नाट्यधारा को नये ढंग से अध्ययन करने की आवश्यकता है। पचास के दशक के बाद के नेपाली नाटक, लेखन-शैली, प्रवृत्ति और प्रयोग की दृष्टि से काफी भिन्न है। इस दशक के आरंभ से ही नाटकों में नयां मोड़ दिखाई देता है, जिसे नाट्यकर्मी और समालोचकों ने परंपरा से हटकर एक भिन्न प्रकार की नाट्यधारा अर्थात् उत्तरआधुनिक नाट्यधारा कहना शुरू कर दिया है। बहुसांस्कृतिक परिपेक्ष, सीमाँतीकृत वर्ग और समुदाय को मूल धार में लाने का प्रयत्न, विधाभाजन, विनिर्माण, पात्र प्रतिक्रिया सिद्धांत का उपभोग आदि पचास के दशक के बाद की उत्तरआधुनिक नेपाली नाट्यधारा की मुख्य प्रवृत्तियां हैं। समालोचकों का यह मत है कि उत्तरआधुनिक नाट्यधारा को सचेत और

सुविचारित तरीके से आगे बढ़ाने में अशेष मल्ल, मोहनराज शर्मा, सरूभक्त, अविनाश श्रेष्ठ, अभि सुवेदी, विप्लव ढकाल, गोपी सापकोटा, कृष्ण शाह यात्री, शारदा सुब्बा और श्रवण मुकारुंग आदि नाटककारों की प्रयोगवादी नाट्यकृतियों की अहम भूमिका है।

इन नाटककारों के नाटकों में पूर्व स्थापित नाट्य-मान्यताओं का खंडन और निलंबन करने का कार्य दिखाई देता है, जिसे उत्तर प्रयोग तक कहा जाता है। स्थापित अवधारणा को पुन: परीक्षण के माध्यम से सत्य के नये आयाम का उद्घाटन करने का कार्य ही प्रयोग है। इसे इस रूप में समझा जासकता है कि यह नेपाली नाटक और रंगमंच के क्षेत्र में प्रयोगशीलता की नवीनत धारणा सहित की नाट्यसृजना या मंचन है। उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक में एक मान्यता को बहुल मान्यता में रूपांतरण करने का अभ्यास भी हुआ है। उत्तरआधुनिक नाटक के अध्ययनोपरांत यह पता चलता है कि इनमें हुए प्रयोगों से स्थापित रूढ़िवादी मान्यता का ही मंचन हुआ है। उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक में हुए विभिन्न प्रयोग के आधार पर उत्तरआधुनिक नाट्यधारा को इस रूप में भी विश्लेषण किया जा सकता है। उत्तरआधुनिकतावाद किसी एक विषय, क्षेत्र और सिद्धांत में सीमित नहीं दिखाई देता है। इसका न केवल परिधि, बल्कि विषय और क्षेत्र भी विस्तृत हैं। नाटक में उत्तरआधुनिकवाद के अंतर्गत मिथक की पुनर्व्याख्या, जनजातीय अध्ययन, विखंडनवाद, डायस्पोरिक लेखन, पात्र-प्रतिक्रिया सिद्धांत, साइवर-संस्कृति आदि का अलग-अलग अध्ययन किया जा सकता है।

मिथक की पुनर्व्याख्या और विनिर्माण

नेपाली नाटकों में मिथक का प्रयोग बहुत सी जगहों पर हुआ है। नेपाली नाटक में मिथक की पुनर्व्याख्या और विनिर्माण का अध्ययन बालकृष्ण सम का 'उ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) के साथ शुरू करना होगा। वि.सं. १९९९ में सम द्वारा लिखित 'उ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) शीर्षक का नाटक मिथक का समाजीकीकरण करते हुए प्रतीकात्मक शैली में लिखा गया पहली प्रयोगधर्मी नाट्यकृति है। इस नाटक में प्रयुक्त प्रतीकात्मक पात्र-विधान को प्रयोग की नमूना के रूप में लिया जा सकता है। इसके बाद सम के द्वारा ही वि.सं. २००७ में लिखित और २०३३ में मुद्रित 'स्वास्नी मान्छे' (औरत) में स्वैरकल्पना का बेजोड़ प्रयोग नजर आता है।

वि.सं. २००२ में मंचित तथा वि.सं. २०३५ में मुद्रित 'उ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) नाटक स्कंदपुराण के केदारखंड में विद्यमान स्वस्थानी व्रतकथा पर आधारित धार्मिक एवं सामाजिक विषय पर लिखा हुआ एक नाटक है। हालांकि इसमें शिव और सती की वियोगांत कथा कोा सूत्र के रूप में लिया गया है, फिर भी यह पौराणिक कथा का ज्यों का त्यों प्रकटीकरण या रूप नहीं है। इस नाटक में शिवगिरि नामक एक योगी के प्रति शिक की सती देवी की तरह भक्ति करने वाली एक किशोरी कांति की दुखांत कहानी प्रस्तुत की गई है। इस नाटक में शिव और सती की तरह दैवी व्यक्तितवयुक्त पौराणिक चरित्र को शिवगिरि और कांति के मानवीय व्यक्तित्व में नाट्यवस्तु का विधान तैयार किया गया है। पौराणिक आख्यान में यह उल्लेखित है कि दक्षप्रजापति की बेटी सति देवी ने अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध शिव के साथ शादी की थी। 'उ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) नाटक में कनकवीर की बेटी कांति अपने से सालह वर्ष बड़े योगी शिवगिरि के साथ प्रेम करती है और उसी के साथ रहना चाहती है। मिथक पात्र दक्षप्रजापति के द्वारा की गई यज्ञ की आयोजना में शिव के अलावा सभी दामादों को आमंत्रित किए जाने और शिव उनका अपमान किए जाने के कारण सती देवी यज्ञकुंड में कूद जाती है। इस सम के नाटक के पात्र कनकवीर के द्वारा कांति की शादी भुवन नामक युवक के साथ करने की बात मालूम होते ही कांति को जहर खाकर आत्महत्या करते हुए दिखाया गया है। जिस तरह शिव अपनी पत्नी सती देवी की लाश अपने कंधे पर लेकर यत्रतत्र घूमते हैं, ठीक उसी तरह इस नाटक का नायक शिवगिरि कांति का शव लेकर हिमालय की यात्रा में निकलता है।

मिथकीय पात्रों का प्रयोग, विनिर्माण और उनका समाजीकीकरण एवं पुनर्व्याख्या के आधार पर बालकृष्ण सम के नाटक 'उ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) को नेपाली नाट्य क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। यह नाटक तीस के दशक में प्रकाशित हुआ है। अर्थात् वि.सं. २०३५ में इस नाटक के प्रकाशन के बाद उत्तरआधुनिक की बहस करना जायज है।

नाटककार सम के बाद ध्रुवचंद्र गौतम के नाटक 'भस्मासुरको नलीहाड' (भस्मासुर की नली हाड़) में मिथक की पुनर्व्याख्या और विनिर्माण नजर आता है। यह नाटक वि.सं. २०३७ में 'रूपरेखा' नामक पत्रिका में

प्रकाशित हुआ था। भस्मासुर ने जिससे शक्ति पाई थी, मूर्खतावश अपनी शक्ति उसी पर आजमाने के कारण भस्म हो गए थे। 'भस्मासुरको नलीहाड' (भस्मासुर की नली हाड़) इसी पौराणिक कथा पर आधारित है। इस नाटक की खूबसूरती यह है कि नाटककार ने पौराणिक कथा की सारवस्तु को स्वैरकल्पना की शैली में प्रयोग करके समकालीन सामाजिक धरातल पर उतारा है। यह 'त्यो एउटा कुरा' (वह एक बात) की तरह ही विसंगत नाटक है। इस नाटक का वस्तुविधान 'त्यो एउटा कुरा' (वह एक बात) की तरह चक्रीय न होकर परंपराधर्मी नाटकों की तरह रैखिक नजर आता है। लेकिन इस नाटक में पात्र, द्वंद्व, संवाद और प्रस्तुति में उत्तरआधुनिक प्रयोग और संकेत पाये जाते हैं।

विनय : अरे! तुम तो मोहनी रूप धारण करके अवतरित हुई औरत हो। (कठोर होता है) किसने भेजा है?

प्रीत : (त्रस्त होती है, पसीना पोंछती है) विष्णु सर ने, विष्णुभान ने।

विनय : मूर्ख विष्णु! हजारों साल बाद भी, यही समझता होगा कि मुझ में वही भस्मासुर की बुद्धि है। भस्मासुर तो था मूर्ख, लेकिन युग तो आजका नहीं था। उसके और मेरे जन्म लेने के समय का समय का दांव पेच क्या एक जैसा ही रहेगा? (मौन) मुझे मालूम था, इस तरह के प्रयत्न किए जाएंगे। इसीलिए मैंने पहले ही इसका उपाय कर लिया था। मैंने नली हाड़ फिट कराने से लेकर अनेक उपाय कर लिए थे, और अपने को नलीहाड़प्रुफ बना लिया था। मूर्ख लड़की। मेरे सर पे तो अब किसी नली हाड़ का असर ही नहीं होने वाला, लेकिन (दांत किटकिटाता है) तुम्हारे सर पे तो शत प्रतिशत होगा, समझी। (भस्मासुरको नलीहाड/ पृष्ठ ३३)

नाटक के चरित्र विनय में भस्मासुर की चारित्रिक विशेषता मिलती है। लेकिन वह आधुनिक समय का भस्मासुर है। वह समय के प्रति सचेत है और डॉक्टर तथा दवाइयों का इसलिए सहारा लेता है कि उस पर नलीहाड़ का कोई असर न हो। कार्यालय के कर्मचारी विष्णुमान में विष्णु का चरित्र नजर आता है, जो सुंदर युवती प्रीत का उपयोग करके भस्मासुर का अन्त करना चाहती है। ***'भस्मासुरको नाटक'*** में प्रारंभ से अंत तक बेजाड़ द्वंद्व है। यह पौराणिक कथा की पुनर्व्याख्या और विखंडन भी है। इस नाटक में उत्तरआधुनिक प्रयोगशीलता भी मिलती है। लेकिन यह चूंकि परंपरागत नाटक की संरचना में, इसीलिए इसे उत्तरआधुनिक नाटक न कहकर नवआधुनिक नाटक कहा जा सकता है, इसे उसी श्रेणी में रखकर अध्ययन किया जा सकता है।

सम और गौतम के बाद मिथक को अपने ही ढंग से पुनर्व्याख्या और विनिर्माण करने वाले नाटककार हैं-अशेष मल्ल। वि.सं. २०३९ में नाटककार मल्ल द्वारा लिखित तथा निर्देशित नाटक ***'रामायण'*** का दूसरा पृष्ठ इसी तरह का नाटक है। इसमें नाटककार मल्ल ने सम और गौतम की परंपरागत नाट्य-संरचना से बिल्कुल अलग होकर भिन्न रूप में रामायण के दूसरे पृष्ठ को प्रस्तुत किया है। इस नाटक में सूत्रधार होता है, जो प्रत्यक्ष रूप से दर्शकों से बातें कर रहा होता है। नाटक में दर्शक और कलाकारों के बीच की दूरी मिटाई गई है। सूत्रधार ***रामायण*** की कथा को मंच पर प्रस्तुत करने का उद्घोष करता है। नाटक में राम, सीता, लक्ष्मण, कैकेयी, दशरथ जैसे पात्र क्रमशः नजर आते हैं। सूत्रधार ***रामायण*** के पृष्ठों को क्रमशः प्रस्तुत करता जाता है। नाटक में राम के वनवास जाने से पहले के दृश्य रामायण की तरह दिखाई देते हैं। लेकिन जब राम को चौदह वर्ष के लिए वनवास जाने की बात होती है, तो वह विरोध करता है। यहीं पर नाटक का विनिर्माण होता है। नाटक का अभिनय करने वाला पात्र एकाएक अपनी प्रेमिका के साथ शादी करके ही दम लेने, अपने पिता दशरथ की गलती की सजा कदापि नहीं भोगने, भाई लक्ष्मण को राम का दास नबनाकर अपने अस्तित्व के साथ जिंदा रहने के लिए प्रेरित करने और सीता को नारी अधिकार के प्रति सचेत कराने जैसे कार्य करता है।

राम : परंपरा को गले लगाकर चिरनिद्रा में सोने वाले, सोते रहो। दशरथ! अब भी अंधेरे में ही खोए रहो। पाखंडी परंपरा में ही जीते रहो। सीता! अभी भी आग में जलती रहो, आग ही पीकर जीती रहो। ऐ लक्ष्मण! धिक्कार है कायर! परंपरा को गले लगकार चिरनिद्रा में सोनेवाले! आखिर कब जगोगे? कब? (चला जाता है) (***रामायण का दूसरा पृष्ठ*** / पृष्ठ ८१)

इस प्रकार अशेष मल्ल ने *'रामायण का दूसरा पृष्ठ'* नाटक में अपने ही तरह से पुनर्व्याख्या और विनिर्माण किया है। इसके अतिरिक्त उनके अन्य नाटकों 'कुमारजी आज्ञा गर्नुहुन्छ' (२०५१,कुमार जी आज्ञा देते हैं), 'कुमारी' (२०५६, कुंवारी) और 'रक्तबीज' (२०६०) में भी मिथक का प्रयोग और विनिर्माण किया गया है। 'स्वस्थानी की कथा' में सत्तर वर्ष का शिव शर्मा की सात वर्ष की बालिका गोमा से शादी की बात है। इसे नाटककार मल्ल ने 'कुमारजी आज्ञा देते हैं' में सामाजिकीकरण करके विनिर्माण किया है। नाटक में सात वर्षीय गोमा के ऊपर सत्तर वर्षीय वृद्ध के द्वारा की गई ज्यादती को दिखलाया गया है। इसमें बालिका से विवाह और बलात्कार करने के सामाजिक पक्ष को नंगा किया गया है।

यह नाटक कुमारी देवी प्रथा पर आधारित है। इसमें कुमारी (रजस्वला होने से पहले) रहने तक की अवस्था में देवी देवता के रूप में पूजने और कुमारी न रहने के दूसरे ही दिन से एकाएक देवता के स्थान से नीचे उतारकर मानवीय व्यवहार करने जैसी स्थिति का चित्रण किया गया है। इसी तरह 'रक्तबीज' नाटक के मूल पात्रों में हिरण्य कश्यप, हिटलर और कंश के संयुक्त चरित्र का बीजारोपण किया गया है। इस नाटक में नर्तक और नर्तकियां नाटक का आरंभ करती हैं। नायक की तलाश के समय सूत्रधार एक सामान्य व्यक्ति को नायक बनाता है। वह व्यक्ति नायक बनने के बाद निरंकुश हो जाता है। वह कभी हिटलर, कभी कंश तो कभी हिरण्यकश्य के चरित्र में दिखाई देता है। नाटक में प्रह्लाद भी मुख्य पात्र के रूप में नजर आता है, और कृष्ण की भी अप्रत्यक्ष उपस्थिति नजर आती है। 'रक्तबीज' नाटक में केंद्रभंग की अभिव्यक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। अशेष मल्ल रंगकर्मी और नाटक निर्देशक हैं। नेपाल में सड़क नाटकों का प्रणेता अशेष मल्ल के उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक रंगमंचीय दृष्टि से भी सबल हैं।

अविनाश श्रेष्ठ के नाटक *'समय, समय फिर समय'* (२०३९) और *'अश्वत्थामा हतोहत'* (२०४२) में भी इतिहास और मिथक की पुनर्व्याख्या और विनिर्माण करने का काम नजर आता है। नवआधुनिक नाट्यधारा में नजर आए अविनाश श्रेष्ठ के इन दो नाटकों ने उत्तरआधुनिक नाटक की प्रवृत्तियां अपनाई है। इस नाटक की नाट्यवस्तु के निर्माण में वेद, पुराण, उपनिषद और गीता क् साथ-साथ पाश्चात्य पुराकथा, धर्मप्रथा और इतिहास से भी सामग्रियां ली गई हैं। इस नाटक के पात्रों में कृष्ण, युधिष्ठिर और भीमसेन भी नजर आते हैं। नाटक में शेखर और नीरा की प्रेमकथा आधुनिक युग की कथा लगती है, मगर हकीक़त यह है कि यह प्राचीन काल की ही प्रेमकथा है। इसने आदम और इव, अर्फियस और युरिडाइस, मनु और श्रद्धा, दुष्यंत तथा सत्यवान और सावित्री के भावनात्मक प्रेमाख्यान का प्रतिनिधित्व किया है।

इसी प्रकार अविनाश श्रेष्ठ के नाटक *'अश्वत्थमा हतोहत'* में महाभारतकालीन पात्र अश्वत्थामा की कथा और महाभारत में निहित मिथक की नये ढंग से पुनर्व्याख्या की गई है। इस नाटक का कार्य-व्यापार महाभारतकाल की पृष्ठभूमि से शुरू होता है और उसी पर जाकर अंत होता है। लेकिन बीच में आधुनिक काल की राष्ट्रीय भूमि नजर आती है। नाटक में मिथकीय पात्र अश्वत्थामा का विद्रोह और महाभारत के आख्यान का विखंडन किया गया है।

अश्वत्थामा : (चिल्लाता है) कृष्ण ! नहीं चाहिए मुझे तुम्हारा उपदेश ! पहले तुम खुद झांककर देखो, अपनी आत्मा की गंदे जलाशय में कृष्ण ! किस मुंह से घोषित कर रहे हो तुम मुझे क्रुर, अन्यायी और आतातायी ? कृष्ण ! तुम उस वक्त कहाँ थे, जब धर्मराज युधिष्ठिर ने असत्य बोलकर मेरे वृद्ध पिता महारथी द्रोणाचार्य को किया था हतोहत ?और किंकर्तव्यविमूढ़ पुत्रशोक मग्न निहत्थे मेरे पिता मारे गए धर्महीन धृतद्युम्न के द्वारा ? कहाँ थे कृष्ण उस वक्त तुम ?(*अश्वत्थामा हतो हत* / पृष्ठ ५०)

नाटक में अश्वत्थामा का संवाद आधुनिक समय के बुद्धिजीवी, दलाल, उद्योगवति और किसानों के साथ कराया गया है। अश्वत्थामा इस अपने पिता युधिष्ठिर के अर्द्धसत्य और खुद को कृष्ण के अन्याय का शिकार होने की शिकायत करते हुए निरर्थकता का दर्शन प्रस्तुत किया है और कहा है कि संसार के सभी मानव अपने-अपने परिवेश के अर्द्धसत्य में उलझे है, इसीलिए सभी बातें निरर्थक हैं।

इस तरह, अविनाश श्रेष्ठ अपने नाटक *'समय, समय फिर समय'* और *'अश्वत्थामा'* के मार्फत नवआधुनिक

के साथ-साथ उत्तरआधुनिक चेतना के नाटककार के रूप में नजर आते हैं। अविनाश के नाटकों में युद्धजन्य संत्रास और पीड़ा नजर आती है। इन्होंने अपने नाटकों में मेलोड्रामा, लोकनाटक के तत्त्व तथा माइम का उपयोग किया है। विषयवस्तु क ाचयन, प्रस्तुति, चरित्र चित्रण, दृश्य विधान जैसे पक्षों में नवीनता भरने का प्रयास किया है। इसीलिए इन्हें उत्तरआधुनिक नाटककार के रूप में लिया जा सकता है।

वि.सं. २०५१ में विप्लव ढकाल द्वारा लिखित तथा मिमिरे (पत्रिका) में प्रकाशित नाटक *'अंतिम नायिका'* भी उत्तरआधुनिक नाटक है। वि.सं. २०५४ में प्रकाशित 'अंतिम नायिका'नाटकसंग्रह का शीर्ष नाटक भी है। यह महाभारत की द्रौपदी, स्वस्थानीव्रत कथा की सती, भारतीय मुस्लिम इतिहास की मुमताज और सुंदरी नायिका रेनाता की दुखांत घटना को लेकर लिखा हुआ नाटक है। नाटक में युधिष्ठिर, शाहजहाँ और बेनेडकेटो का नाम है। नाटक में प्रसंगवश आइकमैन, हान्स स्पाइडे, औरंगजेब और हिटलर जैसे कुख्यात पात्रों का भी संदर्भ जोड़ा गया है। इसी प्रकार इसमें कृष्णकथा के अंतर्गत की पुतनाबद्ध और कालीय नाग से संबंधित भयावह घटना का भी उल्लेख किया गया है। पौराणिक, ऐतिहासिक और आधुनिक प्रख्यात घटनाओं को एक ही संरचना के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। नाटककार ढकाल के इस नाटक में उत्तरआधुनिक चिंतन और प्रयोग पाए जाते हैं।

१.:मुझे नहीं मालूम- तुम रेनाता हो या मुमताज हो या सती देवी हो। लेकिन मुझे इतना मालूम है कि सती देवी मुमताज नहीं है। मुमताज भी रेनाता नहीं है। और मुझे एक और बात मालूम है- प्रेम के अर्थ में ये समान हैं। मृत्यु के अर्थ में ये समान हैं। प्रत्येक युग में भयानक त्रासदी बनकर जिंदा रहने वाली ये नायिकाएं मृत्यु के अर्थ में समान हैं। (*अंतिम नायिका* / पृष्ठ ९८)

विप्लव ढकाल प्रवृत्ति की दृष्टि से विसंगतिवादी-अस्तित्ववादी परंपरा के निकट नजर आते हैं। लेकिन शैली और प्रस्तुति की दृष्टि से उनके नाटकों में चरित्र, परिवेश और विषय में पूर्ववर्ती नवआधुनिक नाटक की सभी सिमाएं तोड़ी गई हैं। विप्लव ढकाल के इस नाटक के अलावा *'इडिवस के श्रापित कंकाल'* और *'अस्तित्व पीड़ा'* में भी उत्तरआधुनिक प्रवृत्तियां मिलती हैं। काव्यात्मक संवाद और परंपरागत लेखन का पूण बहिस्कार, अद्भूत और प्रतीकात्मक पात्रों का चयन तथा नवीन घटनाएं और विसंगत पक्ष आदि विशेषताओं के कारण विप्लव ढकाल को उत्तरआधुनिक नाटककार के रूप में लिया जा सकता है।

इतिहास की पुनर्व्याख्या और विनिर्माण

उत्तरआधुनिक नाटक के श्रेणी में *'यलंबर'* भी आता है। श्रवण मुकारूंग द्वारा लिखित यह नाटक वि.सं. २०५३ में प्रकाशित हुआ है। इस नाटक में मुकारूंग ने प्रथम किराती राजा यलंबर का विनिर्माण किया है। इस नाटक में यलंबर के साथद्दसाथ राधा, बुद्ध और ऋणी सहित अन्य मिथक पात्र नजर आते हैं। नाटक का मुख्य पात्र यलंबर ने जनजातीय पक्ष को भी समेटा है। नाटक ने जनजातीय पक्ष को संबोधित किया है। नाटक में किरात संस्कृति, हाप्पारे लोकगीत, साकेवा थान का संदर्भ और घटनाएं चित्रांकित हैं। श्रवण ने इस नाटक में यलंबर की ऐतिहासिकता का विनिर्माण करके आज के युग को एक चरित्र के रूप में प्रस्तुत किया है। नाटक में प्राचीन यलंबर के द्वारा वर्तमान समय में अपने अस्तित्व की तलाश करने का संदर्भ है।

यलंबर : मैं उस कलंकित समय का संहार कर दूंगा
उसका सर काटकर
हर वक्त टूटते रहने वाला पहाड़ बना दूंगा
उसके हाथ-पैर काटकर
हर वक्त रोनेवाली शहनाई बना दूंगा
वह नालायक वक्त
पहले से ही आदमी से लड़ने का
बहाना ढूंढ़ रहा है।
वह जान बूझकर
आदमी के वर्तमान को इतिहास बना रहा है
इस पृथ्वी की प्रत्येक आधुनिकता को पुरातन बना रहा है
आग लगा रहा है- वह
अब उसकी गुंडागर्दी नहीं चलने वाली
मैं उसे किसी भी सूरत में नहीं छोड़ूंगा, राधा!
बिल्कुल नहीं छोड़ूंगा।

(*यलंबर* / पृष्ठ ७)

'यलंबर' नाटक में इतिहास, वर्तमान यथार्थ और स्वैर कल्पना का अच्छा संयोजन है। इसमें यलंबर और बुद्ध जैसे पात्रों की ऐतिहासिकता समाहित है। इसके विपरीत राधा, नारी, डॉक्टर आदि जैसे पात्रों

वर्तमान जीवन से संबंधित यथार्थों को जीया है और आधुनिक जीवन की विविध विसंगतियों का सामना किया है। इस नाटक में नाटककार ने यह संदेश देने का प्रयत्न किया कि यलंबर कभी नहीं मरते हैं। नाटक में यह दिखाया गया है कि एक यलंबर बुद्ध के साथ एकाकार होकर जब विश्रांति लेता है, तब एक बाल उसका धनुर्वाण ले लेता है और एक दूसरे यलंबर का जन्म हो जाता है। इस प्रकार इसमें यह भी दिखाने की चेष्टा की गई है कि यलंबर समयानुकूल रूपांतरित होकर पैदा होता है। इन सभी आधारों के चलते इस नाटक *'यलंबर'* को उत्तरआधुनिक नाटक कहा जा सकता है।

पचास के दशक में समसामयिक नाट्यपरंपरा में अभि सुवेदी की प्रभावशाली उपस्थिति दिखाई देती है। उनकी नाट्य-यात्रा *'आरूका फूल का सपना'* (२०५८, आरू के फूल का सपना) के साथ शुरू होती है। नाटककार सुवेदी के नाटक 'नाटकपछिको यात्रा' (२०६०, नाटक के बाद की यात्रा) में वर्तमान समय के पात्र और पचीस वर्ष पहले की ग्रिसेली पुराकथा के पात्र क्रियोन एक साथ नजर आते हैं। *'युमा'* (२०६०) उनका एक दूसरा प्रमुख उत्तरआधुनिक चेतना से भरा नाटक है। इसमें लिंबू जाति का पारंपरिक विश्वास, जीवन-शैली और संस्कृति का कथावस्तु के रूप में उपयोग किया गया है।

साम्बा: हे तागेरा निडबाफू, हे यूमासाम्माँग ! नाफेती की रक्षा करो। वह एक चिट्ठी में बहुत लंबी कहानी लेकर चल रही है। वह चिट्ठी सुनने के बाद दूसरी ओर बढ़ती है। नाटक शुरू होता है। उसने उस चिट्ठी में एक दूसरा रंगमंच इस तरह से सजा रखा है, कि पता ही नहीं चलता। उसमें समय की आवाज है। लोगों को पता ही न चलता कि वे उस चिट्ठी में कहाँ से कहाँ पहुंच चुके हैं। बेचारी नाफेती, मैं तुम्हारे लिए रक्षा का कवच लेकर आऊंगा। धीरे-धीरे चलते जाओ। (*युमा / पृष्ठ* १८०)

इस नाटक ने जनजाति की आवाज को बूलंद किया है। इससे पहले श्रवण मुकारूंग ने किराती पुराकथा को अपने नाटक *'यलंबर'* (२०५३) में लिख चुका था। नाटककार सुवेदी के वि.सं. २०६० में *'पांच नाटक'* (नाटक संग्रह) और वि.सं २०६५ में *'तीन नाटक'* (नाटक संग्रह) प्रकाशित हुए थे। *'अग्निको कथा'*(*आग की कहानी*) को इनकी सबसे ज्यादा लोकप्रिय नाटक माना जाता है। दार्शनिक चिंतन, संस्कृति-मोह और लोकनाट्यपन नाटककार सुवेदी के नाटक की विशेषताएं हैं। इन्हें पचास के दशक की समसामयिक नाट्यधारा के प्रभावशाली नाटककार माना जाता है।

शारदा सुब्बा के नाटक *'यशोधरा'* (२०६५) में भी प्रशस्त उत्तरआधुनिक प्रवृतियां और संकेत मिलते हैं। वि.सं २०६५ में प्रकाशित इस नाटक में प्राचीन काल की बुद्ध पत्नी यशोधरा और आज की आधुनिक युवती स्नेहा और अनामिका की एक ही जगह पर मुलाकात कराई गई है। स्नेहा और अनामिका साइवर युग की नारियां हैं। एक ओर ये नाटक में कम्प्यूटर का उपयोग करती नजर आती हैं और टेलिफोन और इमेल के माध्यम से संवाद करती हैं तो दूसरी ओर यशोधरा अनादिकाल से नारी आवाज को सुनते और उनकी भावनाओं को समझते हुए वर्तमान धरातल पर पहुंची हुई हैं। नाटक ***यशोधरा*** की पृष्ठभूमि में प्राचीन तिलौराकोट दरबार, राहुल, शाक्यवंश की राजधानी आदि नजर आते हैं। यह यशोधरा के ऐतिहासिक जीवन से अभिप्रेरित होकर उसे वर्तमान के संदर्भ में बिखंडित करके लिखा गया नाटक है।

अनामिका :तुम्हारा बलिदान और संयम इतिहास में
अमर हैं।

यशोधरा : मैं उन इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अस्तित्वहीन
होकर लिखी गई हूँ।
इस राज्य के गौरव में मेरा मातृत्व आवाजहीन
होकर टकटकी लगाए हुए युगों से।
तुम मेरे इतिहास पर गर्व करती हो,
लेकिन इतिहास के पन्नों में जरा मुझकर
ढूंढ़कर तो देखो,
कि तुम्हें मेरा गौरव कहाँ मिलता है ?
(मौन) क्या तुम्हें मालूम है ?
मेरे गर्भाशय ने खुले आकाश की चाहत
रखते हुए
कई बार मुझसे न्याय माँग चुका है।
(*यशोधरा / पृष्ठ* ४७)

नाटक ***यशोधरा*** नारीवादी नाट्यरचना भी है। पच्चीस वर्ष पहले की यशोधरा का आज के अत्याधुनिक

युग में खड़े होकर समस्त नारियों के पक्ष में बोलना इस नाटक का गहन भाव है। इसमें नारी विद्रोह और समय प्रति की वितृष्णा नजर आती है। नाटक में नारी देह के अनेक पक्षों के साथ उसके शोषण की कथा भी समाविष्ट है। काव्यात्मक संवाद, आदमी का निकृष्ट व्यवहार का शल्यक्रिया, चिंतन की व्याख्या, जीवन की भिन्न दृष्टिकोण से प्रस्तुति, नाटककार शारदा के नाटकों की विशेषताएं हैं। इसके पहले, वि.सं. २०५५ में शारदा का प्रयोगशील नाटक *'अघोषित नीलो पीडा'* (अघोषित नीली पीड़ा) प्रकाशित हुआ था।

यंत्र मानव का प्रयोग और साइबर संस्कृति

चालीस के दशक के आरंभ से नेपाली नाटक और रंगमंच पर अजीब प्रयोग देखने को मिलते हैं। यंत्र मानव का प्रयोग उत्तरआधुनिक परिधि के अंदर आता है। यंत्र मानव का प्रयोग और विज्ञान नाटक उत्तरआधुनिक नाट्य-प्रवृति के विशिष्ट गुणों को अपने में समाहित करते नजर आते हैं।

नवआधुनिक नाट्य-धारा में मोहनराज शर्मा का विशिष्ट योगदान है। *'जेमन्त'* (२०३९) और *'वैकुण्ठ एक्सप्रेस'* (२०४२) ने उन्हें नवआधुनिक नाटककार के रूप में स्थापित किया है। लेकिन वि.सं. २०४० में नजर इनका 'यमा' तो उत्तरआधुनिक नाटक है। इस नाटक में यंत्र मानव का पृथक ढंग से प्रयोग हुआ है। इस्वी की बीसवी सदी के अविष्कार यंत्र मानव (रॉबट) को विषय बनाकर लिखा गया नाटक ***यमा*** नेपाली नाट्य-कला में सर्वथा नवीन उत्तर प्रयोग है। यह वासनात्मक प्रेम से लेकर घृणा और भावनात्मक प्रेम के आकर्षणों को नाट्यवस्तु के रूप में उपयोग करके लिखा गया नाटक है। नाटक में नौकर, जोकर, मालिक, प्रेमी आदि विभिन्न वर्गों के यंत्र मानव को बाजार में रखा गया होता है। नाटक में यंत्र मानव मानवीय क्रियाएं करते हैं। नाटक में एक यंत्र मानव दार्शनिक व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व करता है। इस नाटक में यमा दो सैनिक व्यक्तित्व, यमा तीन नेता व्यक्तित्व, यमा चार खिलाड़ी व्यक्तित्व और दरबान बिगड़ा हुआ रॉबट तथा नाइन ओ नाइन कर्मचारी रॉबट के रूप में काम कर रहे होते हैं। नाटक में क्लियोपेट्रा, सिकंदर, सीता, राम, हनुमान का संदर्भ भी संवाद के मार्फत आता है।

यमा १ : (फिर से रहस्यपूर्ण ढंग में) और इसी तरह जिस रोज चारों तरफ घनघोर बारिश हो रही थी, बिजलियां कड़क रही थीं, और बादल गरज रहे थे, और परम सुंदरी क्लियोपेट्रा अपनी जीभ को सर्प से कटवा रही थी, उसी वक्त मैंने उसे इसी घड़ी की आवाज सुनाई।

(***यमा* / पृष्ठ ७४**)

मोहनराज शर्मा का ***यमा*** नाटक उनके अन्य नाटकों से भिन्न नाटक है। इसमें किए गए विशिष्ट प्रयोगों को देखने के बाद इसे उत्तरआधुनिक नाटक माना जा सकता है। नाटककार हशर्मा के नाटक में प्रचलित नाट्य-मान्यता के विपरीत विषय, भाषा और चरित्र को स्वैरकल्पनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया होता है।

नव आधुनिक नाट्य-धारा के प्रमुख नाटककार हैं सरूभक्त। वे वि.सं. २०३९ में शून्यवादी दर्शन की अवधारणा के साथ नाटक के क्षेत्र में एक अलग धार के रूप में प्रस्तुत होते हैं। इस अवधारणा की प्रायोगिक नमूना के तौर पर उन्होंने अपने नाटक ***'इतिहासभित्रको इतिहास'*** (२०३९, ***इतिहास के अंदर का इतिहास)*** का प्रकाशन करवाया। इसे ही सरूभक्त का पहला नवआधुनिक नाटक माना जाता है। यह आख्यानहीन नाटक है। वि.सं. २०४४ में प्रकाशित ***'इथर'*** सरूभक्त का प्रयोगवादी विज्ञान नाटक है। नाटक ***इथर*** का रंग-विधान और पात्र-विधान विशेष प्रकार का दिखाई देता है। वि.सं. २०४६ में सरूभक्त ने बुद्ध की जीवनकथा पर आधारित होकर *'एस धम्म सनन्तन* लिखा। इस नाटक में उन्होंने ऐतिहासिक सामग्री का सूक्ष्म अध्ययन किया, मगर घटना की पुनर्व्याख्या अपने तरीके से किया। पचास के दशक के बाद वे शून्यवादी रंगमंच के मोह से मुक्त होते नजर आते हैं। इस अवधि में उन्होंने लोकजीवन पर आधारित होकर बहुत सारे प्रयोगधर्मी नाटकों की रचना की। इस क्रम में उनके ***'मलामीहरू'*** (२०५१,अंतिम यात्रा में शामिल होनेवाले), 'मलामी' (२०५५), 'सिरूमा रानी' (२०६१) आदि नाटक प्रकाशित हुए। इन सभी को नवआधुनिक नाटकों की श्रेणी में ही रखना आवश्यक है। क्योंकि इनमें नवआधुनिक प्रयोग के साथ-साथ परंपरा का भी निर्वहन उतनी ही प्रधानता के साथ किया गया है।

वि.सं. २०५५ में सरूभक्त ***'निवाविय'*** नामक नाटक प्रकाशित हुआ। इस नाटक में उत्तरआधुनिक प्रवृत्ति मिलती है। यह एक विज्ञान नाटक भी है। यह नाटक अंतरिक्ष विज्ञान संबंधी अनुसंधान को विषय

बनाकर लिखा गया है । ***निमाविय*** नाटक में डॉक्टर अल्फा, बिटा, ओमेगा जैसे मानवीय पात्रों के साथ-साथ चार यंत्र मानव भी होते हैं । नाटक में यंत्र मानव मनुष्य के जैसे ही क्रियाकलाप करते हैं,सोचते हैं और संवाद करते हैं ।

निमा ३: हे मनुष्य ! हमारी उपयोगिता शक्ति और आवादी से भयभीत हो रही है । आखिर मानव के पास उल्लेखनीय है ही क्या, तीन पौंड के जैविक मस्तिष्क और उसके अंदर के सेरेब्रुम के अलावा ?

निमा २: कृपा करके ऐसी बातें नहीं कीजिए । (डरकर इधर-उधर देखते हुए) ये अनावश्यक बातें हैं । हम आवश्यक कार्य के लिए उत्पादित निमा हैं ।

(***निमाविय / पृष्ठ १३६***)

नाटक में जहाँ एक ओर ज्ञान और विज्ञान का रोमांचक और कौतूहल वातावरण दिखाई देता है, तो दूसरी ओर सुखद, दुखद, त्रासद और वीभत्स का चित्र भी दिखाई देता है ।

वि.सं. २०५६ में प्रकाशित तथा मंचित गोपी सापकोटा का नाटक 'लासघर' (२०५६, शव-गृह) भी उत्तरआधुनिक नाटक है । इस नाटक में साइवर कल्चर का प्रयोग हुआ है । नाटक में शव-गृह की लाशें पुनर्जीवित होने के लिए अपनी-अपनी आत्मा का कोड नंबर पता लगाने के क्रम में साइवर का प्रयोग करती हैं ।

लाश १: हाँ, हमें हमारी आत्मा की तलाश है ।

लाश ३ : मैं कम्प्यूटर में सर्च करती हूँ कि हमारी आत्मा कहाँ है ?

लाश १ : सर्च ही क्यों ? रिसर्च ही कीजिए न !

लाश ३ : क्या आप में से किसी को भी यूनिवर्स में प्रवेश करने का पासवर्ड मालूम है ? यदि हम कम्प्यूटर से यूनिवर्स में चले जाते हैं,तो हम हमारी आत्मा को पता लगा सकते हैं । और उसके बाद यी अपनी आत्माओं को इस कम्प्यूटर के माध्यम से यहाँ ला पाने में सक्षम हो जाते हैं, और हमें छोड़कर जानेवाली आत्माओं को फिर से अंदर कर पाने में सक्षम हो पाते हैं,तो हम लाश से आदमी बन सकते हैं । (***लासघर / पृष्ठ ५५***)

नाटक 'लासघर' (शव-गृह) में नई प्रविधि का प्रयोग अजीब तरीके से हुआ है । नाटककार सापकोटा के इस नाटक के अतिरिक्त ***'पूर्णविराम'*** (२०५५) और ***'कालो आकृति'*** (२०६४,***काली छाया)*** नाटक संग्रह में भी कुछ प्रयोगशील नाटक संगृहीत हैं ।

नाट्यविद् केशव प्रसाद उपाध्याय ने उल्लेख किया है कि 'भृकुटी' (पत्रिका) में प्रकाशित कृष्ण शाह यात्री के नाटयरचना में भी समकालीन बहुलवादी उत्तरआधुनिक नाट्य-वस्तु-विधान और रंगधर्मिता का प्रयास देखा जा सकता है । उपाध्याय के अनुसार यात्री की नाट्य-कला प्रयोगवादी होने के बावजूद उन्होंने उसमें अपनी पहली पहचान प्रस्तुत की है और नई नई नाट्यविधि,प्रविधि और नये-नये लेखन-सिद्धांतों का प्रवर्तन भी किया है ।

समालोचक उपाध्याय ने कृष्ण शाह यात्री के नाटक 'मृत्यु संपादन' (२०५९) के बारे में लिखा है, - 'विभिन्न स्रोतों से पात्र और उनसे संबंधित कथांश लेते हुए विभिन्न नाट्यवस्तु का संयोजन करके आख्यानीकृत किए गए 'मृत्यु संपादन' में मिथक का सामाजिकीकरण और सामाजिकी का मिथकीकरण किया गया है और आख्यानीकरण तथा नाट्यवस्तु का विनिर्माण के क्रम में अपनी दृष्टि और प्रयोजन के अनुरूप आवश्यक परिवर्तन किया गया है । इसी प्रकार उन्होंने यात्री के नाटक ***'समय अवसान'*** (२०६१) के बारे में कहा है, -"युद्ध और विनाश को मूल विषय बनाकर लिखा गया नाटक ***'समय अवसान'*** समकालीन सशस्त्र द्वंद्व का बान्की प्रस्तुत करता है । इस नाटक में समकालीन सामाजिक जीवन से युद्ध पीड़ित जनता का प्रतिनिधित्व करने वाली एक वृद्धा पात्रा तथा इतिहास से भिन्न-भिन्न देश और काल के भिन्न-भिन्न चरित्र गौतम बुद्ध और हिटलर जैसे प्रख्यात व्यक्तियों तक को समावेश करके नाट्यवस्तु का विधान तैयार किया गया है । सियार और गिद्ध की कथा तथा वृद्धा की कथा निर्मित नजर आती हैं तो गौतम बुद्ध और हिटलर की कथा विनिर्मित नजर आती हैं । नाटक ***'मान्छे युद्ध र शान्ति'*** (२०५९, आदमी, युद्ध और शांति) भौतिक, अभौतिक, दैविक, अर्द्धदैविक तथा मानवीय शक्तिओं के सहकार्य दिखाने वाला नाटक है । उपाध्याय के अनुसार यह एकाङ्की नाटककार यात्री का उर्वर स्वतंत्र परिकल्पना से प्रस्तुत नवमिथकीय नाट्यरचना के रूप में नजर आता है ।

कृष्ण शाह यात्री के नाटक में यंत्र मानव और

साइवर सामग्री का भी बहुत ज्यादा प्रयोग हुआ है। नाटक *'बारूद शताब्दी '*(२०६०) युद्ध और शांति को विषय बनाकर लिखा गया नाटक है, जिसमें आदमी की तरह ही बोल सकने और हाव-भाव कर सकने वाले रॉबट १ और २ प्रमुख पात्र के रूप में चित्रांकित हैं। यात्री के नाटक *'अंतिम नायक'*(२०६५) और *'आवरण अनावरण'* (२०६७) के संबंध में केशव प्रसाद उयाध्याय लिखते हैं,-" नारीवादी के साथ-साथ पशु अधिकारवादी नाटक के रूप में नजर आने वाली इस कृति में एकाङ्कीकार यात्री ने यंत्र मानव के प्रयोग के साथ-साथ उत्तर प्रयोग धर्मिता की भी नई झांकी दिखाई है।

बंदर : मैं तुम्हारे प्रयोगशाला की सामग्री नहीं हूँ, डॉक्टर। हमें कभी डार्विन ने प्रयोग किया, प्रसिद्धि पाने के लिए। हमें कभी राम ने प्रयोग किया, रावण के विरुद्ध लड़ने के लिए। हम आज भी केवल प्रयोग ही हो रहे हैं, कभी रसायनशास्त्रियों के द्वारा तो कभी मानवशास्त्रियों के द्वारा। डॉक्टर ! तुम्हें यह हक किसने दिया ? मुझे वर्षों से प्रयोगशाला की वस्तु के रूप में प्रयोग करनेवाले तुम महास्वार्थी हो। डॉक्टर ! अब मैं इस आयातीत पीड़ा में और नहीं रह सकता। मैं अब हिटलर, बुद्ध या यंत्र मानव की प्रतीक्षा नहीं कर सकता। (*आवरण अनावरण* / पृष्ठ ६२

इसी तरह यात्री के द्वारा संकेत नाटक *'मान्छे र मान्छेहरू'* (२०५७, आदमी और आदमी) लिखे जाने और उसमें बधिरों से अभिनय करवाने, नाटक *'विस्थापन'* (२०६२) में आप्रवासी जीवन (डायोस्पोरा) को उतारने, नाटक क्रमशः *नायिकाहरू* (२०६२,नायिकाएं) में पौराणिक पात्र सीता में उत्तरआधुनिक नारी चेतना का आरोपण कराने, नाटक ***शब्द सङ्ग्रामका योद्धाहरू*** (२०५९? ***'शब्द संग्राम के योद्धा)***, 'महापात्र' (२०६३) और ***'सनाखत नभएको नाटक'*** (२०६४, सनाख्त नहीं हुआ नाटक) में पात्र प्रतिक्रिया सिद्धांत का प्रयोग करने, नाटक ***'पीड़ा आरोहण'*** (२९६५) में साइवर कल्चर का प्रशस्त उपयोग करने, नाटक *'अर्थात् असमाप्त अध्याय'* (२०६७) में मिथकीय पात्रों की पुनर्व्याख्या और विर्निर्माण करने, नाटक *'बामियानका चिसा बुद्धहरू'* (२०६७, बामियान के ठंडे बुद्ध) में बहुल संस्कृति और नव प्रविधि का उपयोग करने आदि संदर्भों के कारण समालोचक इन नाटकों का विश्लेषण उत्तरआधुनिक नाटक के रूप में करते आए हैं।

रमेश के.सी. के ***अपात्र र म प्रेयसी*** (अपात्र और मैं प्रेयसी), ***नानीहरू प्लस मिसाइल बराबर जीरो (लड़कियां प्लस मिसाइल बराबर जीरो) नाटक*** को भी उत्तरआधुनिक नाटक के रूप में लिया जा सकता है। इन दोनों नाटकों में अंतर्वस्तु और शिल्प में नवीनता की खोज की गई है । इस नाटक में आज के आदमी के द्वारा भोगी गई पीड़ा को अभिव्यंजित करने का काम किया गया है। ये अति यथार्थवादी नाटक हैं। पचास के दशक में लिखित तथा मंचित इन नाटकों की शिल्प-चेतना में भी नवीनता खोजने का प्रयास किया गया है।

इसी तरह शिवानी सिंह थारू का ***'भर्चुअल रियालिटी'*** (२०६४) भी उत्तरआधुनिक नाट्यधारा के उल्लेख्य नाटकों में आता है। यह नाटक शिवानी के ही निर्देशन में मंचन भी हुआ था। ***'भर्चुअल रियालिटी*** 'साइवर संस्कृति पर आधारित नाटक है।

यहाँ विशेष रूप में चर्चा किए गए नाटकों के अतिरिक्त भी अन्य नाटककारों के नाटक में भी उत्तरआधुनिक प्रवृत्ति मिलती है। नेपाली नाटक में प्रयुक्त उत्तरआधुनिक प्रवृत्ति के अध्ययनोपरांत निम्न विशेषताएं मिलती हैं।

- नई विषयवस्तु, नई शिल्प और नई रंगप्रविधि की खोज करना।
- इतिहास या पुराकथा को आधार मानकर उसे समकालीन सामाजिक संर्दभ में प्रस्तुत करना।
- नये-नये विंवों और प्रतीकों की स्थापना करना।
- पारंपरिक नाटक में सर्वाधिक महत्त्व दिए जाने वाले आख्यान की तुलना में चरित्र या प्रस्तुति पर जोड़ देते हुए आख्यानहीन नाट्य सृजना करना।
- नाटकों में साइवर संस्कृति का उपयोग करना।
- मिथक को वर्तमान आधुनिक संदर्भ में रूपांतरण करके विनिर्माण करना।
- पात्र या चरित्र के नामकरण में संकेत या प्रतीक का महत्त्व देना।
- अंक या दृश्य योजनाओं का बहिस्कार करते हुए प्रकाश परिवर्तन के माध्यम से अंतराल करना।
- कथा को अकथा या चरित्र को अचरित्र बनाते हुए नाटक को अनाटक के रूप में प्रस्तुत करना।
- अमूर्त शैली का प्रयोग करना।

- लेखक के द्वारा पात्रों को मनमाने ढंग से प्रयोग किए जाने के विरुद्ध पात्रों या चरित्रों या लेखक स्वयं को भी खड़ा करना।
- नाटक में बहुल सांस्कृतिक चेतना का आरोपण करना।
- सीमांतीकृत, जनजाति की बातों को आधुनिक समय में सार्थक प्रयोग के मार्फत प्रस्तुत करना।
- नाटक में अत्याधुनिक मल्टिमिडिया (नवआधुनिक प्रविधि) का उपयोग करना।
- विचित्र प्रकार की बातें करने वाले अद्भूत पात्रों को पैदा करना।
- शैली एवं शिल्प के साथ-साथ पारंपरिक मूल्य और मान्यता के प्रति विद्रोह दिखाना।
- यंत्र मानव को मानवीय चरित्र के रूप में प्रस्तुत करना।
- आप्रवासी (डायस्पोरा) को नाटक में उतारना।

निष्कर्ष

इस तरह निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि पहलमान सिंह स्वार और बालकृष्ण सम से शुरू हुआ मौलिक तथा आधुनिक नेपाली नाटक लेखन विभिन्न उतार-चढ़ाव के साथ यहाँ तक आ पहुंचा है। ध्रुवचंद्र गौतम के द्वारा शुरू की गई नवआधुनिक नाट्यधारा को उनके बाद के अन्य नाटकारों ने सबल बनाने का कार्य किया है। उत्तरार्ध के कालखंड में नेपाली नाटक में उत्तरआधुनिक नाट्यधारा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इस लेख का उद्देश्य उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक के बारे में, थोड़ी ही सही, चर्चा करनी है। नेपाली नाटक और रंगमंच पर उत्तरआधुनिकता का प्रवेश 'ऊ मरेकी छैन' (वह मरी नहीं है) नाटक से होता है। इसमें पौराणिक आख्यान का विनिर्माण किया गया है। नाटक में साइबर कल्चर का उपयोग, डायस्पोरिक जीवन, मिथक की पुनर्व्याख्या, विनिर्माण, पात्र प्रतिक्रिया सिद्धांत, नाटक में अन्य विधा-सम्मिश्रण, अनाटक, अपात्र, अकथा, मल्टिमिडिया का उपयोग आदि बहुत सारे प्रयोग और उत्तर प्रयोग उत्तरआधुनिक नेपाली नाटक के क्षेत्र में हुए हैं।

मौलिक नेपाली नाटक का एक शताब्दी का लंबा इतिहास है। यह कालखंड छोटा नहीं है। इसीलिए नेपाली नाटक का परंपरागत से कहीं ज्यादा तये तरीके से अध्ययन और विश्लेषण होना आवश्यक है। उत्तरआधुनिक समालोचना इसकी एक सार्थक दृष्टि हो सकती है। उत्तरआधुनिकता को अच्छा नहीं कहना या फिर उत्तरआधुनिकता की बातें करना, दोनों अतिवाद है, इससे बचकर उत्तरआधुनिकता की सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

साहित्य या नाटक में सिर्फ कोई एक वाद ही केंद्र में नहीं रह सकता है। अगर ऐसा होता है, तो साहित्य या नाटक में भी अधिनायकवाद उत्पन्न हो जाएगा। इसीलिए बहुलता, अनेक प्रयोग और प्रस्तुति को स्वीकार करने वाली उत्तरआधुनिक प्रवृत्ति, चिंतन आवश्यक है। इसी से हम आज के नये युग के नाटक के धरातल को सबल और सार्थक बना सकते हैं।

अनुवाद : गोपाल अश्क

समालोचना

रंगमंच पर प्रदर्शित नेपालभाषा के प्राचीन नाटक

डा. चुन्दा बज्राचार्य

१. भूमिका

नेपाल मंडल के तहत बसोवास करनेवाले आदिवासी नेवार प्राचीन जाति है। उनकी भाषा भी उतनी ही पुरानी है। गोपालराज वंशावली के अनुसार नेपाल में सर्वप्रथम राज्य करने वाले 'गोपाल' और उसके बाद के महिषपाल हुए हैं। इनके बाद राज्य करने वाले किराँती गोपाल और महिषपाल को 'डे-हे-पा' कहते रहे हैं। लिच्छवियों ने उसी आधार पर संस्कृत से 'नेपाल' नाम लेकर राष्ट्र का नाम का नामकरण किया है (मल्ल 'नेपाल' रजत अंक १)। किराँतियों ने जिन्हें 'डे हे पा' कहा था, वे आज भी नेपालभाषा और नेवार संस्कृति को मानते रहे हैं। वर्तमान में इनका विशेष रूप से चंद्रागिरी पहाड़ के अगल-बगल अर्थात् थानकोट, टिस्टुंग, पालुंग, कुलगाँव, दामन और शिखरगोठ आदि जगहों पर बसोवास है। ३०-४० वर्ष पहले तक बाहर के नेवार उपत्यका को नेपाल कहा करते थे। उपत्यका या नेपाल में बसोवास करने वालों की भाषा नेपालभाषा है। मल्लकाल के अभिलेखों में भी नेवारद्वारा बोली जानेवाली भाषा को नेपालभाषा, राष्ट्रभाषा, देशभाषा निर्देशित भाषा के रूप में उल्लेखित किया गया है।

हुयंग चेयांग के द्वारा नेपाल भ्रमण के बाद लिखी गई 'चीन की तांग वंशावली' में यह उल्लेख है कि नेवार 'प्याखं' को सबसे अधिक पसंद करते हैं (मल्ल, १९८१ : ८४)। नेपालभाषा में 'प्याखं' का अर्थ नाटक, चर्या नाच, नृत्य, देवी नाच, गीति नाट्य और सिनेमा है। नेवारों के समाज में 'प्याखं' को जीवन के अभिन्न अंग के रूप में माना जाता है। धर्म संस्कृति से लेकर निर्माण और मनोरंजन तक में 'प्याखं' से संबंधित प्रसंग पाए जाते हैं। 'प्याखं' को जहाँ एक तरफ कला-कौशल के रूप लिया जाता है, तो वही दूसरी तरफ मनोरंजन के रूप में लिया जाता है।

नेवारों में विभिन्न संस्कारगत क्रियाकलाप से लेकर पाटी, पौवा, रास्ता, मंदिर, बहाल, चौक आदि के निर्माण करते वक्त भी नाटकों का निर्माण करके विभिन्न उत्सवों पर मंचित करकर मनोरंजन और हर्षोल्लास मनाने की परंपरा है। इनमें सर्वसाधारण से लेकर शासक और अन्य व्यक्तियों के कलाकार के रूप में सहभागी होकर नाटक मंचन करने की परंपरा है। पहले-पहले संस्कारगत क्रियाकलाप, धर्म, कर्म, पूजापाठ, निर्माण आदि कार्य संपन्न होने के बाद उसकी खुशीयाली मनाने के क्रम में शासक और जनता दोनों द्वारा नाटक मंचन करने की परंपरा थी। मनोरंजन के लिए नाटकों का मंचन होने के कारण उन नाटकों में कथावस्तु के साथ-साथ गीत और विभिन्न प्रकार की ताल और संगीत भी समावेश हुआ करते थे। गीत और संगीत को ज्यादा महत्त्व देने के कारण नेवार समुदाय में अन्य भाषा के नाटकों के मंचन में भी दर्शक अधिकाधिक मनोरंजन प्राप्त करते हैं। दर्शकों की भावना को केंद्रीकृत कराने के लिए मंचित किए गए नाटक अन्य भाषा के होने के बावजूद उनमें बीच-बीच में निर्देशित वाक्य नेपालभाषा के ही होते थे। गीत और संगीत के साथ-साथ अभिनय भी होने के कारण निर्देशित वाक्य नेपालभाषा में होने के बावजूद दर्शक आसानी से समझ जाते थे।

नाटक मंचन करने के लिए ही नेवारों के दरबार और मुहल्ले-मुहल्ले में डबली की व्यवस्था नजर आती है। कलाकारों को रंगमंच पर किसी भी नाटक का मंचन करने से पहले अनुशासित रूप से नाट्येश्वर की पूजा करके सिद्धि प्राप्त करनी होती थी। रंगमंच पर नाटक प्रस्तुत करने के लिए डबली पर जाकर अभिनय करने वाले कलाकार तो होते ही थे, साथ ही साथ उन कलाकारों को रंगमंच पर प्रस्तुत कराकर दर्शकों को आकिर्षत करानेवाले वाद्यवादक और गीत गाने वाले भी कलाकार ही होते थे।

उद्देश्य

इस लेख का उद्देश्य रंगमंच पर प्रदर्शित नेपालभाषा के प्राचीन नाटक का परिचय देना है।

सीमा

प्राचीन रंगमंच पर प्रदर्शित नाटक की जब हम बात करते हैं, तो उसमें **हरिसिद्ध नाटक** से लेकर राजेन्द्र वीर विक्रम शाह द्वारा रचित नाटक की बात आती है, और उसी आधार पर विश्लेषण किया जाता है। अर्थात् प्राचीन नाटक के अध्ययन के क्रम में राणाओं के द्वारा नेपालभाषा के विकास को अवरोध करने से पहले या ज्यापु प्याखं के प्रादुर्भाव होने से पहले मंचित नाटकों ही लिया गया है। प्रकाशित और अप्रकाशित सामग्रियों के आधार पर यह लेख तैयार किया गया है।

२. हरिसिद्धि नाच

नेपाल का सबसे पुराना या पहला मंचित नाच **हरिसिद्ध नाच** ही है। यह ललितपुर के हरिसिद्धि के नेवारों द्वारा प्राचीनकाल से अव तक प्रत्येक वर्या मार्ग शुक्ल पूर्णिमा 'यःमरि पुन्हि' और फागुन शुक्ल पूर्णिमा अर्थात् फागुन पूर्णिमा के दिन हरिसिद्ध में मंचित किया जाने वाला नृत्य है। १२ वर्ष में एक बार नेवारों की बस्ती के सभी डबलियों पर इस नाच को नचाने की परंपरा है। हरिसिद्ध नाच को देवी नाच भी कहा जाता है। अन्य देवी नाचों की तरह इस नाच में भी देवी-देवताओं का मुकुट पहनकर नाचने के बावजूद यह अन्य देवी नाचों से अलग है। यह मुकुट पहनकर तथा गीत गाते हुए वाद्यवादन के ताल पर नाचते तथा देव-देवियों के संवाद बोलते हुए मंचित किया जाने वाला नाच है। इसीलिए हरिसिद्ध नाच न होकर हरिसिद्धि नाटक है। बाद में जाकर इसे नाच कहने की परंपरा चली है।

विश्व नाटक साहित्य को दृष्टिगत करने के बाद यह पता चला है कि भावनृत्य से नाटक की परंपरा की शुरुआत हुई है। लेकिन हरिसिद्ध नाच पहले नाटक, उसके बाद नृत्य और फिर उसके बाद नाटक के रूप में विकसित हुआ है। हरिसिद्धि पुराण के अनुसार नेपाल में सबसे पहला 'नाटक' कालिगत वर्ष २६९० अर्थात् विक्रम संवत् के शुरू होने से ९४ वर्ष पहले सृजित हुआ था। यह धार्मिक नाटक है। यह नाटक सूत्रवीर द्वारा उग्रतारा और नील सरस्वती को मुख्य पात्र मानकर नागेंद्र के बध करने वाली कथास्तु पर आधारित है। इस नाटक को विक्रमसेन राजा ने उग्रतारा देवी की आज्ञा से लिखा था (कसा : १०८४ : ६)। स्व. प्रेमबहादुर कसाःजी ने जयप्रकाश मल्ल द्वारा लिखित नाटक रत्नेश्वर प्रादुर्भाव का संपादन किया है और उक्त संपादित पुस्तक की भूमिका में उल्लेख है कि कलिगत संवत् ३७०४ में विश्वकर्मा ने हरिसिद्धि नाटक को नृत्य में परिवर्तन किया था। इतिहास में यह भी उल्लेख है कि वि.सं १००३ में यह नृत्य वंद हो गया था, और कांतिपुर का मल्ल राजा प्रताप मल्ल ने इसे फिर से मंचित करने की परंपरा की शुरुआत कराई थी, और इस नाच को देखते हुए ही खून डकरकर उनकी मृत्यु हुई थी। बाद में पाटन के गयोजुजु ने इस हरिसिद्धि नाच को नाटक के रूप में लिखकर मंचित कराया। गयोजुजु द्वारा नाटक के रूप में लिखे गए थ्यासफू का फोटेस्टैट इतिहासकार श्री हरिराम जोश के पास सुरक्षित है। मुकुट पहनकर संवाद के साथ दिखाए जानेवाले इस नाटक में पात्रों के द्वारा वोले जानेवाले किसी भी संवाद को नहीं समझा जा सका है। यहाँ तक कि मंचन करनेवाले कलाकार या नाट्यगुरु तक भी संवाद की भाषा नहीं समझ सके हैं। इतना होने के वावजूद इस नाटक का एक अलग पहचान स्थापित है।

भाषा वंशावली में भी यह उल्लेख है कि विक्रमादित्य राजा को उग्रतारा देवी के कथनानुसार कथावस्तु रखकर नायक वनाया गया था (भाषा वंशावली, १ : ६४)। देवमाला वंशावली के अनुसार भी यही पता चलता है कि नाटक विक्रम संवत् की शुरुआत में विक्रमसेन द्वारा स्थापित किया गया। लिंडा का कथन है कि यह सूत्रवीर द्वारा नागेंद्र का बध करने वाली कथावस्तु पर आधारित नाटक है।

VS I Vikramsen established drama based on the story of Sutrabir killing Nagengra (Linda 1988:5)

बाद में सिद्धिनर सिंह मल्ल ने केवल हरिसिद्ध में ही इस नाटक का मंचन कराने की परंपरा स्थापित की। संवत् ... ८... में योगेंद्र मल्ल ने १२ वर्ष में एक बार नेवारों की सभी डबली में इसका मंचन कराने की परंपरा चलाई, जो आज भी कायम है (बज्राचार्य, ११०२ : ७०)। गोपालराज वंशावली में भी उल्लेख है कि यह नाच ने.सं ४९५ में पाटन में मंचित हुआ था (बज्राचार्य और मल्ल १९९५ : ६४)। लिंडा का The Jai Pyakhan

in Historical and Cultural Prespective नामक आलेख में थ्यासफू को संदर्भ में प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि गयोजुजु और हरिसिद्धि के नाच में संबंध था । डॉ. जनकलाल वैद्य ने आम आदमी की तरह हरिसिद्धि नाच को भाव नृत्य कहा है (वैद्य, १०९८७ : ३८) । इस नाटक की विशेषता यह है कि इसके संवाद की भाषा अबुझ होने के बावजूद संवाद बोलकर मंचित किया जानेवाला नाटक है । यह नाटक बहुत पुराना और जीवंत होने के कारण इसका उल्लेख अभिलेखों, थ्यासफू, घटनावली और धर : पौ के साथ-साथ अन्य ऐतिहासिक सामग्रियों में पाया जाता है ।

३. पूर्व प्राचीनकाल

पूर्व प्राचीनकाल का मतलब नेपाल संवत् की शुरुआत से उपत्यका राज्य के विभाजन होने के पूर्व तक का समय है । ताड़पत्र, थ्यासफू, घटनावली, वंशावली, शिलापत्र, धर:पौ आदि ऐतिहासिक सामग्रियो के अध्ययन से यह पता चलता है कि पूर्व प्राचीनकाल में नाटक का संबंध यहाँ की संस्कृति से रहा है । यह पाया गया है कि विवाह, व्रतबंध, दीक्षा,उपनयन, विहार निर्माण करते समय सांस्कृतिक क्रियाकलाप के अंतर्गत दरवार और जनता दोनों का मनोरंजन कराने के ख्याल से कलाकारों द्वारा नाटकों का मंचन कराया जाता था । नाटक मंचन सांस्कृतिक पक्ष है । इसकी साहित्यिक पक्ष से प्रस्तुति करने के वदले सांस्कृतिक पक्ष से जनता का मनोरंजन कराना अधिक महत्त्वपूर्ण बात है । नाटक मंचन कराने का मतलब है उस समय में इसका जीवन से अभिन्न संबंध को स्वीकार करना । ऐसा नहीं है कि राजा स्वयं के द्वारा रचित नाटकों में ही कलाकार बनकर अभिनय करते थे, बल्कि वे अन्य किसी के द्वारा भी रचित नाटकों में अभिनय करते थे । यह एक बहुत सुंदर और प्रजातांत्रिक परंपरा के रूप में दिखाई देता है ।

ने.सं. ३७६ में जयदेव का नागपदुबन्ध की विधि-विधान करने के समय में **नही प्याखं** का मंचन किया गया था (बज्राचार्य और मल्ल, १९८५ : ४७) । पंडित शंपलखुं द्वारा लिखित नाटक **रत्नगत** में श्री जयरूद्र मल्ल देव ने खुद कलाकार बनकर ने. सं. ४४० में मंचन किया था । उस नाटक को देखने के लिए जयरि मल्ल भी उपस्थित हुआ था (उही, ४५) । ने. सं. ४९७ में धर्म मल्ल देव के जातोत्सव कर्म में **चतुर रामायण** नामक नाटक का मंचन किया गया था । श्री चंपादेव के द्वारा फुरो विहार बनाकर चैत्य की स्थापना करने के उपलक्ष्य में **चार अंक का रामायण** का मंचन कराया गया था (उही,२९) । ने.सं. ५०३ में ललितपुर के श्रीधर्म मल्ल के विवाह के उपलक्ष्य पर तिरहुत के भारदारों द्वारा लिखे गए ग्रंथ को देखकर माणिक्य ने **भैरवानंद** नाटक लिखकर तथा २४ दिनों तक उसका अभ्यास कराकर विभिन्न दरवारों में और उसके बाद सर्वसाधारण जनता के लिए विभिन्न स्थानों पर मंचन करवाया था। इस नाटक में चार भारदारों ने भी अभिनय किया था।

उपर्युक्त नाटक संस्कृत भाषा में लिखे गए थे। इसके बावजूद मल्ल राजाओं ने अपने दरवार के अंतर्गत के विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों में दरवार के साथ-साथ सर्वसाधारण जनता को मनोरंजन कराने के उद्देश्य से उन नाटकों का मंचना कराया था ।

राम भारो द्वारा लिखा गया **वीरवाहु** नेपालभाषा में लिखा गया पहला नाटक है, जो ने.सं. ५३८ में ललितपुर के इवहलि बनाए जाने के उपलक्ष्य में मंचित हुआ था । ने. सं. ५४७ जेठ एकादशी के दिन इस नाटक का मंचन छह भाई भारदारों द्वारा नाटक लिखे जाने के ९ वर्षों के बाद इबहिल बनाने का कार्य संपन्न करके गजूर रखे जाने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस नाटक को देखने के लिए व्योतिर मल्ल भी इबहिल आए थे (हृदय, ने. सं १०९१ : १३-१४) ।

अभिलेख स्थापना करने की परंपरा लिच्छविकाल में शुरु होने पर भी मध्यकाल में प्रचुर मात्रा में अभिलेखों की स्थापना की गई । नेवारों के मुहल्लों में नासःद्यः (नासल-देवल) की स्थापना करते वक्त अभिलेख रखने का चलन है । राजा, राजपरिवार या सर्वसाधारण जनता के द्वारा भी किसी देवालय, मंदिर, पाटी के निर्माण या मंदिर, देवालय, पाटी का जिर्णोद्धार करते वक्त अभिलेख रखने की परंपरा थी । अभिलेख रखते वक्त निर्माण,जिर्णोद्धार करने वाले,पूजा करने वाले व्यक्ति या गुठी अंशधारियों के नाम उल्लेख करने की परंपरा थी। ऐसे कुछ अभिलेखों में सिद्धिदायक नासः द्यः (नाट्यश्वर) पूजा करने वाले, नासः द्य : निर्माण किए हुए स्थान पर प्याखों के प्रदर्शन करने की बात लिखी गई है । किसी-किसी अभिलेख में तो नाटककार, नाटक, नाटक में भाग लेने वाले कलाकार, वाजा बजाने वाले कलाकार, नाटक सिखाने वाले गुरू और भेषभूषा की व्यवस्था करने वाले व्यक्तियों के नाम उल्लेख किया हुआ पाया जाता है। इतना ही नहीं, निर्देशक, बाजा बजाने वाले, अभिनय

करने वाले कलाकारों को विशेष उपाधि भी दी जाने की परंपरा नजर आती है। जैसे बाजंगुरू (वाद्यगुरू), कल्यागुरू (आभूषण गुरू), तिलाहिला गुरू (भेषभूषा गुरू) आदि उल्लेख है। इस तरह विभिन्न कलाकारों को उपाधि देने का अर्थ नाटक से संबंधित सभी का सम्मान करना है।

४. उत्तर प्राचीनकाल

इतिहास में यह उल्लेखित है कि काठमाँडू उपत्यका के विभाजनोपरांत के स्थापित मल्ल राजाओं के अंतिम कालखंड को उत्तर प्राचीनकाल कहा जाता है। लेकिन इसके साथ-साथ एक और मान्यता भी जीवित है। उस मान्यता के अनुसार राजेंद्र वीर विक्रम शाह मल्ल के द्वारा मल्ल राजाओं के मानिंद ही विषयवस्तु, प्रस्तुति, भाषा-शैली, गीत-संगीत को समावेश करके महात्सव नाटक लिखे गए नाटक के कारण वहाँ तक की समयावधि को उत्तर प्राचीनकाल कहा जाता है।

प्राचीनकाल में स्थापित नाटक और संस्कृति का संबंध उत्तर प्राचीनकाल में भी कायम ही रहा। इस समय भी पहले की तरह ही धार्मिक और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के अवसर पर मनोरंजन प्रदान करने की दृष्टि से नाटकों का मंचन किया जाता था। विवाह, व्रतबंध, उपनयन जैसे संस्कारगत क्रियाकलापों के साथ-साथ देवी-देवताओं के मंदिर निर्माण, जिर्णोद्धार, **पाटी-पौवा** और रास्ते वनाए जाने के उपलक्ष्य में उत्सव मनाकर मनोरंज प्रदान कराने की दृष्टि से नाटकों का मंचन किया कराया जाता था। भक्तपुर के मल्ल राजाओं में अपने युवराजों के विवाह के अवसर पर स्वयं द्वारा लिखे गए नाटकों का मंचन कराने की परंपरा नजर आती है। जैसे कि ने. सं ८०७ में भूपतींद्र मल्ल के विवाह में जितामित्र मल्ल ने **मदालसा** हरण नाटक लिखकर मंचन कराया था और इसी भूपतींद्र मल्ल ने ने. सं. ८३३ में रणजीत मल्ल के विवाह में **उषाहरण** नाटक लिखकर मंचन कराया था।

इतिहासकार स्व.धनवज्र बज्राचार्य ने श्री ५ वीरेन्द्र वीर विक्रम के राज्याभिषेक के अवसर पर प्रकाशित गोरखापत्र के विवाह विशेषांक में अपने आलेख **'साहित्य, संगीत और कला की अभिवृद्धि में राजकीय विवाहोत्सव का प्रभाव'** में लिखा है कि राजाओं के उत्तराधिकारियों के विवाह के अवसरों पर राजाओं द्वारा नाटक लिखकर मंचन कराने की परंपरा थी।

विभिन्न उत्सवों में मंचित नाटकों को देखने के लिए एक राज्य का राजा दूसरे राज्य में भी जाया करते थे। इससे जहाँ एक तरफ नाटक मंचन कराने वालों को प्रोत्साहन मिलता था तो दूसरी तरफ एक राज्य के दूसरे राज्य का राजनैतिक और सामाजिक संबंध मजबूत होता था। ने.सं. ७९४ में भक्तपुर के जितामित्र मल्ल के भाई उग्र मल्ल के विवाह के उपलक्ष्य में मंचित 'दरशण' नाटक देखने के लिए ललितपुर के राजा श्री निवास मल्ल भक्तपुर जाकर पांच दिनों तक रहकर वापस लौटे थे। (Regmi III, 1966 : 90)

एक राज्य के दरवार में सांस्कृतिक अवसरों पर आयोजित नाटक को दूसरे राज्य में ले जाकर मंचन कराने की भी परंपरा थी। उस समय आयोजकों द्वारा नाटकों की उत्कृष्टता के आधार पर पुरस्कारादि देने की भी व्यवस्था होती थी। भुपींद्र मल्ल के विवाह के उपलक्ष्य में कांतिपुर और ललितपुर दरवार के नाटक को भक्तपुर में ले जाकर मंचन कराया गया था। इतना ही नहीं, विभिन्न स्थान और गाँव के जनता भी नाटक ले जाकर मंचन कराते थे। भूपींद्र मल्ल के विवाह में नाटकों के बीच प्रतिस्पर्धा कराई गई थी जिसमें कांतिपुर के नाटक को ने रू. २०, नादल के नाटक को ९ मोहर, ठिमी, साँखु, गोल, चांगु आदि से लाए गए नाटकों को ६-६ मोहर और पनौती, नाला और श्रीखंडपुर के नाटक को २-२ मोहर पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया था। राज्य स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक की प्रतिस्पर्धा हुई थी।

इतना ही नहीं, सर्वसाधारण जनता के द्वारा तैयार किए गए नाटकों को देखने के लिए राजा-रानी भी आया करते थे। ठिमी के देगुत्वाः के अभिलेख के अनुसार ने. सं ७०६ में पुमागत राजा के द्वारापाल नरसिंह के द्वारा तैयार किया गया नाटक **कथःप्याखं** को देखने के लिए भक्तपुर की गंगा देवी, त्रैलोक्य मल्ल और त्रिभुवन मल्ल जनता के बीच उपस्थित थे। उक्त अभिलेख में बाजा बजानेवाले गुरुओं, अभिनय करनेवाले कलाकारों और संगीत देनेवाले कलाकारों के नाम भी उल्लेखित हैं।

'कथा प्याखन ... पिदना। गुरूजि... गायन...प्याखनम्हे ... पुम्हांगत राजाया पान दयका प्याखन श्री श्री श्री जयगंगा देवी थुकुरिनि श्री श्री श्री जय त्रैलोके मल्ल देव श्री श्री श्री जय त्रिभुवन मल्ल देव त्रिभय प्रभु थाकुरस वैगसे दयेका नरसिंह दुवारन दयेका...ने.सं ७०६

कार्तिक शुक्ल एकादश्या तिथौ पुस्य नक्षत्रे सौभाग्य योग वृहस्पतिबार (धनबज्र बज्राचार्य, अप्रकाशित मध्यकाल का अभिलेख प्रोजेक्ट)

सर्वसाधारण जनता द्वारा अपने मुहल्लों के सड़कों पर समाज में व्याप्त कुरीति और परंपरा पर व्यंग्य करके नाटकों के प्रदर्शन का उदाहरण '**कथ प्याखं**' भी है । जयप्रकाश मल्ल के समय में काठमाँडू के तँलाछि के कुमालों ने अपने मुहल्ले में 'कथ : प्याखं' का नाट्य-प्रदर्शन किया था । काठमाँडू के ऊपरी भाग में रहने वाले कुमालोंने छह वर्षो तक 'कथ: प्याखं' का नाट्य-प्रदर्शन किया था, जबकि काठमाँडू के नीचले भाग में रहने वाले कुमालों ने **बाथ प्याखं** का नाट्य-प्रदर्शन अपने मुहल्ले, सड़कों और नाट्यशवर आदि जगहों में लगातार छह वर्षो तक किया था । यह परंपरा वि.सं २०२५-२६ तक कायम थी ।

काठमाँडू के नीचले भाग में प्रदर्शित होने वाले 'बाथ प्याखं' और ऊपरी भाग में प्रदर्शित होने वाले 'कथ प्याखं' दोनों को प्रत्येक १२ वर्ष में एक साथ सड़को पर प्रदर्शित किया जाता था । वर्तमान में यह परंपरा बंद हो चुकी है । लेकिन इन नाटकों का मंचन करने वाले कुमाल का वंश आज भी जीवित हैं ।

ललितपुर के हरिसिद्ध गाँव के बादे मुहल्ले में विद्यमान कुमारी दीवार के अभिलेख में यह लिखा गया है कि ने. सं ८३० में वहाँ की जनता ने संयुक्त रूप में श्री कलंक देवता से श्री ३ गणेश तक के रास्ते में पत्थर बिछाकर **राक्षेस प्याखं** का प्रदर्शन किया था । ने. सं. ८४१ में **टोखा के तपरा** के बाद के मुहल्ले में स्थापित डबली का मरम्मत करके **ज्ञानवति नाटक** का प्रदर्शन किया गया था । इस तरह के नाटक तैयार करके उसके मंचन में जनता के साथ-साथ राजाओं की भूमिका और सहभागिता रहती थी । ने.सं ८६६ में भक्तपुर के महेश्वरी देवी के मंदिर में गजूर रखकर ङकबार पाटी बनाने के क्रम में रणजीत मल्ल और पंचे समूह के द्वारा '**रूकमणि हरण**' तैयार करके मंचन कराया गया था (बज्राचार्य, ने.सं. ११०९ : १४) । उसी प्रकार कांतिपुर के जयप्रकाश मल्ल ने ने.सं ८७७ में पशुपति में रहे डबली की मरम्मत करके **श्री ३ पशुपति प्रादुर्भावादि धर्म** नामक नाटक का मंचन कराया था (वही, १४) ।

दरवार के अंदर आयोजित सांस्कृतिक उत्सवों के अवसर पर विभिन्न स्थानों से भी नाच एवं नाटक ले जाकर उनका मंचन कराने की परंपरा थी । ने.सं १८०७ में भूपतींद्र मल्ल के विवाह में चाँगु, टोखा, नादल, ठिमी, साँगा, चपलिगाउँ आदि से नाच और नाटक ले जाकर मंचन कराया गया था । राज्य की सुरक्षा के लिए व्यवस्था किए गए क्वाठों ने भी यह काम किया । वैसे अवसरों पर व्यक्तिगत तौर भी नाटक तैयार करके मंचन करने की परंपरा रही है । रणजीत मल्ल के विवाह के उपलक्ष्य में बासुदेव थुलु द्वारा लिखित '**हग्गंल**' और '**भैरव प्रादुर्भाव**' नामक नाटकों का मंचन कराया गया था ।

४ (क) उत्तर प्राचीनकाल के नाटक

वीर पुस्तकालय में विद्यमान वृहत्सूची पत्र में १४५ नाटक नजर आने के बावजूद केवल ४४ नाटक ही नेपालभाषा के नाटक के रूप में दिखाई देते हैं। शांतहर्ष बज्राचार्य के 'मल्लकालया मुक्क' नेपालभाषाया नाटक धल:' में उल्लेखित १०७ नाटकों में कुल २२ और आशा सफूकुथि के प्याखं धल: के अनुसार ५८ नाटकों में कुल १५ नाटक ही नेपालभाषा के नाटक हैं । दूसरी सूची में नाटकों के नाम की पुनरावृत्ति होने की संभावना है । उत्तर प्राचीनकाल में जितने भी नाटक हैं, वे सभी मल्ल राजाओं के द्वारा लिखे गए हैं । प्राचीनकाल में जितने भी नाटक पाए जाते हैं, वे विभिन्न उत्सवों के अवसर पर मंचन कराने के उद्देश्य से ही लिखे गए थे। मल्ल राजाओं में सबसे ज्यादा नाटक भक्तपुर के राजाओं द्वारा लिखे गए । भक्तपुर के जयप्रकाश मल्ल द्वारा लिखित '**मूलदेव शशिदेव**' पहला पूर्णांकी नाटक है और सबसे ज्यादा नाटक लिखने वाले भूपतींद्र मल्ल हैं। इतना होन के बावजूद ने.सं ८२६ में लिखित **विक्रमचरित**, **मयूरध्वजोपाख्यान**, **पदमावती** और **श्रीखण्ड चरित** ही नेपालभाषा में लिखे गए थे । मल्ल राजाओं में सबसे ज्यादा नाटक भक्तपुर के अंतिम मल्ल राजा रणजीत मल्ल ने लिखा था । उनके द्वारा नेपालभाषा में लिखे गए नाटकों में प्रमुख हैं, **शनेश्वर रोहिण्युपाख्यान** ने.सं ८६२, **चन्द्रोगदोपाख्यान** नाटक ने.सं ८६५, **हरगण कथा** ने.सं ८७५, **ययात्युपाख्यान** ने.सं ८८१, **गणेश दिक्पाल** ने.सं ८८५, **कृष्ण चरित्रोपाख्यान**, **मदन चरित्र नाटक**, **गोरक्षोपाख्यानम् दिक्पाल**, **गणेशोपाख्यानम्**, **पृथूपाख्यानम्**, **सुब्रम्हव्योपाख्यानम्**, और **षड्दर्शन** ।

कांतिपुर की ओर दो मल्ल राजाओं जगजय मल्ल और जयप्रकाश मल्ल ने कुल ५ नाटकों की सृजना की है, जिसमें जगजय का **सुन्दर कुमार** और जयप्रकाश

मल्ल के **वीरध्वजोपाख्यान** ने.सं ८७७, **रत्नेश्वर प्रादुर्भाव** ने.सं ८८०, **स्वस्थानी व्रत कथा** और **माधवोपाख्यान** हैं ।

एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें यह बात लिखी गई है कि ललितपुर के मल्ल राजा सिद्धिनर सिंह ने ने.सं ७५१ में **'एकादशी व्रत'** नाटक लिखा था (बज्राचार्य, ने. सं ११०९ : ३६) । विक्रम संवत् के संस्थापक विक्रमादित्य की जीवनी पर **'विक्रमादित्य'**नाटक मिलता है ।

उत्तर प्राचीनकाल में मल्ल राजाओं ने जिस शैली में नाटक लिखा था, उसी शैली में शाह राजा राजेंद्र वीर विक्रम ने भी ने. सं ९५१ में **महासत्व** लिखा था (महासत्व, १०८७ : ९२) । उक्त महासत्व नाटक का बाद में भी दबू प्याखं के रूप में गाईजात्रा से लेकर इन्द्रजात्रा तक मंचन कराने की परंपरा जीवित रही । क्योंकि यह नाटक किसानों के सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित हो चुका था ।

उत्तर प्राचीनकाल में सर्वसाधारण जनता के द्वारा लिखे गए नाटकों की संख्या बहुत न्यून है । उस वक्त सर्वसाधाराण जनता के द्वारा नाटक लिखे जाने पर भी नाटककार के रूप में राजाओं के नाम लिखे जाने की परंपरा थी । चाहे जनता कितने भी महत्त्वपूर्ण कार्य कर दे, राजाओं के गुणगान गाने की ही परंपरा थी । यहाँ तक कि सर्वसाधारण जनता के द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले नाटक 'कथः' और 'बाथ' में भी शाह राजाओं के समय में मल्ल राजाओं की स्तुति गान करने की परंपरा थी ।

ने.सं ८१६ में रत्न बज्राचार्य ने बौद्ध धर्म में उपासना की जाने वाली बसुन्धरा देवी के नाम पर **'बसुन्धरा'** नामक नाटक लिखा था । इन्द्रजात्रा में बौद्धों के द्वारा भाद्र शुक्ल तृतीया के दिन बसुन्धरा की पूजा करने की परंपरा होने के कारण **बसुन्धरा** नाटक की सृजना करना स्वाभाविक नजर आता है । हो सकता है, यह नाटक बौद्ध समुदाय में बसुन्धरा देवी की महिमा का ज्ञान दिलाने के लिए लिखा और प्रदर्शित कराया गया हो । आशासफू कुथि के प्याखं धलः में ने.सं. ७६४ में लिखित बसुन्धरा नाटक दिखाई देता है । इन्द्रजात्रा में बसुन्धरा देवी के नाम पर उपासना करने वाले नेवार समुदाय में बसुन्धरा नामक नाटक का लिखा जाना और बाद में उसका मंचन होना स्वाभाविक ही है ।

आशासफू कुथि के ही प्याखं धलः में ने.सं. ९२० में यह उल्लेख है कि देवपानन्द ने **हनुमान** नामक नाटक लिखा था । भक्तपुर में आज भी इन्द्रजात्रा के अवसर पर हनुमान नाच को कांतिपुर के हनुमानढोका के महालक्ष्मी नाच के साथ नचाने की परंपरा जीवित है । पहले नाटक के रूप में मंचित किये जाने वाले इस नाटक को वर्तमान में नृत्य के रूप में मंचित करने की परंपरा है । पृथ्वीनारायण शाह द्वारा भक्तपुर के शासकों को भगाने पर एक समूह बाग्लुंग पहुंचा था । वह समूह आज तक हनुमान नाच नचाते आया है । पिछले साल चैत महीन में बाग्लुंग के नेवारों ने भक्तपुर और कांतिपुर में हनुमान नाच का मंचन कराया था । यह अनुमान है कि रामायण के रामभक्त हनुमान कथा से संबंधित यह नाच पहले नाटक के रूप में और बाद में नृत्य के रूप में स्थापित हुआ होगा । इसमें प्राचीन नाटकों की तरह गीत, ताल और संगीत पाये जाते हैं और उसी आधार पर इसका मंचन-प्रदर्शन होता है ।

ने.सं ८३१ में रूद्र सिंह देवज्ञ ने **'धान्यवति'** और ने.सं ८३६ में शिवनारायण ने **रत्नावती हरण** नामक नाटक नेपालभाषा में लिखा था । सर्वसाधारण जनता के द्वारा लिखे जाने वाले नाटकों का विषयवस्त का आधार प्राचीन ग्रंथ महाभारत,रामायण, पुराण और जातक हुआ करते थे । उनका मंचन विभिन्न उत्सव और पर्व-त्योहारों पर होता था ।

४ (ख) नेपालभाषा के साथ अन्य भाषाओं का प्रयोग

चाहे पूर्व प्राचीनकाल हो या उत्तर प्राचीनकाल, एक ही नाटक में दो या तीन भाषाओं का प्रयोग पाया जाता है । विभिन्न भाषाओं के प्रयोग का उद्देश्य यही था कि नाटककार यह बताना चाहते थे कि उनमें नेपालभाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं का भी ज्ञान है । इसके साथ-साथ अन्य भाषा-भाषी भी ऐसे नाटकों को बड़े आनंदपूर्वक देखते थे । इतिहास में यह बात स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि मल्ल राजा उपत्यका के बाहर और भारत के मैथिली विद्वानों से साहित्यिक विचार विमर्श किया करते थे । विभिन्न भाषाओं के प्रयोग करके लिखे व मंचन कराए जाने वाले नाटकों में निर्देशित वाक्य नेपालभाषा में रखना स्वाभाविक है । उस वक्त के नाटकों में गीत और संगीत का बुहत ज्यादा प्रयोग होता था । इसलिए उन नाटकों के विवरण, दृश्य, संगीत, गीत आदि के प्रयोग के बारे में नेपालभाषा में बताने पर सर्वसाधारण जनता ज्यादा आनंदित होती थी और मनोरंजन प्राप्त करती थी । नेपाल राष्ट्रीय अभिलेखालय के माइक्रोफिल्म रील नं वि. ६/३ में यह पाया जाता है कि

सर्वप्रथम जयस्थिति मल्ल ने नेपालभाषा और मैथिली भाषा के माध्यम से १२३ पृष्ठों का नाटक **रूक्माँगद चरित्र** लिखा था। उसी प्रकार ने.सं ७६१ में सिद्धिनर सिंह मल्ल ने भी नेपालभाषा और मैथिली भाषा का प्रयोग करके **कार्तिक नाच** लिखा था। ने.सं ८०६ में जितामित्र मल्ल ने **नवदुर्गा नाटक**, ने.सं ९०९ में **जैमिनी भारत** नाटक नेपालभाषा और संस्कृत भाषा में लिखे थे। इस परंपरा को भूपतीन्द्र मल्ल ने भी कायम रखा (बज्राचार्य, ने.सं ११०५ : ३५-४३)।

ने.सं. ४८०४ में जितामित्र ने संस्कृत, नेपालभाषा और मैथिली तीन भाषाओं का प्रयोग करके **कालिका मंथनोप्याख्यान** और ने.सं ८१० में बंगाली, संस्कृत, मैथिली और नेपालभाषा यानी कि ४ भाषाओं का प्रयोग करके **गोपीचन्द्र नाटक** लिखकर उनका मंचन कराया था।

प्राचीनकाल के नाटकों में सबसे ज्यादा यानि कि ४ भाषाओं का प्रयोग करके लिखा गया नाटक गोपीचन्द्र ही है, जिसका रचयिता जितामित्र हैं। सर्वसाधारण जनता के द्वारा नाटक लेखन में केवल नेपालभाषा और संस्कृत का ही प्रयोग किया गया है। केवल राजाओं ने ही अपने नाटकों में मैथिली भाषा का प्रयोग किया है।

४(ग) एक ही नाटक विभिन्न व्यक्तियों के द्वारा लिखा जाना

प्राचीनकाल में यह भी देखा गया है कि एक ही नाटक को विभिन्न व्यक्तियों ने लिखा है। लेकिन एक ही नाटक को विभिन्न व्यक्तियों ने अपने-अपने तरीके से लिखा है। इन नाटकों में कथावस्तु की प्रस्तुति, दृश्य, अंक एवं गीत और संगीत में पृथकता है। जगज्योतिर मल्ल, जगतप्रकाश मल्ल, भूपतीन्द्र मल्ल और रणजीत मल्ल ने एक ही नाम का नाटक **'उषाहरण'** नेपालभाषा और मैथिली भाषा में लिखा है। इसके बावजदू प्रत्येक नाटकों में भिन्नता पाई जाती है। जहाँ भूपीन्द्र मल्ल के द्वारा लिखा गया नाटक **उषाहरण** सात अंको था तो वहीं रणजीत मल्ल का नाटक नौ अंक का था। इसी नाम से सुरेन्द्र वीर विक्रम के राज्यकाल में किसी अज्ञात व्यक्ति ने भी लिखा था (बज्राचार्य, १११५ : ५०)। ने.सं. ८०७ में जितामित्र मल्ल ने **मदालसता हरण** लिखा था । ललितपुर के श्रीनिवास मल्ल ने भी यही नाटक लिखा था। न केवल शासक, बल्कि सर्वसाधारण जनता के रूप में त्रिरत्न मुनि गुभाजु ने भी इस नाटक को लिखा था। योगनरेन्द्र मल्ल ने भी **मदालसता हरण** नाटक नेपालभाषा और मैथिली भाषा में लिखा है।

जगतप्रकाश मल्ल ने **मूलदेव शशिदेव** नामक नाटक नेपालभाषा में लिखा था और इसी नाटक को भूपीन्द्र मल्ल ने ने.सं ८२६ में संस्कृत और मैथिली भाषा में लिखा था।

नल चरित्र नाटक को केवल सिद्धिनरसिंह मल्ल ने ही नहीं लिखा था, बल्कि ने. सं. ८३३ में रणजीत मल्ल के विवाह के उपलक्ष्य में ठिमी से लाकर दरवार में इस नाटक का मंचन कराया गया था। ने.सं ८४५ में रणजीत मल्ल के द्वारा लिखे गए नाटक **नल चरित्र** का मंचन कराया गया था।

५. प्राचीन नाटकों की विशेषताएं

प्राचीन नेपालभाषा के नाटक संस्कृत नाटकों से प्रभावित होने के बावजूद उनसे काफी भिन्न हैं। प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों की सृजना साहित्यिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मनोरंजन और आनंद प्रदान करने की दृष्टि से लिखे गए हैं। इस प्रकार नेपालभाषा में अपनी खुद की पहचान वाले नाटक प्रशस्त हैं।

५(क) कथावस्तु

प्राचीन नाटकों की कथावस्तु पौराणिक ग्रंथ जैसे महाभारत, रामायण, पुराण और जातक आदि पर आधारित है। उस वक्त प्राचीन ग्रंथों की कथावस्तु का हूबहू नक्कल नहीं करके घटना और व्यक्तित्व का नाटकीकरण करके नाटक लिखे गए हैं। उस वक्त आदमी धर्म में विश्वास करते थे। इसीलिए उस वक्त के नाटक अधिक प्रचलित हो गए।

कथावस्तु में राजा-रानी, युवराज, राजकुमारी आदि दो परिवार होता है। राजकुमारी को खास करके दैत्य तंग करते हैं, भगाते हैं। दैत्यों के प्रकोप से राजकुमारी को राजकुमार के द्वारा बचाकर उनके मातापिता को सौंप दिया जाता है। राजकुमारी के मातापिता अपनी पुत्री का विवाह उसी राजकुमार से कर देते हैं। बहुत से नाटकों को संस्कृत नाटकों की तरह ही संयोगांत दिखाया गया है। लेकिन नाटक की कथावस्तु एक होने के अतिरिक्त उसकी प्रस्तुति और दृश्य में काफी भिन्नता है।

प्राचीनकाल के कुछ नाटकों के विषयवस्तु में

भिन्नता भी पाई जाती है। जैसे जगतप्रकाश मल्ल के द्वारा लिखे गए नाटक मूलदेव शशिदेव नाटक में महादेव और पार्वती मर्त्यमंडल के मनुष्य के चरित्र का अवलोकन करके भेष बदलकर आए दो ब्राह्मण भाईयों के द्वारा बंद व्यापार में लगे व्यापारी की पत्नी को पटाने की घटना दिखाई गई है। भूपतीन्द्र मल्ल के द्वारा भक्तपुर की तलेजु भवानी को ११ गजूर चढ़ाने के समय लिखकर मंचित किया गया नाटक **विक्रमचरित** विक्रमादित्य के न्यायिक स्वाभाव के आधार पर लिखा गया नाटक है। भुपतीन्द्र मल्ल के द्वारा लिखे गए नाटक **चोर चक्रवर्ती** में एक साधारण व्यक्ति चोर होकर मेहनत करने के बाद चक्रवर्ती राजा बनने की कथा है।

५(ख) पात्र

प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों के पात्रों में देवगण, मनुष्यगण, राक्षसगण एवं पशुपंक्षी आदि नजर आते हैं। हाँ, यह जरूर है कि नाटकों के मुख्य पात्र संस्कृत नाटकों की तरह साधारण व्यक्ति न होकर विशेष गुण संपन्न धीर, वीर, साहसी नजर आते हैं। जैसा कि जयप्रकाश मल्ल के नाटक **रत्नेश्वर प्रादुर्भाव** का रत्नचूड़, भूपतीन्द्र मल्ल के नाटक **विक्रमचरित** का विक्रमादित्य, राजेन्द्र वीर विक्रम के नाटक **महासत्व** का महासत्व राजकुमार का चरित्र साधारण व्यक्तियों से पृथक है। नाटकों में प्रयुक्त देवगण अन्य पात्रों की अपेक्षा अलौकिक शक्तियुक्त होते हैं और राक्षण गण कोधित होते हैं और बुरे कार्य करते हैं। जैसा कि **मूलदेव शशिदेव** में महादेव पार्वती ने ब्राह्मण भाईयों के रूप में भेष बदलकर व्यापार में लगे व्यापारी की पत्नी के चरित्र अवलोकन करने गए हैं।

५(ग) संघर्ष

प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों के मंचन कराने के क्रम में दर्शकों में देवगणं के प्रति श्रद्धाभक्ति-भाव और और राक्षस गण के प्रति घृणा उत्पन्न कराने के ख्याल से राजाओं को गुणी, विचारवान आदि व्यक्तित्व के रूप में चित्रित करते हुए उनके और दैत्यगण के बीच द्वंद्व दिखाया जाता है। दैत्य गण नाटकों में शक्ति प्रदर्शन करते हैं। लेकिन मनुष्य के शरीर में राक्षसों से सामना करने की शक्ति नहीं होने के कारण वहाँ बौद्धिक पक्ष का महत्त्व देते हुए बाहरी शक्ति को बौद्धिक शक्ति से पराजित करने की कला दिखाई जाती है। और अंत में बाहरी शक्ति को वैचारिक शक्ति से पराजित होते हुए दिखाया जाता है। नाटकों में सत्य और असत्य में द्वंद्व दिखाकर असत्य के ऊपर सत्य का विजय दिखाते हुए नाटक का अंत किया गया होता है।

५(घ) नाटक का अंत

यह सच है कि प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों में सत्य की जय, असत्य का पराजय दिखाया गया है। लेकिन इन नाटकों का अंत संस्कृत नाटकों की तरह संयोगांत या वियोगांत के रूप में नहीं, बल्कि संयोगांत और वियोगांत दोनों का आभाष कराते हुए किया गया है। **विक्रम चरित, रत्नेश्वर प्रादुर्भाव** और **ययात्युपाख्यान** नाटक में संयोगांत का आभाष होते हुए भी संस्कृत नाटक के संयोगांत से भिन्न है। **महासत्व** और **मूलदेव शशिदेव** संयोगांत नाटक नहीं है, किंतु यह लोककल्याण की भावना से प्रेरित है।

५(ङ) अंक विभाजन

प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों में प्रत्येक अंक में भी विभिन्न दृश्य पाए जाते हैं। संस्कृत नाटकों की तरह ५ से १० अंकों का संयोजन आवश्यक नहीं है। बल्कि यहाँ आधुनिक नाटकों की तरह ३ अंकों के संयोजन में विभिन्न दृश्यों को दिखाया गया है। आधुनिक नाटकों की तरह इन नाटकों में ३ अंकों के भीतर विषय प्रवेश, मध्य और अंत को आधार बनाया गया है। प्रत्येक अंक में १५, २०, ७१ दृश्य भी रखे गए हैं। उदाहरण -

मूलदेव शशिदेव
अंक१दृश्य ८
अंक२दृश्य १५
अंक३दृश्य २०

विक्रम चरित
अंक १दृश्य ७
अंक २दृश्य ८
अंक ३दृश्य १६

ययात्युपाख्यान
अंक १दृश्य ८
अंक २दृश्य १४
अंक ३दृश्य २२
अंक ४दृश्य ३६
अंक ५दृश्य ५३

५(च) मंचित डबली (रंगमंच)

प्राचीन नेपालभाषा में जितने भी नाटक हैं, सारे के सारे मंचन कराने के उद्देश्य से लिखे गए हैं। दर्शक नाटकों को अच्छी तरह से देख सकें, इस खयाल से डबली (रंगमंच) की व्यवस्था की गई होती है। नेवारों के मुहल्ले से लेकर दरवारों के अंदर के रंगमंच सभी के लिए उपलब्ध होते थे, आज भी हैं। नाटकों को अच्छी तरह देखा जा सके और उसका पूरा आनंद लिया जा सके, इस ख्याल से रंगमंच पर केवल एक तरफ से ही नाटक प्रस्तुत नहीं किया जाता। बल्कि तीन तरफ से नाटक की प्रस्तुति की जाती है। नाटकों को और अधिक मनोरंजनात्मक तथा आनंददायी बनाने के लिए गीत और संगीत का प्रयोग किया जाता है। वाद्ययंत्र बजानेवाले कलाकार चौकोर डबली (रंगमंच) के एक कोने में रहते हैं। सामने के खाली जगह में दर्शक होते हैं। डबली का आकार इस प्रकार का होता है :

पर्दा

द्विकोण मार्गप्रकोण

विलोमलोम

अभिनय करने वाले कलाकार

वाद्यक तथा गीत गाने वाले कलाकार प्र वे श द्वा र वाद्यक तथा गीत गाने वाले कलाकार

डबली का आकार चौकोर होने से दक्षिण दिशा की ओर वाद्यक और गीत गाने वाले गुरु या कलाकार होते हैं, बीच में नाटक करने वाले कलाकारों के आने-जाने के लिए रास्ता बनाया गया होता है। नाटक करने वाले कलाकार प्रवेशद्वार से होते हुए डबली के केंद्र में जाते हैं, उसके बाद अभिनय करने के लिए त्रिकोण आकार बनाते हैं। फिर वहाँ से अभिनय करते हुए दक्षिण से पूर्व के प्रथम कोण में जाते हैं, जिसे लोम कहा जाता है। प्रथम कोण में बैठकर अभिनय करने के बाद प्रथम कोण से द्वितीय कोण में जाकर अभिनय करते हैं। उसे मार्ग कहा जाता है। फिर वहाँ से द्विकोण से होते हुए शून्य या प्रवेशद्वार के सामने वाले कोण में अभिनय किया जाता है। द्विकोण से शून्य में पहुंचने वाले मार्ग को विलोम कहा जाता है। उसके बाद प्रवेशद्वार से ही डबली से बाहर निकल जाते हैं। प्रारंभ में अभिनय करने वाले कलाकार जब तक प्रवेशद्वार से डबली के अंदर नहीं चले जाते, तबत क त्रिकोण के सामने पर्दा गिराकर रखा जाता है। कलाकारों के अंदर प्रवेश करने के बाद पर्दा उठा दिया जाता है।

इस प्रकार शून्य से लोम होते हुए प्रथम कोण, प्रथम कोण से द्वितीय कोण औ द्वितीय कोण से प्रवेशद्वारा की तरफ वाली शून्य में जाकर तथा विलोम करके दो-दो बार अभिनय करने से हर कोई आसानी से नाटक देख पाता है। एक कोण से दूसरे कोण में जाने के क्रम में गीत और संगीत की धुन चलती रहती है। कलाकारों को त्रिकोण के अंदर ही सीमित होकर अभिनय करना पड़ता है।

नाटक के संवाद लोम, मार्ग और विलोम में बैठकर बोले जाते हैं, जिससे डबली की तीनों दिशाओं में बैठे हुए दर्शक स्पष्ट तरीके से देख पाते हैं और समझ पाते हैं।

५(छ) दृश्य संयोजन

प्राचीन नेपालभाषा के नाटकों में अधिकाधिक दृश्य होने के बावजूद मंचन करते वक्त दृश्य रखने का चलन नहीं है। दृश्य रखने की संभावना भी नहीं होती

है । आवश्यकता अनुसार के दृश्यों को समझाने के लिए पेड़, पहाड़, नदी, चैत्य आदि को रखा जाता है, और नाटक का यथार्थ समझाने की कोशिश की जाती है । उसके अतिरिक्त के सभी दृश्य का कलाकार अपने अभिनय के द्वारा दर्शकों को महसूस कराते हैं ।

५(ज) वाद्यवादन

नेपालभाषा के प्राचीन नाटकों का मंचन में केवल संवाद के माध्यम से ही नहीं किया जाता है । नाटकों के मंचन में गीत, संगीत और संवाद तीनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है । गीत और संगीत होने के कारण नाटक में नेपालभाषा के अतिरिक्ति अन्य भाषा में भी संवाद होने से दर्शकों को समझने में कोई अंतर नहीं पड़ता, मनोरंजन में कोई कमी नहीं होती । क्योंकि नाटक के दृश्य और कथावस्तु को नेपालभाषा में समझाया गया होता है । नाटक में अभिनय के माध्यम से कथावस्तु, भाषा और संवाद अच्छी तरह से समझ लिए जाते हैं ।

नाटक के मंचन के क्रम में संगीत में प्रयोग किए जाने वाले वाद्ययंत्रों में ताः, खिं, याकःखिं, ज्वःखिं, पःखिं, दाफाखिं, प्वंखिं, देसिखिं, मृदंग, धाः, नाय्‌खिं, पोंगा, म्वाहिली आदि प्रमुख हैं । उस वक्त के नाट्य-मंचन में विभिन्न ताल में गाए-बजाए जाते थे । जैसे चो, एकताल, पलिमा, प्रताल, जति, थकताल, झताल, लंताल, खजति, ब्रम्हताल आदि ।

रंगमंच पर पात्रों के प्रवेश होते ताल से ही अच्छे और बुरे पात्र के प्रवेश के बारे में बता दिया जाता है । जैसे अच्छे चरित्र के पात्र के प्रवेश पर एक ताल बजाया जाता है, तो बुरे चरित्र के पात्र के प्रवेश पर कोई दूसरा ताल । इससे दर्शक ताल वजते ही समझ जाते हैं कि कैसे पात्र का प्रवेश हो रहा है ।

उस वक्त नाटक देखाने से पहले वाद्य कलाकार, नृत्य कलाकार, अभिनय कलाकारों के द्वारा श्रीनाट्येश्वर की महानाटक पूजा करने का चलन था । (प्रजापति, ने.सं ११२५ : २६)

५(झ) गायन

संगीत और गायन से यह स्पष्ट रूप से पता चल जाता है कि नाटक के कौन से अंक या दृश्य का मंचन हो रहा है । नाटक के मंचन के क्रम में अनुशासित तरीके से गीत और संगीत को रखा जाता है, जिससे दर्शक आसानी से उपर्युक्त बातें समझ जाते हैं । नाटक के मंचन के क्रम में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना दिया जाता है :

(क) शून्य म्ये (शून्य गीत) : नाट्य-मंचन की शुरुआत होने से पहले दर्शकों को आकर्षित करने के लिए गीत और संगीत के कलाकार डबली के नीचे एक दिशा में बैठकर शून्य म्ये (खाली गीत) गाते हैं । इस गीत में किसी भी देवी-देवता की स्तुति गाई जा सकती है ।

(ख) नान्दि म्ये (नान्दी गीत): नाट्य-मंचन की शुरुआत होने से पहले नाट्येश्वर की स्तुति कर गाए जाने वाले गीत को नान्दि म्ये (नान्दी गीत) कहा जाता है ।

(ग) देशवर्णन, राजवर्णन : शून्यम्ये और नान्दि म्ये गीत गाने के बाद स्वर्ग के किसी कोने में बैठकर देश का वर्णन करते हुए गीत गाया जाता है । इसमें देश के राजा को प्रतापी, प्रजापालक, शूरवीर, धीर, बुद्धिमानी आदि कहकर उनकी शक्ति का वर्णन किया जाता है । देश का वर्णन **नटी** के द्वारा किया जाता है, जबकि **राज का वर्णन** नट के द्वारा किया जाता है (श्रेष्ठ, ११२४ : ३) । देश-वर्णन और राज-वर्णन के बाद सभी कलाकार रंगमंच पर आकर अपना परिचय प्रस्तुत करते हुए अपनी भूमिका के बारे में बताते हैं । इस क्रम में नाटक का संक्षिप्त परिचय भी दिया जाता है । यह परिचय देने का कार्य कलाकार द्वारा होता है ।

(घ) आरती म्ये (आरती गीत) : नाटक की समाप्ति के बाद कलाकार रंगमंच पर आते हैं, और आरती गीत गाते हैं । आरती गीत के समापन के साथ नाटक की समाप्ति होती है (महर्जन, ने.सं ११२४, भूमिका) ।

(ङ) अन्य गीत : नाट्य-मंचन के क्रम में विभिन्न गीत गाए जाते हैं । प्राचीन नाटक के गीत राग और ताल पर आधारित होते हैं । ऋतु महीना, दिन के प्रहर तक को ध्यान में रखकर राग और ताल का प्रयोग किया जाता है ।

६.निष्कर्ष

नेपालभाषा के प्राचीन नाटकों का अध्ययन करने से यह पता चलता है कि यह विश्व के किसी भी नाट्य-विधा से नहीं मिलता है । इसके अपने ही गुण, स्वभाव और परंपरा हैं । अभी तक के अध्ययन से विश्व में परंपरागत शैली के नाटक, शेक्सपियर शैली के नाटक

नजर आते हैं। विषयवस्तु की दृष्टि से कुछ समानता दिखाई देने के आलावा और कोई समानता नजर नहीं आती। ये नाटक किसी भी ऐतिहासिक घटना आधारित होकर नहीं लिखे गए हैं। इन नाटकों में पौराणिक धार्मिक ग्रंथों के आधार पर विषयवस्तु होने के बावजूद, उनकी प्रस्तुति में काफी भिन्नता है। इसमें गद्य और पद्य दोनों का प्रयोग है,और उसे अधिक मनोरंजनात्मक बनाने के लिए गीत और संगीत की बड़ी भूमिका रहती है। एक ही संवाद को दोहरा-तेहरा कर प्रस्तुत करने के कारण नाटक एक दिन में पूरा नहीं होता, और दो-तीन दिन से महीनों तक की अवधि लेते हैं।

प्राचीन नाटक की इसी परंपरा के कारण नेवार समाज में गाईजात्रा और इन्द्रजात्रा को एक सप्ताह तक मंचन कराने की संस्कृति ही बन गई है। इन नाटकों का साहित्य से ज्यादा संस्कृति के रूप में विकास होता आया है। वर्तमान के कलाकारों में प्राचीन नाटकों में प्रयोग क़िए जाने वाले कई गीत और संगीत के बारे में समुचित ज्ञान नहीं होने के कारण पहले की तरह की प्रस्तुति नहीं हो पाती है। नाटकों में गीत संगीत के बारे में संक्षिप्त में लिखने के कारण आज उसे समझने वाले कलाकारों का अभाव है।

प्राचीन शैली संस्कृति से आवद्ध होने के कारण वुद्धिजीवियों ने अपनी बुद्धि और क्षमता से प्राचीनता को अर्ध आधुनिकता में विकसित करके मंचन करने का प्रयास किया है। और उनका यह प्रयास वि.सं. २०४१ तक दिखाई देता है। आज सिनेमा और टेलीविजन जैसे मनोरंजनात्मक और बौद्धिक ज्ञान प्रदान करने वाले साधनों की उपलब्धता के कारण नाटकों के मंचन-प्रदर्शन में काफी कमी आ गई है। नाटकों के मंचन का क्रम लगभग समाप्त ही हो गया है। ऐसी स्थिति में सुरेश किरण मानन्धर द्वारा भूकंप से बचने के उपाय को लोगों के बीच पहुंचाने के उद्देश्य से लिखे गए और रमेशकाजी स्थापित द्वार निर्देशित किए गए नाटक **आरया बाबा** मुहल्ले-मुहल्ले में हो रहे मंचन को देख प्राचीन स्मृति ताजी हो उठती है।

पाटी-पौवा : बैठने के लिए सार्वजनिक जगहों पर बनाया गया एक विशेष प्रकार का काठ का घर, जो खुला होता है

"श्री सुमति जय जितामित्र मल्ल भारदिसमत मदारस हरन प्याखन धरोत। सं ८०७ आषढ वदि ५ श्री २ भूपतींद्र मल्लया विवाहयात..." (जितामित्रकालीन धरःपौ, ३३६ ख)

"श्री श्री जय भूपतींद्र मल्लदेव सनाथ राजकुमार श्री श्री जयरणजीत मल्ल देवयात इहियात उषाहरण सम्तमात्त प्याखनयात दयेकंसा विज्याङ.ाया धन्ति दयकाव चोस्य तस्य बिज्याङा। सं. ८३३ कार्तिक वदि १ शुभम् (वृहत्सूची पत्रम् : ८)

संदर्भ ग्रंथ

कसाः, प्रेमबहादुर : 'रत्नेश्वर प्रादुर्भाव' यें, च्वसापासा, ने.सं १०८४

तमोट, काशीनाथ : 'मल्लकालया नेपालभाषाया प्याखं साहित्यया सम्वन्धय्' ज्वला न्हायुक' दँ १८,पृ.११-१४

'लिच्छवि अभिलेखय् संस्कृत मखुगु खँग्वःया ल्याःचाः', खेलुइताः२,१३१-१३६

ऐतिहासिक सन्दर्भय् राम भारोया वीरबाहु प्वाखं' जः ७, १६१-१६७

तुलाधर,प्रेमशान्ति (सं) : 'नेपालभाषा व ध्वया साहित्य विभागीय ेष्ठी', काठमाण्डौं, लाकौल पिथना, ने.सं. १११०

नेपालभाषा साहित्यया इतिहास' यें नेपालभाषा एकेदमि, ने.सं ११२०

पौडेल, नयननाथ (सं.) : भाषा वंशावली भाग १ नेपाल राष्ट्रीय पुस्तकालय, वि.सं २०२०

प्रजापति, सुभाषराम : 'नेपालमण्डलया पुलांगु नेपालभाषा नाटकया संगीत पक्ष

: छगू अध्ययन' त्रिविवि मानविकी तथा सामाजिक शास्त्र संकाय अंतर्गत स्नातकोत्तर तगिंया शोध प्रबंध, ने.सं११२५

बज्राचार्य, आकाशाजी : 'मल्लकालीन गं प्याखं' स्वयं, ने.सं. ११०२

बज्राचार्य, चुन्दा : मल्लकालया छुं संस्कृति ने.भा. अध्ययन व अनुसन्धान केंद्र, ने.सं. ११०५

: नेपालभाषा नाटक साहित्यया इतिहास छठू परिचय , शोध प्रबंध, अनुसन्धान महाशाखा, त्रिविवि, ने.सं ११०९

: 'रणजीत मल्लया विवाहया धरःपौ (अप्रकाशित), नेपाल एशियाली अनुसंधान केन्द्र, वि.सं. २०४२-२०४३

: 'जितामित्रकालीन धरःपौ', कीर्तिपुर, नेपाल और एशियाली अनुसंधान केंद्र, त्रिविवि, वि.सं. २०५३

: 'नेपालभाषाया आधुनिक नाटकया प्रवृत्ति व प्रवाह' विद्यावारिधी शोध ग्रंथ, मा.भ्मा. श.सं. त्रिविवि, ने.सं १११२

वज्राचार्य, धनवज्र : 'लिच्छविकालको इतिहासमा किरातकालको प्रभाव' पूर्णिमा १७,पृ १-८,वि.सं २०२६

: 'साहित्य,संगीत र कलाको अभिवृद्धिमा राजकीय विवाहोत्सको

प्रभाव' गोरखापत्र शुभ विवाहोत्सव, १६ फागुन
: 'मध्यकालको अभिलेख योजना' (अप्रकाशित)
बज्राचार्य, शान्तहर्ष : 'मल्लकालीन नेपालभाषाय प्याखं साहित्य छगू सर्वेक्षण' नेपाल, ३१:२-३,३-१८
: मल्लकालया मुक्कं नेपालभाषाया नाटक' विमला बज्राचार्य, ने.सं ११०५
बज्राचार्य, शान्तहर्ष (सं.) : 'लुन्तभद्रया चाप विकासिनी' नेपालभाषा परिषद्, ने.सं ११०७
: 'षड्-दर्शन' यें,साहित्य क्यब, ने.सं ११०८
वैद्य, जनकलाल : 'नेपालभाषा नाटकया प्राचीनता, नेपालभाषा नाटकया प्रवाह',नेपाल रजत जयन्ती तपं पौ, ३९-४२, ने.सं १०९४
मल्ल, कमलप्रकाश : 'ङे हे पा' नेपाल ऋतुपौ रजतजयन्ती तपंपौ, १-६, ने.सं १०९४
मल्ल, विजयबहादुर : 'नाटक एक चर्चा' पांगा, सुशिला महर्जन, ने.सं. ११२४
महर्जन, जीवनकुमार (सं.) : 'कर्पावती चरित्र' पांगा, सुशिला महर्जन, ने.सं ११२४
रंजीत, कुमार (सं.) : 'नासःदबू, यें, नासः दबू, ने.सं. ११५०
शर्मा, बृद्धिसागर(अध्यक्ष) : नेपाल राजकीय वीर पुस्तकालय स्थित पुस्तकनाम वृहत सूचीपत्रमा नाटक ग्रन्थ विषयक तृतीया भाग पुरातत्व प्रकाशन माला ९
शाह, चन्देश्वर : 'मल्लकालीन मैथिली नाटक', काठमाण्डौं, नेपाल राजकीय प्रज्ञा प्रतिष्ठान, वि.सं. २०५५
शाहदेव, श्री ५ राजेंद्रविक्रमः 'महास्व', काठमाण्डौं, मानदास सुगतदास, ने.सं. १०८९
श्रेष्ठ, रजमाइल : 'जिगु मिखाय् मैथिल नाटक काशीविजय', यें नेवाःपोष्ट, दँ १ ल्याः १२ नथिंलागा पारू, ने.सं. ११२४
हृदय, चित्तधर : 'नेपालभाषा साहित्यया जात'
: कान्तिपुर, नेपालभाषा परिषद्, ने.सं. १०९१
ज्ञवाली, सूर्यविक्रम : 'नेपाल उपत्यकाको मध्यकालीन इतिहास',काठमाण्डौं, रोयल नेपाल एकेडमी, वि.सं २०२९
Linda L. Ilits : *'The Jala Pyakha in Historical and Cultural Perspective'* नेपालभाषा व ध्वया साहित्य विभागीय गोष्ठी,ने.सं. १११०, ४१-१६८
Malla,Kamal Prakash : *Classical Newari Literature : A Sketch.* Kathmandu, Nepali Study Centre, A.D. 1981.
Regmi, D.R. : *The M ediaval Nepal III.* Calcutta, Firma K.L. M ukhapadhya, A.D.1986
Vajracharya,Dhanvarja: *Gopalraja Vamshavali.* Kirtipur, Nepal Reseach Centre & M all Kamal Prakash A.D. 1985.

अनुवाद : गोपाल अश्क

नेपाली नाटक के क्षेत्र में नारियों की उपस्थिति और उनका योगदान

डा. रजनी ढकाल/डा. गीता त्रिपाठी/ज्ञानु अधिकारी

पूर्वीय साहित्य-परंपरा में नाटक सर्वप्राचीन विधा है। प्रस्तुति के हिसाब से साहित्य की दृश्य विधा के अंतर्गत आनेवाली इस विधा में लेखकीय जिम्मेदारी श्रव्य विधा की तुलना में ज्यादा होती है। इसीलिए नाटक-लेखन में न केवल नेपाली नारी लेखन, बल्कि विश्क का ही नारी लेखन तुलनात्मक दृष्टि से थोड़ा पीछे है। यह कहना सरासर गलत होगा कि नाट्य-लेखन कठिन होने के कारण नारियों की उपस्थिति कम है, या नहीं है। हाँ, यह जरूर है, कि नाट्य विधा मंचन के बिना अधूरी होती है। सामाजिक संरचना और लेखकों के द्वारा मंचनीय जिम्मेदारी के दायित्व का निर्वाह करने के कारण अभी भी नारियों के लिए प्रतिकूल अवस्था ही है।

दूसरा पक्ष है आर्थिक कारण। आर्थिक कारण से भी यह विधा में नारियों की पहुंच से दूर रहती है। कहने का मतलब यह है कि नाटक लेखन में उत्साहित होने के बावजूद नारियां अलग ही रहीं। उनके लिए यह विधा लंबे समय तक अछूत ही रही। यह एह संवादात्मक प्रस्तुति वाली विधा है और इसमें सामाजिक पात्रों के साथ परस्पर संवाद किया जाता है। इस दृष्टि से नारी नाट्य लेखिकाओं के प्रति उदार श्रोता समाज की आवश्यकता होती है। लेकिन सच्चाई यह है कि महिलाओं के लिए समाज के सभी पात्रों के साथ सहकार्य करने में सहजानुभूति की स्थिति नहीं है, जबकि यह पात्रानुकूल अभिव्यक्ति के लिए पूर्वाधार माना जाता है। हमारे जैसे पितृसत्ता की जड़ मजबूत रहने वाले समाज में नारी की चेतनशील आवाज को 'मुरगे की बांग' का संज्ञा देने के कारण पारिवारिक विघटन की संभावना होती है। और इसका संपूर्ण दोष नारियों पर ही मढ़ दिया जाता है। इन्हीं विविध पारिवारिक और सामाजिक कारणों से नारियां बहुत लंबे समय तक नाटक-लेखन और इसकी विशिष्ट शैली को अपनाने से पीछे रहीं। संतान का पालन-पोषण और परिवार की देखरेख में व्यतीत होने वाला इनका समय नाट्य-सृजना के लिए अनुकूल भी नहीं हो सकता। यसर्थ नेपाली नाटक लेखन में नारियों की उपस्थिति बहुत बाद में जाके नजर आती है, इनकी यात्रा बहुत बाद में शुरू होती है। इसके विकास का अध्ययनार्थ 'पृष्ठभूमि चरण और विकास विस्तार का चरण' का अध्ययन उपयुक्त होने के कारण, यहाँ उसी आधार पर नेपाली नाटक में नारियों की उपस्थिति और उनके योगदान का निरूपण किया गया है :

(१) पृष्ठभूमि चरण : २०१० से २०१९ तक (अभ्यास-काल)

(२) विकास और विस्तार चरण : २०२० से अभी तक

नेपाली नाटक में नारी लेखन का योगदान सीमित है। इसका व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए उल्लेखित दो चरणों में विभाजन करना उपयुक्त है। उसी आधार पर संबंधित चरणों की नारी नाट्य-प्रतिभा की कृतियों और प्रवृत्तियों का निरूपण निम्नानुसार किया गया है :

१. पृष्ठभूमि चरण : प्रतिभा, कृति और प्रवृत्ति

नेपाली नाट्य-परंपरा में नारी-लेखन का आरंभ और अभ्यास २००७ साल के प्रजातंत्र की प्राप्ति और रेडियो नेपाल की स्थापना के बाद ही नजर आता है। २०१०-२०११ से पहले इसकी प्रस्तुति होने पर भी इसके प्रकाशन का कोई दस्तावेज सुरक्षित नहीं होने के कारण इसका प्रकाशन का क्रम कुछ समय बाद अर्थात् राधिका राय के एकाङ्की के प्रकाशन के बाद ही शुरू होता है। अभी तक के अध्ययन से यही अवस्था सर्वमान्य है।

आधुनिक नेपाली नाट्य की यात्रा नब्बे वर्ष पार कर जाने के बाद ही नेपाली नाटक में नारी-लेखन का आरंभ दिखाई देता है। इसका श्रेय राधिका राय के भारती पत्रिका में प्रकाशित एकाङ्की **जीवनको इच्छा** (सन् १९५४, **जीवन की इच्छा**) को जाता है। इसके बाद

मायादेवी सुब्बा का एकाङ्की **पागल** (२०१४), जो हस्तलिखित पत्रिका **पालुवा** में प्रकाशित हुई थी, नजर आता है। इस प्रकार आधिकांश एकाङ्की लेखन से ही नेपाली महिला नाटक की गति बढ़ती नजर आती है। खास तौर पर रेडियो नाटक लेखन में नारियों की सहभागिता उल्लेख्य नजर आती है। रेडियो नाटक लेखन में केवल संवाद-लेखन में कुशलता की आवश्यकता होने और अन्य प्राविधिक संयोजन में झंझट नहीं होने के कारण नारी नाटक लेखिकाओं के लिए सहज होने की स्थिति दिखाई देती है। यही इतिहास है।

सुभद्रा देवी दंगाल (सावित्री पोखरेल) का **कलंकी समाज** (२०१५) नाटक पृष्ठभूमि चरण की उल्लेखनीय कृति है। २३ भागों में रचे हए इस नाटक में अंकों और दृश्यों का विभाजन नहीं किया गया है। इस नाटक की विषयवस्तु एक नारी के द्वारा भोगी गई बाल विधवा परंपरा,यौवन-काल में भागे गए सामाजिक लांछन और उससे मुक्त होने के लिए की गई आत्महत्या है। इस नाटक में सरल भाषा और छोटे-छोटे संवादों के माध्यम से नारी चरित्र के ऊपर उठाए गए सवाल और उसके जवाब के रूप में आत्महत्या करने के लिए विवश हुए नारी-पात्र का कारूणिक मनोदशा का चित्रण है, इसी वजह से इस नाटक ने वियोगांत परिणति दी है। वि.सं २०५० में इस नाटक में कुछ परिमार्जन करके, सावित्री पोखरेल के नाम से यह नाटक पुनर्प्रकाशित होता है। लेकिन इतिहास यही है कि नेपाली नाटक-लेखन का आरंभ वि.सं. २०१५ में पहली बार प्रकाशित इसी नाटक से होता है। उसके पहले तो केवल एकांकियां प्रकाशित होने का इतिहास है।

शांता श्रेष्ठ की नाट्य-यात्रा वि.सं. २०१६ से शुरू होती है। उनके 'तृष्णा', 'प्रायश्चित', 'अन्त्यहीन अन्त्य', 'हिमा तथा नहीं है' और 'शाम के बाद की रात' नामक पांच रेडियो नाटकों का संग्रह 'दिन नहीं है, शाम के बाद की रात'(२०४६) प्रकाशित है। लेकिन उनके **'कला किन मर्छ'** (कला क्यों मरती है ?) नाटक का २०२६ में ही मंचन होने का इतिहास है। (लुइटेल, २०६९:१८७)। इनके नाटक में नारी को वासना-पूर्ति का साधन मानने वाली पुरुष वृत्ति का विरोध, धोखाबाज नारी की हताश मनस्थिति, विधवा के पुनर्विवाह की संभावना, माता-पिता के संवंध में आनेवाली दूरियों के कारण बच्चों पर पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक असर जैसे सामाजिक यथार्थ समस्यामूलक विषय की प्रस्तुति की गई है। सरल और सहज भाषिक संवाद तथा बाह्य और आंतरिक द्वंद्व का जीवंत प्रयोग होने के कारण इनके नाटक नाट्य-मूल्य के हिसाब से भी प्रभावकारी बन पड़े हैं।

२. विकास और विस्तार का चरण : प्रतिभा, कृति और प्रवत्ति

नेपाली नारी नाटक-लेखन को बेंजु शर्मा का एकाङ्की ने एक नया मोड़ दिया है। उनका पहला एकाङ्की **विवाह** (२०२०) कस्तुरी पत्रिका में प्रकाशित होने के बाद नेपाली नारी नाटक-लेखन ने एक नई शैली प्राप्त की। जहाँ एक ओर नारी की सांस्कृतिक और सामाजिक समस्या को केंद्रीय विषय बनाकर रची गई इस नाट्य-रचना में स्वाभिमानी चरित्र का निर्माण करने का अभीष्ट नजर आता है, वहीं दूसरी ओर वहुविवाह का विरोध और ह्रासोन्मुख मानवीय मूल्य के प्रति सचेतना नजर आती है। इनके अनेक विषय हैं- द्वैध चरित्र वाले नेता और प्रेम में धोखा खाने से विक्षिप्त हुए पात्रों का प्रतिशोध और आपराधिक मनस्थिति का चित्रण। बाह्य द्वंद्व की प्रबलता और आंतरिक द्वंद्व का आंशिक निर्वहन होने के कारण इनका नाटक मंचनीय दृष्टि से भी प्रभावोत्पादक और जीवंत है।

सावित्री सिलवाल का **'कल्पना'** नाटक २०२० में प्रकाशित नजर आता है। इसमें पारिवारिक-सामाजिक विषयवस्तु के द्वारा नारी-जीवन की पीड़ा प्रस्तुत की गई है। इस नाटक में संक्रमणकालीन नारी-मनोविज्ञान और दमन के विरुद्ध आवाज उठाई गई है। नारी स्वतंत्रता के लिए विद्रोह और उसे दबाने वाली सामाजिक कुचाल के बारे में लिखे गए इस नाटक में वैचारिकता की प्रस्तुति सशक्त है।

किरण शाक्य का **दीपमाला** (२०२३) नाटक ग्यारह दृश्यों में विभाजित है। शैक्षिक परिवेश और युवाओं की आकांक्षा का सम्मान किए गए इस नाटक में शिक्षित और दक्ष युवा वर्ग को देश और विकास के आधार मानने का केंद्रीय भाव प्रकट किया गया है। पुस्तागत अंतराल और उससे उत्पन्न हुए द्वंद्व को दिखाए गए इस नाटक में युवाओं की जीत दिखाई गई है। छोटे-छोटे, किंतु प्रभावशाली संवादों के कारण यह नाटक बोधगम्य बन पड़ा है।

पारिजात की नाटक-यात्रा रूपरेखा नामक पत्रिका में प्रकाशित **एक कठिन निष्कर्ष** (२०२३) शीर्षक एकाङ्की से शुरू हुई है। इनका **पारिजात के नाटक**

(२०६७) प्रकाशित है । इसमें इनके **एक कठिन निष्कर्ष, अंधेरी नदी**, और **अपनी रात** शीर्षक के एकाङ्की और **एक जोड़ी अंतरात** शीर्षक का पूर्णांकी नाटक संकलित हैं । इनके नाटकों में विसंगतिवादी-अस्तित्ववादी जीवन-दर्शन होने के साथ-साथ नारी के विद्रोही स्वरूप की प्रस्तुति, आदमी की आदिम प्रवृत्ति, समाज में व्याप्त वर्गीय असमानता की समाप्ति जैसी प्रगतिशील सोच पाई जाती है । इसने नेपाली नाटक में नारी का वैचारिक प्रतिनिधित्व किया है और इसमें प्रयोगवादी शिल्प का प्रयोग मिलता है ।

हजुर बजै अर्थात् विद्या देवी दीक्षित का **तीजको दर** (तीज का पकवान) २०२४ में प्रकाशित हुआ है । इनका एक 'विद्या गद्यसंग्रह' (२०३६) संग्रह प्रकाशित है, जिसमें **पार्टीको कुरा** (पार्टी की बात), **चन्द्रसूर्य वार्ता** (चंद्र सूर्य वार्ता), **तीजको दर** (तीज का पकवान); **ढीट छोरो** (ढीट वेटा) और **भट्केको ठिटो** (भटका हुआ लड़का) शीर्षक के पांच एकाङ्की संगृहीत हैं । इनके नाटकों ने राजनीति और संस्कृति में नजर आई संक्रमणकालीन अवस्था, पुस्तागत द्वंद्व और विसंगतिपूर्ण जीवन को विषय बनाया है । इसी प्रकार इस नाटक में विदेश जाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को अपने देश में ही रहने और अवसर की तलाश करने के लिए प्ररित करने वाले संवादों का प्रयोग किया गया है, जिससे राष्ट्रीयता की सुगंध आती है ।

कमला न्यौपाने की नाटक-यात्रा **बिसाएको भारी** (२०२६/२७, उतारा हुआ बोझ) नाटक के मंचन से आरंभ होती है । यह नाटक कालिम्पोंग के प्रणामी मंदिर हाइस्कूल में मंचित हुआ था (लुइटेल, २०६९:१८९) । इनका प्रथम प्रकाशित एकाङ्की **सुंदरी की विवशता** (रत्नश्री, २०२९) है । बाद में उनके छह एकांकियों का संग्रह **बिसाएको भारी** (२०२६/२७, उतारा हुआ बोझ) प्रकाशित हुआ । इनके नाटक तथा एकांकियों में नारी-पीड़ा की प्रस्तुति पाई जाती है । इसके साथ-साथ देश की राजनीति और समाज, विधवा का मार्मिक जीवन, वर्गीय विभेद का विरोध जैसे विषयों की प्राथमिकता नजर आती है ।

माधुरी भट्टराई का **मूक वेदना** (२०३८) प्रकाशित है । इसमें प्रतीकात्मक प्रस्तुति है । इसमें रामायण में कम महत्त्व दी गई उर्मिला के पति की वन-यात्रा के समय में पारिवारिक प्रसन्नता की ख़ातिर व्यक्तिगत इच्छा को मारकर विवश रहने के प्रसंग को गद्य और पद्य दोनों शैली में प्रस्तुत किया गया है ।

शारदा सुब्बा का पहला मंचित नाटक **देउरालीमा एक थुँगा फूल** (२०४१, पहाड की चोटी पर खिला फूल) है । इसके बाद उनके नाटक **अघोषित** (अघोषित २०५४) और **नीलो पीड़ा** (नीली पीड़ा,२०५५) और **यशोधरा** (यशोधरा, २०६५) प्रकाशित हैं । बाद में भी इनके नाटकों का मंचन होने की जानकारी मिलती है । इनका **यशोधरा** पौराणिक विषयवस्तु पर आधारित किंतु आधुनिक जीवन की विसंगतियों का चित्रण करने वाला नाटक है । बौद्धिक और तार्किक रूप में ख्यात इस कृति के अंदर सुब्बा के नाटक की उच्च मूल्यांकन करने के बहुत आधार हैं ।

रश्मि खतिवडा के तीन एकांकियों का संग्रह **लघु नाटक** (२०४९) प्रकाशित है । मानव समाज का आडंबर चरित्र इनके नाटक का विषय है । इसी तरह इनके नाटकों में महिला अधिकार संबंधी आवाजें भी सुनने को मिल जाती हैं । भाषिक संवाद के प्रयोग में इनके नाटक सफल माने जाते हैं ।

भारती खरेल का **भाइटीका** (,२०४९, भैया-दूज) नाटक प्रकाशित है । इसमें **भाइटीका** (भैयादूज) और **घमंड** (घमड) नामक दो नाटक हैं । नारी शिक्षा की व्यवस्था पर जोड़ दिए गए नाटक में बाल मनोविज्ञान की प्रस्तुति भी है । समसामयिक जीवन में व्याप्त विकृतियों और विसंगतियों को मुख्य विषय बनाकर लिखे गए खरेल के नाटकों में सामाजिक यथार्थ का आदर्शोन्मुख पक्ष भी पाया जाता है, इसकी भी प्रस्तुति नजर आती है ।

वेद कुमारी न्यौपाने की नाटक-यात्रा **पश्चात्ताप** नाटक के मंचन (२०५०) से आरंभ होती है । इनकी दो नाट्यकृतियाँ- **एउटा कथाको अन्त्य** (२०५३, एक कथा का अंत) और **विचलित वर्तमान** (२०५८, विचलित वर्तमान) प्रकाशित हैं । इनकी नाटकों में नारी को कमजोर बनाने वाली बाल-विवाह प्रथा का अंत और बालविधवाओं को पुनर्विवाह करने की सामाजिक और कानूनी अधिकार देने पर जोड़ दिया गया है । समाज में व्याप्त असमानता और विसंगतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद करना इनके नाटकों का उद्देश्य है । इनके नाटकों का यही सार है कि लैंगिक विभेद समाजिक विकास का अवरोध होने के कारण इसका अन्त्य होना आवश्यक है । इस हिसाब से इनके नाटक सशक्त हैं ।

भद्र कुमारी घले की नाटक-यात्रा **केही गीति नृत्य नाटिका** (२०५१, कुछ गीति नृत्य नाटिका) से शुरू होती है । पौराणिक नारी पात्रों के माध्यम से वर्तमान समाज का चित्रण किए गए इनकी नाट्य-कृतियों में

नारी सशक्तीकरण के लिए चेतना प्रवाह करने का प्रयास नजर आता है।

बाबा बस्नेत नेपाली रेडियो नाटक में बहुत सुना हुआ नाम है। उनका नौ दृश्यों में विभाजित **योद्धा** (२०५३) नाटक प्रकाशित है। इनके नाटक में प्रेम, घुणा और कमजोर मनोविज्ञान के पात्रों का चित्रण होने के साथ-साथ शारीरिक रूप से अशक्त होने के बावजूद तारों सी चमक सकने वाली प्रतिभा के सत्य की प्रस्तुति है। इनके नाटकों ने युद्ध, हिंसा और त्रासदी का विरोध किया है। वियोगांत प्रेम का आदर्श भी एनके कुछ एक नाटकों में प्रकट हुआ है। बौद्धिक और तार्किक होने पर भी सरल भाषा में संवाद योजना बाबा बस्नेत के नाटकों की विशेषता है।

सुधा त्रिपाठी की नाट्यकृति **निःश्वासका गुजुल्टाहरू** (२०५५, निःश्वास की उलझी डोरियां) प्रकाशित है। उनके सात नाटकों के इस संग्रह की मुख्य विशेषता नारीवादी चेतना और लैंगिक विभेद का विरोध है। इसी प्रकार इनके कुछेक नाटकों में कुलत में फंसे युवकों के परिवार का मार्मिक चित्रण भी पाया जाता है। इनके नाटकों में पितृसत्ता का विरोध और समाज में नारी और पुरुष दोनों वर्ग के समान अधिकार और सहयात्रा के विचार को सरल और स्पष्ट संवाद के प्रयोग से प्रस्तुत किया गया है। इनके मध्यम आयाम के नाटक मंचन के हिसाब से भी सफल हैं।

जयंती स्पंदन और विजया स्मृति का **दिदी बहिनी** (२०५९, बहनें) प्रकाशित है। ग्यारह एकांकियों के इस संग्रह में संगृहीत एकांकियों का विषय सामाजिक जीवन और राजनीतिक परिवेश की विसंगति, नारी की घर के अंदर और घर के बाहर की समस्याएं है। द्वंद्व में फंसता जा रहा देश और नेताओं का द्वैध चरित्र के कारण पश्चगमन हो रहा देशे की चिंता भी इनके नाटकों का विषय बनी हुई है। इनके नाटकों में अन्याय के विरुद्ध एक जुट होने का आह्वान किया गया है, तथा इनके नाटक संदेशमूलक हैं।

हरिमाया भेटवाल की नाट्य-यात्रा उनका पहला मंचित नाटक **सहिद रोएको देश** (२०५५ शहीद रोआ हुआ देश से) शुरू होती है। 'उपक्रम' पत्रिका में प्रकाशित **हराएकाहरूको** (गुम हुए लोगों का) उनका पहला प्रकाशित नाटक है। इनका एक और नाटक **'इतिहासको पुनर्आगमन'** (२०५६, इतिहास का पुनर्रागमन) प्रकाशित है। इन दिनों इनके बहुत से नाटक मंचित हो रहे हैं। जहाँ एक ओर इनके नाटक गुरुकूल, नाचघर तथा सर्वनाम आदि नाटक-घरों में मंचित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सड़क नाटकों के रूप में भी इनके नाटक मंचित हो रहे हैं। इनके नाटकों की लोकप्रियता भी काफी है। इनका एक ही नाटक सात-सात बार मंचित हुआ है। **मृत्युपत्र** (२०६३, मृत्यु-पत्र), और **आहाल** (२०६४, गाय भैसों का तालाब) उच्च नाट्य-मूल्य के नाटक हैं। संग्रह के रूप में इनके तीन नाटक संग्रह प्रकाशित हैं। इनका **माया नाटक** (माया २०६५ नाटक) और आहाल नाटक क्रमशः चौबीस तथा सात बार मंचित हो चुके हैं। इनके **बेचिएकाहरू** (बिके हुए लोग) और **बोक्सीहरू छैनन** (डायन नहीं है) प्रतीकात्मक और चेतनामूलक नाटक हैं। इनके एक नाटक **कतामरी** (२०६५, कतामरी) नेपाल सरकार की तरफ से दक्षिण कोरिया में मंचन कराया गया था। भेटवाल के नाटकों में वर्तमान समय की विसंगतियां, राजनीतिक समस्याएं, द्वंद्वकालीन त्रासदी में पड़ी निर्दोष जनता की पीड़ा, दरबार के अंदर की महिलाओं की अवस्था जैसे महत्त्वपूर्ण विषय समाविष्ट हैं। ऐतिहासिक मिथक के सूत्र में आधुनिक समय को चित्रांकित करने में इनके नाटक सफल हैं। ये नेपाली महिला नाटक-लेखन में बहुत ही सक्रिय है और उच्चता की ओर बढ़ रही हैं।

२०६० के दशक के बाद नारी-साहित्य-लेखन में अधिकाधिक प्रयोग के रूप में दिखाई देने वाली उत्तरआधुनिक शैली को शिवानी सिंह थारू ने अपनाया है। इस हिसाब से इनका **भर्चुअल रियालिटी : परोक्ष यथार्थ** (२०६४) नितांत प्रयोग है (भट्टराई, २०६४)। इस नाटक में नई यांत्रिक जीवन-शैली की प्रयोगात्मकता के लिए वर्तमान यथार्थ की अजीबोगरीब परिकल्पना और प्रस्तुति की गई है। इनके नाटक में यही सार दिखाया गया है कि आज की यांत्रिक जीवन-शैली बॉक्स के अंदर कैद होती है, त्रिशंकू बनके लटक रही होती है और मृगमरिचिका के पीछे घूमते-घूमते खत्म हो जाती है। इस नाटक ने यह भी दिखाया है कि आज का आदमी हृदय की संवेदना से नहीं, बल्कि किबोर्ड से निर्देशित और संचालित होता है। इनके नाटक मंचन के हिसाब से भी सफल हैं और नेपाली नाटक को नया मोड़ और सोच दिए हैं।

शारदा सिलवाल का **माटोको इज्जत** (२०४८, मिट्टी की इज्जत), कमला प्रसाई ढकाल का **चितामाथिको लास** (२०४९, चिता पर की लाश), जमुना गुरुंग का

छोरीलाई अंश (२०६४, बेटी का अंश), प्रतिमा श्रेष्ठ का **सुन्दर संसारको परिकल्पना** (२०६५, सुंदर संसार की परिकल्पना), कल्पना घिमिरे का **मान्छे ताक्छ मुढा** (आदमी ताकता रहता है मूढ़े को) आदि वैयक्तिक और सामाजिक पीड़ा, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक परिस्थिति, नारी चेतना और नेपाली सांस्कृतिक सामाजिक जीवन की असमानता आदि के बारे में लिखे गए नाटक हैं। लेखकों से यह भी जानकारी मिल रही है कि ऐसे कई रेडियो नाटक हैं जो संरक्षण के अभाव के कारण अप्राप्य हैं। गीता केशरी के रेडियो नाटक २०२०-२२ में रेडियो नेपाल से प्रसारित होने के बावजूद प्रमाण के अभाव में गुमनामी के अंधेरों में खोए हुए हैं।

३. भारतीय नेपाली नारी नाटक-लेखन का सर्वेक्षण

नेपाली नारी नाटक लेखन में भारतीय नेपाली नारी नाटककारों का भी कुछ योगदान रहा है। इस पंक्ति में इन्द्रमणि दर्शन का **ययाति** (सन् २००२), **अक्षि-भू** (सन् २००६, गीति नाटक-संग्रह) और **कृष्णा** (सन् २००९) जैसे प्रकाशित नाटकों का नाम लिया जा सकता है। इसी प्रकार आशा रानी राई का **विराटसभा**, लक्खी देवी सुनदास का **विजय आश्रम, अन्वेषण, आधुनिक युवती**, अस्मिता नाछिरिसंग राई का **भुपडीको व्यथा** (झोपड़ी की व्यथा), सरिता प्रधान का **यहाँ इतिहास दोहोरिन्छ** (सन् १९७६, यहाँ इतिहास लौटता है), शारदा सिलवाल का **माटोको इज्जत** (२०४८, मिट्टी की इज्जत), चन्द्रकला नेवार का **सीताको वनवास** (सीता का वनवास), **नेपाली जीवन** (रेडियो से प्रसारति) कमला प्रसाईं ढकालका **चितामाथिको लास** (२०४९, चिता पर की लाश), जमुना गुरुंग का **छोरीको अंश** (बेटी का अंश), लक्ष्मी मीनु का **कर्तव्य** (नि् २००३), और सविता छेत्री का **अधिकार** (सुन २००५) आदि नाटक प्रकाशित हैं।

४. नेपाली डायस्पोरा नारी नाटक लेखन का सर्वेक्षण

नाटक तथा एकाङ्की लेखन में डायस्पोरा नारी लेखन शून्य ही नजर आता है। समग्र डायस्पोरा लेखन में ही अल्प लेखन होने के कारण इस विधा ने विश्व के व्यस्त जीवन के उपक्रम में नारी लेखन के प्रति अवसर और सचेतना नहीं दिला सकी है।

५.नेपाली नारी नाटक लेखन की प्राप्ति और मूल्य

नेपाली नारी नाटक-लेखन के आरंभ और विकास की यात्रा आधी शताब्दी का समय पार कर चुकी है। इस अवधि में संख्यात्मक हिसाब से बहुत कम नाटक लिखे गए हैं। संख्यात्मक रूप से ही कम होने पर गुणात्मक पक्ष में प्रतिस्पर्धात्मक अवस्था होने का सवाल ही नहीं उठता। साहित्य की कविता और आख्यान विधा में अन्य विधा की तुलना में महिलाओं की उपस्थिति अधिक है, महिला लेखन ज्यादा है। लेकिन यह स्वीकार करना ही होगा कि प्राविधिक पक्ष और पात्रों की मनस्थिति का पूर्ण आकलन और अनुभव के लिए बाह्य जगत् के साथ व्याप्त दूरी होने के कारण महिला लेखन में कमी है। ऐसी चुनौती के बीच जितने नाटक लिखे गए, उसका ऐतिहासिक महत्त्व है। आधी शताब्दी की इस नाट्य-लेखन की यात्रा में दिखाई देने वाली महिला नाटकों की प्रवृत्तियां विविधता से भरी हुई हैं। इसने नेपाली नाटक के विकास में एक स्पष्ट रास्ता बना लिया है।

नेपाली नारी रचना के नाटक में नेपाली समाज का आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष का दयनीय चित्रण पाया जाता है। इन नाटकों में महिला और पुरुष के बीच खड़ी पितृसत्तात्मक सोच की दीवार और उससे सृजित पीछड़ेपन का विषय जीवंतता के साथ का संयोजित नजर आता है। मातृत्व और राष्ट्रीयता दोनों की संकटमय वर्तमान अवस्था की मार्मिक प्रस्तुति नारी लिखित नाटकों में पाई जाती है और समसामयिक प्रवृत्तियां भी रेखांकित हैं। इसी तरह जहाँ एक ओर पारिवारिक जीवन में नारी और पुरुष का मनोविज्ञान प्रस्तुत है, वहीं दूसरी ओर परंपरा और आधुनिकता के बीच का द्वंद्व चित्रांकित है।

नेपाली नारी नाटकों में संवाद में सरल भाषा का प्रयोग, बौद्धिकता से ज्यादा हार्दिकता की प्रस्तुति, राजनीतिक अस्थिरता और असमंजस की अवस्था का चित्रण, विदेश में पलायन हो रहे बच्चे और उनके माँ-बाप की विवशता का मार्मिक चित्रण, अमूर्त शैली में हो रहा मानवता का ह्रास, और वर्तमान समय की त्रासदी का चित्रण पाया जाता है। रंगमंचीय हिसाब से नाटकों में कम दृश्य और अंक रखे गए हैं। नेपाली नाटकों में एकांकियों की बुहलता, संरचना में सर्तकता, पात्रों की संख्या, वेशभूषा और पात्र अनुसार के संवादों पर ध्यान देने के बावजूद छुवाछूत और भेदभाव के कारण सिर्जित वर्गीय जीवन की पीड़ा का उत्खनन् और समाप्ति की कामना तथा रंगमंचीय शिल्प के हिसाब से कम सफल नजर आते हैं। लेकिन बाद के चरण में उदित हरिमाया भेटवाल तथा शिवानी सिंह थारू के नाटक की शक्ति विषय और मंचन दोनों ही हिसाब से काफी है और

ये सफल हैं।

६. निष्कर्ष

नेपाली नारी नाटक लेखन में विषयगत विविधता है। महिला नाटककारों ने पात्रों की जटिलता और मनोविज्ञान को सहजता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। संस्कृति के प्रबर्द्धन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त और विश्व परिवेश में लोकप्रिय विधा होने के बावजूद आज यह नाटक विधा दयनीय अवस्था में ही है। इसकी लेखन शक्ति और सीमा के बारे में चिंतन करन से यह बात स्वतः प्रमाणित हो जाती है। वास्तव में महिला से संबंधित विषय महिला के ही चिंतन और कलम से लिपिबद्ध होने पर ज्यादा सार्थक हो सकता है। लेकिन नाटक लेखन के क्रम में अभिनय और महिला कलाकारों की कमी का पक्ष सामने उभरकर आ जाता है। इसीलिए नाटकों में नारी चरित्र कम रखने की या सिर्फ नारी चरित्र का संकेत भर करने की परंपरा अभी भी जीवित है। यसर्थ नाटक में अब चाहे अभिनय करने की बात हो, चाहे नाटक लिखने की बात हो, दोनों ही नेपाली महिला नाटककारों के लिए असहज है। इसी दुर्भाग्य का शिकार नेपाली आधुनिक नाटक हुआ है। आज नाटक लेखन केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पुरुष लेखकों के लिए भी दुसाध्य बनता जा रहा है। लेकिन ऐसी स्थिति में नाटककारों का योगदान देश की अवस्था को परिवर्तित करने में काफी बड़ा हो सकता है। महिला नाटक लेखन के उल्लेखित योगदान ने नेपाली जनजीवन का सही मूल्यांकन करने में मदद की है। अतः नेपाली नारी नाटक की विकासकालीन प्राप्ति को विशिष्ट प्राप्ति के रूप में देखने की आवश्यकता है। इसे इसी रूप में देखना चाहिए।

(विश्व नारी नेपाली साहित्य परम्परा र प्रवृत्ति शीर्षक पुस्तक से)

अनुवाद : गोपाल अश्क

नेपाली बाल-नाटक का इतिहास

प्रभा भट्टराई आचार्य

१. पृष्ठभूमि

बाल-बालिकाओं के लिए अनौपचारिक और औपचारिक शिक्षा के क्रम में लिखी गई सामग्री या साहित्य को बाल-साहित्य के अंतर्गत लिया जा सकता है। नेपाली बाल-साहित्य का इतिहास बहुत पुराना नहीं होने के बावजूद इसकी मौखिक परंपरा बहुत पुरानी है। यदि बाल-बालिकाओं के लिए निर्मित साहित्य बाल-साहित्य है तो यह निश्चित तौर पर लिपि से पहले का होगा। बाल साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे बाल-कविता, बाल-गीत, बाल-कथा, बाल-उपन्यास, बाल-जीवनी, बाल-निबंध, बाल-चित्र-कथा, बाल-नाटक इत्यादि में से बाल नाटक अलग विधा है। अन्य विधाएं पाठ्य और श्रव्य हैं, जबकि बाल-नाटक दृश्य-बाल-नाटक है।

बाल-नाटकों में संवाद, मंचन और वेशभूषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। साहित्य का आधार लोक-साहित्य होने की वजह से बाल-साहित्य का भी आधार लोक-साहित्य ही है। साहित्य का आरंभ बाल-साहित्य से होने के कारण बाल-नाटक का भी आरंभ बहुत पहले से अलिखित परंपरा के रूप में बाल लोक-नाटक के रूप में हुआ है। लेकिन यह भी सच है कि लिखित साहित्य की शुरुआत होने के बहुत बाद बाल-साहित्य ने आकार प्राप्त किया है। नेपाल में बाल-बालिकाओं के लिए पृथक पाठ्य सामग्रियों के उत्पादन करने की धारणा तो बहुत बाद में विकसित हुई है। कथा और कविता आदि की तुलना में बाल-नाटक का इतिहास तो और छोटा नजर आता है।

बाल-बालिकाएं भाषा के प्रारंभिक प्रशिक्षार्थी हैं। उनमें भाषिक बोध और संप्रेषण की समस्या होती है। नाटक में केवल बोली की प्रधानता ही नहीं रहती, बल्कि हाव-भाव की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए नाटकों की प्रस्तुति में अभिनय के द्वारा अबुझ शब्दों को भी बड़ी आसानी से समझाया जा सकता है। लोक-साहित्य में स्थापित खेल-गीत बाल-बालिकाओं की बोली, मनोविज्ञान और भावभंगिमा की ओर संकेत करते हैं। ऐसे गीतों में गायन और अभिनय दोनों साथ-साथ होने से मनोरंजन के साथ-साथ बाल-विकास की उपलब्भि भी एक साथ प्राप्त किया जा सकता है। जैसे निम्त सक्रिय अभिनय के साथ गाए जाने वाले खेल-गीत :

"इतना-इतना पानी, कुंभ की रानी"

"इतना-इतना पानी, कुंभ की रानी" बच्चों द्वारा गोल घेरा बनाकर और अपने सर तक के अंगों को निदेर्शित करते गा-गाकर खेले जानेवाला एक खेल-गीत है। इसी प्रकार बच्चों को भोजन कराते वक्त गाए जाने वाला गीत देखिए :

"कौन खाएगा ... कौन ख़ाएगा दूध भात
मेरा लाड़ला खाएगा... खाएगा एक साथ"

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि बच्चे अभिनय के साथ छोटे-छोटे गीतों को सुनकर ज्यादा प्रभावित होने के कारण बाल-नाटक की आवश्यकता की अनुभूति बहुत पहले से की गई होगी। लेकिन औपचारिक तौर पर बाल-नाटकों के लेखन की शुरुआत बहुत बाद में हुई।

बाल साहित्य के अन्वेषक प्रभात सापकोटा ने अपनी पुस्तक **नेपाली बाल-नाटक का ऐतिहासिक अध्ययन** में कहा है," प्राप्त तथ्य को देखने के बाद यह पता चलता है कि २०१६ में श्यामदास वैष्णव का 'अगुल्टो' (जलता हुआ जरावन) एकाङ्की (प्रहरी पत्रिका) के प्रकाशन के बाद ही नेपाली बाल-नाटक का पहला पाठ्य और मंचन-सामग्री प्राप्त होती है। २०३७ में रमेश विकल का "सात थुँगा' (सात गुच्छे) बाल-नाटक प्रकाशित हुआ (सापकोटा, २०६८ : १)। नाटककार एवं अन्वेषक कृष्ण शाह यात्री ने "माटाको गन्ध" (मिट्टी की गंध) बाल-नाटक संग्रह की भूमिका में लिखा है कि उसके (सात थुँगा के प्रकाशन) बाद ही बाल-नाटकों का प्रकाशन होने लगा। यात्री ने

अपनी उस भूमिका में यह भी लिखा है कि २००७ साल में रेडियो नेपाल की स्थापना होने के बाद नाटककार श्यामदास वैष्णव ने २००८ साल में उसी रेडियो के लिए 'ए भात् चाँडो पाक्' (ऐ भात ! जल्दी पको) नामक बाल-नाटक का निर्देशन किया था । यही पहला नेपाली बाल-नाटक है । प्रथम प्रकाशित बाल-नाटक भी श्यामदास वैष्णव का ही 'अगुल्टो' (एकाङ्की) है जो २०१६ साल में प्रहरी पत्रिका में प्रकाशित हुआ था ।" इस प्रकार प्रथम बाल नाटक के लेखन और प्रकाशन की दृष्टि से पृथक विचार दिखाई देता है ।

नेपाली साहित्य में बहुत बाद बाल-नाटकों के लेखन की शुरुआत होती है । और संख्यात्मक दृष्टि से भी यह सबसे पीछे आने वाली विधा है । कहने का तात्पर्य यह है कि बाल-नाटकों की संख्या और साहित्यिक विधाओं से कम है । हो सकता है, बाल-नाटक के मंचन और प्राविधि पक्ष में जटिलता होने के कारण यह लोकप्रिय होने के बावजूद सर्वसुलभ नहीं हो सका हो । समीक्षक प्रमोद प्रधान ने 'नेपाली बाल साहित्य का इतिहास' नामक पुस्तक में लिखा है, "नेपाली बाल-नाटक का क्षेत्र अत्यंत दयनीय स्थिति में है । वि. सं. १९५८ में राणा प्रधानमंत्री देव शमशेर द्वारा पहली बार विद्यालय की स्थापना होने के बाद बाल-बालिकाओं को औपचारिक रूप में शिक्षा देने के लिए नेपाली भाषा में पाठ्य सामग्रियों की आवश्यकता महसूस की गई और इस कार्य में राजा जय पृथ्वीबहादुर सिंह (१९३४-१९९७) ने प्रयास किया । इसी क्रम में उन्होंने अक्षरांक शिक्षा (१९५८) बालबोध (भाग १ और २) के साथ-साथ अन्य बहुत-सी बाल पाठ्य पुस्तकों की रचना की । नेपाली बाल पाठ्य सामग्री की पहली पुस्तक 'अक्षरांक शिक्षा' के प्रकाशन के उनासी वर्षों अर्थात् २०३७ में पहला नेपाली एकाङ्की संग्रह 'सात थुँगा' प्रकाशित हुआ ।" (प्रधान, २०६१ : ११४)

२. नेपाली बाल-नाटक का कालक्रमिक अध्ययन

इस अध्ययन में नेपाली बाल-नाटकों के सर्वेक्षण के बाद उनका ऐतिहासिक कालक्रम में अध्ययन करने का काम किया गया है । इस अध्ययन में प्रकाशन के आधार पर कृति की जेष्ठता को ध्यान में रखकर पुस्तकाकार कृतियों प्रस्तुति की गई है, जिसका ऐतिहासिक विवरण निम्न है ।

२.१ रमेश विकल और "सात थुँगा"

साझा प्रकाशन के द्वारा २०३७ साल में प्रकाशित इस संग्रह में **शम्भु दाइ निर्दोष छ** (शंभु भैया निर्दोष है), **देवदूतको मद्दत** (देवदूत की मदद), **किसान र बाघ** (किसान और बाघ), **गीता भेट्टिई** (गीता मिली), **ऊ हाम्रो साथी हो** (वह हमारा दोस्त है), **सिद्धार्थको करुण र नदेखिने दान** (सिद्धार्थ की करुणा और गुप्त दान) मिलाकर सात बाल-एकाङ्की संगृहीत हैं । रमेश विकल के एकांकियों में बाल-बालिकाओं का धैर्य, समझदारी, व्यवहारिकता, सक्षमता, निर्दोष भाव इत्यादि प्रस्तुत हुए हैं । । रमेश विकल ने अपने बाल-नाटकों के माध्यम से प्राकृतिक और सांस्कृतिक पर्यावरण को प्रस्तुत किया है ।

२.२ विजय चालिसे और 'बादलका बुट्टाहरू'

नेपाल बाल साहित्य समाज द्वारा २०५२ साल में प्रकाशित विजय चालिसे के **'बादलका बुट्टाहरू'** (बादल के टुंकड़े) ने बाल-बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा और प्रसिद्ध विदेशी कथाओं से परिचित कराया है । 'बादलका बुट्टाहरू में **बुद्धिमान न्यायाधीश, गुग्लिएल्मो मार्कोनी, अल्बर्ट आइन्स्टाइन** और **राजा मिडास** मिलाकर कुल चार एकाङ्की संकलित हैं । विजय चालिसे के बाल-एकांकियों में प्रतिभाशाली व्यक्तियों के प्रेरणादायी प्रसंग पाए जाते हैं ।

२.३ सरुभक्त और "बाल-बालिकाओं का नाटक"

रत्न पुस्तक भंडार द्वारा २०५३ साल में प्रकाशित सरुभक्त के **"बाल-बालिकाओं का नाटक"** संग्रह में **'भ-भ-भ-भ-भूत, यती** और **खेल** मिलाकर कुल तीन नाटक संकलित हैं । **'भ-भ-भ-भ-भूत** अंधविश्वास को हतोत्साहित करने वाला नाटक है । दूसरा नाटक **यती** ने हिमाल को समझने में सहायता की है और तीसरा नाटक **खेल** जीवन के खेल से संबंधित है ।

२.४ जयराज रेग्मी और "अब हम लोग भी पढ़ पायेंगे"

एशिया पब्लिकेशन्स द्वारा २०५८ साल में प्रकाशित **'हामीले पनि पढ्न पाउने भयौँ'** (हम लोग भी पढ़ पायेंगे) संग्रह में १९ बाल-नाटक संकलित हैं । इसमें मौलिक और रूपांतरित दो खंड हैं । मौलिक अंतर्गत **श्रीपंचमी** (श्रीपंचमी) **सबरीको भक्ति** (सबरी की भक्ति), **साँचो बोल्नुपर्छ** (सच बोलना चाहिए),**शरीर दान** (शरीर दान), **दिदी बहिनीहरूको खेल** (बहनों का खेल) **मेरो छोरो चोर होइन** (मेरा बेटा

चोर नहीं है), **बल्ल धैटामा घाम लाग्यो** (अब सूझ आई), **गोठाला हुन नपर्ने भो** (चरवाहा होने से बच गये), **अब पो कुरो बुझें** (अब जाके बात समझ पाया), **बकबक गर्नेले काम गर्दैन** (बकबक करने वाला काम नहीं करता), **अक्कल** (अक्ल) **रिकापीभरिको हलुवा र कान्छीको खुसी** (थाली का हलुवा और कान्छी की खुशी) मिलाकर तेरह बाल-एकाङ्की संकलित हैं।

अनूदित खंड के अंतर्गत सतिशको बुद्धिमानी (सतीश की बुद्धिमानी), उपहार (उपहार), दाजुभाइमा प्रेम (भाईयों में प्रेम), जस्तालाई तस्तै (जैसा को तैसा) और सम्झने शक्ति र परीक्षा (समझने की शक्ति और परीक्षा) छह एकाङ्की समामेश किए गए हैं। इन बाल-नाटकों में चित्र नहीं रखा गया है।

२.५ दिनेश अधिकारी और "जंगल की कथा और जंगल की व्यथा"

विश्व वन्यजंतु कोष नेपाल कार्यक्रम द्वारा २०५८ साल में प्रकाशित **'जङ्गलको कथा र जङ्गलको व्यथा"** (जंगल की कथा और जंगल की व्यथा) दिनेश अधिकारी का बालगीति-नाटक है। प्रकृति के संरक्षण के बारे में लिखे गए इस नाटक में नाटककार अधिकारी ने **रुखदेवी** (पेड देवी), **फलदेवी** (फल देवी), **बाँदर** (बँदर), **घोरल** (मृग), **हरिणका बच्चाहरू** (हिरण के बच्चे), **बँदेल** (जंगली सुअर), **खरायो** (खरहा), **मयूर** (मोर) और **मान्छे** (आदमी) को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नाटक मंचन की दृष्टि से भी सशक्त हैं। इस बाल नाटक में देवेन्द्र पांडे द्वारा बनाए गए चित्र प्रस्तुत किए गए हैं।

२.६ शारदा रमण नेपाल और "हमारा अभियान"

विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा. लि. द्वारा २०५८ साल में प्रकाशित **'हाम्रो अभियान'** (हमारा अभियान) शारदा रमन नेपाल का बाल-नाटक है। यह सांस्कृतिक बाल-नाटक है। इसमें यह संदेश दिया गया है कि पर्व त्यौहारों को भारी नहीं बनाना चाहिए और उसमें समयानुकूल सुधार करना चाहिए।

२.७ रमेश विकल और अब तुम मत रोओ किरण

रमेश विकल का **'अब तिमी नरोऊ किरण** (अब तुम मत रोओ किरण) साझा प्रकाशन द्वारा २०५९ साल में प्रकाशित पुस्तक है। प्रस्तुत एकाङ्की संग्रह में **आमा ! मेरी आमा,** (माँ ! मेरी माँ), **अब तिमी नरोऊ किरण** (अब तुम मत रोओ किरण), **माया दी ! मलाई पनि स्कुल लैजानोस् है** (माया दीदी ! मुझे भी स्कूल ले चलिए न) **हराएका आमाबाबु र राजाबाबु** (गुम हुए माता-पिता और राजा बाबू) कुल पाँच बाल-एकाङ्की संकलित हैं। इस संग्रह में रवींद्र भट्टराई द्वारा बनाए गए चित्र हैं और सारे एकाङ्की छोटे और सुंदर और मंचनीय हैं।

२.८ शारदा रमण नेपाल और "खलाँती बाजे"

विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा.लि. द्वारा २०५९ साल में प्रकाशित **"खलाँती बाजे"** शारदा रमण नेपाल का दूसरा एकाङ्की संग्रह है। इसमें **खलाँती बाजे** (खलाँती बाबा), **रमेश सरको जादु** (रमेश सर का जादू) और **कुरैकुरा** (बातें ही बातें) तीन एकाङ्की संकलित हैं। इस संग्रह के एकांकियों में चित्र युवक श्रेष्ठ द्वारा प्रस्तुत किया गया है और पुस्तक का आवरण के.के. कर्माचार्य ने बनाया है। इस कृति में जाति-प्रथा, छुवाछुत और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई गई है।

२.९ शारदा रमण नेपाल और 'प्रण'

एकता प्रकाशन द्वारा २०६१ साल में प्रकाशित **"अठोट'** (प्रण) शारदा रमण नेपाल का तीसरा एकाङ्की संग्रह है। शारदा रमण द्वारा रचित और केशव सुवेदी द्वारा संपादित इस एकाङ्की संग्रह में आठ एकाङ्की हैं। इसमें **हजुरबाको पाठ** (दादाजी का सबक), **अठोट** (प्रण), **नानीको बजार यात्रा** (लाड़ली की बाजार यात्रा), **अर्काको रचना** (दूसरे की रचना),**पक्षपात** (पक्षपात), **जे.आर.सर** (जे.आर.सर) **लागेको बानी** (लगी हुई आदत) और **छोराको घर** (बेटे का घर) संकलित हैं। कीर्ति कौशल जोशी के चित्रों ने रचनाओं को और अधिक संप्रेष्य बनाया है। शारदा रमण के ये बाल-एकांकियों ने संस्कृति में सुधार लाने का संदेश देने की कोशिश की है। इसमें यह संदेश दिया गया है कि ज्ञान के विकास करना चाहिए, चाकड़ी और चापलुसी में न फंसकर स्वाभिमानी और स्वावलंबी होना चाहिए और भेदभावरहित समाज और परिवार की स्थापना करनी चाहिए।

२.१० विजयराज आचार्य और 'रोशनी की तलाश में"

विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा.लि.द्वारा २०६१ साल में प्रकाशित **'उज्यालोको खोजीमा'** (रोशनी की तलाश में) विजयराज आचार्य द्वारा रचित राजनीतिक समस्याओं को प्रस्तुत करने वाला नाट्य कृति है।

२०६२-६३ के आंदोलन की पृष्ठभूमि ही इसका परिवेश है। इसमें पिता, पुत्र और आंदोलन में लगे नेताओं का अभिनय और भूमिका हैं। नाटकों में स्वंबर हाङ का चित्र प्रस्तुत किया गया है।

२.११ कृष्ण प्रसाद पराजुली और "इन्द्रिनी"

रत्न पुस्तक भंडार द्वारा २०६२ में प्रकाशित कृष्ण प्रसाद पराजुली के **"इन्द्रिनी" (इन्द्रिनी)** नाटक संग्रह में **भविष्यका तारा** (भविष्य का तारा), **आजको ताजा खबर** (आजकी ताजा खवर), **कान्छो घर्ती छिँडीमा** (छोटा कान्छा सीढ़ी तले), **जागरण** (जागरण), **छोरीले पढ्नुपर्छ** (बेटियों को पढ़ना चाहिए), **नयाँ वर्ष कसरी मनाउने ?** (नया साल कैसे मनाया जाय ?) और **आमाको महिमा** (माँ की महिमा) सात एकाङ्की संकलित हैं। इसमें सूर्यनारायण के चित्र रखे गए हैं। कृष्ण प्रसाद पराजुली के एकांकियों में बाल-वालिकाओं का मनोविज्ञान, पढ़ाई का महत्त्व, सामाजिक मर्यादा जैसी वातों को प्रस्तुत किया गया है।

२.१२ श्यामदास वैष्णव और "शैक्षिक नाटक"

सहयोगी परिवार द्वारा २०६३ साल में प्रकाशित श्यामदास वैष्णव का **'शैक्षिक नाटक"** (शैक्षिक नाटक) में सत्रह एकाङ्की संकलित हैं। इसमें **अगुल्टो** (जलता हुआ जरावन), **पैसाको चुम्बक** (पैसे का चुंबक), **कुरा गर्ने चरा** (बातें करने वाले पंछी), **उडेको चरा** (उड़े हुए पंछी), **चङ्खेको हुर्मत** (चंखे की करतूत), **सस्ताको खोजी** (सस्ता की तलाश), **धेरैको नापो** (बहुतों का नाप), **लक्ष्मीको बास** (लक्ष्मी का वास), **उल्टो बाजी** (उलटा बाजी), **दुई उल्लुहरू** (दो उल्लू), **मुसेकाजी** (चूहा महाराज), **को हुस्सु** (कौन धूंध), **बिजायँ सजायँ** (दण्ड सजा), **असल कमसल** (बुरा भला), **चाहने नचाहिने** (आवश्यक अनावश्यक), **डोको** (डोको : एक पहाड़ी डेली) और **बझौटे छोरो** (झगड़ालू बेटा) सहित सतरह एकाङ्की प्रस्तुत किए गए हैं। अंदर के पन्नों में कोई चित्र नहीं है। इस पुस्तक का आवरण अग्निराज पौडेल ने बनाया है।

२.१३ छायादत्त न्यौपाने और "बाल दिवस"

विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा.लि. द्वारा २०६३ साल में प्रकाशित **"बाल दिवस"** (बाल-दिवस) छायादत्त न्यौपाने द्वारा लिखित उनकी पहली नाट्यकृति है। प्रस्तुत बाल एकाङ्की संग्रह में **नाति जन्मेपछि** (नाती के जन्म लेने के बाद), **अब यस्तो नगर्नुहोस् है ?** (अब ऐसा मत कीजिएगा ?), **कोठाभरि उज्यालो** (पूरे कमरे में रोशनी), **केटाकेटी मुस्कुराउँछन्** (बच्चे मुस्कुराते हैं), **साथी साथीलाई** (दोस्त दोस्त के लिए), **एक हातले ताली बज्दैन** (एक हाथ से ताली नहीं बजती), **ताप्के नताती बिँड तात्दैन** (तावे का बिना गरम हुए मूठा गरम नहीं होता), **सही बाटोमा हिँड्छु** (सही राह पर चलूंगा), और **बाल दिवस** (बाल-दिवस) शीर्षक के नौ एकाङ्की संकलित हैं। इसमें उमेशचंद्र अधिकारी के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। इसमें बाल-बालिकाओं के लिए शिक्षामूलक नाटक संगृहीत हैं।

२.१४ राम प्रसाद ज्ञवाली और "संपत्ति"

जम्को प्रकाशन प्रा.लि. द्वारा २०६३ साल में प्रकाशित राम प्रसाद ज्ञवाली का **"सम्पत्ति"** (संपत्ति) एकाङ्की संग्रह में **बडादसैं** (दशहरा), **सफा वातावरण : स्वच्छ जीवन** (शुद्ध वातावरण : स्वच्छ जीवन), भानुभक्तको काठमाडौं भ्रमण (भानुभक्त का काठमाँडू भ्रमण), सम्पत्ति (संपत्ति) और रहस्य (रहस्य) नामक वाल एकाङ्की संकलित हैं। उमेशचंद्र द्वारा बनाए गए चित्रों से सजी हुई इस पुस्तक में शहरी प्रदूषण, संस्कृति, वातावरण के साथ-साथ इतिहास और वर्तमान को विषयवस्तु के रूप में प्रस्तुत किया गया है। बाल-बालिकाओं को भानुभक्त को भानुभक्त को प्रत्यक्ष मंच पर देखकर अच्छा लग सकता है। इतिहास और वर्तमान के सम्मिश्रण से नाटक रुचिकर साबित हुआ है। इस संग्रह में नैतिक संदेशयुक्त नाटक भी शामिल हैं।

२.१५ सौरभ किरण श्रेष्ठ और "पेटुपेन"

प्रतिभा रश्मि प्रकाशन द्वारा २०६३ साल में प्रकाशित **पेटुपेन** (पेटुपेन) सौरभ किरण श्रेष्ठ द्वारा रचित बाल नाटक है। इस नाटक में कलम के गुम हो जाने और मिल जाने से उत्पन्न मानसिक उतार-चढ़ाव को सूक्ष्म तरीका से चित्रांकित किया गया है। प्रमुख पात्र कलम को कार्टुन चरित्र के रूप में प्रस्तुत किए गए इस नाटक में **पेटुपेन** के अलावा **किरण** (किरण), **टीका** (टीका), **सुशीला** (सुशीला), **आमा** (माँ) , **साथी** (दोस्त) , **विक्रम** (विक्रम), **बिपना** (यथार्थ) और **हरि** (हरि) जैसे मानवीय चरित्र भी शामिल हैं। पेटुपेन वहुत सी जगह पर मंचित हो चुका नाटक है। इसमें काष्ठमंडप आर्ट की चित्रकला है।

२.१६ रमेश विकल और "गुम हुई चिट्ठी"

रमेश विकल का "हराएको चिठी" (गुम हुई चिट्ठी) विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा. लि. द्वारा २०६४ साल में प्रकाशित हुआ है। प्रस्तुत एकाङ्की संग्रह में **हराएको चिठी** (गुम हुई चिट्ठी), **एउटा कुरो नि** । (एक बात है !), **के ल्याऊँ हजुर ?** (क्या लाऊँ हुजूर ?), **जेरी, स्वारी, तरकारी ?** (जलेबी, पूड़ी, तरकारी ?), **ऊ ज्ञानी भैहाल्छ नि** । (वह ज्ञानी हो ही जाएगा !), **हजुरआमा भन्नुहुन्थ्यो** (दादी कहती थी), **एकादेशमा** (एक देश में), **राजा हिमवन्तको निसाफ** (राजा हिमवंत का इन्साफ), और **डा. सर्वज्ञमान एन.के.** (डॉ. सर्वज्ञमान एन. के.) शीर्षक के तहत नौ एकाङ्की संकलित हैं। इसमें युवक श्रेष्ठ के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। इस संग्रह में यह घोषित किया गया है कि **राजा हिमवंत का इन्साफ** किंगसलिम का रुपांतरण है और डा' **सर्वज्ञमान एन. के.** भी विदेशी भाषा का स्वतंत्र रूपांतरण है।

२.१७ शर्मिला खड्का और "उजाला रास्ता शिक्षा का"

स्वर्णिम नव साहित्य प्रकाशन द्वारा २०६४ साल में प्रकाशित "**उज्यालो बाटो शिक्षाको**" (उजाला रास्ता शिक्षा का) शर्मिला खडका का बाल एकाङ्की संग्रह है। इसमें **कसको पीडा** (किसकी पीड़ा), **असम्भव सम्भव** (असंभव संभव), **हाम्रो दायित्व** (हमारा दायित्व), **उज्यालो बाटो शिक्षाको** (उजाला रास्ता शिक्षा का) शीर्षक के छह एकाङ्की संकिलत हैं। इस कृति में कहीं नेताओं के चरित्र पर सवाल खड़े किए गए हैं तो कहीं बाल-शिक्षा के पक्ष में बहस की गई है। "**उजाला रास्ता शिक्षा का**" एकाङ्की ने शैक्षिक उन्नति की इच्छा को मुख्य विषय बनाया है। शशी किरण के चित्रों से सजी हुई इस पुस्तक में बाल-बालिकाओं को उत्तरदायित्व-बोध की तरफ सचेत कराया गया है।

२.१८ कृष्ण शाह यात्री और "छोटा रा'बट"

ऐरावती प्रकाशन प्रा.लि. द्वारा २०६५ साल में प्रकाशित "**फुच्चे रोबोट**" (छोटा रॉबट) विज्ञान नाटक है। प्रस्तुत संकलन में **फुच्चे रोबोट** (छोटा रॉबट), **हारुनको मुरली** (हारुन की मुरली) , **गुनी खरायो** (गुणी खरहा), **हाम्रो राम्रो पहिचान** (हमारी अच्छी पहचान) और **पुन्टे गुगल** (पुन्टे गुगल) , यानी कि पांच एकाङ्की संकलित हैं। प्रस्तुत कृति में राजेश मानन्धर के द्वारा बनाए गए चित्र शामिल किए गए हैं। **छोटा रा'बट** विज्ञान नाटक है। इसमें मानवेतर पात्र रॉबट और बाल पात्र की ही भूमिका शीर्ष स्थान पर है। अन्य नाटक भी बाल जिज्ञासा, बाल मनोविज्ञान और बाल समस्याओं के अगल-बगल में घूमते रहते हैं।

२.१९ कृष्ण शाह यात्री और "हिङमाङको चौंरी"

बी. एन. पुस्तक संसार द्वारा २०६५ साल में प्रकाशित "हिङमाङको चौंरी" में कृष्ण शाह यात्री के **हिङमाङको चौंरी** (हिंगमाँग की चौरी), **भकुन्डोको मन** (गेंदा का दिल), **अब सानी हाँस्छिन्** (अब छोटी हँसेगी) और **बाटो बिराउँदा** (राह भटक जाने पर) चार बाल नाटक हैं। बाल मनोविज्ञान और नेपाली परिवेश के द्वारा विशिष्ट बनाए गए नाटक मंचन की दृष्टि से भी उल्लेख्य हैं। इसमें रवि बस्नेत के चित्रों ने नाटकों को और अधिक सुबोध्य और मनोरंजक बना दिया है।

२.२० तेज प्रकाश श्रेष्ठ और "उपहार क्या दिया जाय ?"

बुक पैलेस द्वारा २०६५ साल में प्रकाशित तेज प्रकाश श्रेष्ठ का '**उपहार क्या दिया जाय ?** बाल एकाङ्की संग्रह के रूप में प्रकाशित है। इस संग्रह में **उपहार के दिने ?** (उपहार क्या दिया जाय ?), **के मैले बेठिक गरें ?** (क्या मैंने गलत किया ?), **ज्ञानी हुन पनि जान्नुपर्छ** (ज्ञानी होना भी जानना होगा), **ठन्ठा बरफ** (ठंढा बर्फ) **उज्याला धर्साहरू** (रोशनी की लकीरें) जैसे एकाङ्की संकलित हैं। 'उपहार क्या दिया जाय' शीर्षक के नाटक ने यह संदेश दिया है कि उपहार देने के लिए सबसे अच्छी सामग्री पुस्तक ही होती है। **ठंढा बर्फ** में बाजार में मिलने वाली खाने-पीने की चीजों की ओर से बच्चों का ध्यान हटाने की कोशिश की गई है। **क्या मैंने गलत किया** में बच्चों को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि रास्ते में मिली चीजों को नहीं छुना चाहिये और होशियार होना चाहिए। इस पुस्तक में समग्र में बाल उपयोगी संदेश दिए गए हैं। प्रस्तुत कृति में एकाराम सिंह ने चित्र बनाए हैं।

२.२१ अशेष मल्ल और "जंगल में एक दिन"

डिकुरा पब्लिकेशन द्वारा २०६७ साल में प्रकाशित अशेष मल्ल का "**जङ्गलमा एक दिन**"(जंगल में एक दिन) बाल नाटक संग्रह के रूप में आया है। इस संग्रह में **गङ्गारामको न्याय** (गंगा राम का न्याय), **अँध्यारो अँध्यारो**

(अँधेरा अँधेरा), **जङ्गलमा एक दिन** (जंगल में एक दिन) **खेलहरूको खेल** (खेलों का खेल) और **माछाहरूको बैठक** (मछलियों की बैठक) शीर्षक के पांच एकाङ्की संकलित हैं। नाटककार खुद रंगकर्मी होने के कारण उनके नाटक मंचन की दृष्टि से विशेष आकर्षक और परिपक्व हैं। तार्किक, मनोरंजक और संदेशमूलक बाल नाटकों के प्रस्तुत संकलन में इशान परियार की चित्रकारिता है।

२.२२ कृष्ण शाह यात्री और "जलपरी"

डिकुरा पब्लिकेशन द्वारा २०६७ साल में प्रकाशित **"जलपरी"** (जलपरी) कृष्ण शाह यात्री की तीसरी नाट्यकृति है। इस संकलन में हराएको अङ्क (गुम हुए अंक),, लक्ष्मीपूजा (लक्ष्मीपूजा), जलपरी (जलपरी), भाइरस किलर (वाइरस किलर), परीक्षाको भूत (परीक्षा का भूत) शीर्षक के तहत पांच एकाङ्की संकलित हैं। मेनुका राई और रवि बस्नेत के चित्रों ने प्रस्तुत कृति के नाटकों को जीवंत बनाया है।

२.२३ छायादत्त न्यौपाने और "मोटरसाइकल की शादी"

स्वदेश प्रकाशन द्वारा २०६७ साल में प्रकाशित "मोटर साइकलको बिहे" (मोटरसाइकल की शादी) छायादत्त न्यौपाने की चौथी नाट्यकृति है। इस संग्रह में मोटरसाइकलको विहे (मोटरसाइकल की शादी), रवि मुस्कुराए (रवि मुस्कुराया) और बालगृहमा सडक बालकहरू (बालगृह में सड़क के बच्चे) मिलाकर तीन एकाङ्की नाटक संकलित हैं। इसमें राज कुमार प्रजापति के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। न्यौपाने के बाल नाटकों ने बाल जीवन की समस्याओं की ओर संकेत किया है। इनके नाटकों में सामाजिक और शैक्षिक समस्या भी प्रस्तुत हुई है।

२.२४ पुण्य प्रसाद प्रसाई और "कथा दादी की"

वि.सं. २०६८ में प्रकाशित **"कथा हजुरआमाको"** (कथा दादी की) दो दृश्यों में संयोजित किया गया लघु बाल नाटक है। इस नाटक में नैतिक चेतना को केंद्र बनाया गया है। पिज्जा खाने के लिए रेस्टुरेंट में गए बच्चों ने अपने हिस्से का भोजन भूख से छटपटाती एक बूढ़ी माँ को देकर दया और प्रेम का उदाहरण पेश किया है। इस नाटक ने नये पुस्ते को अच्छा संदेश दिया है।

२.२५ राजव और "चूहे मामा के यहाँ चल पड़े"

बाल संसार द्वारा वि.सं. २०६८ में प्रकाशित "मुसाहरू मामाघर हिँडे" (चूहे मामा के यहाँ चल पड़े) राजव की बाल नाट्य कृति है। इस कृति में **मुसाहरू मामाघर हिँडे** (चूहे मामा के यहाँ चल पड़े), **मेरो पुच्छर मसँगै हुने** (मेरी पूँछ मेरे साथ ही रहेगी), **हो हामी हेप्दैनौं** (हाँ, हम नहीं सताते) और **नाम** (नाम) शीर्षक के तहत चार बाल नाटक संकलित हैं। चूहे मामा के यहाँ चल पड़े में मानव और मानवेतर दोनों चरित्र एक साथ चित्रांकित हुए हैं। इस नाटक में एक मनोरंजनात्मक प्रसंग है। रात में सोने के समय एक बूढ़ा अपने दाँतों को निकालकर रख देता है और उसे चूहे ले जाते हैं। उसके के बाद आदमी चूहों को खत्म करने का षडयंत्र करता है और अपनी जान बचाने के लिए चूहे मामा के यहाँ जाते हैं। इस नाटय कृति में यह संदेश दिया गया है कि सामाजिक समानता रहनी चाहिए और हमें दूसरों का आदर करना चाहिए। इस संग्रह में इशान परिया के चित्र समावेश किए गए हैं।

२.२६ महेश पौड्याल और "माँ बिना की एक शाम"

केटाकेटी मिडिया प्रा. लि. द्वारा २०६८ में प्रकाशित **"आमा नहुँदा एक साँझ"** (माँ बिना की एक शाम) महेश पौड्याल का बाल एकाङ्की संग्रह है। इस कृति में **आमा नहुँदा एक साँझ** (माँ बिना की एक शाम), **बिगौती त खाने खाने,** (फेंसा तो खाया ही जाएगा), **विजय** (विजय), **आकाश** (आकाश) और **कैद आवाज** (कैद आवाज) शीर्षक के तहत पांच बाल नाटक संकलित हैं। इसमें विनिता बुद्धाचार्य के द्वारा बनाए गए चित्र हैं और कार्तिकेय घिमिरे ने इस कृति का संपादन किया है। महेश के बाल एकाङ्की बाल मनोविज्ञान और बाल समस्याओं को लेकर प्रस्तुत हुए हैं।

२.२७ कृष्ण शाह यात्री और "डमरू और लड़का"

बुक साइन पब्लिकेशन द्वारा २०६९ साल में प्रकाशित **"डमरु र केटो"** (डमरू और लड़का) कृष्ण शाह यात्री की चौथी बाल नाट्य रचना कृति है। इस कृति में **शैलीका नयाँ साथी** (शैली का नया दोस्त), **डमरु र केटो** (डमरू और लड़का) तथा **हराएको रोबोट** (गुम हुआ रॉबट) तीन एकाङ्की संकलित हैं। इसमें इशान परियार के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। नाटककार कृष्ण शाह यात्री ने बाल बालिकाओं का ध्यान विज्ञान और

प्रविधि की तरफ आकर्षित करने की कोशिश की है। **शैली का नया दोस्त** में शैली लैपटॉप, पेंसील और पेन को चरित्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। दूसरे एकाङ्की **डमरू और लड़का** में माँ गेंड़ा और पिता गेंड़ा के मरने के वाद उसके बच्चे की की कारुणिक कथा है।

२.२८ ललिता दोषी और "पारू की प्रतिज्ञा"

बी.एन. पुस्तक प्रकाशन प्रा.लि. द्वारा २०७० साल में प्रकाशित **"पारूको प्रतिज्ञा"** (पारू की प्रतिज्ञा) ललिता दोषी द्वारा लोक-लय में रचित वाल गीतिनाटक है। इसमें बाल चरित्र के रूप में पारू, प्रवीण और गोपी उपस्थित हैं। इसके साथ-साथ विरू, धाई माँ, वृद्ध आदि प्रौढ़ चरित्र भी हैं। इस कृति का केंद्रीय चरित्र पारू परीक्षा में असफल होने की वजह से खिन्न होकर जंगल की ओर जाती हुई दिखाई देती है। गोपी सहित अन्य विभिन्न पात्रों के सहयोग से पारू सकुशल मिल जाती है और पढ़ाई नहीं करने की जिद्द ली हुई पारू अपने अभिभाव और दोस्तों के समझाने-वुझाने पर पढ़ने के लिए उत्प्रेरित होती है। और अंत में पारू के द्वारा अच्छी तरह से पढ़ाई करने की प्रतिज्ञा लेने की घटना के साथ नाटक की समाप्ति होती है।

२.२९ गार्गी शर्मा और "काव्यगुरु सिद्धिचरण"

युगकवि सिद्धिचरण प्रतिष्ठान द्वारा २०७२ साल में प्रकाशित गार्गी शर्मा का **'काव्यगुरु सिद्धिचरण"** युगकवि सिद्धिचरण श्रेष्ठ के विषय पर लिखा गया बाल नाटक है। यह नाटक कक्षा के परिवेश में लिखा गया है। युगकवि सिद्धिचरण के जन्म दिन के अवसर पर कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा बलराम सर के सामने रखी गई जिज्ञासा से नाटक शुरू हुआ है। ऐतिहासिक एवं साहित्यिक विषय पर संरचित इस बाल नाटक में उर्मिला, शारदा, अनुज्ञा, बलराम सर आदि चरित्र के रूप में उभर कर आए हैं। तीन दृश्यों में संयोजित प्रस्तुत कृति साहित्यसेवी सिद्धिचरण श्रेष्ठ के जीवन और साहित्यिक योगदान से संबंधित है। बाल-बालिकाओं को सिद्धिचरण श्रेष्ठ के बारे में जानकारी देने और उन्हें उनके करीब लाने में इस पुस्तक की सार्थकता रही है।

२.३० यशु श्रेष्ठ और "पहरेदार सिंका और बोरा"

परिचय पब्लिकेशन द्वारा २०७२ साल में प्रकाशित यशु श्रेष्ठ का **"पहरेदार सिन्का र बोरा"** (पहरेदार सिंका और वोरा) सर-सफाई अभियान से संबंधित वाल नाटक है। इसमें कमल, वुनु, काका, यात्री और ग्रामीण आदि चरित्र हैं। यात्री ने सफाई अभियान के अभियंता की भूमिका निर्वाह की है। कमल, वुनु और काका आदि उसी के सहयोगी के रूप में दिखाई देते हैं। गंदगी से प्रदूषित गाँव में यात्री चरित्र ने वाल-वालिकाओं को सफाई की शिक्षा देकर गाँव को स्वच्छ बनाने का जो काम किया है, वह काफी प्रेरणाजन्य नजर आता है।

२.३१ वासुदेव मुनाल और "तीन नाटक"

रत्न पुस्तक भंडार द्वारा २०७२ साल में प्रकाशित वासुदेव मुनाल का **"तीन नाटक"** तीन बाल नाटकों का संग्रह है। इस संकलन में **आमाको माया** (माँ की ममता), **हैजाबाट बँच र बचाऊ** (हैजा से बचो और वचाओ) एवम् **आँखाको ज्योति अनमोल मोती** (आँख की ज्योति अनमोल मोती) जैसे तीन नाटक संकलित हैं। इसमें सूर्यनारायण श्रेष्ठ के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। वासुदेव मुनाल रेडियो नेपाल में बाल कार्यक्रम का संचालन करने वाले एक दक्ष, अनुभवी और लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं। साथ ही ये बाल-बालिकाओं के प्रिय साहित्यकार भी हैं। तीन रेडियो नाटकों का यह संकलन अन्य नाटकों से भिन्न है। इसमें संवाद और आवाज की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

२.३२ डा. विष्णु के.सी. और "मिट्टी की गंध"

वृहस्पति पुस्तक प्रकाशन द्वारा २०७२ साल में प्रकाशित डॉ विष्णु के.सी. का **"माटोको गन्ध"** (मिट्टी की गंध) सात वाल नाटकों का संग्रह है। इस संकलन में **भ्रमको पर्दा** (भ्रम का पर्दा), **हर्षको हुरी** (खुशी की अँधी), **राम्रो काम** (अच्छा काम), **दसैं** (दशहरा), **माटोको गन्ध** (मिट्टी की गंध), **पुच्छरको स्वाद** (पूँछ का स्वाद) और **पश्चात्ताप** (पश्चात्ताप) शीर्षक के तहत सात एकाङ्की संकलित हैं। इसमें सुशील थापा के द्वारा बनाए गए चित्र हैं। इस नाट्य कृति में सामाजिक समस्या, वातावरण संरक्षण और संगत के प्रभाव जैसे विषयों को बाल-बालिकाओं के लिए प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

२.३३ रामेश्वर राउत मातृदास और "बाग्मती की वेदना"

स्वदेश प्रकाशन द्वारा २०७२ साल में प्रकाशित रामेश्वर राउत मातृदास का **'बाग्मतीको बेदना"** (बाग्मती

की वेदना) पांच बाल नाटकों का संग्रह है । इस संकलन में **जीवनको बलो सबैको भलो** (जीवन का आधार सभी की भलाई), **बागमतीको वेदना** (बागमती की वेदना), **कोइलीको बोली** (कोयल की बोली), **सङ्कल्प** (संकल्प) और **पंक्षी संसार** (पंक्षी संसार) जैसे पांच एकाङ्की संकलित हैं । इस संग्रह में वातावरण संरक्षण, समाज सुधार, प्रकृति के विविध विषय जैसे पंक्षियों की दुनिया, फलफूल, सब्जी की दुनिया को बाल - बालिकाओं के लिए रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है ।

२.३४ टंक चौलागाई और "सोने की कुल्हाड़ी"

कथालय इन्क द्वारा २०७३ साल में प्रकाशित टंक चौलागाई का "**सुनको बन्चरो**" (सोने की कुल्हाड़ी दो अंकों में संरचित बाल नाटक है । इस नाटक में लकड़ीहार और कुल्हाड़ी की प्रचलित कथा को आधार बनाया गया. है । इस संग्रह में ईमान्दार और लोभी लकड़हार के प्रमुख पात्र के रूप में होने के साथ-साथ जलपरी, हाथी, घोड़ा, पेड़ आदि भी पात्र के रूप में चित्रित हैं । यह नाटक बच्चों के लिए रोचक के साथ-साथ संदेशमूलक भी है । शाश्वत पराजुली के द्वारा संपादित इस नाटक में विनिता बुद्धाचार्य के द्वारा बनाए गए चित्र शामिल किए गए हैं ।

उपर्युक्त प्रस्तुत पुस्तकें बाल नाट्य क्षेत्र के विशेष पुस्तकाकार कृतियाँ हैं । इनमें से गार्गी शर्मा का 'काव्यगुरु सिद्धिचरण', दिनेश अधिकारी का 'जंगल की कथा जंगल की व्यथा', पुण्य प्रसाद प्रसाईं का 'कथा दादी की', यशु श्रेष्ठ का 'पहरेदार सिंका और बोरा', विजयराज आचार्य का 'रोशनी की तलाश', सौरभ किरण श्रेष्ठ का 'पेटु पेन' और ललिता दोषी का लोकलय में रचित बाल गीतिनाटक पारू की प्रतिज्ञा और टंक चौलागाईं का 'सोने की कुल्हाड़ी' एक ही विषय पर केंद्रित नाट्य रचनाएं हैं और अन्य कृतियाँ नाटक संग्रह हैं ।

उल्लेखित कृतियों के अतिरिक्त विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित विभिन्न स्रष्टाओं के फुटकर नाटकों ने भी नेपाली बाल नाटक के इतिहास में उल्लेख्य योगदान दिया है । कुछेक नाटक संग्रहों ने तो बहुत से छोटे-छोटे नाटकों को संकलित करके बाल-बालिकाओं के लिए नाटक प्रस्तुत करने के लिए सहयोग किया है । ऐसी पुस्तकाकार कृतियों ने नेपाल के बाल एकांकियों की नमूना भी प्रस्तुत की है । ऐसी कृतियों का सामान्य परिचय इस प्रकार है ।

(क) प्रतिनिधि नेपाली बाल नाटक (सं.)

कृष्ण शाह यात्री द्वारा संपादित और बी.एन. पुस्तक संसार, काठमाँडू द्वारा प्रकाशित प्रतिनिधि **नेपाली बाल नाटक** (२०६५) में उन्नीस नाटक संकलित हैं । इस संग्रह में अशेष मल्ल, कृष्ण शाह यात्री, छायादत्त न्यौपाने, तेज प्रकाश श्रेष्ठ, मोहनराज शर्मा, रमेश विकल, राजव, राम प्रसाद ज्ञवाली, विमल भौकाजी, श्यामदास वैष्णव, शर्मिला खडका दाहाल, शारदा रमण नेपाल, शिव अधिकारी और सरूभक्त के बाल नाटक संगृहीत हैं । उपर्युक्त नाटकारों में से किसी के दो और किसी के एक नाटक संकलित है । नेपाली बाल नाटक के क्षेत्र में अपने तरह का यह पहला संग्रह है ।

(ख) प्रतिनिधि नेपाली बाल नाटक (सं)

विजय राज आचार्य द्वारा संपादित एवम् विवेक सिर्जनशील प्रकाशन प्रा. लि. द्वारा प्रकाशित **प्रतिनिधि नेपाली बाल नाटक** (२०६६) में जम्मा चौदह नाटकारों के नाटक प्रस्तुत किए गए हैं । इस संग्रह में अशेष मल्ल, कृष्ण प्रसाद पराजुली, जयराज रेग्मी, तेज प्रकाश श्रेष्ठ, मोहनराज शर्मा, रमेश विकल, राजव, रामबाबु सुवेदी, विजय चालिसे, विजयराज आचार्य, विमल भौकाजी, वासुदेव मुनाल, शर्मिला खडका और सरूभक्त के बाल नाटक संगृहीत हैं । इसमें सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, बाल विकास से संबंधित, राजनैतिक, स्वैर काल्पनिक जैसे विविध विषयों पर लिखे गए नाटक संगृहीत हैं । इस नाट्य कृति का आवरण कलाकार के.के. कर्माचार्य ने बनाया है और नाटकों से संबंधित चित्र उमेश श्रेष्ठ ने । इस संग्रह के प्रायः सभी नाटक मंचन योग्य हैं और प्रभावकारी हैं ।

(ग) हमारे एकाङ्की (बाल एकाङ्की संग्रह-१)

वि. सं. २०६६ में ध्रुव घिमिरे द्वारा संपादित एवम् बाल संसार प्रा. लि. द्वारा प्रकाशित **हाम्रा एकाङ्कीहरू** (हमारे एकाङ्की) में जम्मा चौदह नाटककारों के चौदह बाल एकाङ्की संगृहीत हैं । इसमें अशेष मल्ल, कृष्ण प्रसाद पराजुली, जयराज रेग्मी, तेज प्रकाश श्रेष्ठ, शर्मा, रमेश विकल, श्यामदास वैष्णव, रामबाबु सुवेदी, विमल भौकाजी, सरूभक्त, शारदा रमण नेपाल, शारदा अधिकारी ढकाल, छायादत्त न्यौपाने और सौरभ किरण श्रेष्ठ के बाल नाटक संकलित हैं । प्रकाशक की भूमिका में यह स्वीकार किया गया है कि इसमें विशेष तौर पर

आठ से बारह साल के बच्चों को लक्षित करके लिखे गए नाटकों को ही संगृहीत किया गया है। ये एकाङ्की बच्चों की जिज्ञासा, सामाजिक दायित्व, बाल मनोवैज्ञानिक और बाल विकास से संबंधित विषयों पर ही आधारित हैं। इसमें कलाकार रविन कोइराला और सुदन कुमार सिंह के द्वारा बनाए गए चित्र शामिल किए गए हैं। इस संग्रह के लगभग सभी नाटक सुंदर, कम समय में मंचन होने वाले और मंचन की दृष्टि से योग्य हैं।

(घ) हमारे एकाङ्की (बाल एकाङ्की संग्रह-२)

वि.सं. २०६७ साल में विजय चालिसे द्वारा संपादित एवम् बाल संसार प्रा. लि. द्वारा प्रकाशित **हाम्रा एकाङ्की** (हमारे एकाङ्की) में जम्मा सतरह नाटककारों के सतरह बाल नाटक प्रस्तुत किए गए हैं। इस संग्रह में कार्तिकेय घिमिरे, डॉ. घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, टीकानाथ शर्मा, दिनमान गुर्मछान, प्रभा भट्टराई, मोहनराज शर्मा, रंजु मार्ग, राजव, राम प्रसाद पौडेल, राम प्रसाद ज्ञवाली, वसन्त कुमार शर्मा नेपाल, विजय चालिसे, विजय राज आचार्य, विश्वम्भर चंचल, शर्मिला खडका (दाहाल), शिव अधिकारी और सरयु श्रेष्ठ के बाल नाटक संगृहीत हैं। इस पुस्तक के प्रकाशक की भूमिका में यह स्वीकार किया गया है कि इसमें संगृहीत नाटक विशेष तौर पर आठ से बारह वर्ष के बच्चों को लक्ष्य में रखकर लिखे गए हैं। इस संग्रह के नाटक बच्चों की जिज्ञासा और बाल मनोविज्ञान से संबंधित हैं। कलाकार इशान परियार के द्वारा बनाए गए चित्र हैं और प्रायः सभी नाटक मंचनयोग्य हैं।

२.३ निष्कर्ष

प्रस्तुत की गई कृतियाँ बाल नाटकों पर केंद्रित होकर लिखी गई पुस्तकाकार कृतियाँ ही हैं। इन कृतियों ने बाल नाटकों को केंद्र बनाया है। संख्या की दृष्टि से देखा जाय तो यह कविता, कथा, चित्रकथा की तुलना में अत्यंत न्यून है। इस अध्ययन से यह तथ्य भी प्रष्ट होता है कि बाल-बालिकाओं के लिए नाटक मंचनार्थ पर्याप्त सामग्रियां उपलब्ध नहीं हैं। इन पुस्तकाकार कृतियों के अलावा भी बाल नाटकों ने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में स्थान पाया है। सच्चाई यह है कि एकाङ्की-नाटक अपने आप में एक छोटी और प्रभावकारी विधा होने की वजह से साहित्यिक विधाओं में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। इस अध्ययन में पत्र-पत्रिकाओं में फुटकर रूप में प्रकाशित और रंगमंच पर मंचित नाटकों को समावेश नहीं किया जा सका है। लेकिन इसकी तरफ ध्यान जाने और इसके लिए एक स्वतंत्र शोध अध्ययन कराने की आवश्यकता है।

नेपाली साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में अभी तक ऐसी कोई पत्रिका नहीं है, जिसने बाल-नाटक पर केंद्रित हो। लेकिन यह भी सच है कि नेपाल में विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं ने अपने विभिन्न स्तंभो के माध्यम से बाल नाटकों को उचित और सम्मानजनक स्थान दिया है। इस क्रम में नेपाल बाल संगठन द्वारा प्रकाशित "बालक", बाल कोसेली द्वारा प्रकाशित "बाल कोसेली ", हातेमालो संचार द्वारा प्रकाशित "सुनकेस्रा", वीणा प्रकाशन प्रा. लि. द्वारा प्रकाशित "मेला" जैसी पत्रिकाओं की बाल नाटक के संबर्धन में विशृष भूमिका देखी जा सकती है। "मुना" पत्रिका से प्रकाशित **बाल नाटक विशेषांक** भी बाल एकाङ्की के प्रकाशन में अच्छा सहयोगी बना है।

यह सच है कि बाल नाटकों की पुस्तकाकार कृति के कृतिकारों की संख्या अन्य विधा के कृतिकारों की तुलना में काफी न्यून है। लेकिन उन कृतिकारों को नहीं भुला जा सकता है, जिन्होंने फुटकर नाटकों का प्रकाशन और मंचन कराकर नेपाली बाल नाटक के संबर्धन में विशेष योगदान दिया है। उन्हें विशेष रूप से स्मरण करना चाहिए। मोहन राज शर्मा, वसन्त कुमार शर्मा नेपाल, विश्वम्भर चंचल, शिव अधिकारी, सरयु श्रेष्ठ, रामबाबु सुवेदी, विमल भौकाजी, शारदा अधिकारी ढकाल, कार्तिकेय घिमिरे, डॉ. घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, टीकानाथ शर्मा, रंजु मार्ग, राम प्रसाद पौडेल, दिनमान गुर्मछान, प्रभा भट्टराई आदि स्रगटाओं ने अपने अन्य लेखन के साथ-साथ नाट्य विधा के फुटकर लेखन में शामिल किया है।

यह सच है कि बाल नाटक का लेखन ही न्यून है। जब बाल नाटकों का लेखन ही न्यून है, तो इसका मंचन पक्ष कैसै समृद्ध हो सकता है। कहने का मतलब यह है कि बाल नाटकों का मंचन पक्ष भी स्वाभाकि रूप से कमजोर है। यह एक दृश्य विधा होने की वजह से इसमें न केवल लेखक की आवश्कता होती है, बल्कि निर्देशक, कलाकार, रंगमंच, वेशभूषा, दर्शक आदि के समन्वय की भी पुरजोर आवश्यकता होती है। और यह कार्य सहज नहीं है। अनेक प्राविधिक पक्षों के चलते नाट्य प्रदर्शन न केवल कठिन कार्य, बल्कि चुनौतीपू

भी है। विद्यालय के वार्षिकोत्सव और अभिभावक दिवस पर प्रस्तुत किए गए नाटक ही बाल नाटक के संबर्धन के प्रमुख स्रोत हैं। लेकिन इनके अभिलेख रखने और इन्हें इतिहास के रूप में सम्मान देने का संस्कार हमारे यहाँ नहीं है। लेकिन यह सच है कि अगर ऐसे नाटकों के अभिलेखों को सुरक्षित रखा जा सके तो निश्चित तौर पर बाल नाटक के इतिहास को सुरक्षित रखा जा सकता है।

नाट्य संस्था सर्वनाम और इसके संस्थापक नाटककार अशेष मल्ल के द्वारा इस क्षेत्र में किए गए प्रयास बाल नाटकों के संबंधन और विकास के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। यह सच है कि वि. सं. २०४३ साल में सर्वनाम के द्वारा आयोजित "नानीहरूको नाटकमेला"(बच्चों का नाटक मेला) ने बच्चों को रंगमंच की तरफ काफी प्रोत्साहित किया था। लेकिन इस क्रम ने निरंतरता नहीं पा सका। उसके बाद सर्वनाम अपने सड़क नाटकों के द्वारा बाल-बालिकाओं के बीच नाटक को ले जाने का काम करता आया है। हातेमालो संचार के माध्यम से अशेष मल्ल और वासुदेव मुनाल के बहुत से बाल नाटकों का प्रसारण होने की जानकारी स्वयं नाटककार अशेष मल्ल ने दी है। लेकिन इसका भी अभिलेख बनाकर सुरक्षित नहीं किया जा सका है।

इसी प्रकार बाल चेतना समूह, के द्वारा काठमाँडू में, २०५७ के भाद्र महीने में आयोजित "राष्ट्रीय बाल नाटक महोत्सव" ने भी नेपाली बाल नाटक के संबर्धन में विशेष योगदान दिया है। लेकिन इस तरह के क्रियाकलापों को निरंतरता नहीं मिल पाना, इस क्षेत्र के लिए दुःख की बात है। अगर बाल नाटक के क्षेत्र में विकास करना है, तो छोटे-छोटे कार्यों का भी अभिलेखीकरण करके आगे बढ़ना होगा। वरना इस क्षेत्र में हुए अच्छे कार्य भी बीच में ही दम तोड़ देंगे। और हम हमेशा के लिए दीनता का प्रदर्शन करते रह जायेंगे। इसीलिए कल के भविष्य बच्चों को इस क्षेत्र में विकास करने के लिए जागरुक करना आवश्यक है और समय पर ध्यान केंद्रित कराना भी आवश्यक है।

वि. सं. २०१६ साल में प्रकाशित श्यामदास वैष्णव का 'अगुल्टो" एकाङ्की को नेपाली बाल नाटक का पहला पाठ्य और मंच-सामग्री के रूप में इतिहासविदों ने प्रस्तुत किया है। उसके बहुत समय के बाद, अर्थात् वि. सं. २०३७ साल में रमेश विकल का "सात थुँगा" प्रकाशित होता है, जिसे बाल नाटक की पहली पूर्ण कृति होने का गौरव प्राप्त है। लेकिन इस संवंध में अध्येताओं के बीच मतैक्य नहीं है। इसलिए यह आशा की जाती है कि इतिहास लेखक इस विषय पर मनन करेंगे।

इस अध्येता का यह दावा है कि वि.सं २०१३ में प्रकाशित विजय मल्ल का ."कोही किन बरवाद होस्" (कोई क्यों बर्बाद हो) नाटक ही पहला बाल नाटक है। डॉ. केशव प्रसाद उपाध्याय ने अपनी कृति 'नेपाली नाटक र नाटकार" (नेपाली नाटक और नाटककार) में यह लिखा है कि विजय मल्ल का यह नाटक वि. सं. २०११ में ही लिखा गया था। समीक्षक उपध्याय का कहना है कि 'कोही किन बरबाद होस' नाटक में मातृ स्नेह नहीं मिलने के कारण हीन भावना का शिकार हुए बालक का मनोविश्लेषणात्मक चित्रण करके उसे उस ग्रंथी से मुक्त कराकर जीवन के प्रति सकारात्मक बताया गया है।'

बाल समस्या, बाल-पात्र, बाल मनोविज्ञान, बाल-रुचि, बाल-बोध्य भाषा इत्यादि के कारणा " कोही किन बरबाद होस" को बाल नाटक के रूप में लिया जा सकता है। और यदि ऐसा किया जाता है, तो हमारे बाल नाटक के इतिहास की अवधि भी थोड़ी बढ़ सकती है। उसी तरह वि. सं. २०१२ में प्रकाशित हृदयचंद्र सिंह प्रधान का "खैताँती मास्टर" (फोकटिया मास्टर) को भी बाल नाटक के रूप में लेना उपयुक्त होगा। इस कृति में उपर्युक्त उल्लेखित विशेषताएं होने के कारण इसे बाल नाटक मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि बाल साहित्य का अस्तित्व स्वीकार करने में देर हो जाने के कारण हम बाल साहित्य की सामग्रियों की पहचान करने में भी दुविधाग्रस्त हों। इसी प्रकार अन्य पुरानी रचनाओं की खोज और विश्लेषण करके बाल साहित्य की उपलब्धियों को यथायोग्य स्थान देना उचित दिखाई देता है। यह एक प्रस्ताव भी है और अध्ययन के क्रम में अनुभूत की गई बातों के आधार पर तैयार की गई धारणा भी है। आशा है कि इस विषय से संबंधित निकायों और विज्ञजनों का ध्यानाकर्षण होगा और नेपाली बाल साहित्य के इतिहास का पुनः परीक्षण भी होगा।

अनुवाद : गोपाल अश्क

आडू के फूल का सपना

प्रा.डा. अभि सुवेदी

(भक्तपुर दरबार का दृश्य । लकड़ी की वास्तुकला और पैगोड़ा शैली की छतों वाला यह शहर एक काष्ठ परिवेश से युक्त स्थान होने के कारण यहाँ का आकाश भी काष्ठनिर्मित ही प्रतीत होता है । ऊपर काँड़ी (टुँडाल) और छत के ऊपर भी दृष्टि जाने के उद्देश्य से रंगमंच का ऊर्ध्व आकार भी है । पात्र-पात्राओं की दृष्टि और उनकी बातचीत में भी यह बात दृष्टिगोचर होती है । दृश्य में दरबार के भीतर प्रवेश करने वाले दरवाज़े के पास चौकीदार के सोने के लिए पलंग है । पुराने पत्थरों से निर्मित नल और पीछे की ओर बड़ी-बड़ी चपटी चट्टानें मौजूद हैं । दृश्य खुलने पर चौक के अंदर बजता संगीत सुनाई देता है । संगीत ध्यान और गीति भावना के सम्मिश्रण का अहसास कराता है । गार्ड रंगमंच के बीचोबीच मूर्तिवत् खड़ा है । इस दौरान धिमे बाजा और जात्रा के नृत्य और भाव-भंगिमा के साथ लोगों की एक मंडली आ पहुँचती है । धिमे बाजा महिलाएँ बजा रही हैं जो कि महिलाओं की पृष्ठभूमि में आने वाले भाव और कथानक को अभिव्यक्ति देता है । वे कुछ देर रंगमंच पर बाजा और नृत्य प्रदर्शन के बाद उसी उत्सव की मुद्रा में अंदर प्रविष्ट होते हैं । इसके बाद लंबे बाल, चमकदार आँखों और दुबले चेहरे वाला कवि रंगमंच पर आता है और चारों ओर अपनी दृष्टि घुमाने लगता है ।)

कवि

विंव सुगबुगाते हैं !
इस काठ रंग के आसमान के नीचे
आडू के फूलों की तरह
सघन बने हुए
इन लोगों के बीच
सितार में धुन वजाने और
तबला बजाने में असमर्थ
उँगलियों पर समय जम जाता है

धूप और इंद्रधनुष में न्यातपोल
आकाश को पाँच
चमकीले उजाले खंडों में विभाजित करता है

टाँड़ियों में की गई नक्काशी के आकार में
प्रेम-राग वोलता है
ध्वनि के आकार

यहाँ सपने थे
आज भी हैं
लेकिन उस ज़माने में ये
नक्काशी वाले कठखंडों के भीतर रहने वालों के
सपने थे ।

सुनो !
शुष्क सरोवर के भीतर
पानी के चलने की आवाज़ सुनो !

उजाड़ कोठी में याद
छाया की तरह उठे हुए पेड़ों पर
हवा की सरसराहट को लो सुनो !

(चौकीदार को संकेत करते हुए)
यहाँ समय एक छायाकृति है
वह संज्ञाहीन अभिव्यक्ति में उसी समय की बात
करता है

वह उन्हीं आकृतियों को देखता है
कान लगाकर सुनता है
और सुनी हुई बातों को

शब्दों में बयाँ करता है

(इस समय कुछ संकेत करते हुए इस पुराने दरबार का चौकीदार जड़वत् खड़ा हो जाता है। उसका चेहरा भावविह्वल है उसका। इसी समय तेज़ कदमों से चलते हुए बहुत-सी युवतियाँ रंगमंच पर प्रविष्ट होती हैं और चारों तरफ़ फैल जाती हैं। रंगमंच के चारों तरफ़ चलते हुए वे चौकीदार के चारों तरफ़ आकर वैसी ही मुद्रा में जम जाती हैं। उन्होंने पूर्व काल में नेवार महिलाओं द्वारा लगाए जाने वाले वस्त्र पहन रखे हैं। चौकीदार इस तरफ घूमता है, सुगबुगाता है। युवतियाँ भी एक-एक कर उसी का अनुसरण करती हैं। इसके बाद वह बोलता है।

लो सुनो !
(उसका चेहरा प्रकाशमय होता है।)

लो सुनो !
वहाँ संगीत
आड़ू के फूल की तरह सर्वविदित-सा फैलता है

कवि

(नेपथ्य में बाँसुरी की आवाज़ धीरे से गूँजता है, इसके बाद सितार की आवाज़ आती है और तबला भी बजता है। संगीत के विषय में बोलते जाने पर कवि का स्वर धीरे-धीरे उच्च होता जाता है।)

पत्थरों के पनघट आसपास
नल की सूखी शिलाओं के ऊपर के
प्रकाश की तरह ही गूँजता है संगीत
(संगीत)
पूर्व के गुंबद वाली छत के ऊपर से घाम की तरह ही पसरता है संगीत
(संगीत)
पूर्व की सरसराती हवा की तरह उठता है संगीत
(संगीत)
लहर की तरह नाचने वाली स्त्रियों की तरह नाचता है संगीत
(संगीत)
पसरती धूप की किरणों की तरह लुढ़कता है संगीत !!

(इस दौरान संगीतकारों की मंडली रंगमंच पर आती है। अपने-अपने आसन लेकर वे क्रमशः उच्च स्वर में संगीत बजाते हैं। संगीत बजने के दौरान युवतियाँ रंगमंच भर घूमती रहती हैं, इस समय चौकीदार और कवि जड़वत् हो जाते हैं। संगीत कुछ समय तक बजता रहता है।)

चौकीदार

(संगीत निरंतर बज रहा है, लेकिन उतनी ही आवाज़ में जो कि चौकीदार की आवाज़ को ढक न सके)

लीजिए सुनिए !
एक दिन आज के ही दिन की तरह
अथवा किसी भी दिन
इस आकाश के नीचे इस भक्तपुर नगर में जो होता है
वह कंथा होता है।

(इस समय रंगमंच पर कथा का प्रवेश होता है। यहाँ कथा पात्र-पात्राओं की गति, मुद्रा, लय और चाल में दिखती है। रंगमंच पर युवतियाँ और उनके प्रेमी कलाकार आते हैं। उनकी बातों से अधिक हाव-भाव होता है, संगीत होता है और गति होती है। जाते हैं और फिर आते हैं। लौटकर एक युवती और एक प्रेमी आते हैं और साधारण बातचीत की भाव-भंगिमा दिखाते हैं। नृत्य जैसी मुद्रा में वे एक दूसरे के अर्द्धवृत्त में घूमते हैं।)

युवती

तुमने आज कहाँ की यात्रा की ?

युवक

आज दिन भर पत्थरशिलाओं पर यात्रा की
स्नेहपूर्वक नक्काशी की और आकाश चीरकर आकार बनाया

युवती

तुमने इस बिख़रे हुए धुन को किसमें उठाया ?

युवक

तुम्हारी इस छाती में और इसी काठ और पत्थर के संसार में

(इस समय एक-दो व्यक्ति आकर युवक को पकड़ने की कोशिश करते हैं। युवती अपने शरीर से उसे ढक देती है। दूसरी ओर से पकड़ना चाहता है, तब एकदम क्रोधित और विश्वस्त नृत्य मुद्रा में ढक देती है। यह क्रम बहुत देर तक चलता है। पकड़ने आने वाले की मुद्रा भी नृत्यमय है। सभी लोगों की गति नृत्य की होती है। इनका नृत्य होता है रंगमंच पर, धिमे के लय में। संगीत जल्दी-जल्दी बजता है। आखिर में कलाकार

को पकड़ लेता है। युवती बहुत विरोध करती है और पीछे-पीछे जाती है। दूसरी युवती रोती हुई आती है। उसी समय रंगमंच पर अन्य लड़कियों के साथ मय्जु का प्रवेश होता है।

मय्जू

क्यों ये प्यार करने वाली आँखें आँसू में नहाती हैं
क्यों ये फटती हैं
धूप के हाथों से दबकर फूटने वाले दाड़िम जैसे मन

(मय्जू के बैठने पर लड़कियाँ आकर चारों तरफ से एक वृत्त बनाती हैं। मुद्रा नृत्य की ही है। संगीतकारों की मंडली रंगमंच पर आती है। अपने बाजे लेकर बैठते हैं, एक दूसरे को समझने के भाव से देखते हैं और संगीत बजाने लगते हैं। इस संगीत में आहिस्ता नृत्य के भाव में लड़कियाँ नाचती हैं। लड़कियों को संबोधित करते हुए) :

मय्जू

कितने लोग गए यहाँ से
क्या यहाँ का इस धरती के साथ
प्रेम का कोई नाता नहीं होता ?

लड़कियाँ एक स्वर में

होता है, तुम्हें यहाँ से जुगनू की तरह डूबना नहीं चाहिए
इन चोक और बहाल के कोने-कोप्चे से छाया की तरह खोना नहीं चाहिए
भृकुटी की तरह राज उपहार बनकर जाना नहीं चाहिए
सुई देने वाले को बेटी देने वाले माँ-बाप की यहाँ एक नहीं चलनी चाहिए

(कहते-कहते यह बोली गीत की तरह हो जाती है। वे इसी बोली को गीत की तरह दोहराते हुए मय्जू के अगल-बगल चलने लगती है। उनी गति रुकने पर दूर से रोती हुई कलाकार की प्रेमिका युवती का प्रवेश होता है। वह मय्जू के आगे कुछ देर स्तब्ध होकर खड़ी हो जाती है और फिर मय्जू को आलिंगन कर रोने लगती है।)

मय्जू

अपना संसार कहाँ छोड़कर आ गई ?
काठ और शिलाओं पर अंकित होने वाले अपने सपनों को कहाँ विसर्जित कर आई ?

लड़की

जहाँ उनके मन रहते हैं
प्रेम रहता है पर नक्काशी वाले हाथ नहीं रहते
जिस मिट्टी, पत्थर और आकाश को उन्होंने
हम जहाँ रहते हैं, उस संसार का रूप दिया
इससे वे हमेशा के लिए खो गए

मय्जू ! अब मैं क्या करूँ !!

(रोती हुई लड़की को सब लोग स्नेहपूर्वक घेर लेते हैं)

मय्जू

(विश्वास और क्रोधमिश्रित स्वर में)
इस प्रश्न का उत्तर हम नदी में जाकर ढूँढ़ेंगे
नदी के पार ढूँढ़ेंगे
इस काठ और पत्थरशिला के ब्रह्मांड में ढूँढ़ेंगे
आँसू सिर्फ हार ही नहीं है
हम इसे लेकर ही एक दिन जीतेंगे
एक दिन मिलेंगे उनसे
जिन्होंने यह प्रेम का आकाश बनाया है
इस प्रेममय धरती पर !!

(मय्जू के साथ ही सभी लड़कियाँ उठती हैं। धिमे बजाने वाली लड़कियाँ आगे-आगे, पीछे-पीछे मय्जू और लड़कियाँ रंगमंच से धीरे-धीरे अंदर घुस जाती हैं। कुछ लड़कियाँ रंगमंच पर ही मूर्तिवत् रहती हैं। इसी समय कवि का प्रवेश होता है।)

कवि

(दर्शकों को संबोधित करते हुए मंच पर घटी घटना को दिखाते हुए)

वो
भक्तपुर गुंबद वाली छत के नीचे
ओट में बसी हुई
कथाएँ बुनता है
(इसी समय रंगमंच के पीछे से दो पात्र आते हैं। नेपाली लहजे में बोलता है। संगति रुक जाता है)

गाइड १

आइए आइए !
यह अति सुंदर दरबार है
सच्ची
यहाँ शौचालय नहीं है
तो क्या हुआ, खेत तो हैं ही
कोई नहीं देखने जाता

गाइड २

समझ गए यह बहुत सुंदर लिंग है
राजा इसकी पूजा करते थे
रानी भी करती थीं

कवि

बिक्री का मतलब यही है
सपने दिन में बेचे जाते हैं
पुराने पोतड़ों में फैलाए हुए सपने
खंडित शब्दों में बेचे जाते हैं

स्त्रियाँ

(बारी-बारी करके आगे आकर बारी-बारी से बोलती है)

पहली

चाँदनी में कुछ हद तक झुकी हुई इस छत के नीचे
मैं नाची

दूसरी

मैंने आड़ू के फूल की तरह गाया

तीसरी

स्वरहीन

चौथी

वे आकर मुझसे मिलेंगे, इस आशा से मैंने गगरी भरी
पर वे कभी नहीं आए
मैंने सुना है
चूँकि उन्होंने बड़ी मज़बूती से
काठ को बोलने, चमकने और आकार में गाने वाला बनाया
इसलिए उन्हें इस स्थान पर कभी न लौट पाने के हिसाब से निर्वासित कर दिया गया

(धीमे स्वर में बाँसुरी बजती है और इसके बाद इसी अंदाज़ में सितार भी बजने लगता है। स्त्रियाँ गीत गुनगुनाती हैं लेकिन शुरू में उतना समझ में नहीं आता है। एक-एक कर गाते हुए फिर वे समूह में गाने लगती हैं।)

मैंने आड़ू के फूल की तरह गाया
पनघट पर पानी भरते समय
गगरी टूट गई
मैंने रानी को
पत्थरनुमा नल पर नहाते हुए देखा

बिलकुल न पढ़ी जा सकने वाली रेखाओं में
मैं बहुत देर पहले खोई
कोठी में
नक्काशी की गई शिलाओं से
इस दरबार की छत दिखती है
समय के घुमाव का बाट जोहती आँखों की तरह
मैंने सितार की ध्वनियों में
लाखों आँसू की बूँदें बहाई हैं।

कवि

उसने काठ के ऊपर एक संसार अंकित किए होंगे
उसने गुंबद की छत के नीचे
आकारों के बीच खाली स्थान पर
एक आकाश बनाया होगा
उसका प्रियतम कलाकार
अभी भी यही सब कर रहा होगा
यहीं कहीं

गाइड १

यह दरबार राजा ने बनाया है
बहुत अच्छे राजा, समझे ?
उनकी बीस रानियाँ थीं
पर ठहरिए,
पता नहीं, लोग तो यही कहते हैं
जो भी हो, पर दरबार सच में उन्होंने बड़ा सुंदर बनाया है

गाइड २

यह देखिए नक्काशीदार शैली
यह आकाश का चित्र है
यह अति सुंदर मूर्ति
इसकी कीमत मात्र अस्सी रुपए
देखिए, इसे तंत्र कहते हैं
यह एक सृष्टि की मैथुन लीला
इसका अर्थ

अनाज उठाने के समय
भगवान और किसान स्त्रियाँ मिलने पर
ऐसी मैथुन लीला होती है
पर मुझे कहाँ उतना पता है
लीजिए, यह पुस्तिका खुद पढ़िए

(पर्दा गिरता है। इसके बाद गार्ड कथा सुनाने के लिए बाहर आता है। नकाब पहने हुए पात्र-पात्राएँ आते-जाते हैं। कोई-कोई वृत्त बनाकर रंगमंच पर ही रहता है।)

चौकीदार

एक रात
एकदम सर्द रात
इसी काठ के पलंग पर सोने जा रहा था
अचानक बहुत-से लोगों की धमाचौकड़ी सुनी
क्या बातें हो रही हैं, कहाँ बातें कर रहे हैं
यह जानने की कोशिश की
इतने में ही मेरे कान तक ध्वनि प्रवाहित होती हुई आई
भाषा, कुछ नई-सी थी
इनसे मिलना चाहिए, यह सोचकर उतरा
और चाँदनी से स्निग्ध बनी कोठी के मैदान में
पनघट के आसपास नज़र घुमाई
वहाँ संगीत था
वहाँ नृत्य था
वहाँ आशाएँ थीं और
वहाँ उच्छ्वास थे

(पर्दा खुलता है। संगीतकारों की मंडली संगीत बजा रही है। बहुत सारे लोग– उत्सव वाले कपड़े पहने हुए पुरुष, स्त्री और लड़कियाँ बातें कर रहे हैं। लेकिन वे ऐसी बोली में बातें कर रहें हैं जो अर्थहीन गीतिकथा की तरह सुनाई देती है। पर समय-समय पर स्पष्ट रूप में कुछ कपड़ों और फूलों की प्रशंसा, शिष्टाचार की नेवारी अभिव्यक्तियाँ जैसे कि 'छि न्हाबले', 'ध्व हाकुपार्सी छित गज्यागु ल्होगु', 'अथे हे छी थुला दीगु स्वह', 'तारेमाम्' इत्यादि सुनाई देती हैं। नए लोग प्रवेश करते जाते हैं। इस दृश्य में लोगों की एक प्रकार की स्वतंत्र आवाजाही दिखती है। दर्शकों में से भी रंगमंच पर प्रवेश कराया जा सकता है इस दृश्य में। यह एक भोज से पहले की चहलपहल है। एक सुंदर कपड़े पहनी हुई युवती बीच में बैठी होती है। वह उतनी खुश नहीं दिखती। उसके आसपास बैठी स्त्रियाँ उसे कुछ समझा रही हैं, ऐसा भान होता है। बातचीत समझ में नहीं आ रही है। संगीत तेज़ होता जाता है। कोई ऐसे ही खड़ा दिख रहा है तो कोई अपनी ही धुन में नाच रहा है। लोग स्वतंत्र हैं। संगीत धीमा होता जाता है।)

कवि

इन्हीं काठों ने
उसके सपने बनाए
वह खपड़ा और काठ के रंगों वाले आकाश के नीचे
पली-बढ़ी
वह धर्मशालाओं और पत्थरों से बनी सड़कों पर
खेलकर बड़ी हुई
मनुष्य और ईश्वर के वीच का सेतु
लाखे नाच और इसकी सृष्टि की भंगिमाएँ
देखकर चकित
वह भीड़ के किनारे जा खड़ी हुई

चौकीदार

आज वह खुद पले हुए संसार को छोड़कर
कहीं जाना नहीं चाहती
वह दूसरे स्थान
दूसरे पत्थर से बने देवता
पत्थरों के गुंबद और
अलग किस्म के शिलाखंडों वाले शहर में जाना
बिलकुल ही नहीं चाहती

वह तो इस भक्तपुर नगर की बेटी है
वह इस काठ के विश्व की बेटी है
उसका स्थान यहाँ हमारे पास सुरक्षित है
वह अभी भी हमारी आँखों में नाचती रहती है
बेचारी मय्जू
मैं कैसे उसे भूल सकता हूँ

(स्त्रियाँ एक-एक करके आगे आती और बोलती जाती है)

पहली

पर यह तो बहुत पहले की घटना है

दूसरी

नहीं, यह घटना अभी की है, आज वह इन पत्थरों की आँखों में रोती है।

तीसरी

आज उनके बैठे हुए इन रंगों में

चौथी

वह मेरे हृदय की देवी बनी हुई है
सभी एक ही स्वर में
हम सब उनके लिए ही गाती हैं
इस पत्थरनुमा नल के आसपास
हम उन्हीं की प्रतीक्षा करती हैं

चौथी

वह आकर भरेंगी, इस चिर प्रतीक्षा में
उनकी गगरी हमेशा खाली रहेगी
संगीत उनका ऐसा स्थान होगा
जहाँ वह पत्र ही पत्र हो चुकी प्राचीन छतों पर
चमकने वाली
चाँदनी लय के समान ही रहेंगी

(राजमती का संगीत आहिस्ता बढ़ता जाता है। यहाँ और लोग भी यह गीत गुनगुना सकते हैं। गार्ड जब बोलने लगता है तो संगीत थोड़ा धीमा हो जाता है।)

चौकीदार

यह लड़की विवाह करके
हमेशा के लिए यहाँ से जा रही है
ऐसी जगह जा रही है
जहाँ जाकर उसे
कभी न सुनी हुई भाषा सुनकर
चुपचाप रहना होगा
वह अभी शायद उसी समय की चिंता कर रही होगी

कवि

हाँ, बिलकुल सही
वह समय बेचारी को स्वयं बनाना होगा
वह आकाश और पृथ्वी दोनों में ही
अपना स्थान बनाएगी
वह एक गुंबद होगा
पृथ्वी और आकाश का सेतु
जिसके ऊपर बादल की तरह
उसका मन उड़ेगा

जहाँ वह
खुद से नापे हुए समय और
खुद से जोड़े हुए स्थान रखने के लिए
और इन सभी मनों का
या कहें हमारे भी मन के अजस्र स्रोत
भृकुटी कन्या
रुई जैसे बादल के देश में रखने के समान ही रखने के लिए मंडलों की रचना करेगी।

मय्जू

इन सबका आरंभ कहाँ है ?
इसक अंत कहाँ है ?
मैं क्या हूँ, नदी या स्त्री ?
समय का एक आनंद या
काठ के आवरण के पीछे छिपने वाली पीड़ा
कौन बताएगा मुझे ?

कवि

हाँ, ये ही हैं मूल प्रश्न
जो उस समय उसने किसी से पूछा
केवल इन निर्जीव काठ के तने
इन्हीं पत्थरों और ईंटों से पूछा
इसी नदी और इसी काठ के कोरो पर लटकने वाली
गौरैयों जैसी
शाम से पूछा
(कुछ देर विचार कर)

अब इस तरीके से नहीं होगा
बल्कि इन समयों को लाँघते हुए
मय्जू से बात करनी चाहिए और
इतिहास भर फैले हुए इन स्त्रियों के समय के ऊपर
के श्मशासन-खंड के समान
सन्नाटों को चीरना चाहिए
इसके लिए राजा की ही पोशाक पहननी चाहिए
जिस राजा की कथा आज हम
इन स्त्रियों के
जीवंत, उदास और प्यारी कथा से भी अधिक कहा करते हैं

(कवि राजा की पोशाक लगाता है। लोग राजा के विभिन्न परिधान, जैसे कि मुकुट से लेकर जामा आदि लाते हैं। कोई मुकुट पर कलगी लगा देता है और कोई राजदंड लाकर हाथ में थमाता है। एक व्यक्ति गद्दी को दौड़ाते हुए लाता है जहाँ कवि

थोड़ी देर बैठता है और फिर उठता है। वह अनेक बार इस प्रकार उठता-बैठता है। इसके बाद वह मय्जू से बात करने लगता है।)

राजा

कवि तो ये सभी बातें तो नहीं देख सकता
लेकिन मय्जू के समय का बोध ज़रूर कर सकता है
कविता पुराने कोरो में बनाए गए गोरैया के घोंसले से बढ़कर और कुछ नहीं है
पर यह मय्जू के भाग्य के ऊपर
बादल की तरह उड़ भी सकता है
(मय्जू के आगे जाकर)

प्रिय बालिके !
क्यों इस प्रकार आर्तनाद कर रही हो ?
किस बात ने तुम्हारे मन को व्याकुल बनाया है ?

मय्जू

महाराज !
मैं क्यों रो रही हूँ, यह बात
आपको पता होगी ही
आपने मुझे ऐसा समय दिया है
जिसे मैं न ले सकती हूँ न छोड़ सकती हूँ
फिर आप मुझे कहाँ भेजना चाहते हैं ?
जहाँ मैं किसी को पहचानती नहीं, उस वीरान देश में जाकर
मैं कौन-सी भाषा बोलूँगी, यह कभी सोचा है ?

राजा

स्त्री एक ऐसी सर्वव्यापी प्राणी है
जहाँ भी जाए, वह अपनी भाषा स्वयं बनाती है

मय्जू

हाँ, मुझे पता है, वह पीड़ा की भाषा है
स्त्री एक ऐसी शहीद है
जिसकी कथा लिखी नहीं जाती
केवल उसकी टूटी हुई शामें
अपनी ही अखंडता में बंदी बनी नदी पर
उसकी गाथा गाती हैं
आप को कभी ज्ञात था मेरा अपना ही आकाश है ?
आप ने कभी विचार किया था मैं गीत की संतान हूँ ?
आप ने कभी सोचा था, मैं अपने सपनों के साथ बड़ी हुई हूँ ?

आप की रुचि ऐसा इतिहास है
जिसे तलवारों से लिखा जाता है
मैं ऐसी प्रतिष्ठा हूँ जिसे आप
अपने हथियार की चमक पर दाँव पर लगाते हैं

खून खुद बहाते हैं और कहते हैं
यह स्त्री ने किया है
निर्दोषों को मारते हैं और कहते हैं
यह इतिहास में स्त्री की खेली हुई भूमिका है

आपका इतिहास एक श्मशान है
जिसके ऊपर आप ऐसा शिलापत्र लिखकर रखते हैं-
"इसके भीतर की स्त्री सदा अदृश्य थी।"

राजा

तुम्हारे कथन में मुझे क्या करना चाहिए ?
मैं तुम्हारे इतिहास की गति कैसे उलट सकता हूँ ?
मैं कैसे नदी की दिशा मोड़ सकता हूँ ?

मय्जू

हे राजन्, आपको कुछ नहीं करना पड़ेगा,
मुझे पता है इतने वर्षों तक
आप जो कहते आए हैं मेरी वह कथा बदलने के लिए
आप कुछ नहीं करेंगे !
(दो युवतियाँ आगे आकर बारी-बारी से बोलती है।)

पहली युवती

इन काष्ठकलाओं में
मेरे प्रियतम के हृदय पर
आपने अपना इतिहास लिखा है !

दूसरी युवती

आपने
मेरे आँसू से इतिहास लिखा है !

सभी युवतियाँ

(एक ही साथ)

आपके इतिहास में हम सभी अदृश्य हैं
आपके इतिहास में हम सब
इस गीत में टूटी हुई शाम हैं
(वे सब समझ में न आने वाली धुन गुनगुनाती हैं। सिर्फ लय पता चलता है।)

राजा

रहने दो, मैं अपने असली रूप में लौटता हूँ!
मैं यह आवरण खोल देता हूँ,
दूर से ही
प्रातःकालीन हवा की मधुर आवाज़ में कविता लिखना अधिक आसान और सुरक्षित होता है
(लड़कियाँ मय्जू के अगल-बगल उठती-बैठती हैं। मय्जू के पहने हुए परिधान की चिंता करती हैं, बाल में फूल को सँवार देती हैं। इस समय स्निग्ध लहजे में संगीत बज रहा है। धिमे नहीं बजता। कुछ देर यह क्रम चलता रहता है। अचानक अपने स्थान से उठकर शोक और आक्रोश मिश्रित स्वर में।)

मय्जू

हम अपने ही इर्द-गिर्द मिलकर दीवार बना रही हैं

अन्य लड़की

हम मिलकर अपनी ही विदाई की तैयारी कर रही हैं

अन्य लड़की

हम जहाँ रहती हैं और जिसे जानती है, वह सीमा रेखा आँसू से खींचती हैं

पहली लड़की

वह रेखा नदी है

दूसरी लड़की

हम सब यहाँ नक्काशी किए गए चेहरे हैं

पहली लड़की

हमारी रेखाओं में धूप गिरकर टूटती है

दूसरी लड़की

इसीलिए हम देदीप्यमान होते हैं

मय्जू

हो गया अब जिस-जिस जगह अंकित हैं, हम वहीं रहें
मैं अक्षर और यादों में अंकित हूँ
इसीलिए मैं नदी होकर जाती हूँ
तुम लोग शिलाखंडों और काठों पर अंकित हो
इसीलिए तुम लोग धूम ओढ़कर रहो

कलाकार की प्रेमी

आँसू हम सब का संगम है
(लड़कियाँ उठ जाती हैं। सभी नृत्य के भाव में उठती हैं और मय्जू के आगे चलने पर सभी पीछे-पीछे धिमे के ताल पर अंदर प्रवेश करती हैं। वहीं मंच पर मूर्तिवत् खड़े गाइड बोलने लगते हैं। राजा एक-एक करके पोशाक निकालते हैं और अपने वास्तविक रूप में लौट आते हैं।)

कवि

उनकी कथा के नज़दीक मुझे पहुँचाने वाली यह यात्रा
मैं हमेशा याद रखूँगा

गाइड पुरानी मूर्ति और सामान झोला भर रखे हुए चिल्लाते हुए आते हैं

गाइड १

भृकुटी नेपाल की वड़ी बेटी हैं

गाइड २

नहीं महान् बेटी

गाइड १

और तिब्बत की बहू हैं

गाइड २

ओए, ऐसी बात मत कर!
भृकुटी किसी की भी बहू नहीं हो सकतीं

गाइड १

बेटी हो सकती हैं तो बहू भला क्यों नहीं हो सकतीं

गाइड २

आइए, आइए भृकुटी माँ भी हुईं या नहीं, यह जानिए!

गाइड १

फ्रिक स्ट्रीट में हमारी ऑफिस में आइए, ड्रैगन का संसार देखिए !

गाइड १

भृकुटी ये सारे गुंबद लेकर गईं ।

गाइड २

नहीं, तिब्बत और चीन में वे यहाँ से सिर्फ कलाकार लेकर गई थीं ।

गाइड १

चीन या तिब्बत, हमें उतना नहीं पता मगर वे यहीं कहीं अपने मायके से बहुत-से कलाकारों को लेकर गई थीं ।

गाइड २

मायके का मतलब वे जहाँ पैदा हुईं उनके माता-पिता का घर है ।

गाइड १

'भृकुटी मोमो केंद्र' में स्वादिष्ट मोमो खाने आइए ।

गाइड २

और कैलासपति सेकुवा कॉर्नर पर सेकुवा खाने आइए ! टोल ...

गाइड १

कलात्मक खिड़की के पीछे जहाँ छोटे बुद्ध और शिवलिंग हैं

गाइड २

पत्थर छपे हुए सड़क की तरफ !!

कवि

हाँ, मैंने भी फ्रिक स्ट्रिट में
कंबल बिछाकर सगरमाथा की प्रतीक्षा कर बैठते हुए देखा है
इस दरबार को भी धूल का खोल ओढ़कर
प्रेमियों के स्पर्श की प्रतीक्षा करते हुए देखा है
भृकुटियों की चूड़ियाँ
और ये लड़कियाँ, जिनके प्रेमी
और ऐसी कृतियाँ न बनाएँ, यह सोचकर उनके हाथ-पैर काटे गए
जी हाँ, उनकी बालियों को भी यहाँ प्रतीक्षा करते हुए देखा है ।
समय के पोतड़े लपेटकर
हम सपने बेचते हैं
संस्कृति का अर्थ
प्रेम और पीड़ा से कई बार फटे हुए
आकाश की कथा है

गाइड १

नेपाल की कैसी गौरवमय परंपरा है, देख चुके
यहाँ अपनी यात्रा का आनंद उठाइए !
यह जगह उतनी खर्चीली नहीं है
एकदम सस्ती है
ब्यासिली की तुलना में

गाइड २

वेनिस के सैनमार्को की तुलना में

गाइड १

मिलानो के दुओमो की तुलना में

गाइड २

ल्हासा के पोताला की तुलना में

गाइड १

आगरा के ताजमहल की तुलना में

गाइड २

लंदन के सैंट पॉल की तुलना में

गाइड १

आदि इत्यादि समझिएगा

गाइड २

(गंभीर स्वर में)
राजा किसी दिन लौटेंगे सोचकर
एक बड़ी चिड़िया
दरबार के बाहर इंतज़ार में बैठी है

नहीं नहीं, इसे ज़रा कविता के लहजे में कहता हूँ–
लौटेंगे राजन् एक दिन यह सोचकर दरवार के पीछे
बाट जोहती मुनिया विनीत भाव से शेषनाग के
नीचे

कैसा लगा ?

गाइड १

अच्छा, हम विदा हों अब
पुराने आकारों के ब्रह्मांड ठमेल में मिलते हैं
लेकिन उतने पुराने भी नहीं है, कहना चाहिए

(पर्दा गिरता है। गार्ड पर्दा के बाहर आकर बोलता है। विशेष परंपरागत लोक धुन नेपथ्य में बजती रहती है।)

गार्ड

इस तरह मेरे देखे हुए और खुशबू लिए हुए
आड़ू के फूल की तरह ही
इस कथा का अंत होगा
मेरे सपने बुनने वाला संगीत
इसी तरह गूँजता रहेगा
इस आँगन और चौक पर
घटनाएँ इसी तरह घटती रहेंगी-
सभी विगत की जीवंत-

गुज़री हुई पानी की धारा
बीती हरियाली
बीते हुए आइने
गुज़रे हुए मय्जू के गीत
जो सभी इन क्षणों की कथा कहने के लिए
जीवंत रेखाओं में अंकित हैं
उसी वक्त उन्हें देखकर
प्रेम और विरह वश मैं रोया हूँ और
उन्हीं की कथा मैंने इस तरह आज आपको सुनाई
है।

(पर्दा खुलता है। संगीत उच्च स्वर में बजने लगता है। मय्जू अकेले नदी को देखकर खड़ी है।)

मय्जू

(मय्जू जब बोलने लगती है तब संगीत धीमा हो जाता है। वह फूट-फूटकर रोती है, इसके बाद वाग्मती का पानी अंजली में लेकर मुँह धोती है, धूप को पानी देती है, और शोकमय स्वर में बोलने लगती है।)

वाग्मती नदी !
मेरे विस्थापन की तरह बहने वाली
तुम एक सपना हो,
बहती जाने वाली अपनी जगह नहीं बना सकी तो
तुम नदी नहीं मानी जाओगी,
मैं भी सपनों के नित्य प्रवाह में
अपना ही रास्ता बनाऊँगी

वाग्मती, हे कंचन आदिम नदी
तुम ऐसा रंगमंच हो
जहाँ मैं अपना नाटक स्वयं मंचन करूँगी !

कवि

(दौड़कर आता है।)
बेचारी वाग्मती !
उसके सपने ही बस कंचन हैं
अपने रास्ते में उसने एक कहानी भी रची है
सत्य है

(आज की उस वाग्मती का पानी उठाकर अंजलि में भरती है। गंदा पानी मुँह-नाक सिकोड़कर बिखेरती है।)

लेकिन मय्जू जो कि पहले की तरह सोच रही है
वैसी वाग्मती आज नहीं है
मय्जू की कथा इसी तरह बनी है
संस्कृति का तात्पर्य
इस काठ के ब्रह्मांड की तरह
एक प्रतीक्षा है-
यहाँ से अनंत तक
नित्य प्रवाहित होने वाले समय के समान ये अजस्र
आँखें
मैंने जिन्हें हृदय में सँजोया
उन युगों में जीवन की आतुरता में
एक दिन आ गिरने की प्रतीक्षा !

(पर्दा)

अनुवादः मुकेश कुमार मिश्र

एकाङ्की

गृहस्थी

बालकृष्ण सम

(लड़की मक्के भून रही है। लड़का आता है और पास में बैठ जाता है)

लडका : माँ कहाँ है ?

लडकी : उधर।

लडका : अच्छा, तो दूर बैठी धूप सेंक रही हैं। लगता है, धूप ने मन मोह लिया है माँ को; अरे वाह ! कितनी बड़ी चोटी !

लडकी : उई माँ, उफ् यह क्या घोड़े के लगाम की तरह पकड़ रखी है ! छोड़िए इसे।

लडका : मैं नहीं छोड़ने वाला।

लडकी : मैं कहती हूँ, छोड़िए भी। अभी माँजी झट से आ गई तो पता नहीं क्या ...

लडका : क्या करेगी ?

लडकी : क्या करेगी ! देखो तो, शर्म भी नहीं आती क्या ? अपने बेटे को शायद कुछ न करें पर दूसरे की बेटी की तो ऐसी की तैसी कर देंगी, दो दिनों से थोड़ा कान गर्म हुआ है, ऊपर से चोटी खींच-खाँच ...

लडका : अजी चोटी कहाँ, ये तो याल हैं।

लडकी : हुँह ! अपने बाल होंगे घोड़े की याल की तरह घुँघराले।

लडका : तो फिर गंजा हो जाऊँ ?

लडकी : ऊपर से राख भी लेप लें तो और भी अच्छा।

लडका : अच्छा तो अब लगाम खींचता हूँ।

लडकी : उफ् ! ज़रा मेरी मूँगा की माला तो टूटे, फिर दिखाती हूँ।

लडका : क्या दिखाएगी ? मक्के-भटमास की तरह मूँगा भी भून के दिखाएगी शायद, है न ? एक बार और आँखें तरेर के दिखाओ तो ज़रा, हाय ! कितनी प्यारी लग रही है, आग के पास बैठकर तो गाल भी लाल-लाल हुए पड़े हैं।

लडकी : हाँ तो माँजी से कहकर फोड़वा भी दीजिए, तो और भी अच्छे हो जाएँगे।

लडका : कितनी खूबसूरत है मेरी बीवी ! यह सब काजल का कमाल है या ..., अभी नाच होता तो बाजा बज उठता और तीन-चार मिनट गा भी लेता।

लडकी : हाँ तो गाइए न, मैं डुगडुगी तो बजा ही रही हूँ हँड़िया में।

लडका : अच्छा तो उस दिन हमने जो नाच देखा, उसमें किस तरह बोला था, बोल के दिखाऊँ ?

लडकी : ठीक है, मैं भी देखूँ ज़रा कलाकारी।

लडका : आज मैं अपनी प्राण प्यारी को अपने पारस्परिक प्रेम से उत्पन्न विवादग्रस्त विवरण सुनाता हूँ।

लडकी : लो, हो गया न ? टूट गई न मेरी मूँगा की माला ? मैं तो नहीं चुनने वाली।

लडका : अब चिल्लाओ मत, मैं चुन देता हूँ। वैसे कितने दाने थे ?

लडकी : चाहे जितने भी हों।

लडका : अब बता भी दो न, विनती करता हूँ।

लडकी : अस्सी दाने हैं।

लडका : चल झूठी, उस दिन मैंने गिने थे तो सिर्फ सोलह दाने ही थे। मुझसे झूठ ?

लडकी : मैं कुछ नहीं जानती। अगर अस्सी दाने नहीं हुए तो मैं मानूँगी ही नहीं।

लडकी : यह लकड़ी भी न, इतनी सर्द है कि जलने का नाम ही नहीं लेती।

लडका : अब तुम आग को फूँको, मैं देखूँगा।

लडकी : भला आग फूँकना भी कोई देखने की चीज़ है ?

लडका : आग के उजाले में तुम्हारा चेहरा मुझे और भी बड़ा अच्छा लगता है, ज़रा फूँको तो सही।

लडकी : ओहो, अब सर को इतने पास लाएँगे तो चिनगारी उड़ने पर बाल नहीं जलेंगे क्या ?

लडका : अब तुम्हारा मुँह आग की चिनगारी की तरह हो गया है तो उसे बुझाने के लिए मेरे बाल पानी जैसे हो गए होंगे। आय हाय, कितना चमक रहा है ! चमकदार ठुड्डी के नीचे, होठ पे नाक के नीचे, आँखों की पुतलियों में, भौंहों पे और गालों और

आँखों के बीच की छाया, मैं तो मर ही जाऊँ !

माँ का प्रवेश

माँ : क्या है वो ? मिर्च ?

लडकी : नहीं, मूँगा की माला । टूट गई तो रख दी ।

माँ : टूटी कैसे ? चाल-चलन अच्छे हों, तो नहीं टूटती न ? तेरा घरवाला आया कि नहीं ?

लडकी : मुझे क्या पता ?

माँ : तो फिर यह टोपी किसकी है ओए छम्मकछल्लो ? भला माला कैसे न टूटे ? उतावली गाय, बाघ खाय । अभी-अभी यहाँ कौन हँस रहा था ?

लडकी : पता नहीं कौन हँस रहा था । उधर के बच्चे होंगे ।

माँ : हाँ हाँ बड़े आए बच्चे । अब तो ऐसे ही निगलेगी । चल ज़रा ढकनी से नमक लेके आ । ज़रा देखो तो नमक ही हालत ! कैसे गंदा हुआ पड़ा है । ढकना जाने तब तो ! ज़रा खरोच लग गई थी तो सोचा नमक-घी लेप लूँ, पर घी की एक बूँद भी मिले तब तो ! उसी दिन लाई थी । कहाँ रखा है ओए संहारनी ? कहीं उठाके पी तो नहीं गई ?

लडकी : वो तो यहाँ भगौना में है ही न ।

माँ : हाँ हाँ, होगा क्यों नहीं भगौना में ? पानी की तरह खर्च जो करती है महारानी । अब मैं ही उठाकर सर पर उँडेलूँ या रखोगी शीशी में ?

लडकी : रखने के लिए कहतीं तो रख ही देती न ?

माँ : इसका थूथन बजाना तो देखो । (बरतन गिरने की आवाज़) हाँ हाँ, गिरा दे, गिरा दे । बरतन फोड़, और ये भी देख कि तेरा सर कैसे फूटता है ।

लडकी : इतना मन कर रहा है तो फोड़ ही दीजिए ।

माँ : ये तेरा जानकर अंजान बनना मुझे बिलकुल पसंद नहीं है । खींच के दूँगी एक झापड़, तब मालूम होगा आटे दाल का भाव । ज़ुबान चलाती है, काम की काज की, दुश्मन अनाज की ।

लडकी : कहे हुए काम तो करती ही हूँ । और भी जितना देंगी, कर लूँगी, और क्या ?

माँ : हाँ हाँ, खूब करती है काम । मुखड़ा सिंगारने से फ़ुर्सत हो, तब तो काम करती । तकिया का खोल निकालकर धोने के लिए नहीं कहा था ? सौ बार कह चुकी मैं । सुनी मेरी बात ? देखो तो ज़रा, हे राम ! कितना गंदा हुआ पड़ा है ! तेरी आँखें फूट गई हैं क्या ? खुद नहीं देख सकती थी ? मुझ बूढ़िया को नरक में रखना चाहती है ?

लडकी : उस रजाई का खोल कल धोया था, उसे अब कल धो लूँगी ।

माँ : चाहे एक रात बुढ़िया धूल में ही पड़ी रहे ?

लडकी : अभी मैं मक्के, भटमास भून रही हूँ, भला किस हाथ से धोने जाऊँ ?

माँ : तेरे मक्के भटमास तू ही खा, मेरे दाँत तो चबा भी नहीं सकते । यहाँ की चाबी का गुच्छा कहाँ रख दिया ?

लडकी : क्या पता, मैंने तो देखा भी नहीं है ।

माँ : मैं अभी-अभी इसके सामने रख के गई थी और यही कह रही है 'क्या पता' ।

लडकी : मुझे तो नहीं दिया था न, मुझे कैसे पता हो ?

माँ : तो मैंने कब कहा कि तुझे दिया था ? मैं तो यही कह रही हूँ कि तुझे दिखाकर रखा था ।

लडकी : मैंने तो नहीं देखा ।

माँ : हाँ हाँ, तू क्यों देखने लगी भला ?

लडकी : होता तो यहीं होता, या हो सकता है कहीं और रखकर भूल गई हों ।

माँ : तू भी देख संदूक खोलकर, कहीं तूने ही तो इधर-उधर नहीं घुसा दिया ?

लडकी : बाहर बारी की तरफ़ जाते वक्त तो नहीं गिरा दिया आपने ? उधर जाके ढूँढूँ ?

माँ : हाँ हाँ, तेरी जैसी अक्ल है न मेरी जो बारी में धान की तरह रोप आई हूँ ताकि बड़ा होकर जब पकेका तो खाऊँगी । जल्दी से ढूँढ़के ला कहीं से ।

लडकी : हे भगवान ! अब मैं आसमान में ढूँढ़ने जाऊँ या पाताल में ?

माँ : कहाँ छिपाकर रखा है, वहाँ से ढूँढ़कर ला वरना मैं तेरे बाप के घर भेजूँगी ढूँढ़ने के लिए । मुझे जानती नहीं है तू । तू समझती होगी तू बच जाएगी । छोटी-मोटी लकड़ी से जलने वाली बेटी नहीं हूँ मैं । ढूँढ़कर लाने को कहा है तो ढूँढ़कर ला, और मैं कुछ नहीं जानती ।

लडकी : मुझे पता होता तो क्या मैं ले नहीं आती ?

माँ : तूने नहीं देखा तो क्या गली के काले कुत्ते ने छिपा लिया ?

लडकी : माँजी, कहीं आपकी डोरी में तो नहीं है, उस दिन की तरह ?

माँ : ज़रा देखूँ तो, मुआँ यहीं तो पड़ा है । झट से याद दिलाने वाला कोई ढंग का इंसान तो हो ! हे भगवान ! लो, अब मैंने इतना कह दिया तो तेरा कुछ बिगड़ तो नहीं गया न ? हाँ हाँ, फूट-फूटकर रो ले चिल्ला ले, लोगों को सुना । मेरी चुगली अपने मर्द से भी तो करनी है न तुझे, चल यह भी कर ले । तू क्या समझती है, मैं डर जाऊँगी । मेरा बेटा है, कहूँगी उठ तो उठेगा और जो कहूँ बैठ तो बैठेगा भी । हो गया न तेरा ? ऐसे ही तो बेटा मुँह नहीं दिखाता, ऊपर से

लुगाई का रोना-धोना सुनके तो ... हे भगवान !

(बच्चे शोर मचाते हैं)

बच्चे : सुनो सुनो भैया, मैं बतलाऊँ

सास बहू का झगड़ा सुनाऊँ

माँ : हे राम ! ये गली के कुत्तों का झुंड तो देखो । बूढ़े हो जाने पर तो ये मक्खियाँ भी मज़ाक उडाएँगी । क्या मैं अपनी चाबी के बारे में भी पूछ नहीं सकती । चल दिखा ले मटरगस्ती । अब देखोगे तुम लोग भी । ... देखना है ? बता, देखना है ? मर जा सबके सब ... !

बच्चे : सुनो सुनो भैया, मैं बतलाऊँ

सास बहू का झगड़ा सुनाऊँ

सुनो सुनो माता, मैं बतलाऊँ

सास बहू का झगड़ा सुनाऊँ

हा हा हा हा

बच्चा : अरे बाप रे ! बुढ़िया ने तो मार ही डाला था यार, खिड़की से डंडा घुसा दिया था, मैं तो बाल-बाल बच गया ।

×××

लडका : इधर देखो न ।

लडकी : क्यों ?

लडका : देखो न ।

लडकी : नहीं, छोड़िए मुझे ।

लडका : मिन्नत करता हूँ, ज़रा देख लो न ।

लडकी : छोड़िए मुझे, आपको क्या है, अपना बेटा टोपी छोड़के जाता है, और उतावली की पदवी मुझे सुननी पड़ती है ।

लडका : देखूँ ज़रा, रो रही है या स्वांग रचा रही है, काजल भी कहाँ लथपथ है ।

रामे की माँ : छोटू, ए छोटू ! अरी बहू ! ये क्या होता रहता है तुम्हारे यहाँ ? जब देखो तब खलबली मची रहती है । पड़ोसियों में जगहँसाई कराके क्या अच्छा लगता है तुम लोगों को ? क्या किया बहू ने, हाँ बेटा ?

लडका : कुछ भी तो नहीं किया है इसने । माँ ऐसे ही जब देखो खिच-खिच करती रहती है । अब देखिए न, चाबी अपनी डोरी में लटका रखी थी और चोरनी इसे बना रही थी । भात गीली हो जाए, तब भी आसमान सिर पर उठा लेती है । कपड़े एक दिन नहीं धोए, तो भी हंगामा खड़ा कर देती है । इसके जितनी गाली तो दासियों को भी नहीं सुननी पड़ती होगी । अब तो अति हो गया । आप ही कुछ उपाय बताइए न ।

रामे की माँ : हाय, अब मैं भला क्या करूँ ?

लडका : सच्ची कह रहा हूँ, कुछ कीजिए आप ही ।

रामे की माँ : सच में ?

लडका : हाँ बिलकुल ।

रामे की माँ : तो क्या बहू मानेगी मेरी बात ?

लडका : मानेगी क्यों नहीं ?

रामे की माँ : तो ठीक है दुलहन, तू कहीं जाके छिप जा । मैं छेमा को ठीक करती हूँ । जब वो जगह पर आ जाएगी, तब तुम आना और जो कहना होगा, कहना । चलो-चलो, तुम निकल ही लो ।

लडका : हाँ, हाँ, ... खिसक लो ।

रामे की माँ : तू भी चला जा । मौका देखके ऐसे आना, जैसे कुछ पता ही न हो ।

×××

रामे की माँ : छेमा, ओ छेमा !

माँ : क्या हुआ ? कौन है ? रामे की अम्माँ ?

रामे की माँ : हाँ, हाँ मैं ही हूँ । ज़रा इधर आइए तो जल्दी ।

माँ : क्यों ? वहाँ से नहीं बता सकती ?

रामे की माँ : बता सकती तो बता ही देती न ? जल्दी आइए तो सही ।

माँ : बात क्या है ? पता नहीं अब क्या कहेगी सहेली भी, हे भगवान !

रामे की माँ : बात भला क्या होगी ? बहू कहाँ है ?

माँ : यहीं तो थी, पता नहीं कहाँ गई ।

रामे की माँ : बहू तो चलती बनी । यही बताने के लिए आई हूँ ।

माँ : कहाँ गई ? कहीं कूदने तो नहीं गई ? अपने मायके ही तो गई होगी । चलो ... ।

रामे की माँ : क्या 'चलो' ? मैं बार-बार न कहती थी, कि जब देखो तब खिच-खिच होगा तो चाहे जैसा भी इंसान हो, बात लग ही जाती है, समझीं आप ? मैं तो आपको ही दोष दूँगी । चाहे बुरा लगे या अच्छा ।

माँ : उसका सब सहती आई हूँ । कुछ कहा भी नहीं है ।

रामे की माँ : हाँ, हाँ, सब जानती हूँ मैं ।

माँ : उसी की ही मति सुधरे, इसलिए कभी-कभी सिखाती-बताती रहती हूँ । हाँ, कभी-कभी डाँट-डपट भी कर देती हूँ, कहूँ क्यों नहीं । अब किसी को बुरा लग जाता है, तो वो भी नहीं कहूँगी ।

रामे की माँ : अब कहिए चाहे मत कहिए, बहू तो चली गई ।

माँ : मैंने तो अपना समझकर कहा था ।

रामे की माँ : अपना समझकर तो और प्यार देना चाहिए न ? इस तरह दिन-रात कलह करता है

कोई ?

माँ : पता नहीं क्यों, मुझे गुस्सा आ जाता है। जितना मैं उसे बुरा-भला कहती हूँ, बेटा उतना ही दूर होता जा रहा है मुझसे। तब और गुस्सा चढ़ आता है, किस्मत ही ऐसी है।

रामे की माँ : किस्मत को मत कोसिए छेमा आप। अपनी ही बुद्धि को दोष दीजिए। मैं राँड़ ही सही, पर इतना तो जानती हूँ। छोटू को आपने पैदा किया। खुद से ज़्यादा उसे प्यार दिया, लालन-पालन किया। पाल-पोसकर बड़ा किया, पर इतने से ही नहीं हो जाता। अगर इतने से हो जाता तो भला शादी ही क्यों करनी पड़ती उसकी ? क्यों बहू को लाना पड़ता। आपका लाडला बेटा अब दिन भर अपनी दुलहन को प्यार करता है। ऐसा ही है। अब इसमें हम कर भी क्या सकते हैं ? सभी के बच्चे होते हैं। सब प्यार देते हैं। समझ गईं छेमा ? नदी जब भी नीचे की तरफ़ बहती है, ऊपर की तरफ़ कभी नहीं लौटती। यही रीत है, कहकर मनको समझाना पड़ता है। अगर किसी का ज़्यादा प्यार चाहिए तो उसे जो चीज़ प्यारी है, उसका भी खयाल रखना पड़ता है, तब बनती है बात। ... अब भला रो क्यों रही हैं ? मैं आपको रुलाने के लिए थोड़े ही आई हूँ। अब बस भी कीजिए।

माँ : ऐसा मत कहो रामे की अम्माँ। अब जैसे भी हो, बहू को समझाकर ला दो। वरना बेटा मुझे की कोसेगा।

लडका : माँ, ओ माँ (दूर से बुलाता है)

माँ : इधर आ तो बेटा ज़रा।

लडका : क्या हुआ माँ, मुझे बड़ी भूख लगी है, जल्दी से मक्के दो न।

माँ : जा, पहले बहू को लेके आ, तब दूँगी।

लडका : मैं नहीं जाता। पता नहीं वो कहाँ गई है। तू भी तो दे सकती है न।

माँ : सुना नहीं ? बहू मुझसे नाराज़ होकर मायके चली गई है।

लडका : चली गई तो जाने दे। दूसरी ले आऊँगा। माँ से नाराज़ होने वाली बहू का क्या काम ?

माँ : नहीं बिटवा, कसूर तो मेरा ही है न।

लडका : माँ का भी कसूर होता है कहीं ? उसी का कसूर होगा।

माँ : ज़्यादा मैं नहीं जानती। जा, जल्दी से बहू को बुलाकर ले आ, वरना मैं कुछ भी खाने को न दूँगी, और न ही खुद खाऊँगी।

लडका : वैसी राक्षसी को बुलाने मैं कहाँ जाऊँ, बल्कि दूसरी ले आऊँगा।

माँ : अभी डंडे से करूँगी तेरी पिटाई। वैसी लक्ष्मी तो तू सात जन्म तपस्या करेगा, तब भी नहीं मिलेगी। रामे की अम्माँ ! आज तक चाहे उसे जिनती भी गाली दी, बेचारी आँसू बहाती रहती थी। पता नहीं आज किस कुतिया के उकसावे में आकर मायके चली गई, भगवान ही जाने। आज मैं कुछ ज़्यादा ही बोल गई शायद। घी को लेकर भी बुरा-भला कहा। खोल-चादर को लेकर भी फजीहत की। कीड़े पड़े मेरे मुँह में, चाबी को लेकर भी पता नहीं क्या-क्या बक गई। तू जाता क्यों नहीं है ? भाग के जा, दूर निकल गई होगी। पकड़ के ले आ।

बहू : किसे माँजी ?

माँ : लो, ये तो यहीं है। कहाँ चली गई थी ? मेरी इतनी-सी बात का बुरा मान गई ?

बहू : मैं क्यों बुरा मानने लगी माँजी ? सुबह आप ही ने नहीं कहा था कि मटर का साग और टमाटर खाने का जी कर रहा है ? वही खरीदकर लाने गई थी।

माँ : देखा, मैंने नहीं कहा था, महालक्ष्मी है कहकर ? मायके कहाँ गई थी ?
तू ऐसे ही अनसुना करता रहेगा। मेरी बहू ही तुझसे बेहतर है।

लडका : आपकी सुनती है तो क्या हुआ ? मेरी तो एक नहीं सुनती।

माँ : तेरी क्यों सुनेगी, जब मेरी सुनती है तो। मेरा तो दिल धड़क उठा था। मुझे तो बड़ी बैचैनी-सी हो गई थी। मैं मर गई होती तो क्या करती ? मेरे मरने की घड़ी में क्या करेगी, किसे कहने जाएगी ?

बहू : हाँ, माँजी भी ! मैंने भला क्या किया है। इतनी भी नासमझ थोड़े ही हूँ ? मैं मायके चली गई, ये बात आपसे किसने कही ?

माँ : हाँ सच में रामे की अम्माँ, मेरी बहू मायके चली गई, ये बात तुम्हें किसने बताई ?

रामे की माँ : वहीं पर, पता नहीं, कोई तो कह रहा था। मेरी भी सुधी कहाँ रही, मैं भी दौड़ती हुई इधर आ गई।

माँ : पता नहीं कौन झूठा होगा। अब मुझे बताकर ही कहीं जइयो, बताए देती हूँ। नहीं तो पिटाई करूँगी तेरी। चल अब सबको खाने के लिए दे। रामे की अम्माँ के लिए भी ले आ।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

एकाङ्की

वो रोमांचक रात

रमेश विकल

रात के ग्यारह बजे
किसी जिला का सदरमुकाम
सामान्य तौर का सोने का कमरा
(दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. गगन राज शर्मा विछौने पर अधलेटे हुए हैं, कोई पुस्तक पढ़ रहे हैं। उनकी पत्नी श्रीमती शैलजा कमरे में कपड़ा-लत्ता ठीक कर रही हैं।)

शैलजा : क्या हुआ जी ? अभी तक सोने का वक्त नहीं हुआ ? ... रात बीतने लगी है ...सोने के बदले यह क्या ... ! बत्ती का निर्वहन कर दूँ ?

प्रो.गगन राज : (मजाकिया लहजे में) यह समय तो नेपालियों का अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का है। ऐसे समय में तुम वही पुरानपंथी बत्ती का निर्वहन करने की बात कर रही हो। अरे यार, ऐसा करो, तुम भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करो और मुझे भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करने दो।

शैलजा : आप भी न ! सीधी बात को टेढ़ी कर देते हैं। छोटी बात को बड़ी कर देते हैं।

प्रो. गगन राज : आखिर दर्शन शास्त्र का प्रोफेसर जो हूँ। जो सभी के समझ में आने वाले किसिम से बात करे, वह क्या प्रोफेसर। (नीचे कोई दरवाजा खटखटाता है।)

शैलजा : इतनी रात में दरवाजा पीटने वाला कौन आ गया ?

प्रो. गगन राज : जाकर देखो ना, पता चल ही जाएगा।

शैलजा : नहीं, नहीं। मैं नहीं जाऊंगी। जाने कौन हो ? इतनी आधी रात में कहीं चोर डांकू वगैरह होगा तो ?

प्रो. गगन राज : कहीं चोर इस तरह दरवाजा खटखटाकर आता है। अरे भाई कोई पड़ोसी होगा। कोई जरूरत होगी।

शैलजा : कहते हैं, आजकल तो चिट्ठी लिखकर चोर डांकू आते हैं। मैं तो नहीं जाऊंगी ...

प्रो.गगन राज : चलो मैं ही तकलीफ उठा लेता हूँ।

(प्रो.उठकर जाते हैं और दरवाजा खोल देते हैं। एक नकाबपोश काली आकृति आंधी तूफान की तरह अंदर प्रवेश करती है।)

शैलजा : (आतंकित स्वरमें) अरे बाप रे ! कौन है यह ... क्या चीज है यह ?

आगंतुक : (एकदम धीरे स्वर में) खामोश हो जाएये आप दोनों ! मैं आप लोगों का कोई नुकसान नहीं करूंगा। लेकिन अगर आप लोगों ने शोर मचाया तो फिर ... (एक पिस्तौल की तरह कोई वस्तु दिखाता है। प्रोफेसर की आँखों में डर नजर आने लगता है।)

प्रो. गगन राज : (लड़खड़ाती हुई आवाज में) अरे .. अरे... यह क्या बदतमीजी है ? अगर मैंने मदद की आवाज लगाई तो !

आगंतुक : ऐसी गलती मत कीजिए प्रोफेसर साहेब। मैं आप लोगों का कोई नुकसान करने नहीं आया हूँ। लेकिन आपने मेरी बात नहीं मानी और गलती की तो ... (पिस्तौल दिखाता है) चुपचाप बैठ जाइये और मुझे भी बैठने का इजाजत दीजिये।

प्रो. गगन राज : (डरते हुए) लेकिन तुम ... इतनी रात में ... नकाबपोश में ... ।

आगंतुक : (हँसते हुए) इस नकाब से मत डरिये सर। (मजाकिया लहजे में) आप मुझे बैठने का आज्ञा दें। (प्रो. गगन राज चुपचाप चौकी पर बैठ जाते हैं शैलजा उनके बगल में थर-थर कांपती हुई खड़ी हो जाती है।)

प्रो. गगन राज : लेकिन... तुम हो कौन ? यह नकाब क्यों लगा रखे हो ?

आगंतुक : इस नकाब के अंदर ऐसी कोई चीज नहीं है जो आपको भयभीत कर दे। डरने की कोई बात नहीं है सर। मुझे पुलिस शिकारी कुत्तों की तरह दौड़ा रही है। इसलिये मैं अपनी जान की रक्षा करने के लिये आप के आश्रम में आ गया हूँ।

प्रो. गगन राज : (घबराते हुए) प... प... पुलिस ... और मेरे घर में। तुम... तुम ...तुम ... ...!

आगंतुक : सर ... इतना डरने की बात नहीं है। सत्ताधारी और उनके हिमायती मुझे आतंकवादी कहते हैं। माओवादी ! लेकिन...।

शैलजा : (चिल्लाती हुई) म...म..माओवादी। हमारे घर में ! हे भगवान !

प्रो.गगन राज : तुम ... माओवादी ? मेरे घर में ?

आगंतुक : (एक बेंच पर बैठते हुए) मत डरिये गुरू माँ ! मत डरिये सर। सत्ताधारियों ने हमें जिस तरह से प्रचारित किया है, हम वैसे नहीं हैं। आप लोगों को डरने कोई वजह नहीं है। देखिये ... (नकाब उतार कर रख देता है।)

प्रो. गगन राज : (आश्चर्यचकित स्वर में) तु...तु ... तुम विकास ? ... तुम इस रूप में ?

विकास : जी सर ! मैं ही हूँ आपका प्रिय छात्र, मेधावी, जीवंत। ऐसे नकाबों के पीछे आपको ऐसे ही चेहरे दिखेंगे। इसलिए कह रहा हूँ आप डरिए मत। हम किसी का नुकसान करने के लिए नहीं बने हैं,सिर्फ आतातायियों का प्रतिकार करने के लिए अपनी कमर कसे हुए हैं।

प्रो. गगन राज : लेकिन... तुम... तुम तो एक अनुशासित मेधावी उच्च आदर्शवादी छात्र, रूप में। विश्वास नहीं हो रहा।

विकास : यहाँ ऐसी बहुत-सी चीजें हैं, जिन पर न चाहकर भी विश्वास करने के लिए बाध्य होना पड़ता है, सर। सभी के चेहरे नकाब में छुपे हुए हैं। अब वह चेहरा कैसा है ... यह बिना नकाब उतारे नहींजाना जा सकता। इसीलिए ... .

शैलजा : तुम हो विकास ? आश्चर्य ! तुम्हारे सर तो तुम्हारी तारीफ करते नहीं थकते थे। और तुम ...

विकास : इस रूप में ... (हँसता है) यही विडंबना है गुरु माँ ! यहाँ पर गुरु के प्रिय, मेधावी और देश तथा समाज के लिए कुछ करने का संकल्प लेने वाले मुझ जैसे कई विकासों को आतंक के साये में जिंदगी जीने के लिए विवश किया जाता है। क्यो ? ... आखिर क्यों ?

प्रो. गगन राज : (गंभीर स्वर में) तुम ही बताओ... क्यों ? तुम्हारे ऊपर तो इस देश और हम लोगों ने काफी भरोसा कर रखा था।

विकास : सर, मुझे यह कहने में दुःख हो रहा है कि देश ने जिन युवाओं पर आशा और भरोसा किया है, उन्हें मेरे रास्ते पर चलने के लिए विवश होना होगा। क्योंकि देश का सपना साकार करने और और जनता की आशा पूरी करने के लिए हमारे पास इसके अलावा और कोई विकल्प ही नहीं है। है क्या सर ? कहिए न !

प्रो. गगन राज : (हाथ से रोकते हुए) शैलजा, जाओ ...कीचन में जाकर देखो कुछ खाने पीने की चीज है क्या ? जाने यह लड़का कितने दिनों से भूखा प्यासा है !

विकास : इसकी जरूरत नहीं है, सर। गुरु माँ को क्यों तकलीफ दी जाय ? हमारा तो जीवन ही ऐसा है। काँटों की झाड़ियों में प्रवेश करने के बाद सेमर के भुए की मृदुता की आस भी तो नहीं किया जा सकता।

शैलजा : नहीं...नहीं... इसमें तकलीफ की क्या बात है। कोई तकलीफ नहीं है। शाम में आए हुए मेहमान को भूखे पेट सुला देना हमारी परंपरा भी तो नहीं है। ठहरो... मैं देखती हूँ। (वह कमरे से निकल जाती है।)

प्रो. गगन राज : हाँ, तो तुम क्या कह रहे थे, विकास !

विकास : मैं यह कह रहा था सर, कि आज हमारे देश में मेरे जैसे ... ...

(अचानक जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनाई देती है। सभी अवाक् हो जाते हैं)

प्रो.गगन राज : अब कौन आया ? (उठने का उपक्रम करते हैं।)

विकास : रुकिए सर। यह अवश्य ही पुलिस होगी, मेरी गंध सुंघकर आई होगी।

प्रो. गगन राज : तो क्या पुलिस तुम्हें पहचानती है ?

विकास : चेहरे से तो शायद नहीं ... मगर हुलिया से...कहीं...

प्रो. गगन राज : तब तुम अंदर जाओ और अपना हुलिया बदलकर आओ। तुम कोई और नहीं हो ... काठमाँडू से छुट्टी बिताने आया हुआ मेरा भतीजा शंकर हो। चलो, अंदर जाओ।

विकास : धन्यवाद सर !

(विकास दूसरे कमरे में चला जाता है, शैलजा हाथ में दूध का गिलास और प्लेट में कुछ खाने की चीजें लेकर आती है।)

शैलजा : विकास कहाँ है ?

प्रो.गगन राज : विकास नहीं, काठमाँडू से आया हुआ हमारा भतीजा शंकर कहो। वह अंदर है।

(नीचे से लगातार दरवाजा खटखटाने की आवाज

आती है ।

शैलजा : फिर यह कौन दरवाजा खटखटा रहा है ?

प्रो. गगन राज : पुलिस !

शैलजा : (भयभीत आवाज में) पुलिस ? अब क्या होगा ?

प्रो.गगन राज : डरो मत । हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है ।

शैलजा : लेकिन विकास ... विकास तो अंदर है ।

प्रो.गगन राज : अंदर विकास नहीं, हमारा भतीजा शंकर है । वह पर्सों काठमाँडू से आया है । समझी ?

शैलजा : (लंबी सांसे लेकर) जी, हाँ, समझ गई ।

प्रो. गगन राज : (ठट्टा करते हुए) अगर इतना भी नहीं समझोगी, तो फिर प्रोफेसर की प्रोफेसराइन कैसे होगी ?

(दरवाजा जोर-जोर पिटा जाता है ।)

शैलजा : लगता है, दरवाजा ही तोड़ देगा ।

प्रो.गगन राज : ठहरो, मैं देखता हूँ । (खिड़की से झाँककर देखते हुए) कौन है नीचे ? आधी रात में क्यों शोर मचा रखा है ?

आवाज : (कड़ककर) हम, हम पुलिस ! दरवाजा खोलिए ।

प्रो. गगन राज : पुलिस ? आधी रात में मेरे घर में पुलिस का क्या काम ? यह तो कॉलेज का परिसर है ।

आवाज : सरकारी काम न रात दिन कुछ नहीं देखता, और न ही परिसर सरिसर देखता है । जल्दी खोलिए दरवाजा ।

प्रो. गगन राज : ठहरिए ... मैं आ रहा हूँ । (प्रो. गगन बाहर निकलते हैं । दूर से दरवाजा खोलने और सीढ़ियां चढ़ने की आवाज सुनाई देती है । प्रोफेसर की पीछे-पीछे इन्स्पेक्टर थापा और तीन पुलिस जवान प्रवेश करते हैं । शैलजा एक हाथ में दूध का गिलास और दूसरे हाथ में खाने का प्लेट लेकर दूसरे कमरे में जाती है ।)

इ.थापा : आपके यहाँ आज शाम कोई अजनवी आदमी आया है ? (पुलिस की ओर देखते हुए) देखो,उधर ।

प्रो. गगन राज : (थोड़ी प्रतिकार की शैली में) इस देश के प्रशासन में मर्यादा नाम की कोई चीज नहीं है क्या ? कोई कायदा-कानून नहीं है ? ... आधी रात में एक इज्जतदार नागरिक के घर में जबरजस्ती घुसकर ...

इ.थापा : श्रीमान्, आज इस देश में इज्जतदार और गुंडा में अंतर कर पाना मुश्किल है । किसी के माथे पर प्रतिष्ठित या चोर नहीं लिखा होता ।

प्रो. गगन राज : क्या आप मुझे नहीं पहचानते । इस छोटे से जिला के सदरमुकाम में एक ही तो कॉलेज है, और मैं उसमें पढ़ाता हूँ । क्या आप नहीं जानते ?

इ.थापा : मैं तो पहचान भी लूँ, लेकिन मेरी यह वर्दी कैसे पहचानेगी ? आप जैसे मास्टर और प्रोफेसर ही आजकल अपने स्कूल और कॉलेजों में राजनीति सिखाकर विद्यार्थियों को भटका रहे हैं और देश तथा समाज को भाँड़ रहे हैं ।

प्रो.गगन राज : (अपमान बोध से छटपटाते हुए) इन्स्पेक्टर साहब, शक्ति मिल जाने पर किसी का अपमान करने अधिकार तो नहीं मिल जाता ? यह कोई तस्कर या भ्रष्ट कर्मचारी का घर नहीं है । .. आपके ऊपर भी कानून है ।

इ.थापा : प्रोफेसर साहब ! आप मुझे कानून न सिखायें, क्या आपको मालूम नहीं है कि इन दिनों इस जिला में आतंकवादियों ने तबाह करके रख दिया है । जनता की जान और धन सम्पत्ति सुरक्षित नहीं हैं । इसलिए सरकार के द्वारा हमें उन आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए प्रशस्त अधिकार दिए गए हैं । समझें

प्रो.गगन राज : सुनने को तो मैंने भी सुना है । पत्र-पत्रिकाओं में पढ़ा भी है । लेकिन मैंने वैसा आतंक का अनुभव नहीं किया है ।

इ.थापा : वाह ! पूरे जिला में इतना मारकाट हो रहा है इतना हाहाकर मचा हुआ है और आपको इस बात अनुभव नहीं ?

प्रो. गगन राज : (गंभीर स्वर में) हो सकता है, अगर आप लोग कहते हैं तो ... लेकिन मुझे ।

इ.थापा : इसका मतलब यह है कि आप खुद अनुभव करना चाहते हैं । अगर ऐसा है तो, यह भी कराया जा सकता है । आप चुपचाप हमारी मदद करते हैं या .

प्रो. गगन राज : जबरजस्ती कर रहे हैं आप ... मैं न चाहते हुए आपकी सहायता करूं ... यही चाहते हैं न आप कर सकते हैं । आप लोग कुछ भी कर सकते हैं । क्योंकि आपके हाथ में शक्ति का डंडा है

इ.थापा : (पुलिसों से कड़ककर बोलते हुए) ऐ साले तुम लोग गूंगे बहरे की तरह खड़े हो ? जाओ तलाशी लो, कोना-कोना छान मारो ।

(शैलजा अंदर प्रवेश करती है ।)

शैलजा : (भयभीत स्वर) वे लोग हमारे यहाँ क्या ढूँढ़ आये हैं ?

इ.थापा : माँ, हमें शंका है कि आपके घर में ए आतंकवादी छुपा हुआ है । हम उसे ही ढूँढ़ने आ हैं ।

शैलजा : (एकदम डरने का अभिनय करते हुए) आतंकवा

... हमारे घर में ?

इ.थापा : क्यों..ऐसा नहीं हो सकता क्या ? हमें पूरा विश्वास है कि वह इधर ही किसी घर में छुपा हुआ है । हम सभी घरों की तलाशी ले रहे हैं ।

(विकास अपना हुलिया बदलकर और आँख मिसते हुए अंदर आता है ।)

विकास : क्या हुआ बड़े पिताजी ? क्या हो रहा है यहाँ ? ... कितना बज रहा है ? अरे बारह बज गया ... ये लोग ?

इ.थापा : (गहरी शंका की दृष्टि से देखते हुए) यह कौन है ?

शैलजा : (स्थिर आवाज में) यह हमारा भतीजा है । मेरे देवर का लड़का । काठमाँडू में रहता है । छुट्टी में घूमने आया है । शंकर ! ये लोग पुलिस हैं । ये लोग...कौन वादी ? किसी वादी को ढूँढ़ते हुए आयेहुए हैं !

इ.थापा : (कड़ककर) आतंकवादी ... समाज का दुश्मन ! हमें पूरा विश्वास है कि वह यहीं कहीं छुपा हुआ है ।

विकास : (आश्चर्य का अभिनय करते हुए) यहाँ ? हमारे घर में आतंकवादी ? क्या कह रहे हैं आप ?

इ. थापा : हम यहाँ तलाशी लेंगे । (पुलिस जवानों की ओर खा जाने वाली दृष्टि से देखते हुए) सालों ! तुम लोगों को लकवा मार दिया है क्या ? क्या बेवकूफ की तरह खड़े हो ? जाओ, घर का कोना-कोना छान मारो । कोई भी जगह छुटने न पाये ।

(पुलिस के जवान घर में तलाश करने चले जाते हैं ।)

प्रो. गगन राज : इन्स्पेक्टर साहब ! देखिए, बुरा मत मानिएगा, मेरी बातों का गलत अर्थ मत निकालिएगा । लेकिन आम लोगों में तो यह धारणा है कि प्रशासन आतंकवादियों का उन्मूलन करने के नाम पर खुद बड़ा आतंकवादी बन बैठा है । आतंकवाद फैला रखा है । शोर, हल्ला मचाकर जनता में संत्रास फैला रखा है । भय की सृजना कर रखी है ।

इ. थापा : यह आप क्या कह रहे हैं ? प्रशासन आतंक नहीं मचाता, बल्कि अनुशासन कायम रखता है । उसी प्रशासन के अंतर्गत के हम सुरक्षाकर्मी आतंक नहीं मचाते, बल्कि आतंकवाद का निमूर्लल करके शांति सुरक्षा कायम करते हैं । देश में अशांति फैल जाय, जान माल की क्षति होने लगे तो हम हाथ पर हाथ धरकर चुप नहीं रह सकते । हम मूकदर्शक नहीं बन सकते ।

विकास : बात तो सही कह रहे हैं आप ...होना भी यही चाहिए । लेकिन यहाँ कहा-सुना जाता है कि प्रशासन ने जितना हो हल्ला मचाकर जनता में भय और त्रास फैला रखा है, हकीकत में यह सब आतंकवादियों के कारण नहीं हुआ है । हाँ, यह जरूर है कि कुछ घटनाएँ उन लोगों के द्वारा भी हुई हैं, लेकिन उनसे आम जनता नहीं , बल्कि जनता के दुश्मन, लुटेरा, अन्यायी और अत्याचारी प्रताड़ित हैं ।

इ. थापा : (तीव्र स्वर में) यह आप कह रहे हैं प्रोफेसर साहेब ? आप भी ...

प्रो. गगन राज : (हँसकर) नहीं, नहीं इन्स्पेक्टर साहब ! यह तो मेरे भतीजे की तरह का युवा जमात कह रहा है । उनके मुँह से आस जनता की भावना अभिव्यक्त हो रही है ।

इ.थापा : आप लोग सरकार की बातों को प्रचार समझ कर हाव में उड़ा देते हैं और प्रतिपक्षी के हो हल्ला को मूर्खो की तरह मान लेते हैं । तभी तो पड़ जाते हैं...दु:ख तकलीफों में ।

विकास : नहीं, इन्स्पेक्टर साहब ... (अंदर से बर्तन गिरने पड़ने की आवाज सुनाई देती है ।) क्या सही है और क्या गलत ? सरकार सही है या प्रतिपक्ष.. यह तो वे ही जाने । लेकिन हमारी यही शिकायत है कि हमें बेकार में फंसा दिया जाता है ।

इ.थापा : देखिए,...क्या नाम है आपका ? हाँ, शंकर जी । देखिए, अब गेहूँ के साथ एकाध घुन भी पीस जाते हैं । एक अलग बात है । लेकिन आप लोगों को हमें पूर्वाग्रह होकर नहीं देखना चाहिए । अगर ऐसा होता है, तो हमें मजबूरन आप लोगों की बातों में विरोध की गंध महसूस करनी होगी ।

विकास : हमारा तो बस यही कहना है कि गेहूँ के नाम पर केवल घुन को ही नहीं पिसा जाना चाहिए । (हँसते हुए) मेरी इतनी सी बात पर यदि आपको शंका लगती है, तो मैं आपके साथ चलने को तैयार हूँ । कहाँ ले जायेंगे ?

(दूसरे कमरे से खटरपटर-खटरपटर की आवाज सुनाई दे रही होती है ।)

इ.थापा : (थोड़ा झेंपते हुए) ऐसा तो मैंने नहीं कहा, लेकिन ...

शैलजा : चुप हो जाओ शंकर । तुम भी न ! जो मन में आता है, बोल देता है । कैसी आदत है तुम्हारी ?

विकास : (हँसते हुए) मैं मजाक कर रहा था, बड़ी माँ ।

शैलजा : कहीं कानून से मजाक किया जाता है ? देखो, आग और कानून दोनों एक-से होते हैं। मालूम नहीं है क्या, आग जला देती है।

इ. थापा : सही कह रही हैं आपकी बड़ी माँ, शंकरजी। उनकी बातों पर ध्यान दें। ऐसी दिल्लगी न करें, कि जान पर ही बन आय।

(तलाशी लेने गए पुलिस जवान वापस लौट जाते हैं।)

विकास : आगे से ध्यान दूंगा।

इ. थापा : (जवानों से) क्या हुआ ? नहीं मिला ?

एक पुलिस : नहीं मिला सा'ब (बुट जमीन पर मारकर सैलुट करता है)

प्रो. गगन राज : इन्स्पेक्टर साहब ! आप लोगों की शंका केवल शंका ही है। क्योंकि हम जितने हैं,आपके सामने है, लुका-छुपा कोई नहीं है।

इ. थापा : (लज्जित स्वर में) क्षमा कीजिएगा प्रोफेसर साहब। हमने आपकी नींद खराब कर दी। क्या करें, ड्युटी पर होने पर कभी-कभी अप्रिय काम करना पड़ा जाता है। इसीलिए तो हम पुलिस ...

विकास : (हँसकर) बदनाम होते हैं। यही कहना चाह रहे हैं न ? लेकिन पुलिस के बदनाम होने में क्या केवल यही वजह है ?

प्रो. गगन राज : बहुत वजह है। आप जैसे एकाध अच्छे लोगों की बात छोड़ दी जाय, तो जाने कितने ... ...

इ. थापा : अब जाने भी दीजिए, आप लोगों को कष्ट हुआ, इसके लिए क्षमा कीजिए। (पुलिस जवानों की ओर देखते हुए) चलो।(इन्स्पेक्टर के पीछे-पीछे पुलिस की टोली निकल जाती है। विकास पीछे-पीछे जाता है और दरवाजा बंद करके लौट जाता है।)

प्रो. गगन राज : गये ?

विकास : जी, चले गये सब। (दूसरे कमरे की ओर जाता है।)

शैलजा : मेरी तो जान ही निकल गई थी। अभी भी हृदय धक्-धक धड़क रहा है।

(अंदर से विकास आता है। उसने नकाव उतार रखा है।)

विकास : (प्रोफेसर के पाँव छूते हुए) धन्यवाद है, सर। (गुरु माँ के पाँव भी छूता है।) आप लोगों ने आज मुझे बचा लिया। मेरे कारण आप लोग भी मुश्किल में पड़ने वाले थे ...

प्रो. गगन राज : अब बताओ, तुम्हारी क्या योजना है ?

विकास : अब मैं आप लोगों को ज्यादा कष्ट नहीं दूंगा। अब आप हमें आज्ञा दें।

शैलजा : अरे, इतनी रात को कहाँ जाओगे। कल सुबह चले जाना।

विकास : नहीं गुरु माँ ! मैं जितनी देर यहाँ रहूँगा, आप लोगों को मशिकल होगी। मुझे जल्द से जल्द चले जाना ही ठीक है।

प्रो. गगन राजा : हाँ, विकास सही कह रहा है। लेकिन विकास, जाने से पहले तुम मेरे कुछ सवालों का जवाब देते जाओ।

विकास : सर के सवालों का जवाब तो मैं हमेशा ही देता आया हूँ। (हँसते हुए) पूछिये सर।

प्रो. गगन राज : मुझे लगा था कि तुम पढ़ लिखकर देश के लिए कुछ करोगे। लेकिन तुम तो ... .

विकास : 'ऐसे गलत काम में लगे हुए हो।' यही कहना चाह रहे हैं न, सर ? लेकिन सर...

प्रो. गगन राज : लेकिन तुम क्यों चल पड़े इस राह पर ? क्या तुम्हें विश्वास है कि तुम लोग सफल होगे ?

विकास : नहीं है सर। सौ पचास वर्ष तक हम सफल नहीं होने वाले हैं। कम से कम मुझे तो विश्वास नहीं है।

प्रो.गगन राज : तो फिर क्यों ? क्यों चल पड़े इस राह पर ?

विकास : सर, क्या आदमी को केवल अपनी इच्छा अनुसार की राह पर ही चलना चाहिये ? जबकि वर्तमान में चारो तरफ शक्ति का छांडव है, लूट है, भ्रष्टाचार है। बेरोजगारी और भूखमरी है। आज हर आदमी की जिंदगी बोझ बन गई है। वहाँ हम जैसे पढ़े लिखे युवक, जो भ्रष्ट नहीं हो सका है, उसे क्या करना चाहिये ?

प्रो. गगन राज : (व्यंग्यात्मक स्वर में) तो क्या आत्महत्या ? इसलिये तुम लोगों ने आत्महत्या की राह पकड़ी है ?

विकास : कभी-कभी आत्महत्या भी बड़े-से बड़े काम कर जाती है, सर। (हँसते हुए) लेकिन हम लोगों ने जो राह पकड़ी है, वह आत्महत्या तो नहीं है ...।

प्रो. गगन राज : तो फिर क्या है ? जब तुम स्वयं कह रहे हो कि तुम अपने प्रयास में सफल नहीं होने वाले हो। जान-बूझकर विफलता की राह पर चलना आत्मदाह ही तो है। और आज की स्थिति में तो तुम केवल खुद आत्मदाह नहीं कर रहे हो, बल्कि जनता को भी आत्मदाह की राह पर खड़े कर रहे हो।

विकास : जी, सर। कुछ हद तक मैं भी इस बात को स्वीकार करता हूँ। लेकिन सर, आप ही कहिये, जब यात्रा की सारी राहें अवरुद्ध हो जाय, तो गतिशील

यात्री क्या करे ? क्या वह हाथ-पैर बाँधकर बैठा रहे ?

प्रो. गगन राज : रास्ते तो और भी होंगे ... केवल खोजने की दृष्टि होनी चाहिये ।

विकास : खोजने वाले तो खोजे भी हैं सर । लेकिन आपने भी पढ़ा होगा कि वागमती की सफाई करने का ठिका लेनेवाले खुद ही ऊपर से नीचे तक गंदगी में डूबे हुए हैं । अब कहिये, मंजिल तक पहुँचने के लिये कौन रास्ता सही है ?

प्रो. गगन राज : बस... इसीलिये हत्या और आतंक के रास्ते पर चल पड़े हो ? क्या इससे तुम्हें तुम्हारी मंजिल मिल जाएगी ?

विकास : सर, आप भी सत्ता के इन्द्रजाली प्रचार का शिकार हो गये हैं । सर, आप ने भी अपना विवेक का प्रयोग करना छोड़ दिया है । हम लोगों ने आम जनता में आतंक की सृजना नहीं की है । उन लोगों के बीच आतंक, लूट और हत्या का माहौल तो दूसरा पक्ष ने कायम कर रखा है ।

प्रो. गगन राज : लेकिन कारक तो तुम लोग हो गये न ? तुम लोगों ने चाहा कि शासक के उस वर्ग में आतंक फैले जो अन्याय-अत्याचार और शोषण करता है, लूट मार करता है, बलात्कार करता है । लेकिन हुआ क्या ? देख रहे हो न ?

विकास : जी, सर । इतना तो मैं भी कुबूल करता हूँ । हमें ही ढाल बनाकर दूसरा पक्ष हिंसा का तांडव कर रहा है । लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि इससे आम जनता में चेतना का विकास भी हुआ है ।

प्रो. गगन राज : कैसी चेतना ? डर, त्रास, भय और आतंक की चेतना ?

विकास : नहीं सर । दूसरी तरह की चेतना । दमन और अत्याचार के सभी तरीकों के प्रति की चेतना, राजनीति के नाम पर खेले जाने वाले खेल प्रति की चेतना । और इन गंदे खेलाड़ियो के प्रति की चेतना । यह बताने की चेतना कि शोषण और अत्याचार से मुक्ति पाने के लिये जनता किसी दूसरी राह पर चल सकती है ।

प्रो. गगन राज : लेकिन जनता का आत्मदाह कराकर दूसरे पक्ष को चेतावनी दिलाने वाला मार्ग कितना सही है ?

विकास : सर, कभी-कभी हिंसा को परास्त करने के लिये हिंसा को ही हथियार बनाना पड़ता है । कंटकनैव कंटकम । और आत्मदाह ? कभी-कभी तो यह अमोघ अस्त्र हो जाता है, हिंसा को रोकने के लिये । यदि हम जैसे दस बीस लोगों के आत्मदाह से यह देश मुक्ति के लिये जागृत हो जाता है, तो फिर यह आत्मदाह उतना महंगा भी नहीं है ।

प्रो. गगन राज : (हारे थके लहजे में) चलो, मान गया मैं । तुम लोग गर्म खूनवाले नौजवान, हम बूढ़े । तुम्हारी और हमारी सोच एक कैसे हो सकती है ? हम अपने जीवन भर के अनुभूतियों के आधार पर कहते हैं, 'जीवन केवल संघर्ष नहीं है । कभी-कभी यह समभौता भी चाहता है । चार कदम आगे बढ़ने के लिए कभी-कभी दो कदम पीछे भी होना पड़ता है । यह केवल तुम लोगों के लिये दिशा संकेत है । मानने और न मानने के लिये तुम लोग स्वतंत्र हो । क्योंकि प्रजातंत्र में स्वतंत्र निर्णय लेना व्यक्ति का अधिकार है । लेकिन निर्णय करते वक्त देश और जनता के हक हित के बारे में विवेक के साथ जरूर सोचना चाहिये ।

विकास : सर का उपदेश शिरोधार्य है सर । हम लोग भी एक प्रयोग की ही स्थिति में हैं । ...अब आगे जो हो ।

प्रो. गगन राज : हमारे देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य ही यही है । यहाँ जितने आये, सभी प्रयोग करने ही आये । सत्य का दर्शन करके उसे मूर्त रूप देने के लिये कोई भी नहीं आया ... हम लोगों ने प्रयोग के नाम पर दशकों से ज्यादा समय बर्बाद कर दिया । हमारे साथ... इतना ही नहीं ...हमसे पीछे भी जीवन संग्राम में उतरने वाले कई देशों ने विकास और उन्नति-प्रगति प्राप्त कर लिया ... आगे बढ़ गये । लेकिन हम जहाँ के तहाँ हैं । उठ ही नहीं सके हैं । चलो, जो भी हो , मेरी शुभकामना तुम्हारे साथ है ... प्रयोग का शिकार मत बनो ... सत्य का दर्शन करने में जल्दी से जल्दी सफल होखो ... जाओ ।

विकास : सर का आशीर्वाद रहा तो बहुत जल्द ही सत्य का दर्शन होगा ... बहुत जल्द ही लक्ष्य की प्राप्ति होगी ।

(विकास अपने गुरु और गुरु माँ दोनों के चरण छूकर बाहर निकल जाता है । प्रो. गगन राज और शैलजा शून्य आँखों से उसे देखते रह जाते हैं । उल्लू का कर्कश स्वर शून्यता की छाती को चिर देता है । चारो तरफ शून्यता है, सन्नाटा है ... अँधेरा है ।)

अनुवादः गोपाल अश्क

एकाङ्की

अनंत

मनिक्रम शर्मा

(पर्दा उठता है। किसी चौक का दृश्य। चौक पर आदमी और कुत्ते इधर-उधर कर रहे हैं। ऐसी ही स्थिति में तीन युवकों का प्रवेश। वे चौक के बीच भाग में पहुंचकर रुक जाते हैं और आपस में बातें करने लगते हैं। आदमी और कुत्तों का आना-जाना बंद हो जाता है।)

युवक १ : उस अनंत को क्या हो गया है ?

युवक २ : पता नहीं ?

युवक ३ : समझ में नहीं आता, क्या हो गया है उसको ?

युवक १ : वही तो। आजकल वह किसी से बात भी नहीं करता। क्या हो गया है उसको ?

युवक २ : कुछ खाता-पीता भी नहीं है।

युवक ३ : कहीं बाहर भी नहीं निकलता। केवल घर में ही निराश बैठा रहता है।

युवक १ : जब वह बेलायत से सिविल इंजिनीयरिंग की डिग्री लेकर लौटा था, तो ठीक-ठाक ही था। सभी से हंस-हंसकर बातें किया करता था।

युवक २ : सुबह जगने से रात सोने से पहले कुछ न कुछ खाता ही रहता था।

युवक ३ : हम दोस्तों के यहाँ भी लगभग रोज ही आता था।

युवक १ : जाने आजकल क्या हो गया है उसको ?

युवक २ : समझ में नहीं आता, आखिर वह क्यों ऐसा हो गया है ? उदास-निराश बैठा रहता है।

युवक ३ : वही तो !

(सभी मौन हो जाते हैं। नेपथ्य से लोगों के आने-जाने और कुत्ते भौंकने की आवाज सुनाई देती है। नेपथ्य की आवाज बंद होने के बाद युवक फिर बातें करने लगते हैं।)

युवक १ : कहीं ऐसा तो नहीं, कि उसे किसी बीमारी ने धर-पकड़ लिया हो ?

युवक २ : नहीं। उसे किसी शारीरिक रोग ने तो पक्का नहीं पकड़ा है।

युवक ३ : अरे हाँ ! मैं तो एक बात बताना भूल ही गया हूँ।

युवक १ : क्या ?

युवक २ : क्या भूल गया बताने को ?

युवक ३ : अनंत को तो मानसिक रोग लगा हुआ है।

युवक १ : मानसिक रोग ? यह क्या बक रहे हो तुम ?

युवक २ : तुम्हें किसने बताया ?

युवक ३ : और किसी ने नहीं। बल्कि अनंत के पिताजी ने ही।

(इतना सुनते ही सभी मौन हो जाते हैं। चुप्पी छा जाती है। नेपथ्य से जल्दी-जल्दी चलने और जोर-जोर से भौंकने की आवाज सुनाई देती हैं। आवाज बंद होने के बाद फिर बातें होने लगती हैं।)

युवक १ : अनंत को मानसिक रोग कैसे लग गया ?

युवक २ : पता नहीं। कहीं किसी से लव सव हो गया हो !

युवक ३ : धत्। क्या बक रहे हो ? कहीं लव होने से मानसिक रोग लगता है ? बल्कि लव होने से तो उलटे लगे हुए रोग भी खत्म हो जाते हैं।

युवक १ : कहीं ऐसा तो नहीं , कि लव ट्रेजेटी के कारण दिमाग खराब हो गया हो ?

युवक २ : हो सकता है। यह हो सकता है।

युवक ३ : अरे हाँ ! मैं तो बताना ही भूल गया था।

युवक १ : क्या ?

युवक २ : फिर क्या भूल गया बताना ?

युवक ३ : अनंत को ट्रेजेटी स्रेजेटी कुछ नहीं हुआ है। जब से वह अपने दीदी जिजा के घर से आया है, तभी से उसका दिमाग सुस्त हो गया है, खराब हो गया है।

युवक १ : यह क्या कह रहे हो तुमं ?

युवक २ : तुमको किसने कहा ?

युवक ३ : और किसी ने नहीं । खुद अनंत के पिता ने । (कुछ देर के लिए सभी मौन हो जाते हैं । नेपथ्य से लोगों के दौड़ने और कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई देती है । आवाज बंद होने पर उन लोगों के बीच बातों का सिलसिला शुरू हो जाता है ।)

युवक १ : इसका मतलब यह है कि उसकी दीदी ने जरूर कोई ऐसी बात कही होगी, जिसका उस पर इतना बुरा असर पड़ा है । जरूर कोई चुभने वाली बात !

युवक १ : दीदी ने अगर नहीं कहा हो, तो जीजाजी ने कहा होगा ।

युवक ३ : अगर जीजा ने भी नहीं कहा हो, तो भांजा भांजी ने कहा होगा ।

युवक ४ : तुम सब बेकार की बातें कर रहे हो । अनंत को किसी ने कुछ नहीं कहा है । न उसकी दीदी ने, न उसके जीजा ने, और न ही उसके भांजे भांजी ने ।

युवक १ : अगर ऐसा है तो, उसे मानसिक रोग कैसे लग गया ?

युवक २ : हाँ, बताओ, बताओ । कैसे लग गया ?

युवक ३ : हाँ, कैसे लगा ?

युवक ४ : पता नहीं, कैसे लगा ।

(कुछ देर के लिए फिर सभी मौन हो जाते हैं । नेपथ्य से लोगों के दौड़ने और कुत्तों को और अधिक भौंकने की आवाज सुनाई देती है । आवाज बंद होने पर फिर बातें होने लगती हैं ।)

युवक १ : ऐसा लगता है कि किसी बड़ी चोट के कारण उसे मानसिक रोग लग गया है । ऐसा ही होना चाहिए ।

युवक २ : हो सकता है कि उसकी प्रेमिका ने धोखा दी हो, और उसी के कारण मानसिक रोग का शिकार हो गया हो ।

युवक ३ : यह भी हो सकता है कि उसके मानसिक रोग लगने के पीछे उसके जीवन में कोई भयंकर घटना घटी हो ।

युवक ४ : कभी-कभी यह रोग घर पर रहते हुए, ऐसे ही लग जाता है ।

युवक १ : फिर यह रोग अनंत को कैसे लग गया ?

युवक २ : पता नहीं ? पता नहीं किस कारण से यह रोग लग गया ?

युवक ३ : वही तो ! जाने किस कारण से उसे यह रोग लग गया ।

युवक ४ : पता नहीं कैसे लगा ? किस कारण से लगा ? (कुछ पल के लिए सभी मौन हो जाते हैं । नेपथ्य से भी कोई आवाज नहीं आती है । वातावरण शून्य हो जाता है ।)

युवक १ : हाय ! कितना मिलनसार और अच्छा था, अनंत ।

युवक २ : वह बचपन से ही अपने पिता और जीजा के तरह ईमान्दार और कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की सेवा करना चाहता था ।

युवक ३ : अगर उसे कुछ हो जाता है, तो सच मानो, हम लोग एक अच्छा दोस्त खो देंगे ।

युवक ४ : अगर उसे कुछ हो जाता है, तो यह राष्ट्र भी एक ईमान्दार, चरित्रवान और परिश्रमी राष्ट्रसेवक खो देगा ।

युवक १ : अब हमें इस बात में नहीं पड़ना चाहिए कि उसे यह कैसे और किस कारण से लगा । बल्कि हमें उसका इलाज कराने की दिशा में जूट जाना चाहिए ।

युवक २ : हाँ ... हाँ ... इलाज कराने में जूट जाना चाहिए । (कुछ देर सोचने के बाद) उसे किसी अच्छे मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास ले जाना चाहिए ।

युवक ३ : यदि अपने देश में नहीं हुआ तो विदेश ही ले जाना चाहिए ।

युवक ४ : अनंत के लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है । उसके पिता खुद ही बड़े डॉक्टर हैं । जो करना होगा, वे खुद ही करेंगे । (उसी वक्त अचानक बिजुली गुम हो जाती है और चारो तरफ अंधेरा छा जाता है । अंधेरे में कहीं कुछ नजर नहीं आता । इतने में नेपथ्य से 'पकड़ो'...'मारो' ... 'छोड़ना नहीं' 'देखना...बच न पाए' की आवाज सुनाई देने लगती है । आवाज सुनाई देने के साथ साथ बिजुली चली आती है और चारो तरफ रोशनी फैल जाती है । चौक पर पहले वाले ही युवक पात्र नजर आते हैं । वे पहले वाली जगह पर नहीं हैं । एक दूसरी जगह पर खड़े हैं । वे नेपथ्य से आ रही आवाज को बहुत ध्यान से सुनने और उसी दिशा की ओर देखने लगते हैं । इतने में अनंत को धक्का देते और लातों से पीटते हुए कुछ लोगों का प्रवेश होता है । चौक के मध्य भाग में पहुंच कर सभी रुक जाते हैं और अनंत के चेहरे पर कालिख पोतने लगते हैं । अनंत कोई विरोध नहीं करता है, और चुपचाप खड़ा रहता है । चारों युवक दुविधा में पड़ जाते हैं ।)

आदमी १ : (कालिख पोतने के बाद) अब क्या किया जाए इस पाजी का ?

आदमी २ : क्या किया जाय का क्या मतलब ? खूब पीटा जाय !

आदमी ३ : कितना पीटोगे इसे । कहीं मर न जाय !

आदमी ४ : ऐसे ही मर जाएगा । इतनी पीटाई में कहाँ मरेगा हरामी ?

आदमी ५ : अब हम कुछ न करें अनंत को ।

आदमी ६ : स्यां न कुछ करें ? इसे ऐसे ही छोड़ दें ?

आदमी ७ : मैं कहाँ कह रहा हूँ कि इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाय । हम इसे पुलिस को जिम्मा लगा दें । जो करेगी, पुलिस करेगी ।

आदमी ८ : पुलिस इसे कुछ नहीं करेगी ।

आदमी ९ : अगर पुलिस ने कुछ नहीं की, तो फिर हम लोग करेंगे । छोड़ेंगे नहीं ।

आदमी १० : हाँ, हम इसे नहीं छोड़ेंगे ।

आदमी ११ : जो करना है, जल्दी करें ।

आदमी १२ : हाँ, अब हमें देर नहीं करनी चाहिए ।

आदमी १३ : चलें, इसे पुलिस थाना में ले चलें ।

आदमी १४ : हाँ, सबसे अच्छा यही होगा । चलें, अब देर न करें । इसे थाने में बुझा दें ।

(अनंत को पहले की तरह ही धक्का देते और लात से मारते-पीटते आगे वढ़ जाते हैं । दुविधाग्रस्त युवक दौड़कर उन लोगों के सामने जाते हैं और उनका रास्ता रोकते हैं ।)

युवक १ : (रास्ता रोककर, चारो तरफ देखते हुए) यह क्या कर रहे हैं ?

युवक २ : अनंत के चेहरे पर कालिख क्यों पोती ?

युवक ३ : अनंत को पुलिस थाने में क्यों ले जा रहे हैं ?

युवक ४ : कहिए, अनंत ने आखिर ऐसा क्या किया है ?

आदमी १ : (वताते हुए) यह बदमाश छोटे-छोटे बच्चों को भी दुःख तकलीफ देता है ।

आदमी २ : इसने मुहल्ले के प्रायः सभी वच्चों को पीटकर नौ दो ग्यारह हो गया ।

आदमी ५ : हम लोगों ने बहुत समझाया कि बच्चों को मत पीटो, लेकिन इसने बच्चों को पीटना नहीं छोड़ा ।

आदमी ६ : जब इसने सोमदत्त दादाजी के दस साल का नाती मनोहर, भीम भैया के चार साल का बेटा सुशील और हेमंत भैया की आठ साल की लड़की कौशल्या को पीट-पीटककर लहुलूहान कर दिया, तो बर्दाशत नहीं हुआ ।

आदमी ७ : हम लोगों ने अनंत को पकड़ कर पूछा कि तुम यह क्या कर रहे हो ?

आदमी ८ : लेकिन उसने हमारी बातों की अनसुनी की।

आदमी ९ : हमारे सवालों का कोई जवाब ही नहीं दिया । उलटे कुछ दूर पर बगड़ा भैया का दो साल के बेटा को पीटने के लिए दौड़ा और उसे भी पीटने लगा ।

आदमी १० : उसके बाद हमसे सहा नहीं गया और हमारा खून खौल गया । फिर हम लोगों ने अनंत को पीटते हुए यहाँ ले आए और अब थाने ले जा रहे हैं।

आदमी ११ : मनोहर, सुशील और कौशल्या को तो अस्पताल ही ले जाना पड़ा । वे अपनी मौत से लड़ रहे है । बचेंगे या नहीं, कहा नहीं जा सकता ।

आदमी १२ : कल तक हम अनंत को बहुत मानते थे, लेकिन अब नहीं । अब हम उसे नहीं मानेंगे ।

आदमी १३ : पुलिस से हम अनंन को कड़ी से कड़ी सजा देने की माँग करेंगे ।

आदमी १४ : उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। क्योंकि उसने बच्चों को नहीं पीटा है, हमारे भविष्य को लहुलूहान किया है ।

(युवक उन लोगों को वहीं पर छोड़कर कुछ दूर गंभीर मुद्रा में खड़े. अनंत के पास जाते हैं ।)

युवक १ : (अनंत के करीब जाकर) यह तुमने क्या किया अनंत ?

युवक २ : तुमने बच्चों को क्यों पीटा ?

युवक ३ : तुम तो बच्चों जान छिड़कते थे । आज क्या हो गया ? तुमने बच्चों को क्यों पीटा ?

युवक ४ : बोलो, कुछ तो बोलो । तुमने बच्चों को क्यों पीटा ?

(अनंत कुछ नहीं बोलता है, पहले की भांति ही गंभीर मुद्रा में खड़ा रहता है ।)

युवक १ : तुम तो कितने दिनों से घर से बाहर नहीं निकले थे । आज कैसे निकल गये ? और निकलते ही बच्चों को क्यों पीट डाला ?

युवक २ : यह मुहल्ले वाले तो तुम्हें बहुत प्यार करते थे, बहुत मानते थे । तुम्हारी इस हरकत के कारण तुमसे नफरत करने लगे हैं । बताओ, तुमने ऐसा क्यों किया ? अगर तुम ऐसे ही खामोश रहे, तो ये लोग तुमसे घृणा करने लगेंगे ।

युवक ३ : हाँ, हाँ,घृणा करने लगेंगे।

युवक ४ : हम लोग भी तुमसे नफरत करने लगेंगे। जल्द बताओ। हमें यह बताओ कि तुमने बच्चों को क्यों पीटा ?

(अनंत इस बार भी कुछ नहीं बोलता है। पहले की तरह ही खामोश खड़ा रहता है। युवक उसे जोर से पकड़ते हैं और 'बोलो अनंत, बोलो !' कहते हुए उसे झकझोरने लगते हैं। कुछ देर के बाद अनंत खुद को छोड़ाता है, और मजबूती के साथ खड़ा हो जाता है।)

अनंत : हाँ, मैंने वच्चों को पीटा, थोड़ा-बहुत नहीं, बहुत पिटा। अब मैं मुहल्ले की औरतों और लड़कियों भी नहीं छोडूंगा। मैं उनका वलात्कार करूंगा। (युवकों की ओर देखते हुए) तुम लोग क्या करोगे ? जो चाहो करो।

युवक १ : क्या कहा ? तुम औरतों और लड़कियों का बलात्कार करोगे !

युवक २ : यह तुम क्या कह रहे हो ?

युवक ३ : आखिर क्यों करोगे बलात्कार ?

अनंत : क्योंकि मेरी इच्छा का, मेरे विचारों का, मेरी आस्था का, मेरे विश्वास और मेरे अंग-प्रत्यंगों का बलात्कार हुआ है। सुना तुम लोगों ने, मेरी आत्मा का ही बलात्कार हुआ है।

युवक ४ : यह तुम क्या कह रहे हो ?

युवक १ : किसने किया तुम्हारा बलात्कार ?

अनंत : और किसने ? किसमें इतनी हिम्मत है ? मेरे श्रद्धेय पिता और मेरे आदरणीय जीजा ने।

युवक २ : यह क्या बकवास कर रहे हो ?

युवक ३ : उन लोगों ने कैसे किया तेरा बलात्कार ?

अनंत : मैंने बचपन में अपने पिता को भूखे प्यासे रहकर भी छोटे-बड़े, अमीर गरीब, रोगी की सेवा करते हुए देखा था। उसी तरह मैंने अपने जीजा को अपने घर परिवार को त्यागकर बिना किसी भेदभाव के निःस्वार्थ सेवा करते हुए देखा था। अपनी जान की परवाह किए बिना देशवासियों के संघर्ष करते हुए देखा था। उन लोगों ने ही मुझे ईमान्दार, चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और इज्जतदार बनना सिखाया था, प्रेरणा दी थी। मैं समझता था, मुझे आदर्श और कर्तव्यनिष्ठता का पाठ पढ़ाने वाले मेरे पिता और जीजा कितने महान हैं। लेकिन हुआ ठीक उलटा। क्या सोचा था,क्या हो गया ?

युवक ४ : क्या हो गया ?

अनंत : आज मुझे मालूम हुआ कि ईमानदार, चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और इज्जतदार होने का पाठ सिखाने वाले मेरे पिता और जीजा दोनों झूठा, धोखेबाज, भ्रष्ट और लुटेरा हो गये हैं। इसीलिए मेरा दिमाग एकदम खलबला गया। मैं पागल-सा हो गया।

युवक १ : तुम्हारे पिता और जीजा कैसे झूठा, धोखेबाज, भ्रष्ट और लुटेरा हो गये ?

युवक २ : तुम उन्हें किस आधार पर बदले हुए कह रहे हो ?

अनंत : क्योंकि पहले मेरे पिताजी मन लगाकर अस्पताल में आते थे और वहुत ही अच्छे तरीके से रोगियों की जाँच किया करते थे। लेकिन आजकल वे अस्पताल में केवल खानापुरी करते हैं। रोगियों की ठीक से जाँच नहीं करते हैं और उन्हें अपने क्लिनिक में आने के लिए मजवूर करते हैं। पहले वे दैवी प्रकोप पीड़ितों की निःस्वार्थ भावना से सेवा करते थे, लेकिन आजकल बाढ़ और भूकंप पीड़ितों के सहयोगार्थ आए हुए औषधियाँ भी बाजार में बेंच देते हैं, और अपनी जेब भरते हैं।

युवक ३ : ये सब क्या कह रहे हो तुम ?

युवक ४ : हमें तेरी बातों पर विश्वास करना भी कठिन हो रहा है।

अनंत : मै सच कह रहा हूँ। पहले देश और जनता के हक और अधिकार के लिए लड़ने वाले और उनकी अच्छाई भलाई के बारे में सोचने वाले मेरे जीजा आजकल चुनाव में झूठा आश्वासन देने लगे हैं और जीत जाने के बाद जनता को भूलकर मौज मस्ती में व्यस्त होने लगे हैं। पहले जनता के दुःख-तकलीफ में अपनी ओर से आर्थिक सहयोग तक करने वाले मेरे जीजा आजकल औरों की तरह गाँव-घर में आग लगवाने, महामहारी फैला देने के नाम पर रुपये पैसे ऐंठने का काम करने लगे हैं।

युवक १ : तुम यह सब किस आधार पर कह रहे हो ?

युवक २ : हाँ, बोलो ! किस आधार पर कह रहे हो ?

अनंत : जहाँ असत्य होता है, वहाँ सत्य भी होता है, जहाँ पाप होता है, वहाँ पुण्य भी होता है। मैं बेलायत से लौटने के बाद पिताजी के बारे में और जीजा जी के घर जाने के बाद तथा गाँव में घूमने और पड़ोसियों से बातचीत करने के बाद जान पाया हूँ। पिताजी और जीजाजी के बारे में जानने के मैं काफी दुःखी

हुआ हूँ। मुझ पर बहुत बड़ा आघात हुआ है। इसीलिए मैं बोलना छोड़ दिया, खाना-पीना छोड़ दिया और घर में अपने आप को कैद कर लिया। एक टक देखता रहा। मेरे पिताजी को जब यह पता चला कि मैं उनके बारे में सबकुछ जान गया हूँ, तो वे घबड़ाकर मुझे पागल कहने लगे और मानसिक रोग-विशेषज्ञ के पास ले गये। इसीलिए मैं सचमुच के पागल की तरह बच्चों को मारने-पीटने और औरतों तथा लड़कियों का बलात्कार करने की स्थिति में पहुंच गया।

(कुछ देर के लिए अनंत और युवक खामोश हो जाते हैं। नेपथ्य से कुत्तों के भौंकने और रोने की आवाज आने लगती है। अनंत उधर बढ़ता है। कुत्तों के भौंकने और रोने की आवाज बंद होने के बाद युवकों के वीच में बातें होने लगती हैं।)

युवक १ : बेचारा अनंत।

युवक २ : उसने अपने पिता और जीजा को अपना आदर्श माना था।

युवक ३ : लेकिन सबकुछ चौपट हो गया।

युवक ४ : उसने उन लोगों को क्या समझा था, और वे क्या निकले ?

युवक १ : आजकल आदमी का कोई भरोसा नहीं है। किसी भी समय आदमी अपनी जात बदल सकता है।

युवक २ : उस पर ये सत्ता, शक्ति और पैसे के लिए तो कुछ पूछो ही मत।

युवक ३ : अब क्या होगा इस अनंत का ?

युवक ४ : अब और क्या होगा ? या तो यह पागल हो जाएगा, या फिर विध्वंसकारी।

(कुछ देर के लिए युवक शांत हो जाते हैं। नेपथ्य से कुत्तों के भौंकने और रोने की आवाज और जोर-जोर से आने लगती है। युवक विपरीत दिशा की ओर जाते हैं। जो लोग मौन खड़े थे, अब बातें करने लगते हैं।)

आदमी १ : (इधर-उधर देखते हुए) अनंत कहाँ है ?

आदमी २ : अभी तो यहीं था।

आदमी ३ : अगर यहाँ था, तो कहाँ चला गया ?

आदमी ४ : पता नहीं, कहाँ चला गया ?

आदमी ५ : वे चार लोग भी नजर नहीं आ रहे हैं।

आदमी ६ : कहीं वे लोग ही तो उसे भगा नहीं ले गये ?

आदमी ७ : सही कहा तुमने। निश्चय ही वे लोग ही उसे भगाकर ले गये होंगे।

आदमी ८ : साला कैसा आदमी है सब ?

आदमी ९ : चलें, उन युवकों को ढूंढ़ा जाय। उन्हीं लोगों के साथ होगा अनंत।

आदमी १० : चलें, उन युवकों को ढूंढ़े। अगर उसे नहीं ढूंढ़ा गया तो वह फिर से हमारे बच्चों को मारे-पिटेगा।

आदमी ११ : केवल मारे-मिटेगा ही नहीं, बल्कि औरतों और लड़कियों की दुर्दशा भी करेगा।

आदमी १२ : चलें, हम आधे इधर से चलें।

आदमी १३ : आधे लोग उधर से जायें।

आदमी १४ : चलें, जल्दी चलें। उसे पकड़ना ही होगा र।

(सभी लोग चौक की ओर से चले जाते हैं। उसके बाद पहले की तरह ही आदमी और कुत्ते आने जाने लगते हैं। पर्दा गिरता है।)

अनुवाद : गोपाल अश्क

एकाङ्की

चोरी

अर्जुन थापा

पात्रहरू : १. इन्सपेक्टर
२. रमेश
३. सरिता (रमेश की पत्नी)

समय : सुबह का समय
स्थान : प्रहरी चौकी

दृश्य :

(पर्दा खुलते जाता है दोमंजिला भवन पर अवस्थित प्रहरी चौकी । सभी अपने-अपने काम में व्यस्त है प्रहरीगण । एक कमरें मे इन्सपेक्टर पत्रिका पढ़ रहा होता है । रमेशऔर उनकी पत्नी सरिता जल्दी-जल्दी प्रहरी चौकी पहुँचते हैं और जल्दी-जल्दी प्रहरी चौकी में प्रवेश करते हैं ।)

रमेश : तुम यहीं बाहर ठहरो । मैं अन्दर जाकर सभी बातें कहकर आता हूँ ।

सरिता : ठीक है । सब कहिएगा । अभी के जो इन्सपेक्टर साहब हैं बहुत मजे के हैं ।

रमेश : नमस्कार हुजूर, बर्वाद हो गया मेरा तो सब कुछ लूटकर चलागया ।

इन्सपेक्टर : क्या बर्वाद और क्या लूटकर ले गया कह रहे हैं ? पहले वेंच पर बैठिए और फिर आहिस्ता-आहिस्ता सब कुछ बताइए । अब घबराने से कुछ भी नहीं होने वाला है ।

रमेश : हुजूर ! रमेश ठकुरी मेरा नाम है । एक हफ्ते पहले दुबई से कान की छुट्टी पर घर लौटा हूँ । यहीं आपकी चौकी से चलकर पन्द्रह मिनट की दूरी पर है मेरा घर । जब मैं और मेरी पत्नी कल विवाह भोज में गए थे, तब मौके का फायदा उठाकर चोर घर भर के सभी गहने चोरी करके ले गए । हड्डी-पसली घिसकर कमाए थे हुजूर । जैसे भी हो उन चोरों को गिरफ्तार किया जाए ।

इन्स्पेक्टर : (रमेश का चेहरा देखते हुए) कितने बजे की घटना है ? आपलोगों ने कल ही क्यों नहीं खबर की हमलोगों को ? गहने-वहने कितने थे ? और भी कुछ ले गए चोर ?

रमेश : ऐसे ही आठ नौं बजे होंगे । कल भोज में शराब थोड़ी ज्यादा हो गई थी । इसीलिए घर आकर सोने पर पता ही नहीं चला । सुबह उठने पर अलमारी का लॉकर खुला देखने पर पता चला । सोना ऐसे ही चालीस-पचास तोला और चांदी पांच-छः सौ तोला होना चाहिए । थोड़े-बहुत पैसे भी थे, पर कितने थे, यह यकीन के साथ नहीं कह सकते हुजूर ।

इन्स्पेक्टर : इतने गहने भी कोई घर में रखता है ? आपको किसी पर शंका है ? घर में इतने गहने हैं यह पता चलने पर ही चोरी हो सकती है । इसका मतलब आपको अच्छी तरह पहचानने वाला व्यक्ति ही हो सकता है ।

रमेश : (थोड़ी देर सोचकर) क्या कहें सर किसे दोष लगाएँ ।

इन्स्पेक्टर : फिर भी ऐसा कोई, जिसपर आपको शक हो ?

रमेश : (हिचकिताते हुए) अपनी पत्नी पर शंका है हुजूर ।

(कमरे में इस वक्त इंस्पेक्टर और रमेश चुपचाप हैं । रमेश इंस्पेक्टर के चेहेरे को एकटक देख रहा है । इन्स्पेक्टर अपने आगे रखी फाइलों को पलटकर पढ़ रहा है । इतने ही में एक प्रहरी अन्दर आकर इन्स्पेक्टर के कान में कुछ कहता है और बाहर निकलजाता है ।

इन्स्पेक्टर : (फाइल में कुछ लिखने के बाद) हाँ ! क्या कह रहे थे ? कैसे कह सकते हैं कि इस चोरी में आपकी पत्नी का ही हाथ है ?

रमेश : (उदासीन चेहरा बनाते हुए) घर की बातें कैसे कहें और क्या ! और फिर कहे विना काम भी नहीं बन सकता हुजूर । अपनी आँखों से तो देखा नहीं पर गाँव भर में भनक है ।

इन्स्पेक्टर : क्या भनक है ? साफ-साफ कहिए ।

रमेश : मेरी पत्नी का कोइ दूसरा ही है, इस वात की भनक है हुजूर । मैं विदेश में रहता हूँ । नेपाल में मेरे न रहने पर शाम को शाम घर में ही आता है हुजूर । लोग कहते हैं कि उन्होंने देखा है ।

इन्स्पेक्टर : और लोग जो कहेंगे उसी का विश्वास कर लेंगे क्या?

रमेश : (थोड़े जोश में आकर) नहीं हुजूर, वहुत परिवर्तन आया है मेरी पत्नी में, मेरे दो वर्ष पहले छोड़कर जाने और अभी में । जमीन-आसमान का फर्क है हुजूर ।

इन्स्पेक्टर : तो फिर पूछा नहीं कि क्यों ऐसा परिवर्तन हुआ आपकी पत्नी में ?

रमेश : बहुत बार पूछा पर सिर्फ इतना कहती है कि ऐसा कुछ भी नहीं है । क्या करें हुजूर बहुत प्यार आता है उस पर । उसके विना अकेले रह ही नहीं पाएँगे ।

इन्स्पेक्टर : अपने ही घर में चोरी ही क्यों कराना पड़ा तो ? और फिर चोरी कराने पर पता चल जाने का डर भी लग सकता है आपकी पत्नी को यदि पकड़ लिया गया तो उस खण्ड में ?

रमेश : (रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए) ज़रूर किसी ने टोना-टोटका करके अकेला कर देने की सोची होगी । मैंने सुना है, दोनों विदेश जाना चाह रहे हैं । इसीलिए शायद गहने बेचकर पैसे का बन्दोबस्त किया हो । नहीं तो और कुछ भी न लेकर केवल सोना चोरी कर ले जाने का क्यामतलब ? एकदम से उसी का काम है हुजूर ।

इन्स्पेक्टर : यह तो अनुसंधान से पता चल ही जाएगा । आप सम्पूर्ण घटना का विवरण बाहर असई साहब को दर्ज करवा दीजिए । कुछ भी पता चला तो हम आपको खबर करेंगे । बिलम्ब से हो पर चोर मिलेगा ही । इस बात से निश्चिन्त रहिए । (रमेशइन्स्पेक्टर के कहे अनुसार सम्पूर्ण घटना का विवरण बाहर जाकर दर्ज करवा देता है । अन्दर अपने ऑफिस के कमरे में फोन पर व्यस्त रहता है इन्स्पेक्टर । इतने ही में हवलदार साहब कमरे में आकर उसी घटना के बारे में जानकारी देता है । हवलदार की सभी बातें सुनने के पश्चात् रमेश को प्रहरी चौकी में बुलाता है इन्स्पेक्टर)

रमेश : (पसीना बहाते हुए) घर भी नहीं पहुंच पाए थे हुजूर का फोन आने पर आश्चर्य लगा ।

इन्स्पेक्टर : आपको खुशी की खबर सुनाने के लिए जल्दबाजी की है ना । बधाई है चोर पकड़ा गया ।

रमेश : भयभीत मुँह लिए अच्छा हुजूर ? तो फिर मेरे सभी सामानों का पता चल गया ?

इन्स्पेक्टर : (हँस्ते हुए) अच्छा तो अब सभी बातें आप खुद कहेंगे या मैं कहूँ आपसे ?

रमेश : कैसी बातें, क्या बातें कह रहे हैं, मैं समझ ही नहीं पाया हुजूर ?

इन्स्पेक्टर : (दरवाजा बन्द करता है) अब और भी नाटक कर रहै हैं । आपका सामान चुराने वाला सभी बातों को उगल चुका है । खुद ही चोरी करवाकर उल्टा पत्नी पर दोष लगाना चाहते है आप ? बाहर छिपकर दूसरी पत्नी बनाकर रखने और घर की पत्नी के चरित्र पर दाग लगाने में थोड़ी भी शर्म नहीं हुई आपको ?

रमेश : इसमें मेरी कोई संलग्नता नहीं है हुजूर । वह चोर मुझे फँसाना चाहता है ।

इन्स्पेक्टर : (रमेश के गाल पर दो झापड देते हुए) और झूठ बोलोगे । हवालात में बन्द करके जब डंडे पड़ेंगे तो सारी सच्चार्य बाहर आ जाएगी । खुद बकोगे कि कोइ उपाय लगाएँ तुम्हें ?

रमेश : (लाल हुएगाल पर हाथ रखकर) जी हुजूर, यह सब मैंने ही करवाया है । दुबई में रहते वक्त दूसरी महिला से प्रेम हो गया था ! अविवाहित हूँ कहकर उससे प्रेम किया । और वहीं हमने शादी भी कर ली । बाद में नेपाल में पत्नी है कहकर उसे पता चला तभी से जमीन खरीद दो वरना नेपालजाकर सबको बतादूँगी कहकर धमकी देती थी और तुरंत पैसा न होने के कारण उसी के नाते में भाई पड़ने वाले को सोने की चोरी करने के लिए भेजा हुजूर । सभी सोने चाहिए कहने पर पत्नी शंका करेगी कहकर यह सब नाटक करना पड़ा ।

इन्स्पेक्टर : तीनों जने मिलकर चोरी कर चुके थे तो क्यों आए प्रहरी चौकी में रिर्पोट लिखाने ?

रमेश : (आगे रखी बोतल का पानी पीने के बाद) हम तीनों के सलाह अनुसार घर से सोना निकाल लेने

के बाद सभी सोने को आज सुबह मुझे वापस देकर सभी सोने को बेचकर जमीन के लिए पैसा उसके मायके में पहुँचा देना था। पर सुबह तक उसके भाइ को फोन करने पर तथा खुद जाकार जायजाालेने पर वहाभाई कहाने वाला व्यक्ति उसका भाई न होकर पति है। दुवई में दोनों पति-पत्नी ने मिलकर पैसे के लिए प्रेम का नाटक किया मेरे साथ।

इन्स्पेक्टर : (हँस्ते हुए) अधिक चालाक बनने पर खुद ठगे जाने का पता नहीं चला आपको। और अब खुद के खोदे गड्ढे में खुद ही गिरे।

रमेश : (दोनों हाथ जोड़कर) अच्छा हुजूर जैसे भी हो मेरा सोना मुझे मिलजाए ऐसा इन्तजाम मिलाना पड़ा।

इन्स्पेक्टर : सबसे पहले आपने कानून अपने हाथ में लेकर प्रहरी से ही झूठ बोला। दूसरे जिस सोने की बात आप कर रहे हैं वह तोले में नहीं किलो में बरामद हुआ है। जो गैर कानूनी रुप में नेपाल में लाया गया है, ऐसी जानकारी मिली है मुझे। जिस कारण उस सोने की बात ही छोड़िए आप को भी लम्बे समय तक जेल में रहना पड़ सकता है।

रमेश : बहुत बड़ी गलती हुई हुजूर मुझसे। हाँ, बहुत गलती की है मैंने। अब हुजूर के हाथ में है मेरी जिन्दगी। हुजूर जो कहेंगे जैसा कहेंगे करने के लिए तैयार हैं। मुझे वह सोना नहीं चाहिए बस यहाँ से निकल पाएँ। वह सोना सब आप ही रखिए।

इन्स्पेक्टर : (कागज के पन्ने रमेश के आगे रखते हुए) इस कागज पर लीखिए कि आज के उपरान्त मैं अपनी पत्नी को हमेशा मान-सम्मान के साथ प्यार से रखूंगा। मुझसे यदि किसी प्रकार का अन्याय हुआ तो वह मुझे तलाक दे सकती है और नीचे हस्ताक्षर के साथ ही अंगूठे का निशान भी लगाना है। दूसरी वात आज से हफ्ते दिन में किसी को पता न चले इस हिसाब से दुबई लौटकर जाना होगा।

रमेश : (कहे अनुसार लिखकर, हस्ताक्षर और अंगूठा छाप लगा लेने के बाद) आपके कहे अनुसार लिखा है। अब मैं जा सकता हूँ हुजूर ?

इन्स्पेक्टर : आज जो कुछ भी हम लोगों के बीच हुआ किसी से भी मत कहिएगा। यदि कह दिए तो परिणाम आप को खुद भुगतना पड़ेगा।

रमेश : आपने इतना बडा उपकार किया है। यही मेरे लिए बड़ी बात है।

(रमेश फटाफट वहाँ से निकलता है और बाहर आकर लम्बी साँस छोडता है।) रमेश सोना गुमाने से भी प्रहरी के फन्दे से निकलने में सफल होने से सन्तुष्ट है। कुछ देर बाद इन्स्पेक्टर के कमरें में एक महिला का प्रवेश होता है। दोनों एक दूसरे को गले लगाते हैं।

इन्स्पेक्टर : देखा आखिर में मैने किस प्रकार से पाशा पलट दिया। अब हमें एक होने से कोई नहीं रोक सकता।

सरिता : (खुशी होते हुए) मेरे पसन्द का व्यक्ति कहीं ऐसा वैसा हो सकता हैं।

(दोनों की हँसीबाहर तक सुनाइ पड़ती है।)

(पर्दा बन्द)

अनुवादक : पूनम झा

एकाङ्की

भूख

किशन थापा 'अधीर'

समय : अभी
स्थान : यहीं

हड़बड़ाता हुआ आया युवक इधर-उधर देखता है, पर कहीं कुछ नहीं नज़र आता । नेपथ्य से शोरगुल की आवाज़ आती हुई सुनाई देती है ।

युवक : (आश्चर्य मिश्रित भाव से) माँ ! ओ मा ! (थोड़ा रुककर) पिता जी ! पिता जी ! (कहीं से कोई प्रतिक्रिया न आने पर) कहीं मैं किसी और के घर में तो नहीं आ गया ? वर्ना माँ, पिता जी ... ? कहाँ हैं मेरे भाई बंधु ? (व्यग्र होकर इधर-उधर देखने लगता है, खोजने लगता है ।)

(एक पदयात्री लगभग दौड़ की गति में चलता हुआ दिखता है ।)

युवक : अरे भाई ! क्या तुमने मेरी माँ को देखा ?

पदयात्री : (बिना रुके ही) मुझे क्या पता ? ... वहाँ (संकेत करते हुए) क ... कैसा चल रहा है ... । (एक तरफ़ चला जाता है)

युवक : उफ् ! अपने पते पर आ चुकने के बाद भी ... घर ! (याद करते हुए) अरे हाँ, मेरा घर कहाँ चला गया भई ? जब मैं निकला, तब तो यहीं था मेरा ठिकाना । भई ये हो क्या रहा है ? कहाँ है मेरा घर ?

(नेपथ्य की शोरगुल की आवाज़ रुकी नहीं है)

घर भी गायब, माँ-पिता जी ... सब लोग गायब ! हे भगवान ! यह क्या दिखा रहे हो ?

दूसरा पदयात्री दौड़ता हुआ दिखाई देता है।)

अरे भैया ! यहाँ एक सुंदर-सा घर था न, यहाँ ... आपने देखा था न ?

पदयात्री २ : (सरासर युवक को ऊपर से नीचे तक देखते हुए) क्या-क्या है तेरे पास ? चल निकाल

युवक : (अपनी ही धुन में)एक ... एक सुंदर घर था न यहाँ ..., आपने भी तो देखा होगा न ? ... देखिए न, दिख ही नहीं रहा अभी ।

पदयात्री २ : (चाकू निकालते हुए) अबे, तेरे पास जो भी है, निकालता है या डाल दूँ अंदर ?

युवक : यह क्या ? आप तो मेरे भैया के दोस्त हैं न ? आपने मुझे पहचाना नहीं ? ... बताइए न भैया, मेरा घर कहाँ है ? मेरे माँ-पिता जी कहाँ हैं ?

पदयात्री २ : अबे, दोस्ती-वोस्ती का ज़माना गया ? तेरा भैया जब सामने हो तो ही दोस्त । ... तू तो ..., चल निकाल फटाफट ।

युवक : समझ में नहीं आता, ये चल क्या रहा है ? (इधर-उधर दौड़ता है) उफ् ! अब क्या करूँ ? (व्यग्र होते हुए)

(एक वृद्ध भी आता हुआ दिखाई देता है)

ताऊ जी, ताऊ जी, यहाँ एक घर हुआ करता था न ... ?

वृद्ध : (अटककर) कैसा घर ?

युवक : छोटा-सा, अच्छा, साफ़-सुथरा, सुंदर ।

वृद्ध : किस रंग का ?

युवक : वैसे रंग का जिसे देखते ही, किसी के भी मन का रंग साफ़ हो जाया करता था ।

वृद्ध : बनावट ?

युवक : देखते ही मन ललचा जाए, सहज ही किसी के मन में समा जाए, वैसी ।

वृद्ध : और ?

युवक : और ..., और घर की छत विश्वास से छाई हुई ।

वृद्ध : क्या वह यहीं था ?

युवक : जी, यहीं ।

वृद्ध : (उँगली से इशारा करते हुए) यहीं ?

युवक : (हड़बड़ाते हुए) जी ... जी ।

वृद्ध : (अचानक कड़कते हुए) चल भाग जा, चोर !

युवक : (हैरत में पड़ जाता है) क्या ..., क्या ... हुआ ?

वृद्ध : (पीटने के लिए हाथ उठाते हुए) यहाँ घर था कहता है ? गदहे ..., यहाँ घर था ? (गुस्से से चूर होकर) घर था ?

युवक : क.. क्यों गुस्सा हो गए ? मैंने तो अपने घर के बारे में पूछा था ।

वृद्ध : फिर बोलता है, यहाँ घर था ? तुझे ... तुझे तो (लाठी उठाते हुए मारना चाहता है) यहाँ घर था ? फिर से बोल तो ज़रा, यहाँ घर था ? (युवक बड़ा हैरान होकर देखता रह जाता हैं। वृद्ध गुस्से में अपनी ही धुन में 'घर था ? घर था ?' कहते हुए चल देता है ।)

युवक : (साँस की गति तेज़) अब तुम ही बताओ भगवान ! (ऊपर देखते हुए) मेरे घर को भला किसकी नज़र लग गई ? (एक बार चारों तरफ़ नज़र दौड़ाते हुए) मेरे घर को आसमान खा गया या ज़मीन निगल गई ? बोल भगवान, बोल । किसकी आँखें गड़ गईं मेरे घर पर ?

(एक वृद्धा दिखती है)

युवक : (झटपट) ताई ... ताई ! (हाथ जोड़कर) आपको तो पता होगा, यहाँ एक घर हुआ करता था ? (वृद्धा जड़वत देखती रहती है)

युवक : (संकेत करते हुए) यहाँ एक सुंदर, छोटा-सा घर था, जिसके सामने बगीचा भी था..., बगीचे में सुंदर-सुंदर फूल खिले थे, फूलों पे रंगबिरंगी तितलियाँ और भँवरे मँडराते रहते थे ..., बताइए न, क्या आपने नहीं देखा ?

(वृद्धा चुपचाप उसके हाव-भाव देख रही है)

विश्वास ही विश्वास से छाई हुई छत वाला हमारा यहीं था न, बताइए ने ताई जी, कहाँ गया होगा ?

(वृद्धा चुपचाप देखती है)

हमारे घर की दीवारें परिवार के भरोसे की बदौलत खड़ी हुई थी । सब लोग हँसी-खुशी के साथ जीवन गुज़ार रहे थे ... अचानक कुछ दिनों से हँसी रुक-सी गई । को ... कोई भी हँस नहीं सका । मुझे हँसी पैदा करने का तरीका सीखने विदेश भेजा गया था । और अब जब तरीका सीखकर लौटा तो यहाँ ... (व्यग्र होते हुए) बताइए न ताई !

वृद्धा सुनती जा रही है)

आपकी सारी मुरादें पूरी हों, (और अधिक व्यग्रता से) आपके बच्चे लाखों साल जिएँ ... भगवान के लिए बता दीजिए न ताई, मेरा घर कहाँ गया ?

(अचानक वृद्धा ठहाके लगाकर हँसने लगती है और दिमाग की तरफ इशारा करते हुए 'नहीं है क्या ?' का भाव दिखाती हुई चल देती है ।

युवक कभी आसमान की तरफ़ देखकर हाथ उठाते हुए अजीब-अजीब संकेत करता है, कभी जल्दी-जल्दी ज़मीन खोदने लगता है । उसी समय दूसरा एक युवक दौड़ता हुआ आता है । पहला युवक उसे कसकर पकड़ लेता है ।)

युवक : (पहचानते हुए) भैया, भैया, कहाँ खो गए थे ? और माँ-पिता जी कहाँ हैं ? कहाँ गए और भाई-बहनें ? हमारा घर कहाँ है ?

युवक २ : (गूँगे की तरह) आ ... आ ... ।

युवक : (हड़बड़ाते हुए) कहाँ गए सब के सब ? घर भी नहीं है । मैं तो कुछ समझ ही नहीं पा रहा हूँ । यह सब क्या हो रहा है ?

युवक २ : (उसी अंदाज़ में) आ ... आ ... ।

युवक : (हैरान होते हुए) यह... यह क्या हो गया ? क्यों नहीं बोल रहे ?

युवक : (घबराते हुए) क् ... क्या हुआ ? क्या तुम बोल नहीं सकते ?

युवक २ : (सिर हिलाते हुए) हाँ ... हाँ ... ।

युवक : (घुटने ज़मीन पर टेकते हुए) उफ् ! हे भगवान, यह क्या दिखा रहे हो ? क्या हुआ हमारे घर का ? क्या हुआ हमारे परिवार का ?

(नेपथ्य का शोरगुल बढ़ जाता है ।)

युवक : (हैरानी से देखते हुए) काफ़ी देर से उधर क्या हो रहा है ? (युवक २ कोई प्रतिक्रिया नहीं देता ।) (युवक २ को झकझोरते हुए) उधर क्या हुआ है ? कुछ पता है ? (युवक २ हाथ हिलाते हुए कुछ संकेत करता है, जिसे युवक नहीं समझ पाता ।

युवक : उफ् ! यह क्या हो रहा है ... कहाँ ढूँढू मैं अपना घर ? किसको कहने जाऊँ ? किससे गुहार लगाऊँ अब ?

(एक तेरह-चौदह साल का लड़का चलता हुआ दिखता है ।)

भाई ! पहले तुमने यहाँ एक घर देखा था ? (लड़का कभी युवक को देखता है, कभी युवक २ को, पर कुछ नहीं बोलता ।)

(हाथ से कुछ संकेत कर दिखाते हुए) छोटी-छोटी, सुंदर-सुंदर खिड़कियाँ थीं ..., उन में से तुम्हारे जैसे ही छोटे-छोटे बच्चे चेहरे पर मुस्कान लिए बाहर

देखते रहते थे ..., याद नहीं तुम्हें ?

(लड़का इस तरह खामोश है, मानो वह बोलना भूल गया हो)

सामने हरा-भरा मैदान था न ..., याद करो तो। आस-पास पड़ोस की गाय-भैंसें चरने आती थीं ...। कुछ याद आया ?

युवक २ : (विवश-सा होते हुए हौले से) अब रहने भी दो, बच्चे को पता नहीं है।

युवक : (हैरानी से) क्या तुम बोल सकते हो ? तो फिर इतनी देर से ... ?

युवक २ : बड़ी लंबी कहानी है। कुछ मत पूछो।

युवक : पर क्यों ?

युवक २ : कहा ना, कुछ मत पूछो।

युवक : बिना जाने मुझसे रहा नहीं जाएगा।

युवक २ : (विवशतापूर्वक देखते हुए) मैंने अपनी आवाज़ ..., आवाज़ (उँगली से मंच के बाहर के अंधेरे हिस्से को संकेत करते हुए) उधर के लिए गिरवी रख दी है।

युवक : (भयभीत मुद्रा में) यह तुम क्या कह रहे हो ?

लडका : (ज़ोरदार आवाज़ में) एक है जिसे अपना घर भी मालूम नहीं, दूसरा बोल सकने के बावजूद बोलता नहीं ... ! पागल लोग (सरपट दौड़ता हुआ दूसरी तरफ़ चला जाता है)

युवक : बोलो, क्यों ... क्यों ऐसा कर रहे हो ?

युवक २ : देख भाई, व्यावहारिक बनना सीख। हमारी ज़िंदगी एक बार का जनम है।

युवक : यह तो कोई वजह नहीं हुई ?

युवक २ : एक बार के इस जनम में भला कौन तकलीफ़ें झेलना चाहेगा, तू ही बता।

युवक : तुम्हारा मतलब है, अपनी बोली गिरवी रख देने से उधर का पड़ोसी सुख देगा

युवक : (हाथ से समझाने का इशारा करते हुए) देख, यह सब हमारे भविष्य के लिए है ... ?

युवक : (हाथ झकझोरते हुए) बड़ा बनेगा भविष्य ! भगवान के दिए हुए अपूर्व उपहार बोली को ही गिरवी रख देने से भी कहीं भविष्य बनता है ? निर्माण भी कहीं 'खामोशी' की एवज में ही होगा, ऐसा तो नहीं कहा ?

युवक २ : यह सब तुम इसलिए कह रहे हो क्योंकि तुमने खुद को पहचाना ही नहीं है अब तक। पहले खुद को पहचान। तब पता चलेगा कि अपने लिए क्या-क्या करना पड़ता है।

युवक : फिर तो यह बड़ी महँगी जान-पहचान है भई ... जिसके आगे माँ-बाप, घर ... कुछ भी नहीं है !

(एक अधेड़ चुपचाप आता हुआ दिखाई देता है, पर युवकों को देखते ही जिधर से आया है, उधर ही जाने लगता है। युवक दौड़कर उसे पकड़ लेता है)

युवक : (पहचान जाता है) चाचा जी ! क्यों आपलोग ... ऐसा कर रहे हैं ? (अधेड़ आदमी एक बारगी युवक को देखता है और फिर जाने की कोशिश करता है, पर युवक उसका हाथ कसकर पकड़ लेता है।)

युवक : क्या हुआ चाचा जी ? क्यों ... ? कहाँ है हमारा घर ? माँ-पिता जी भी दिखाई नहीं देते ? यह सब क्या हो रहा है ?

अधेड : अब क्या-क्या, कहाँ-कहाँ, यह सब पूछना बंद करो। जो भी हो रहा है, भलाई के लिए ही हो रहा है।

युवक : कैसे ? यह आप कैसे कह सकते हैं ? जबकि यहां सब कुछ अजीबोगरीब हो रहा है ... और आप कहते हैं कि सब कुछ ठीक है ?

अधेड : देखो, महज गर्मजोशी से कुछ नहीं होता

युवक : यह क्या हो गया है आप लोगों को ? जब भी घर और माँ-पिता जी की बात करता हूँ तो आप लोग बात को कहीं और मोड़ देते हैं। क्यों इस बारे में कुछ नहीं बताते ? क्या इस सवाल का जवाब हमारे लिए ज़रूरी नहीं है ?

अधेड : मैं अपने दिमाग में यह सब बातें नहीं भरना चाहता।

युवक : क्यों ?

(अधेड़ कुछ पल युवक को देखता है और इशारे से बताता है कि उसका दिमाग कहीं और चला गया है।)

युवक : क्या है इस इशारे का मतलब ?

अधेड : उन्होंने इस दिमाग की कीमत चुकाई है ताकि यह उधर के लिए ही काम करे।

युवक : उफ् ! आप भी ?

अधेड : यहाँ क्या-क्या था, क्या-क्या होना चाहिए, अब यह सब सोचने और करने का मेरा काम नहीं है।

युवक : (चिल्लाकर) क्यों ?

अधेड : (गुस्से से) इस पीढ़ी के पास ऐसे सवालों का इतना बोझ है, जिसे ढोना मुश्किल है।

युवक : जवाब भी तो नहीं मिलता।

(अचानक नेपथ्य का शोरगुल बढ़ जाता है। पाँच-छह लोग मंच पर दौड़ते हुए आते हैं। एक-दो भैंसा और बकरे के चेहरे वाले भी दिखते हैं। मंच पर मौजूद सामानों को इधर-उधर फेंकते हैं और खुद को पसंद आने वाली चीज़ों को अपनी जेबों में ठूँसते जाते हैं। एक-दो युवक युवक और युवक २ की जेबों में भी हाथ डालते हैं। युवक २ अपने छीने हुए पैसे छीनने वाले के हाथ से वापस छीनता है। वे पैसे फिर दूसरा छीन लेता है पर युवक २ उसे मुक्का मारता है। और दो लोग भी युवक २ को मुक्के मारने के लिए आगे बढ़ते हैं। वहीं अधेड़ दूसरे एक व्यक्ति के कपड़े उतारकर लेने की कोशिश करता है। युवक के गले की चेन छीन चुका एक व्यक्ति हँसने लगता है। यह देखकर दूसरा एक व्यक्ति भी उसकी जेब में हाथ घुसाने आ जाता है।)

युवक : यह ... यह क्या हो रहा है ? कौन हैं आप लोग ? (किसी पर कोई असर नहीं पड़ता, सब पूर्ववत अपने क्रियाकलाप में व्यस्त हैं)
भैया ! ... चाचा जी ! ...

युवक २ : (दूसरे एक व्यक्ति की घड़ी छीनकर) मत चिल्लाओ ना। यहाँ अब ऐसे ही है।

युवक : ऐसा ही है ..., मतलब ? यह ... यह सब क्या हो रहा है ?

युवक : तू भी इस (एक व्यक्ति के कोट से तमगा छीनते हुए) हरकत में शरीक होना चाहता है तो आ वरना जा ...। और कुछ नहीं तो कम-से-कम अपने सामानों की हिफ़ाज़त कर।
(इसी वक्त नेपथ्य से असह्य संगीत सुनाई देने लगता है। युवक, युवक २ और अधेड़ को छोड़कर बाकी सभी अपने-अपने कान बंद कर मंच से भाग जाते हैं।)

युवक : (संगीत की ध्वनि कम होने पर) इतना ज़्यादा बदलाव यहाँ ? यह सक किसने किया ?

अधेड : इसे तो ... (परेशान-सा होकर युवक २ से) ओए ! तू ही समझा दे इसे। मुझसे तो नहीं हो पाएगा। (चला जाता है)

युवक : सच में, बुद्धि-विवेक सब कुछ गिरवी रख देने पर इंसान ऐसा ही हो जाता है।

युवक २ : यहाँ चाहे जो भी हो रहा हो। तुझे क्या पड़ी है ? सिर्फ अपने बारे में नहीं सोच सकता ?

युवक : जहाँ मैं पैदा हुआ, बड़ा हुआ, वो घर तो अपनी जगह नहीं है, हमें जन्म देकर, पाल-पोसकर बड़ा करने वाले माँ-पिता जी लापता है ..., ऐसे में तुम लोग कह रहे हो- सिर्फ अपनी भलाई के बारे में सोचो। (घृणा भाव से) ऐसी भी क्या भलाई, जिसे अकेले अनुभव किया जाए ?

युवक २ : तो फिर चला जा पागल। मैं भी तेरे जैसों के लिए अपना समय बरबाद नहीं कर सकता। (चला जाता है)

युवक : जाने से पहले इतना तो बता दो, क्या अपने माँ-बाप के लिए थोड़ी भी श्रद्धा नहीं रही ?

अधेड २ : (प्रवेश करते हुए) छोड़ दे, ऐसे लोगों को भला क्या श्रद्धा होगी। दिमाग की जगह पेट लेकर पैदा होने वाला भूख के अलावा और भला क्या सोच सकता है ?

युवक : (चकित-सा) बड़े भैया ?

अधेड २ : कैसी संतानों को जन्म दिया है, सोचकर माँ रो रही थी। रोते-रोते माँ लापता हो गई। ऐसी संतति के कारण अब यहाँ क्या होगा कहकर चिंता करने वाले पिता जी भी उबरने का उपाय सोचते हुए थककर पता नहीं कहाँ खो गए। अब इन्हें न खोए हुए माँ-बाप की चिंता है और न अपने घर में क्या-क्या हो रहा है, यस सोचने का इरादा ही। अगर है तो बस अपनी भूख की चिंता।

युवक : लेकिन आप कहाँ थे ?

अधेड २ : छुप गया था।

युवक : (अचंभित होकर) छुप गए थे ... ?

अधेड २ : हाँ, क्योंकि यहाँ अकेले से कुछ होने वाला नहीं है।

युवक : सब अगर यही सोच ले कि अकेले कुछ नहीं किया जा सकता तो फिर करने वाला कोई नहीं रह जाएगा। बस इतना बता दीजिए कि हमारे घर के साथ क्या हुआ ?

अधेड २ : (हौले से) एक दिन यहाँ ऐसा आँधी-तूफ़ान आया ... उसने हमारा घर, ... हमारा परिवार (रोते हुए) सबको तहस-नहस कर डाला।

युवक : ऐसे आँधी और तूफ़ान आने का संकेत तो पहले से ही दिखाई देता होगा न ?

अधेड २ : हाँ, एक चावल तो हम अपनी ज़मीन से उपजा नहीं पाए ... हम खुद ही ऐसे हैं, दूसरों को क्या कहें। जो कुछ भी हम तो पड़ोसियों का बनाया हुआ ही झट से खरीद लेते हैं और अपने हाथों को

मकड़ियों को जाल बनाने के लिए छोड़ते रहे।

युवक : पहले भी तो वे अपनी गाय-भैंसों को ऐसे ही हमारे इधर घुसाते रहे हैं। क्या भूल गए आप ?

अधेड २ : (सुस्त स्वर में) यही क्रम अचानक अचानक बेसंभाल तौर पर इतना बढ़ गया कि हमारा घर ... (बोल नहीं पाता)

युवक : पहले भी मैंने सचेत तो कराया ही था। पर 'जिसका जौ खाते हो, उसी का रोआँ खींचत हो' कहकर मुझे बुरी तरह झिड़की देने वाले हमारे ही यहाँ के चालू-पुर्जे लोग तो थे ...।

अधेड २ : अब निर्बाध रूप में बाँध तोड़कर घुस चुके इन गाय-भैंसों से ठगी और लूटपाट के अलावा और क्या सीखेंगे हमारे भाई-बंधु ? ऊपर से समय भी आ चुका है लाचारी का ...।

युवक : तो क्या अब हमें अपनी ही ज़मीन पर शरणार्थियों की तरह रहना पड़ेगा ?

अधेड २ : उफ् (थोड़ी देर चुप हो जाता है, शून्यता फैल जाती है।) पहले की तरह घर की उन्नति करने की सोची तो खत्म कर दूँगा' अगर नहीं कहा होता तो मुझे छुपकर रहने की ज़रूरत ही क्यों पड़ती ? देख भाई, स्थिति ऐसी है कि कुछ कह नहीं सकते। तू जहाँ से पढ़-लिखकर जहाँ से आया है, वापस वहीं जाकर अपना भविष्य सँवारो।

युवक : खुद के घर में तो ... यह हाल है, भविष्य किसके लिए सँवारूँ। पढ़ने-लिखने का मतलब सिर्फ यह तो नहीं कि हर हाल में बस निजी फायदे के बारे में ही सोचूँ।

अधेड २ : तो फिर क्या चाहते हो ?

युवक : मैं अपना घर चाहता हूँ, पहले की तरह खुशहाल। माँ-बाप चाहता हूँ ...।

अधेड २ : इतना आसान नहीं है। फिलहाल इतना ही काफ़ी है कि हमें अब तक ज़िंदा छोड़ रखा है।

युवक : मेरे लिए बस इतना-सा आसमान काफ़ी नहीं है।

अधेड २ : तो फिर कैसे हासिल करोगे ?

युवक : आत्मविश्वास। उसमें हिम्मत और एकता मिल जाए तो ... क्या है जो हासिल नहीं किया जा सकता ?

अधेड २ : तो फिर ठीक है (फुरती बढ़ जाती है) मैं उन बदमास भाई-बंधुओं, चाचाओं को बुलाकर लाता हूँ। (चला जाता है)

युवक : (दृढ स्वर में) मैं अपने घर-परिवार को वापस हासिल करके ही रहूँगा। (जाना चाहता है। ठीक इसी समय एक झुंड बकरों, भैंसों और साँढ़ों का प्रवेश। साँढ़ युवक को खींचकर एक ओर बिठाता है। एक बकरा और एक भैंसा उसे घेरे खड़ा होता है।)

साँढ : सुना है तुम्हें यहाँ का परिवर्तन रास नहीं आया ?

युवक चुप रहता है

बकरा : चुप क्यों है ?

वह फिर नहीं बोलता

भैंसा : क्यों रास नहीं आया तेरे को ?

युवक : मैं जानवरों के मुँह नहीं लगता।

साँढ़ और भैंसा उसे मारने को उतारु होता है, पर बकरा उन्हें रोक लेता है।

बकरा : ठीक है, तुम लोग ही इंसान हो, यही सही, पर इससे क्या ? हमने मदद करके यहाँ इतना सारा परिवर्तन ला दिया ... इसे अस्वीकार करने की ज़रूरत क्या है ?

युवक : (आँखें दिखाते हुए) और कितना चूसना चाहते हो हमें ?

भैंसा : वह तो ... (कुटिल मुस्कान के साथ) अपने घर की उन्नति के लिए कुछ भी करना पड़ता है।

युवक : तो फिर हमें अपने घर की उन्नति करने की आज़ादी क्यों नहीं ? इसके लिए हमने कोई अच्छा कदम उठाया नहीं, कि तुम लोगों की जल क्यों जाती है। तुम लोगों के विकास के कदम पर हम कभी उँगली करने गए हैं ?

साँढ : (समझाने के भाव में) ये उँगली-वुँगली छोड़। देख भाई, अगर तेरे यहाँ सभी चीज़ों का विकास हो जाएगा तो हमारे उत्पाद बेकार नहीं हो जाएँगे ? और इससे हमारे यहाँ बेरोज़गारी और नहीं बढ़ जाएगी ?

युवक : (गुस्से से) और कारण क्यों नहीं बताया ?

बकरा : हमने तो तुम ही लोगों की सेवा के लिए खुला वातावरण बना दिया है ... तो फिर नाराज़गी किस बात की ? ऐसे में तो समझदारी से काम लेना चाहिए न। बल्कि ये बताओ कि अपना मुँह बंद रखने की एवज में खुद के लिए हमसे क्या चाहते हो ?

युवक : (दाँत पीसते हुए) तू मेरे अधिकारों की कीमत पूछ रहा है ?

भैंसा : तुझे जो समझना है समझ, पर तुम लोगों के पास और कोई उपाय नहीं है।

युवक : है क्यों नहीं ? हमें अब तक कोई अपने अधीन में नहीं रख पाया, इतिहास इस बात का गवाह है। तुम लोगों की तरह नहीं हैं हम। अब मेरे पास क्या उपाय है, जल्द ही तुम लोग देख लोगे। (सबको धक्का देकर निकल जाता है। भैंसा, बकरा और साँढ़ आपस में बुदबुदाते हैं और हाथ से 'देर न करो' का संकेत करते हुए दौड़ जाते हैं। मंच के दूसरे छोर से युवक २, अधेड़ और अधेड़ २ एक घर ठेलते हुए लाते हैं।)

अधेड : हाँ, यहाँ ठीक है, यहीं पर रख दो।

अधेड २ : नहीं-नहीं, पश्चिम की तरफ़ कहाँ घूमा हुआ था ?

युवक २ : वहाँ, वहाँ था। (घर को स्थापित करते हुए) हाँ, अब ठीक है। यहीं तो था, ठीक इसी तरह।

अधेड २ : क्या, यहीं था ? मेरा मतलब है, पहले के जैसा ही हो गया न ?

अधेड : हाँ बिलकुल हो गया।

युवक २ : अब तो भाई भी पक्का शांत हो जाएगा।

अधेड : अब कितना बड़-बड़ करने लगा यह भी ?

अधेड २ : इतना न कहता तो आप लोग सुनने वाले कहाँ थे ? आप लोगों को तो कोई मतलब ही नहीं था।

युवक २ : अब भाई कहाँ चला गया भैया ?

अधेड २ : अपने माँ-बाप को ढूँढ़ने निकला था। मैंने खबर भेज दी है, आता ही होगा।

अधेड : अब तो वो भी खुश हो जाएगा।

युवक इधर-उधर देखता हुआ आता है।

युवक २ : (हाथ पकड़ते हुए) यह देख लो भाई, हम अपने घर को वापस उसी जगह ला खड़ा करके ही छोड़ा।

(युवक उस घर को हर तरफ़ से मुआयना करने लगता है।)

अधेड : सब कुछ बिलकुल वैसा का वैसा ही है, जैसा पहले था।

युवक २ : देख, अच्छी तरह देख ले। हरा-भरा मैदान बिलकुल वैसा ही है, बाग भी पहले का ही है, घर के खिड़की-दरवाज़े सब कुछ ...।

अधेड : अब तो हम पर ऐसा-वैसा करने का दोष तो नहीं देगा न ?

युवक : (पुरुषार्थ किए होने के भाव के साथ हँसता है, फिर मंद-मंद हँसी के साथ) अब तो खुश ... ?

(उसी पल एक खिड़की से एक कबूतर फड़फड़ाता हुआ बाहर गिरता है और कुछ देर गुटर-गुटर करने के बाद शांत हो जाता है। फिर घर के भीतर से लोगों के इधर-उधर दौड़ने, डरने और रोने-चिल्लाने का शोर सुनाई देता है। दूसरी खिड़की से एक भेड़िया मुर्गे को मुँह में दबाए हुए धड़ाम से नीचे कूदता है। बाहर आ चुका भेड़िया मुर्गे को सहलाते और मुस्कुराते हुए वापस घर के भीतर घुस जाता है। साँढ़ और भैंसा घर के उत्तर और दक्षिण की तरफ ईंटों को चाट रहे हैं।)

अधेड : (युवक की तरफ देखते हुए) अब तो घर भी मिल गया। अब तो चुप रहेगा न ?

युवक २ : अब तो ठीक है न भाई ? जैसे-तैसे करके हमें हमारा घर मिल गया। (हँसने लगता है)

युवक : (भारी स्वर में) क्या घर का मतलब सिर्फ पत्थर और मिट्टी का ढेर भर है ?

अधेड : अब यह क्या बोल रहा है ?

अधेड २ : बाकी चीज़ें भी तो वैसी ही हैं न ? देख तो अच्छी तरह।

युवक २ : तू मैदान की बात करता था, वो रहा, देख ले।

अधेड : बगीचा भी है, देखो तो दाएँ-बाएँ।

युवक २ : खिड़की-दरवाज़े भी पहले की ही तरह कलात्मक हैं, खुद देख ले।

अधेड : घर भी बिलकुल पहले की ही तरह है, साफ़-सुथरा।

युवक २ : अब क्या चाहिए ? बोल तो सही।

युवक : माँ-पिता जी।

(अधेड़ और युवक २ घबराते हुए आपस में कुछ बुदबुदाते हैं।)

माँ-बाप के बिना भी घर कोई घर होता है ? सब कुछ पहले की तरह बनाने की कोशिश तो देख ली ... पर इस तरह अशांति फैली हुई घर कभी भी हमारा घर हो सकता है ? क्या हमारे घर में इसी तरह कोलाहल मचता था ?

अधेड २ : कैसी बातें कर रहा है ? माँ-बाप की अहमियत भी कभी कम होती है क्या ?

युवक : जब माँ होती थी तो हमेशा घर में शांति का वास हुआ करता था। हम बड़े आराम से पढ़, लिख और हँस पाते थे।

अधेड : वो तो अब भी ...

युवक : (बीच में ही) जब पिता जी होते थे तो हम उन्नति करते थे। पिता जी हमें तरक्की करने का तरीका समझाते थे ... हमारी हिफ़ाज़त भी करते थे।

युवक २ : वो तो अब भी ...

युवक : क्या अब भी ?(भारी आवाज़ में) अब भी ... तरक्की करने का मौका कहाँ है ? शांति कहाँ है ? (घर की तरफ़ संकेत करते हुए) क्या ऐसे स्वार्थियों के बीच रहकर भी हो पाएगी हमारी तरक्की ? हमारे घर की उन्नति ?

(घर के भीतर से निकले दो भेड़िए कुत्ते के एक पिल्ले को आपस में खींचातानी करने लगते हैं)

क्या इसी तरह बोटियों के लिए रस्साकसी करने वालों के बीच रहकर हमारी सुरक्षा हो पाएगी ? (युवक २ और अधेड़ भागने की कोशिश करते हैं, पर युवक रोक लेता है और युवक २ की कमीज़ उतारकर उसका पेट निहारने लगता है।)

बड़े भैया, चाचा जी का स्वेटर भी ऊपर को सरकाइए तो ... (अधेड़ २ अधेड़ के पेट को भी नंगा कर देता है) ज़रा देखूँ तो आपके पेट, कितने बड़े हैं ? कितनी भूख लगती है इनमें ? यहाँ जितने भी हादसे हो रहे हैं, क्या वे सब इन्ही पेटों के चमत्कार नहीं हैं। अब आप बताइए कि आपके पेट भरने के लिए और हमें क्या-क्या गँवाने पड़ेंगे ?

युवक २ और अधेड़ कसमसाते हैं, भागने की कोशिश-सी करते हैं, पर पकड़ और मज़बूत हो जाती है)

अधेड २ : गैरों को भला क्या दोष दूँ ... अपने ही यहाँ इतने भूखे लोग पैदा हो रहे हैं।

युवक : (युवक २ और अधेड़ के पेटों को सहलाते हुए) जैसे-तैसे कर घर को वापस लाकर हमारी आवाज़ों को शांत करने की कोशिश तो किसी तरह कर ली, पर अपने पेट में लगने वाली बेकार की भूख को कब शांत करेंगे ? कब ? कब ... ??? (इस प्रश्न से युवक २ और अधेड़ चौंकते हैं। (नेपथ्य में 'कब' की आवाज़ प्रतिध्वनित होती रहती है।)

पर्दा

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

एकाङ्की

शोक धुन

क्षितिज थापा मगर

पात्र

समय
बुद्ध
हिटलर
मुसोलिनी
महिला पात्र– १
महिला पात्र– २
पुरुष पात्र– १
महिला पात्र– २
नेपथ्य स्वर

पर्दा खुलता है। रंगमंच के मध्यभाग में मानवाकृति का बिंब है। उस बिंब की चौड़ी छाती पर दीवाल घड़ी टंगी है, साथ ही मेरुदंड पर भी। उस बिंब पर समय गतिमान है। जिसे समय कहने में कोई हर्ज नहीं। मानवाकृति से थोड़ी ही दूरी पर सामने रंगमंच के दाईं और बाईं ओर ग्लोब रखे हुए हैं। ग्लोब निरंतर घूम रहे हैं। स्पॉट लाइट मानवाकृति की छाती पर फोकस होती है, जहाँ टिक... टिक ... समय चल रहा है।

नेपथ्य स्वर : सुविज्ञ दर्शकवृंद ! नमस्कार।ये हैं समय, या कहें स्वचालित यंत्र। समय नदी के समान गतिमान है। समय हमेशा अपनी गति से निकल जाता है, हमारी तरह काई के समान जमता नहीं। समय गतिशील है। समय की गतिशीलता में ही खिलते हैं फूल, उत्पन्न होते हैं जीवन।

समय सिर्फ रात ही नहीं, दिन भी है। दिन ही नहीं, रात भी है। समय सृजन है। समय के सृजन अनुपम और अनमोल हैं, साथ ही वीभत्स और कठोर भी। समय में फूलों का सौंदर्य भी होता है, काँटों की चुभन भी। हम तो समय के गेंद भर हैं। हम तो समय के जूते हैं, जिन्हें पहन-पहन कर समय फाड़ दिया करता है।

दर्शक वृंद !

मैं आज इसी प्रवाहित और गतिशील समय का मंचन कर रहा हूँ। इस घड़ी समय सृजन-आसन पर है। समय की प्रसव वेदना के साथ ही, ज़रा देखिए तो, समय के गर्भ से पैदा हुए बुद्ध गण। (बुद्ध दाईं तरफ़ के ग्लोब के पास खड़े हो जाते हैं। बाएँ पार्श्व से कुछ मानवाकृतियों का 'खोदाई-जोताई' करते हुए आगमन-प्रस्थान। बुद्ध फटाफट कुछ रोपते हैं।)

और यत्र-तत्र सर्वत्र रोप दी शांति और शांतियाँ (बुद्ध सुस्ताते हैं और ग्लोब के पीछे ध्यानमग्न हो जाते हैं।) और फूल खिले, बुद्ध बनकर। नदियाँ बहीं, बुद्ध बनकर। हिमालय और पहाड़ खड़े हुए, वुद्ध बनकर। जीवन और जगत हँसे, बुद्ध बनकर।

वाह ! सच में, समय अनुपम ही है।

समय !

तुम्हें बुद्ध का सलाम।

समय !

तुम्हें नेपाल का सलाम।

तुम्हें हिमालय का सलाम।

दर्शकवृंद !

आज फिर समय सृजन में तल्लीन है। समय-प्रसूति के साथ ही यह देखिए तो समय के गर्भ से जन्मे हिटलर गण ... मुसोलिनी गण ...

(हिटलर और मुसोलिनी बाईं तरफ़ के ग्लोब के पास खड़े हो जाते हैं। दाएँ पार्श्व से कुछ मानवाकृतियों का 'साउदै, बाउसे करते हुए' आगमन-प्रस्थान। हिटलर और मुसोलिनी कुछ रोप रहे हैं।)

और गाँवों में, पहाडियों पर, चौरों में निर्भय और बेझिझक रोप दिए युद्ध .. बारूद ...

(हिटलर और मुसोलिनी ग्लोब पर बंदूक का निशाना

साधते हुए आक्रामक मुद्रा में खड़े हैं ।)

और नदियों में बहा लहू । पहाड़ों पर जमी खून की बर्फ । चौरों में खिले रक्त के फूल ।

छिः ... छिः ... सच में समय बड़ा ही वीभत्स है, भयानक है, क्रूर है ।

समय !

तुम्हें बुद्ध के रक्त के आँसू का श्राप !

क्षत-विक्षत शांति का कठोर श्राप !

समय : खबरदार !

महत्त्व से भरी जीभ को बेकार में मत पड्काओ

नेपथ्य स्वर : समय !

तुम निकृष्ट हो । तुम विध्वंसकारी हो । तुम हत्यारे हो । तुमने फूलों की हत्या की । पहाड़ों की हत्या की । निरीह शांतियों की हत्या की । सुकुमार बुद्धों की हत्या की ।

समय : मुझे हत्यारे की पगड़ी भिड़ाने वाले तुम होते कौन हो ?

नेपथ्य स्वर : मैं शाश्वत स्वर हूँ । मैं आवाज़ हूँ, जिसे तुम मार नहीं सकते ।)

समय : (कुटिल हँसी के साथ) मूर्ख आवाज़, समय के शब्दकोश में असंभव जैसा कोई शब्द ही नहीं है । मैं आदि हूँ । अनादि हूँ । (समय हरकत में आता है । अपने स्थान से आगे बढ़ता है । समय के हाथ में बंदूक है । समय की चाल गोलाकार है । समय की उंगली ट्रिगर दबाने को आतुर है ।)

मुझे मृत्यु पर्व नहीं मनाना चाहिए । लेकिन क्यों, मेरे ये हाथ मेरे विरुद्ध वंदूक चलाना चाहते हैं ।

परिस्थिति, मैं निरीह मानवजाति की असामयिक मृत्यु नहीं चाहता । प्रकृति का विनाश नहीं चाहता । तुम्हारी बंदूक तुम वापस ले जाओ । मैं विस्फोटन नहीं चाहता । परिस्थिति, मेरी विनती है, मुझसे हत्या मत करवाओ । उँगली बंदूक के ट्रिगर की तरफ़ बढ़ती है । हाथ खींचते हुए) नहीं, ... नहीं मुझसे यह असंभव है । (एकाएक बंदूक से गोली चल जाती है– बारूदों की इंद्रजात्रा)

(समय पूर्व स्थान पर जाकर फ्रिज हो जाता है)

नेपथ्य स्वर : दर्शकवृंद !

समय के गर्भ से विस्फोटन जन्मा । गुलाब के गुच्छे से बंदूक चली । इन विस्फोटों के साथ ही कितनों का सिंदूर मिट गया होगा, कितनों के ज़ीवन मिट गए होंगे ... च्च् ... च्च् ... च्च् ... बंदूक की इन आवाज़ों के साथ–

(दाएँ पार्श्व से एक महिला का प्रवेश)

महिला १ : मेरे जीने का अधिकार छिन गया । मेरी कोख सूनी हो गई । मेरा वसंत लुट गया । ऐ पत्थर के मूक देवताओ !

मुझे जीवन दान करो । मुझे मेरी कोख दान करो । मुझे ऋतु दान करो । मेरी आशा, भरोसा, जीवन का सहारा मुझे पुत्र दान करो, पुत्र दान करो ... । (आवेग में) मेरा जीवन छीनने वाले, मेरा जगत छीनने वाले, मेरे भविष्य के चीथड़े करने वाले, मुझ पर संकट थोपने वाले निष्ठुर समय, धिक्कार है तुझे । धिक्कार है तुझे । (रुदन)

(ध्यानमग्न बुद्ध की अर्चना करते हुए) बुद्ध देव ! मुझे मेरे जीने का आधार दो । मुझे टेकने वाला बैसाखी दो । मुझे मेरा जीवन दो ... (रुदन)

(बाएँ पार्श्व से महिला २ का प्रवेश)

महिला २ : मृत्यु ... मृत्यु ... मृत्यु ... । पूर्व मृत्यु, पश्चिम मृत्यु, उत्तर मृत्यु, दक्षिण मृत्यु । मृत्युओं की उर्बरता का यह मौसम.। इस दौरान मृत्यु पर्व मना रहा है समय । इस दौरान रक्त बनकर बहते समय आँसू मत बहाओ बहन । (महिला १ को इंगित करते हुए) मरुभूमि में आँसू भर बहाने से, आँसू भर रोपने से हरियाली नहीं उपजेगी ।

महिला १ : लेकिन क्यों इतनी विपत्ति मुझे ? क्यों ? खिलखिलाती धूप में उष्णता दिलाए हुए मेरे सपनों को क्यों क्षत-विक्षत बना रहे हैं बंदूक के ये कर्कश स्वर ? क्यों मेरी उष्ण धूपें निष्ठुर समय की बंदूक का निशाना बन रही हैं । आखिर क्यों ? क्यों ... मेरे प्रति ये यात्रा विपत्तियाँ ?

महिला २ : बंदूक की आवाज़ें अपनी नहीं होतीं । बंदूकें भी अपनी और पराई नहीं होतीं । हर बंदूक की हर आवाज़ के साथ ही जीवन उघड़े होते ही हैं । वसंत भी उजाड़ होते ही हैं । इस संकट और विपत्ति के भागीदार अकेली तुम ही नहीं, हम सभी हैं । बंदूकें फूलों को मसलती हैं, अपनों को छीनती हैं । बंदूक का दूसरा रूप ही मृत्यु है, विपत्ति है । बंदूक के वमन से मैंने भी अपनों को गँवाया है, परिवार को गँवाया है । बहन, बंदूकों के चलने के बाद न गँवाने वाला कोई नहीं होता, न गुमने वाला कोई कुछ नहीं होता । सभी गुमते हैं– अतीत, वर्तमान, भविष्य सभी गुम जाते हैं ।

महिला १ : क्या हम गुमने और गँवाने के लिए ही पैदा हुए हैं ?

महिला २ : बिल्कुल, हम गुमने और गँवाने के लिए ही पैदा हुए हैं। और ...

महिला १ : और ? (पुरुष १ का प्रवेश)

पुरुष १ : (महिला की आवाज़ को काटते हुए) शव यात्रा में जाने के लिए– फूलों की, पहाड़ों की, नदियों की, जीवनों की, चिड़ियों की।

जीवन की उपलब्धि ही शवयात्री होना है। अपनी उम्र कई गुना अधिक शवयात्रा पर जा चुका हूँ मैं। अभी हाल ही में मक्के के खेत से निर्वस्त्र माँ और बेटी को उठाकर उनके अस्त्वि की शवयात्रा में गया। कल ही क्षत-विक्षत आवाज़ों की शवयात्रा में गया। अब वर्तमान की शवयात्रा पर निकलूँगा और कल भविष्य की ...।

महिला १ : शवयात्री सिर्फ आप ही या हम भी हैं ?

पुरुष १ : तू, तुम, आप, हम सभी शवयात्री हैं।

महिला २ : पर मैं तो खुद को शवयात्री नहीं मानती और शवयात्रा में भी नहीं जाना चाहती।

पुरुष १ : (हँसी) शवयात्रा पर बारात की तरह चाव से नहीं जाया जाता। शवयात्री होना और शवयात्रा पर जाना मजबूरी है। हम इंसान कम और शवयात्री अधिक हैं। जगत का अर्थ ही लाशों का पहाड़ और लाशें तैरने वाली नदी है और हम विशुद्ध शवयात्री। यह शाश्वत और ध्रुव सत्य है। चाहे आप मानें या न मानें। इसीलिए आज से मानव समुदाय को शवयात्री समुदाय घोषित करें।

महिला १ : हम इंसान नहीं हैं, शवयात्री हैं, शवयात्री। सुनो गाँव वालों, सुनो। (अचानक रंगमंच पर पुरुष २ का प्रवेश)

पुरुष २ : नहीं सुना क्या ? अब भी नहीं सुनी तुम लोगों ने फूल की मृत्यु की खबर ? पहाड़ की मृत्यु की खबर। क्या तुम लोगों ने मेची को रक्तमय बहते हुए नहीं देखा ? महाकाली में लाली जमी हुई नहीं देखी ? सागरमाथा को भी रक्त के टेथिस सागर में डूबा हुआ नहीं देखा ? सुकुमार फूलों की मृत्यु पर श्रद्धा के गुलदस्ते नहीं चढ़ाए ? क्या स्वाभिमानी पहाड़ों की मृत्यु पर एक मिनट का मौन धारण भी नहीं किया ? धिक्कार है ..., धिक्कार ...।

पुरुष १ : बंधु ! यह मौन धारण करने की बेला नहीं है, शवयात्रा पर निकलने की घड़ी है। आप भी आइए, शवयात्रियों की भीड़ में समाहित हो जाइए और शवयात्रा तय कीजिए।

पुरुष २ : अवश्य (इंगित करते हुए)

वो देखो, वहाँ सड़क पर, लावारिस गिर रही हैं– लाशे शांति की। पहले शांति की ही शवयात्रा पर चलें। आइए, शांति के शवों को उठाते हैं।

महिला १ : नहीं, पहले फूलों की शवयात्रा पर चलें।

महिला २ : पहले पहाड़ों की मैयत पर चलते हैं।

पुरुष १ : पहले जीवन और जगत की शवयात्रा पर चलें, उसके बाद और...।

पुरुष २ : पहले शांति की।

महिला १ : पहले फूलों की।

महिला २ : पहले पहाड़ों की।

पुरुष १ : पहले जीवन और जगत की।

(पात्र गण आपस में उलझ जाते हैं, उलझे रहते हैं।)

पुरुष २ : (हस्तक्षेप करते हुए) आप सब चुप हो जाइए। पहले जिसकी भी शवयात्रा पर जाएँ, पर हमारे शवयात्री समुदाय में गुट नहीं होना चाहिए, फूट नहीं होनी चाहिए। इसलिए सोचें और पहले किसकी शवयात्रा पर जाना है, यह तय कर लें।

(सभी शोकमग्न हो जाते हैं)

महिला १ : तो फिर ठीक है, हम सभी अपनी-अपनी अड़ान के मुताबिक शवयात्रा पर चलते हैं। घाट तो एक ही है न, वहीं एक-दूसरे का सहयोग करेंगे बारी-बारी।

महिला २ : बहुत बढ़िया उपाय। चलो अब शवों को उठाते हैं। (चारों ज़न चारों तरफ़ निकलते हैं। रंगमंच वीरान, एकल शंख की ध्वनी गूँजती है, गूँजती चली जाती है। कुछ समय बाद पुरुष २ का प्रवेश। उसके हाथ में सफ़ेद पृष्ठभूमि में खून से लथपथ कपड़ा है।)

पुरुष २ : बेचारी शांति ...। (क्रमशः अन्य लोगों का प्रवेश। वे लोग खाली हाथ लौटते हैं।)

कहाँ हैं वो लाशें, जिन्हें आप लाने गए थे ? (अन्य पात्र मौन रहते हैं।)

पुरुष २ : कुछ तो बोलिए। कहाँ हैं पहाड़ों की लाशे ? फूलों की लाशें ? कहाँ हैं जीवन और जगत की लाशें।

महिला २ : वे लाशें लावारिस ही तो थीं। गिद्धों ने खा लीं। हमें तो अस्थिपंजर भी नहीं मिले।

पुरुष १ : आजकल दिन-प्रति-दिन सूरज के साथ-साथ मृत्युओं का भी उदय होता है और असंख्य जीवनों का अस्त । अब तो असामयिक मृत्यु ही नियति हो चुकी है । शवयात्री बंधुओ ! चलो चलें, शांति के शव को घाट ले चलें । (नेपथ्य में एकल शंख रो रहा है । वे शवयात्री कतारबद्ध होते हैं और दो-चार कदम आगे बढ़ते हैं । ध्यानमग्न बुद्ध सुगबुगाने लगते हैं ।)

बुद्ध : शवयात्रा पर निकले हो ? (शवयात्री रुक जाते हैं) क्या मुझे घाट पर नहीं पहुँचाओगे ? मेरी शवयात्रा पर नहीं जाओगे ?

महिला १ : आप तो जीवित हैं । आप तो गुंबदों में ...

बुद्ध : गुंबदों में मेरी प्रतिमाएँ हैं । गुंबदों में मेरी मूर्तियाँ शेष हैं । मैं तो कब का मर चुका, मैं तो शांति के साथ ही बीत चुका । मैं तो इतिहास हो चुका, दंत्यकथा हो चुका । बंदूक का चलना बुद्ध का मरना है । अतः हे शवयात्रियो ! मुझे भी घाट पर पहुँचा देना । मेरा भी दाह संस्कार कर देना । (एकाएक बुद्ध निःशब्द हो जाते हैं, निष्प्राण हो जाते हैं, ज़मीन पर लोट जाते हैं ।)

पुरुष २ : बंधुओ ! बारूद और युद्ध बुद्ध को लील चुके हैं । (इंगित करते हुए) बुद्ध की इस लाश को भी उठाओ और घाट पर ले चलो । (बुद्ध और शांति की लाशों को उठाकर वे प्रस्थान करते हैं । नेपथ्य में शंख की ध्वनि इकहरे तौर पर रो रही है ।)

नेपथ्य स्वर : इस समय मृत्यु पर्व मना रहा है समय । समय के मृत्यु पर्व में धूप, पानी, नदी, पर्वत, जीवन और प्रकृति क्रमशः बलि चढ़ रहे हैं । धूप और पानी की मृत्यु पर, नदी और पहाड़ की मृत्यु पर, जीवन और जगत की मृत्यु पर, बुद्ध और शांति की मृत्यु पर
ऐ रेडियो नेपाल
ऐ नेपाल टेलीविज़न
तुम दोनों तो निपुण हो शोक धुन बजाने में ।
शोकधुन बजाओ न, विनती है, शोक धुन बजाओ न ... (नेपथ्य से शोकधुन बजता है, निरंतर बजता रहता है, शोकधुन दूर दूर तक फैलता है, फैलता रह जाता है ।)

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

माँ

खिमानन्द पोखरेल

पहला दृश्य

फोन की घंटी बजती है।

मनोज : हेलो क्या है ? ... रेणु से आप कौन ? क्या...कॉलेज का मित्र थोड़ी देर हाँ। (रेणु को बुलाते हुए रेणु ऐ रेणु तुम्हारा फोन)

रेणु : हेलो कौन उत्सव। क्या है ? सब ठीक ? अच्छा सुनो मुझे अपनी नोट कापी दो ना। मैं तुमसे कॉलेज में ही मिलती हूँ ना। मैं अभी जल्दबाजी में हूँ अच्छा फोन रखती हूँ बाई।

मनोज : रेणु अब तुम्हारी कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने वाली है क्या?

रेणु : क्यों ?

मनोज : नहीं नहीं तुम्हें खुद न जाकर साथी से पूछते देखकर ऐसा कहा। हाँ तुम इसे अन्यथा मत लेना अच्छा ?

रेण : मैंने आपकी बातों को कभी भी अन्यथा लिया है क्या ? आप भी ...।

मनोज : रेणु तुम हर बात को हल्के में कैसे ले सकती हो ? कभी कभार तो मुझसे भी गलती हो ही सकती है, क्या मैं गलत कह रहा हूँ ?

रेणु : अरे ... मेरे पतिदेव भी। मैं विश्वस्त हूँ। आपसे भी कभी ऐसी गलती हो सकती है ? यह बात मैं नहीं मान सकती।

मनोज : गलती हुई तो क्या कहोगी ? कहो तो रेणु यदि विश्वास है तो।

मनोज : क्या मैं गलती करूंगा कि ऐसा विश्वास तो नहीं है तुम्हें ?

रेणु : धत्, आप भी क्या मस्का लगा रहे हैं ? आपकी ऐसी मखौल वाली आदत मुझे जरा भी अच्छी नहीं लगती।

मनोज : अच्छी नहीं लगती कहना चाहती हो तुम ? (थोडा हँसते हुए) अच्छा हुआ बाबा अब से मैं तुम्हारे साथ कभी भी मस्का नहीं लगाऊँगा।

दूसरा दृश्य

मनोज : (अपना पर्स खोलते हुए) मैंने कल ही इस पर्स में पन्द्रह सौ रुपये रखा था। कितनी ही बार गिन चुका, पर हजार ही हैं। बाकी के पांच सौ कहाँ गये। कहीं किसी क्या पता किसी ने निकाल तो...? ज़रूर यह काम रेणु का ही होगा। रेणु (रेणु को बुलाते हुए)

रेणु : हाँ जी !

मनोज : तुम यहाँ आओ न जल्दी आओ।

रेणु : आई कह रही हूँ, अच्छा कहिए क्यों बुलाया आपने ?

मनोज : मैं तुम्हें एक बात कह रहा हूँ, गुस्सा मत करना।

रेणु : मैं गुस्सा नहीं करूँगी यह वादा तक आपसे कर चुकी हूँ।

मनोज : जो गलती कभी नहीं हुई वह आज हुई है ना।

रेणु : कैसी गलती ? क्या गलती खुलकर बताएँ।

मनोज : अच्छा सुनो मेरे पर्स से पांच सौ रुपये किसने निकाले ?

रेणु : यह तो सामान्य घटना है आप भी इसे पहली वार, सामान्य घटना मान कर चलें। क्या आपको अब पता चली पहले की घटना।

मनोज : पहले की घटना (आश्चर्य मानते हुए) क्या कहना चाहती हो रेणु तुम ?

रेणु : नहीं नहीं पहले से ही आपको ध्यान रखते आना चाहिए था कहने का मतलब।

मनोज : देखो रेणु, यह काम और किसी से नहीं हो सकता, एक दो तीन नहीं हो सकता तुम इसे अच्छी

तरह समझने की कोशिश करी समझी ?

रेणु : हरे शिव शिव क्या कह रहे हैं हजुर ? नहीं कैसे फट से कह दिया आपने हाँ ? वहुत ही निष्ठुर सपना दिखा दिया आपने आखिर उफ मुझे निकालना पडा तो चुपचाप निकालूंगी क्या ? हल्ला करके ही निकलूंगी ना । यह तो मेरा अधिकार है । फिर मुझे मेरा अधिकार प्रयोग करने में किस चीज का डर ? यदि डर मानें भी तो फिर व्यवहार चलेगा क्या ?

मनोज : तो फिर किसने निकाला किसने ? इस तरीके से घर व्यवहार एकदम नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा । तुम इन बातों पर खुद ही विचार करो ।

रेणु : ऐसे कहें, वैसे कहें जिधर से भी हो वही बात मेरे माथे ही मढ़ देते हैं । आप है ना, इतना समझाने बुझाने पर भी आपको मुझ पर विश्वास नहीं हुआ ?

मनोज : नहीं तुम खुद ही कहो तो अब ऐसा होने पर मैं क्या करूँ ?

रेणु : मुझे क्या कह रहे हैं आप ? इस तरह आँख वाँख मत दिखाइए हाँ, मुझे तनिक भी अच्छा नहीं लगता । यह गलती मुझसे नहीं हुइ है मैं आपसे पहले ही कह चुकी थी ना अब तो आपकी बातें सुनने पर मेरा कनपट्टी आगबबूला हो गया । अब मैं आपसे क्या कुछ हो कहूँ समझना तो दूर की बात वही घर चलाकर रहनेवाली को दबाकर भी क्या सकता है मुझे तो अब दिक लगने लगा ।

मनोज : अच्छा चलो तुमने नहीं किया मैने माना इतना होने पर नहीं हुआ तुम्हे पर ।

रेणु : पर क्या तुम्हें सब पता है यही आप कहना चाहते हैं ना ?

मनोज : तुम जो भी कहो पर फिर भी यह बात तुम्हारे सिवा और कोई नहीं जानता ।

रेणु : इस प्रकार नाना प्रकार के दोष लगाएंगे तो फिर मैं...

मनोज : मायके जाकर रहूँगी यही कहना चाहती हो ना तुम तुम्हारी मर्जी मुझे मायके जाने की धमकी सुनाने की जरुरत नहीं ।

रेणु : आप ऐसे ही घुमा फिरा के बातें करते हैं तो मैं क्या करूँ ?

मनोज : (मन ही मन) बीते कल अ'फिस जाते वक्त मेरे पाँकेट में पांच पांच सौ के तीन नोट थे । आफिस के मित्र ने उधार मांगा था वह तो कल ही चुक्ता कर दिया। (सोचते हुए) सच में रेष्टारेण्ट में नाश्ता का पैसा भी मित्रों ने ही दिया, हाँ कहीं और जगह तो खर्च किया जैसा नहीं लगता बल्कि कहीं गिर गया हो मैंने जितना भी होश किया फिर भी मेरे घर में इस तरह चोरी करने वाला आदमी है ही कौन ?

रेणु : नहीं आपके पर्स से इससे पहले भी पैसा नहीं गुम हुआ है ऐसा तो नहीं आप जरा सोचिए तो

मनोज : नहीं इससे पहले मैंने इतना ख्याल ही नहीं किया था। पर ... .पर ... .आज।

रेणु : यहाँ है ही कौन ? यही आपको मेरे सर ही दोष चिपकाने के अलावा ।

मनोज : अच्छा लो बाबा हुआ मुझे माफ कर दो हुआ ना ।

रेणु : कहते वक्त दिल खोलकर कहना और अब माफी। मैं कौन हूँ जो आप मांफी मांग रहे हैं ? मैं सब समझ चुकी हूँ क्या यह सब कुछ नारी के प्रति सिर्फ और सिर्फ उपहास है अच्छा लो मैं जरा बाहर गई

तीसरा दृश्य

नौकर : (कुछ गुनगुनाते हुए कमरे में प्रवेश) हाँ सोने की चेन छुपा पाते तो गहने के नाम पर एक चेन तो होता । मैंने यदि चाहा तो यह काम मुझसे जरुर हो सकता है पर ऐसा करने से पहले सोचना चाहिए। (मन ही मन) नहीं मुझे यह काम नहिं करना चाहिए । इस घर में रहते मुझे कइ वर्ष हो गए आज तक बिर्खे के हाथ से एक तिनका तक नहीं गुम हुआ है। इसलिए ऐसी गलती मुझसे एकदम नहीं हो सकती । कोइ मेरा मन जांचने के लिए भी ता रख सकता है इसीलिए मुझसे यह काम नहीं हो सकता , नहीं हो सकता कहते हुए मालकीन को बुलाकर चेन टेबल पर है जैसी बातों का संकेत करता है।

रेणु : अरे क्या हुआ क्यों चिल्ला रहे हो ?

नौकर : चेन टेबल पर है यहीं टेबल पर रख दिया हूँ कहीं गुम न हो जाए ।

रेणु : क्या कह रहे हो बिर्खे ? धत् तुमसे भी कहीं ऐसी बात हो सकती है क्या तुम्हारे उपर मुझे पूर्ण विश्वास है फिर बिर्खे कितना ईमानदार है अगल बगल के घरवालों से कितना नाक फूलाकर चलती हूँ मैं, मुझे निश्चिंतता है क्या तुम ईमानदार हो ईस

वात पर अच्छा अब हो गया अपना काम पर जाओ तो ।

नौकर : जी हजुर ।

सास : बहू को बुलाती हुइ, रेणु, रेणु ।

रेणु : जी मां जी ।

सास : ईधर देखो तो ।

रेणु : क्यों बुला रही हैं मुमा ?

सास : कल एकादशी है ना । व्रत रखना होगा सुबह जल्दी मुझे जगा देना हाँ फिर सुबह जल्दी मन्दिर जा पाई तो लाईन में नहीं खड़ा होना पड़ेगा और भगवान का दर्शन करके जल्दी लौट भी पायेंगे । वात समझ में आई ना ?

रेण : समझी मां जी समझी मैं आपको उठा दूंगी हुआ ना आप चिंता ना करें।

सास : हमेशा बेटा घर के अन्दर घुसते वक्त मां ने खाना खाया कि नहीं कहकर पूछ्र करता पर आज इतनी देर होने पर भी उसकी आवाज मैंने नहीं सुनी है कहीं बीमार तो नहीं पर गया बेटा ।

रेणु : नहीं मां जी ऐसा कुछ भी नहीं हुआ ।

चौथा दृश्य

रेण : सुबह के समय सास को जगाती हुई) मां जी , मां जी जल्दी उठें कहती हूँ ।

सास : हाँ ओ हो हो करती हुई, आरे बहू ओ हो हो । किस तरह निंद लगी है झलफल में ही जाकर निपटा लेना था ।

रेणु : देर हो चुकी, जल्दी किया जाए कहती हूँ ।

सास : तो फिर साकार नहीं उठा है ?

रेणु : नहीं उठे हैं ।

सास : अच्छा तुम बेटे को उठाओ में नहाने चली ।

रेणु : जी मां जी ।

पांचवाँ दृश्य

रेणु : पति को जगाती हुई एजी उठिए ना कहती हूँ । मां जी के मन्दिर जाने का वक्त हो गया उठिए जल्दी ।

मनोज : जागते हुए ।

मां : नहाकर आती हुई श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी

मनोज : आरे मां मंदिर जा रहीं हैं ।

मां : देर हो चुकी फिर पूजा का सामान भी कहाँ रखी है ? हरिशरण, हरिशरण, हरेराम बहू ने फिर से धूपवत्ती नहीं रखा ,बहू को बुलाती हुई, आरे बहू, बहू देखो तो तुमने जो फूल,प्रसाद रखा है उसमें धूपवत्ती ही नहीं है ।

रेणु : आरे रख दिया जैसा तो लगा था ये लीजिए मां जी ।

मनोज : ईसी से मैंने मां की भूलने की आदत है कहा क्या ।

मां : अच्छा हो गया अब मैं मन्दिर चली हाँ । हरिशरण ।

रेणु : (चाय टकराती हुई) चाय लिया जाए 'चाय टेबल पर रखी है आपकी भूलने की वहुत आदत है। चाय पीजिए ।

मनोज : मसका लगाने के भाव से रेणु , रेणु यहाँ आओ ना प्लीज ।

रेणु : मसका मारकर बुलाना पड़ा क्या।

मनोज : प्लीज रेणु यह शंका तुम हटा दो ना ऐसे विचार करके यह रहस्य तुम्हारे सिवा और किसी को पता नहीं हो सकता जैसा लगा मुझे तो ।

रेणु : लम्बी सांसे भरती हुई, मैं क्या कहूँ आपसे है ना आप खुद ही सोचिए ना अनुमान कहीं लग जाए तो क्या कहूँ मैं तो ।

मनोज : रेणु पैसा गुम होने से भी मेरे घर के अन्दर ऐसा रोग घुसने पर मुझे चिंता हो रही है ।

रेणु : मन ही मन, बताउं या न बताऊं, पोल खोलें कि न खोलें आखिर मुझे बताना ही पड़ेगा ।

मनोज : तुम्हारा चेहरा पक्का ही कुछ कहना चाह रहा है जैसा लगता है मुझे पता चल गया मुझे इस वात का रहस्य तुम्हारे सिवा और किसी को भी पता नहीं कहें तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा ।

रेणु : देखिए मैं आपको मौखिक रूप से विश्वास नहीं दिला सकती हाँ इतना कर सकती हूँ कि पैसा किसने निकाला यह प्रमाणित कर सकती हूँबस इतना होने पर हुआ ना आपको ।

मनोज : संभव हो तो आज ही कहो ना ।

रेणु : नहीं कल ही होगा उस वक्त की सम्पूर्ण घटना का दृश्य देखने पर आपको सम्पूर्ण ज्ञान हो जाएगा इतना ही है बस ।

मनोज : तुम कहती हो तो मैं स्वीकार करता हूँ । हुआ नहीं, घड़ी देखते हुए, ओहो देर चुकी है । अच्छा अभी मैं आफिस चला ।

रेणु : (पति को आफिस के लिए विदा करती हुई)

छठवां दृश्य

रेणु : सास को बुलाती हुई मांजी, मां जी ।

सास : क्यों बहू ।

रेणु : आज शाम हमें लौटने में देर हो सकती है सायद आप परेशान 'आप तो फिर परेशान होने लगती हैं ।'

सास : अच्छा-अच्छा भरसक जल्दी आना अकेले इतने बड़े घर में रहना बहुत बेचैनी होने लगती है ।

सातवाँ दृश्य

मां : (बेटे के कमरे में प्रवेश करती हुई और कोट के पैकेट में हाथ डालती हुई) आह! आज तो बेटे के पैकेट में इतना सारा पैसा है कितना विश्वासी है मेरा बेटा ।

रेणु : मां जी ने ही आपके जेब से रूपए निकाल कर अपनी पुरानी सूटकेस में रखा है । समझे आप । मां जी का यह रोग आज का रोग नहीं है बहुत पुराना हो चुका । आपको अब जा के पता चला है ।

मनोज : नहीं रेणु, वास्तव में मैंने गलती मां की नहीं देखी ।

रेणु : बेटे को मां की गलती कैसे दिखाई दे ,गलती तो जितना भी हो आप सिर्फ मेरा देखते हैं ।

मनोज : वात ऐसी नहीं है क्या रेणु हमने कभी भी मां को खर्च करने के लिए कहकर पैसा दिया है क्या, अच्छा तुम खुद ही कहो मां का हमारे अलावा और कौन है ही? कौन देगा मां को लिए ऐसे खर्च करने के लिए पैसे इस बारे में हमने कभी सोचा है क्या जरा बोलो तो ?

रेणु : वो तो है ।

मनोज : क्या इस घर की सम्पत्ति में मां का कोई हक नहीं ?

रेणु : वो तो मैं कहाँ ऐसा कहती हूँ तो अधिकार तो जितना हमारा है उतना ही मां का भी है ना ।

मनोज : हाँ रेणु, वास्तव में गलत सोच हमारी है हमें मां के प्रति ऐसा सोच रखना ही नहीं चाहिए रेणु, अच्छा चलो चलें पहले मां से हमें माफी मांगनी चाहिए चलो चलें ।

आठवाँ दृश्य

मनोज : दरवाजा खोलते हुए मां के कमरे में प्रवेश।

मां : मुझे पता है बेटा सबकुछ पता है तुम दोनों मेरे उपर कैसा शंका किया और क्यों माफी मांगने आए हो सब पता है ।

रेणु : मां जी हमें माफ कर दीजिए मां जी ।

मां : हाँ बहू मैंने तुमलोगों के खर्च में कटौती हो, और अपने संतान के लिए संपत्ति सुरक्षित हो ईस भावना से ऐसा कर्म की हूँ। अब बहू भी खर्च करे और बेटा भी खर्च करे फिर संतान के लिए कौन सोचकर रखेगा ? कम से कम मैंने तुम्हारी यह आदत छूटे यह सोचकर ऐसा काम किया हे । यह लो इस वक्से में रख दी हूँ ले जाओ ।

मनोज : मां आप महान हैं, हमने आपके प्रति जो सोच रखकर गलती किया वह गलत है। मां आपने अपने ही संतान का भला हो कहकर किए गए इस काम के कारण हमारी आँख खोली । मां हमें क्षमा कर दीजिए मां ।

मां : मैंने तुमलोगों को क्षमा किया मुंह से ही । क्या कहना होगा? अब आज ही तुम लोगों को यथार्थ भी बता देने का विचार की थी और मन ही मन माफ भी कर चुकी थी ।

बेटा : मां आज आप कितनी महान ।

मां : अच्छा हुआ हुआ अब अपने काम में लगो । मुझे फूसलाने की जरूरत नहीं है। अब भावी संतान के लिए अभी से ही पैसे बचाने की आदत डालो। अनावश्यक खर्च भी नहीं करना चाहिए अच्छा मैं खुश हूँ नहीं हुआ अब ।
(हंसती हुई)

अनुवादक : पूनम झा

माँ का प्यार

गोपीकृष्ण ढुंगाना

(एक पुरानी चारपाई के ऊपर पुरानी तोशक और रजाई पड़ी हैं। उसी चारपाई के ऊपर एक प्रौढ़ महिला सीता वेदनायुक्त आवाज में आह। आह।' करती हुई लेटी हुई है। एक छोटी सी लड़की जिसका नाम रोमी है, उसी चारपाई के समीप में बैठकर माँ के चेहरे को एकटक ताकती रहती है। उसका बड़ा भाई रामे निराशा के साथ अंदर प्रवेश करता है।)

रामे : माँ ! आपकी तबीयत कैसी है ? (समीप जाकर माँ के ललाट पर हाथ रखता है।)

सीता : मैं ठीक हूँ बेटा। कितनी चिन्ता है तुम्हें मेरी ? कुछ खाया तुमने ?

रामे : मैं तो अपने दोस्तों के साथ खा ही लेता हूँ माँ। पर आप और छोटी बहन क्या खाएँगे ? आपको तो दवा भी नसीब नहीं हुई है अभी तक।

सीता : तुम तो वहुत खयाल रखते हो मेरा, बेटा ! पर जिसे ज़्यादा खयाल रखना चाहिए वो तो कुछ करता ही नहीं।

(कुछ पल दोनों चुप रह जाते हैं।)

राम : माँ ! तुम तो कहती थी न, मनुष्य बहुत दयावान होते हैं ?

सीता : क्यों, क्या हुआ बेटा ? किसने दया नहीं दिखाई तुम पर ?

रामे : दिन भर रास्ते के किनारे भीख माँगते बैठा रहा, कुछ नहीं मिला। मुश्किल से दो-चार रुपये मिले। आज सात दिन हो गए। टाइ-सूट पहनकर हजारों धनी लोग गुजरते हैं। पर पैसे देने में तो ... ..।

सीता : (गुस्से से) मैंने तुम्हें भीख माँगकर मत खाना और भीख के पैसे से दवा मत खरीदना कहा था न ?

राम : पर मैं क्या करूँ माँ ? आप को इसप्रकार से बिस्तर पर पड़ा मैं देख नहीं सकता। मुझे रोने का मन होता है माँ। आपको क्या हुआ है माँ ? क्या हुआ है ?

सीता : क्या कहूँ कि मुझे क्या हुआ है ? कभी डॉक्टर को तो दिखा ही नहीं पाई हूँ। तेरे पिता को तो कमाए हुए पैसों से शराब पीना ही ठीक है। बिना पैसे के कौन डॉक्टर देखेगा ? कौन मुझे अस्पताल ले जाएगा ? बिना पैसे के कैसे मिलेगी दवा ?

रामे : (माँ के समीप बैठता है और धीरे से पैर दबाता है। माँ मैं फिर से माँगने चला जाता हूँ।

रोमे : माँ ! जोर से भूख लगी है। (सिसकते हुए।)

रामे : छोटी बहन भी भूख से रो रही है। आप भी तीन दिनों से भूखी हैं। मैं जाता हूँ माँ।

सीता : मत जाओ बेटा। भीख की रोटी क्या रोटी ? इससे तो भूखों मरना अच्छा है। जब तक मैं स्वस्थ थी, हाथ कभी नहीं फैलायी। आखिर अब तब दवा देखने को नसीब नहीं हुई है। आओ, मेरे पास बैठ जाओ। तुम्हारे पिता कुछ लाए तो खाएँगे।

रामे : पिताजी दवा नहीं लाएँगे माँ। देखिए छोटी बहन भूख से रो रही है। वो रोती है तो मुझे भी रोना आता है। अब तो मैं बड़ा हो चुका हूँ माँ। मैं आप लोगों को पालूँगा।

सीता : कितना करते हो मेरे लिए बेटा ? तेरे बाप को परवाह नहीं। कहने पर भी सुनते नहीं। मैं मर गई तो ज़रूर किसी और से विवाह करेंगे वो।

रामे : सही कहा माँ आपने ? पिताजी को हमारी परवाह नहीं। कितना कहें उन्हें। मैं अब निकलता हूँ माँ। **(माँ की बात को अनसुना करते हुए माँ और छोटी बहन को छोड़कर रामे दरवाजे तक पहुँच जाता है। रामे निकलने ही वाला था कि सुवास का प्रवेश हो जाता है। शराब से मस्त लड़खड़ाते हुए वह शोर मचाते हुए खाली हाथ झोपड़ी में घुस जाता है। बाप की बात सुनकर रामे उदास हो जाता है और दरवाजे के समीप छुप जाता है।)**

सुवास : रामे ! ओ रामे ! खाना बनाया ?

(रामे अनसुना करता हुआ जमीन पर बैठ जाता है। रोमी भी अपने बाप की आवाज सुनकर रोना छोड़ देती है। उसे पता है रोने पर उसका बाप और अधिक पीटेंगे। सीता भी उनसे बोलने से तो नहीं बोलना ही अच्छा होगा सोचकर दूसरी ओर करवट बदलती है।)

सुवास : अरे ! इस घर के सब लोग मर गए क्या ? किसी की आहट तक सुनाई नहीं देती।

(सुवास सीता के बिस्तर पर जाकर बुलाता है।)

सुवास : ओए सीते ! तेरे बेटे ने खाना नहीं बनाया क्या ? किधर मर गया वो ?

सीता : आप को तो कोई मतलब ही नहीं, बेचारा वो क्या बनाएगा ? कुछ होता तो वह भी कुछ खाता। मेरे लिए दवा लाए क्या ? सब्जी क्या लाए हैं ? कुछ है ही नहीं तो बेचारा क्या पकाएगा ?

रोमी : (चुपचाप से माँ के बगल में आती है।), माँ ! बहुत भूख लगी है। मैं क्या खाऊँ ?

सीता : तुम्हारे पिता को तो शराब से ही फुर्सत नहीं है। न तुम लोगों को कुछ खाने को मिल रहा है और न ही मुझे दवा।

तुम्हें क्या चाहिए ? ले लो (थप्पड़ लगाते हुए)। घर में आया नहीं कि मेरी शिकायत माँ से करती है ? (अत्यधिक भूख से शिथिल रोमी अपने बाप के थप्पड़ से जमीन पर गिर जाती है। वह सिसकने लगती है। रामे बहन को गोद में ले लेता है और प्यार से सहलाने लगता है।)

रामे : पिता जी ! आपकी बुद्धि कब खुलेगी ? आपको हम किसी पर प्यार नहीं है। इस बेचारी की क्या गलती थी कि भूख मिटाने के लिए खाना माँगने पर थप्पड़ खाना पड़ा ? माँ कितने दिनों से बीमार पड़ी हुई है। आप को तो माँ के मर जाने पर आनन्द आएगा शायद।

(सीता जो रजाई ओढकर सोई हुई थी उसकी आँखों से अविरल आँसू बहते हैं। कुछ कहना चाहती है पर कहती नहीं। रोमी को गोद मे उठाकर रामे अपने भूखे पेट पर हाथ रखते हुए माँ के बगल में बिस्तर पर बैठ जाता है। बहन को माँ के समीप रख देता है। उधर शराबी बाप भी अकेला महसूस करते हुए वहीं गिर जाता है।)

रामे : माँ ! रोमी को अपने साथ सुलाना।

सीता : पर क्यों ? तुम कहाँ जाओगे ?

रामे : माँ ! मैं भीख माँगने जा रहा हूँ। किसी ने दिया तो चावल और सब्जी लेकर आऊँगा। हम सब भूखे हैं।

सीता : मैं तुमसे पहले से कहती आ रही हूँ कि भीख माँगकर कुछ मत लाओ। मत जाओ बेटा।

रामे : नहीं माँ ! मुझे जाना ही होगा। माँग कर मुझे कुछ न कुछ खाने लिए लाना ही होगा। मैं आपको डॉक्टर के यहाँ ले जाऊँगा माँ। इसलिए भी मुझे जाना होगा माँ, मुझे भीख माँगनी ही होगी माँ।

सीता : रामे ! तुम मेरी बात क्यों नहीं मान रहे हो ? अब तो तुम ने भी मेरी बात मानना छोड़ दिया ?

रामे : माँ ! मैं आपका आज्ञाकारी बेटा हूँ। आपकी नहीं सुन रहा हूँ ऐसी बात नहीं है माँ। भूखे रहने से तो माँगकर ही सही, कुछ खाना होगा। छोटी बहन भूख से रोते-रोते सो गई है। मैं जा रहा हूँ माँ।

(रामे अपनी माँ को एक बार देख लेता है और घर से बाहर निकल जाता है। सीता कुछ बोल नहीं पाती है, वह अपने हाथ से अपना ही चेहरा नोचने लगती है। सूर्य अस्त हो जाता है। अंधेरा शुरू होने लगता है।)

पर्दा गिरता है

अनुवादक : डिल्लीराम शर्मा संग्रौला

पुरस्कार एवं सम्मान समारोह

रामकुमार पण्डित क्षत्री

पात्र :
१.प्रवीण
२.दधीचि
३.राघव
४.मोदनाथ
५.रेशम
६. पुष्कर
७. राधेश्याम
८. अन्य दर्शक (महिला, पुरुष और वालबालिकाएँ)

दृश्य १

(सहृदयी साहित्य समाज के द्वारा पुरस्कार और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। एक विशाल हॉल की दीवार में टँगे बैनर से यह स्पष्ट हो रहा है। बैनर के नीचे पंक्तिबद्ध सात कुर्सियों में से एक कुर्सी खाली पड़ी है। अन्य ६ कुर्सियों पर संस्था के अध्यक्ष के अतिरिक्त सम्मानित एवं पुरस्कृत साहित्यकारों की टोली बैठी हुई है। उस कक्ष के उत्तर-पश्चिम की दिशा में एक सजा हुआ ऊँचा टेबुल और उसके ऊपर माइक लगा हुआ है। माइक्रोफोन पर साहित्यकार प्रवीण अपना मंतव्य रख रहे हैं। उनकी छाती से ऊपर का भाग मात्र दिखायी पड़ रही है। मंच के आगे दर्शक दीर्घा में लोगों की उपस्थिति सामान्य ही है। आंशिक कुर्सियाँ खाली पड़ी हैं।)

प्रवीण : (ऊँची आवाज में बोलते हुए) - आदरणीय वरिष्ठ साहित्यकार एवं उपस्थित सज्जनवृंद। सबसे पहले मैं इस साहित्यिक संस्था के पदाधिकारी एवं पुरस्कार तथा सम्मान चयन टोली को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हँ कि इन्होंने मेरी साहित्यिक सेवा को मान्यता प्रदान कर मुझे सम्मानित करने का कार्य किया। यथार्थ में मैंने सम्मान पाने की नीयत से कभी लेखन कार्य नहीं की है। मेरे लेखों के कुछ शब्द किसी के लिए शिक्षाप्रद होकर वह यदि उसे अपने जीवन मे. उतार पाता है तो मैं उसे ही अपने लिए सम्मान की बात समझता हूँ। यहाँ मैं किसी का नाम लेना नहीं चाहता पर इतन्री बात रखने की जुर्रत करता हूँ कि पुरस्कार पाने के लिए नगद राशि खर्च करने वाले व्यक्ति को भी मैं इस सभा में देख रहा हूँ। पर मैं उस प्रकार का पाखंडी साहित्यकार नहीं हूँ, जो पुरस्कार और सम्मान पाने के लिए रुपये खर्च करता हो।

(दर्शक दीर्घा से ताली की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ती है।)

मुझे हमेशा ही अपनी निर्भर लेखनी के ऊपर विश्वास रहा है। अतः इतना कहते हुए मैं अपनी बातें यहीं समाप्त करता हूँ और साहित्यकार दधीचि को माइक्रोफोन पर आने लिए आमंत्रित करता हूँ जिनका नाम मेरे बाद अपनी राय व्यक्त करने के लिए टंकित है।

(दर्शक दीर्घा में पुनः ताली की गड़गड़ाहट होती है।)

दधीचि : (शांत और शालीन स्वर में) सभाध्यक्ष एवं उपस्थित सज्जनवृंद। मैं आप लोगों के सामने अपने दो शब्द रखने की अनुमति चाहता हूँ। वैसे तो हाथ में माइक आ जाने पर अपना इतिवृतांत बताने में घंटों बिताने वाले साहित्यकारों की यहाँ पर कमी नहीं है। पर मैं न तो उस श्रेणी का साहित्यकार हूँ और न ही पुरस्कार दाताओं की चरणवंदना करने वाला व्यक्ति। यहाँ पर उपस्थित कम से कम पाँच-सात व्यक्तियों को तो यह जानकारी होगी ही कि नेपाली नौलो पुरस्कार पाने के लिए उसके दाता नयनमणि के पैर पड़ने और अनुनय-विनय करने

वाले कौन-कौन थे ?

(इनकी बातों को दर्शकगण एकचित्त होकर सुन रहे हैं । उधर खाली कुर्सियों पर बैठने वाले श्रोताओं की संख्या बढ़ती जा रही है ।)

कुछ देर पहले ही साहित्यकार मित्र प्रवीण ने रुपयों से पुरस्कार खरीदने वालों की बातें कीं । मुझे लगा कि कहीं वे मेरे लिए ही तो यह नहीं कह रहे हैं । यदि आप लोगों में से किसी को भी मेरे द्वारा एक रुपया भी खर्च किये जाने का प्रमाण मिलता हो तो मैं लिखना छोड़ दूँगा । पुरस्कार का महत्त्व तो तब होता है जब पुरस्कार पाने के बाद पाठकों के बीच गर्व से चला जा सके और वे लोग सम्माजनक दृष्टि से देखा करें । उस पुरस्कार का क्या महत्त्व यदि कोई यह कहे कि अमुक साहित्यकार ने पुरस्कार पाने के लिए रुपये खर्च किया है । इतना कहते हुए और मुझे पुरस्कार के योग्य समझने वाले निर्णयकर्ताओं और इस संस्था के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। अब मैं साहित्यकार मित्र राघव को अपने मंतव्य के लिए आमंत्रित करता हूँ। धन्यवाद ।

(दर्शक दीर्घा से ताली की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ती है ।)

राघव : (मध्यम स्वर में बोलते हुए) मैं भी मित्र दधीचि की तरह सभाध्यक्ष एवं उपस्थित सज्जनवृंद को संबोधन करते हुए अपने दो शब्द रखना चाहता हूँ। उन्होंने जाते-जाते यह कह ही डाला कि 'पुरस्कार पाने के लिए प्रदाताओं की चरण वंदना और अनुनय-विनय करने वाले साहित्यकार' । उनकी बातों का सुनकर मुझे लगा कि वह ये बातें मेरे लिए ही तो नहीं कर रहे हैं ? (दर्शक दीर्घा से हँसी की आवाज सुनाई पड़ती है ।) एक बार मैं अपनी चर्चित उपन्यास के लेखन के क्रम में जब उसके मध्य में पहुँचा तब पात्र की अवस्था की चर्चा करते-करते उसके साथ मैं भी काफी देर तक रोता रहा । क्योंकि जब मैं लिखने बैठता हूँ तब मैं अपने पात्रों के साथ इतना करीब हो जाता हूँ कि कभी हँस लेता हूँ तो कभी रो लेता हूँ । उस बात को जानकर या उस स्थिति को देखकर यदि उन्होंने मुझे पुरस्कार के लिए भी रोते-धोते देखा हो तो यह उनका दृष्टिदोष है। वास्तव में मैं पुरस्कार पाने के लिए न तो कहने - सुनने वाला व्यक्ति हूँ न ही नातावाद या चाकरीवाद में विश्वास रखता हूँ। जबकि इस प्रकार के कई साहित्यकार यहाँ विद्यमान हैं । सिर्फ पुरस्कार पाने के लिए ही नहीं, पुरस्कार से संबंधित निर्णायकमण्डली में समावेश होने के लिए भी दौड़धूप करने वालों की भी यहाँ कमी नहीं है। भले ही उन्हें संबंधित विषय का ज्ञान हो या न हो । अब आप पूछेंगे कि इस प्रकार के व्यक्ति, कैसे लोगों को ये पुरस्कार देंगे ? तो जनाब इस श्रेणी में वे लोग आयेंगे जिन्होंने लिखने से अधिक शोर-शराबों के कारण वाहवाही लूटी हो या उस प्रकार के निर्णायक के निकट के व्यक्ति होंगे या अन्य वर्ग के । यहाँ मुझे एक बात रखने का दिल कर रहा है । राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार देने वाली एक संस्था है जो प्रतियोगिता आयोजन करती है । उसमें लगभग दो-ढाई सौ प्रतियोगी ही भाग लेते है. । यदि आप उस संस्था के विगत इतिहास को देखें तो किसी वक्त वहाँ हजारों प्रतियोगी भाग लिया करते थे । पर आजकल प्रतियोगिता में जो कृत्रिमता आई है, उसकी वजह से वह संख्या दो-ढाई सौ मे ही सिमट गयी है । उन दो-ढाई सौ प्रतियोगियों में भी वास्तविक प्रतिस्पर्द्धा दलों के निकटवर्ती साहित्यकारों में से दस लोगों के बीच ही कराई जाती है और आदिवासी, महिला, दलित, पिछड़े क्षेत्र के नाम से पुरस्कारों का वर्गीकरण किया जाता है । अब देखिये, साहित्यकारो.की योग्यता के संदर्भ में भी समानुपातिक व्यवस्था । रांम । राम। राम । प्रतिभा निर्धारण के संबंध में भी क्या कोई समानुपातिक प्रणाली की सोच लेकर प्रतिस्पर्द्धा के लिए उतरेगा ? कितनी लज्जास्पद और हास्यास्पद बात है यह । उस प्रकार की निर्णायक मण्डली में उन्हीं दलों के समर्थक होते हैं जिनके लिए विषय के ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं । एक-दो रचनाओं के प्रकाशन के आधार पर अमुक दल उसे ज्ञाता बना देता है । कितनी विडंबनापूर्ण स्थिति है । अब बताइए उस प्रकार के पुरस्कार का महत्त्व क्या होगा ? (उनके द्वारा इन बातों को नाटकीय शैली में रखे जाने पर दर्शक दीर्घा में हँसी के गुब्बारे फूटने लगते हैं । दर्शकों की संख्या बढ़ने के कारण कुछ लोग दीवार के सहारे खड़े दिखायी पड़ते हैं ।) मुझे पुरस्कार एवं सम्मान के योग्य देखने वाले निर्णायक मण्डल और संस्था के सदस्यों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। मुझे दो शब्द रखने का

अवसर दिये जाने के लिए भी धन्यवाद कहते हुए अब मैं माइक मेरे दायें भाग में विराजमान साहित्यकार मोदनाथ जी को यहाँ आने के लिए निमंत्रित करता हूँ।

(दर्शक दीर्घा से ताली की गड़गड़ाहट आती है।)

मोदनाथ : (ऊँची आवाज में) उपस्थित सज्जनवृंद को मेरा हार्दिक अभिवादन। यह भी वतानी है कि चाहना किस बात की ? दर्शक दीर्घा में मुसकुराहट की लहर दिखायी पड़ती है)। हाँ, तो मेरे पूर्व वक्ता मित्र ने पुरस्कार पाने के लिए पैरवी और चाकरी करने की बातें कीं। यह सब उन्होंने कहीं मेरे संबंध में तो नहीं कही ? मै. राजनीति करने वाला व्यक्ति, स्वभाव से ही चिकनी-चुपड़ी बातें करने का आदि हूँ। मुझे यह बात अच्छी तरह मालूम है कि मैं यदि मक्खनवाजी में उतर जाऊँ तो पाठक वर्ग मुझे फिसला देंगे। अभी तो मैं उन पात्रों को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने मुझे पुरस्कार के योग्य देखा और मैं इसे पा सका। मैं साहित्यकार और नेता दोनों हूँ, अतः माइक के आगे खड़ा हूँ। आप लोग सोच रहे होंगे कि यह व्यक्ति बहुत दर तक बोलेगा। पर नहीं, मैं दो मिनट से अधिक नहीं बोलूँगा। देखिये, पुरस्कार पाने के लिए साहित्यकार लोग क्या क्या नहीं करतें। पैरवी, मक्खनबाजी, खरीद-फरोख्त, रोना-धोना, अनुनय-विनय और अन्य कई सारी बातें। छीः, छीः, छीः। कितनी विकृतियाँ ! मैं इन सारी विकृतियों को निर्मूल कर दूँगा, क्योंकि मैं नेता वर्ग का आदमी हूँ। (दर्शक दीर्घा से हलकी सी हँसी की आवाज आती है।) मुझे एक बात और कहनी है। संयोग से मेरे वाद मेरी दायीं ओर वैठे श्रीमान् रेशम जी के बोलने की वारी है। अतः यह प्रश्न उन्हीं के लिए है। आप सभी को यह जाकारी होगी कि मैने पचासों दशक तक साहित्य की सेवा की है। लेकिन शायद आप और आपकी संस्था की आँखों में मोतियाबिंद पड़ा था। अब जब आपने अपनी संस्था को बचाने हेतु रोना-धोना किया और मैंने रिश्वत विना की अपनी कमाई के दो लाख रुपये आपकी संस्था को दानस्वरूप प्रदान किया तब आपने उस घटना के दो महीने बाद मेरा अभिनंदन किया। क्यों ? क्या आपने वह अभिनंदनपत्र उस पैसे के एवज में दी ? प्रत्येक दिन प्रातः काल जब मेरी दृष्टि उस अभिनंदनपत्र पर पड़ती थी तब मुझे यह सोचकर ग्लानि हुआ करती थी कि यह अभिनंदनपत्र मुझे दो लाख के एवज में दिया गया है। इस प्रबल सोच के कारण मैंने कल ही उस अभिनंदनपत्र को जलाकर राख में बदल डाली। (लंबी साँस खींचते हुए)। इतना घोर अपमान ! दो लाख रुपये न दे पाने तक मैं अभिनंदन के योग्य न था। आइए, अब जवाब दीजिये। आप सभी को धन्यवाद, नमस्ते।

(दर्शक दीर्घा से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सीटी की आवाज सुनाई पड़ती है। कुर्सियों पर बैठे कुछ दर्शक उठकर जाने लगते हैं, तो जो अब तक खड़े थे, वे उन खाली कुर्सियों पर बैठने लगते हैं।)

रेशम : (मलीन स्वरमें) मेरे मुँह की बातें मेरे पूर्व वरिष्ठ साहित्यकारों एवं नेताओं ने छीन ली हैं। फिर भी संबोधन के क्रम में मैं अपनी बातें रख रहा हूँ। साहित्यकार मोदनाथ जी, हम लोगों ने दो वर्ष पूर्व ही आपका अभिनंदन करने का फैसला कर लिया था। (मोदनाथ अपने निकट के साहित्यकार के कानों में फुसफुसाते हुए कह रहे हैं -'तो आज के इस प्रकार के कार्यक्रम पर पाँच वर्ष पहले की तारीख तो डाल ही सकते हैं। फुसफुसाहट सुनने वाले साहित्यकार मुसकुराते हुए शिर हिलाकर अपनी सहमति व्यक्त कर रहे हैं।) पर आपको आमंत्रित कर इसे प्रदान करने का अवसर नहीं मिला था। ... इसके लिए क्षमा चाहता हूँ। देखिये। हम लोगों ने जो कहा था उसे कर दिखाया है। कई लोग एक लाख की राशि का पुरस्कार अपने पास ही रख कर सिर्फ प्रमाणपत्र पुरस्कार विजेता को देते हैं। पर हम लोगों ने नगद राशि तो नहीं न रखी। वैसा करने की आवश्यकता ही नहीं आई। (दर्शक दीर्घा से अट्ठहास सुनायी पड़ती है।) इससे अधिक मुझे कहने की आवश्यकता नहीं लगती। अब अपनी बाते. समाप्त करते हुए मैं पुरस्कृत मित्र पुष्कर जी को माइक पर आने का आग्रह करता हूँ और मै. विश्राम लेता हूँ। धन्यवाद। (दर्शक दीर्घा में तालियों की गड़गड़ाहट होती है।) हाँ, मुझे एक बात याद आ गयी। (माइक छोड़ने से पूर्व पुनः माइक में बोलते हुए देखकर दर्शकों में हँसी फूटने लगती है।) नेता जी ने तो मुझे कई बातें सुना दी। अब आपकी बारी है, सनिए। क्यों आप अपने ही कार्यकर्ताओं को चुनचुन कर पुरस्कृत करते हैं ? क्या देश में एक भी

योग्य साहित्यकार नहीं है ? स्वयं सँयोजक होकर क्यों एक अशक्त कार्यकर्ता को सैकडों संस्थाओं से एक-एक कर सम्मानित कराया ? एक ऐसे व्यक्ति के ऊपर कागजी प्रमाणपत्र और दोसल्ले का भार क्यों थोपा, जो दवाई न खरीद पाने के कारण छटपटा रहा है ? समाज और देश में परिवर्तन की लहर फैलाने की बातें करने वाले के मन में यह बात क्यों नहीं उपजी कि सौ लोगों के प्रमाणपत्र और दोसल्लों के ऊपर खर्च होने वाले एक-दो लाख रुपये की राशि यदि उस अशक्त को प्रदान की जाती तो उस राशि से वह अपना इलाज करा पाता । इसका जवाब है आपके पास ? दूसरों को सलाह देना तो आसान होता है । मुझे पता है कि मेरी बातों का आपके पास जवाब नहीं है । एक शिशु के समान मूत्र की तात्कालिक गरमाहट का सुख भोगने की प्रवृत्ति को त्यागिए और वास्तविकता का सामना कीजिए । आपके माध्यम से बहुतों की भलाई होगी । सुदूर पश्चिम में जन्में होने की हैसियत से पुरस्कार पाते है और शोर मचाते हैं । जय हो ।

(इतना कहने के बाद वे अपनी कुर्सी पर जा बैठते हैं । (दर्शकों की तालियों से सभा कक्ष गूँज उठती है । कई दर्शक नेता जी के चेहरे का रंग बदलते हुए देखकर उन्हें निहारने लगते हैं । उधर पिछले भाग की कुर्सियाँ खाली हो उठंती है ।)

पुष्कर : (शालीन स्वर में) मंच पर आसीन प्रबुद्ध जन एवं दर्शकों को मेरा अभिवादन । जाते-जाते मित्र रेशम ने पुरस्कारदातृ संस्था के द्वारा नगद राशि स्वयं रखे जाने और प्रमाणपत्र मात्र दिए जाने की बातें की । कहीं इस प्रकार की गतिविधि आज के कार्यक्रम के आयोजक संस्था में तो नहीं हुई ? मुझे तो शंका उत्पन्न हो रही है । जो भी हो, मैं सम्मानित हुआ हूँ और इसके लिए नगद राशि की आवश्यकता नहीं थी । मैं धन्य हूँ। मुझे सम्मानयोग्य समझने वाले निर्णायकमण्डल और संस्था के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ ।

(इसी बीच साहित्यकार नेता मोदनाथ देरी होने का संकेत करते हुए सभी लोगों को नमस्कार करते हुए मंच से उतरते हैं । पुष्कर इस बात की परवाह किए बगैर बोलने का क्रम जारी रखते हैं ।)

आज इस प्रकार सम्मानित होने का अवसर पाने पर मुझे अपनी साहित्य सृजना को गति प्रदान करने की उर्जा प्राप्त हुई है । हौसला मिला है । मेरी कामना है कि इस संस्था की इस प्रकार की गतिविधि में वृद्धि होती रहे । स्रष्टा लोग सम्मानित होते रहें और पाठकों को स्तरीय सामग्रियाँ पढ़ने को मिलती रहे ।

यह भी खुशी की बात है कि इस संस्था ने जीवित अवस्था में ही साहित्यकारों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान की है । बड़ी-बड़ी संस्थाओं के भेजे मक्खियों के शिर के समान छोटे होते हैं । कथित बड़ी संस्थाएं मरणोपरांत पुरस्कार और सम्मान प्रदान करते हैं। अब बताइए, मृत्यु के २-४ वर्ष उपरांत पुरस्कार प्राप्त करने का क्या महत्त्व होगा पाने वाले को ? पुरस्कार और सम्मान तो खाश बात हुई, पर यदि पुरस्कार के बदले मृत्यु होने वाले स्रष्टा की पत्नी ने किसी बच्चे को जन्म दी होती तो कितनी अममानजनक बात होती ? (इस बात से दर्शक दीर्घा में हँसी के गुब्बारे फूटते हैं) । इतना कहते हुए मैं अपनी बातें यहीं समाप्त करता हँ और अंतिम वक्ता के रूप में मेरी दायीं ओर आसीन संस्था के अध्यक्ष महोदय राधेश्याम जी को माइक पर आने को आग्रह करता हूँ ।

राधेश्याम : (गंभीर स्वर में) इस पुरस्कार और सम्मान वितरण समारोह में उपस्थित सभी पुरस्कृत एवं सम्मानित साहित्यकारों एवं हमारे निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा और गरिमा बढ़ाने वाले समस्त महानुभावों को मेरा हार्दिक अभिवादन है । सर्वप्रथम तो मैं उन सभी साहित्यकारों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ जो पुरस्कार और सम्मान ग्रहण करने के लिए यहाँ तक पधारे हैं ।

पूर्व वक्ता ने हमारी पुरस्कार पद्धति के ऊपर शंका व्यक्त की है । पर मैं इतना अवश्य कहना चाहूँगा कि हम लोग वास्तव में अन्य के समान नहीं हैं। पारदर्शी तरीके से तीन पुरस्कार विजेताओं को लिफाफे और प्रमाणपत्र और अन्य तीन साहित्यकारों को सिर्फ प्रमाणपत्र प्रदान की है । यह बात आप लोगों के सामने धूप के समान स्पष्ट है ।

(इतना कहते ही दर्शक दीर्घा से एक महिला की आवाज आती है- क्या हमारे देश में महिला साहित्यकार नहीं हैं ? क्यों इन ६ साहित्यकारों में एक भी महिला नहीं हैं ? - इस प्रश्न को सुनकर दर्शकगण एक दूसरे का मुँह ताकने लगते हैं । उधर दर्शक दीर्घा से दर्शकों का निकलना शुरु होता है ।)

(इस प्रश्न को सुनकर राधेश्याम कहने लगते हैं-) वास्तव में इस सोच के साथ काम करते हुए कि कार्यक्रम में कोई त्रुटि न हो, फिर भी कोई न कोई कमी या त्रुटि रह ही जाती है। आपकी बात इसकी साक्षी है। जल्दबाजी के कारण महिलाओं के नाम के ऊपर ध्यान ही नहीं पहुँच सका। अगले वर्ष इस त्रुटि को मिटाने पर ध्यान दिया जायगा।

हाँ, दूसरी बात यह है कि आप लोगों को भी हम आयोजकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करना चाहिये, क्योंकि हम लोगों ने अन्य के समान चर्चित साहित्यकारों को पुरस्कृत कर स्वयं चर्चा में आने की चाह नहीं रखी। न ही हाल के चुनाव में विजयी नेता को सम्मान कर उनकी चापलूसी की। देखिये, यहाँ सभी प्रतिभावान् साहित्यकार हैं। न तो कोई राष्ट्रकवि है, न महाकवि, न आख्यान शिरोमणि और न ही नव निर्वाचित प्रतिनिधि। जो भी हैं, नए युग को एक दिशा प्रदान करने की क्षमता रखने वाले महारथी ही हैं। किताबों की संख्या बढ़ाते हुए लिखते रहने पर गणुात्मकता की चिंता न करने वालों की परवाह नहीं की है। सर्वसाधारण पाठक तो अधिक पुस्तक लिखने वालों को ही मूर्धन्य मानते हैं, पर इस मामले में हम सतर्क रहे हैं। हम लोगों ने इस बात पर ध्यान देने का काम किया है कि यदि किसी ने एक ही पुस्तक निकाली है और वह वजनदार और सारगर्भित है तो वह महान है। आजकल हम देख रहे हैं कि धर्मविरोधी पुस्तकों को भी बड़े-बड़े पुरस्कारों से नवाजा जा रहा है। लेकिन हम लोगों ने उस प्रकार की पुस्तकों के लेखकों को पुरस्कार देने की बात तो छोड़िए, इस सभा की बैठक तक के लिए अयोग्य ठान रखी है।

(दर्शक दीर्घा में तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ती है।)

इसके अतिरिक्त हमने कुत्ते, बिल्ली की तरह लार टपकाने का काम भी नहीं किया। यह बात मैने वो दूर दर्शक दीर्घा में बैठे साहित्यकार महोदय को देखकर कही है। मुझे उनका नाम लेने की आवश्यकता नहीं है। आप लोग स्वयं भी जानते हैं। अपनी संस्था के पुरस्कार से स्वयं पुरस्कृत होने वाले स्रस्टा हैं वे महोदय। पर आज यहाँ सम्मानित और पुरस्कृत होने वाले सभी साहित्यकार इस संस्था से बाहर के हैं। हमें अपने निर्णय पर गर्व है।

(दर्शक दीर्घा में तालियाँ बजती है।)

समय के ऊपर ध्यान देते हुए पुरकृत और सम्मानित होने वाले साहित्यकारों ने अपने-अपने मंतव्य संक्षेप में पेश की। इसके लिए उन्हें पुनः : धन्यवाद। उनका महत्त्व मंच के बदले उनके पुस्तक के पन्नों से आँका जाना चाहिये। उन लोगों की विद्वता और दर्शन उनके लिखे पुस्तकों में पर्याप्त रूप से पाये जाते हैं। अतः घंटों बोलकर कार्यक्रम को लंबे समय तक खींचने का कोई अर्थ नहीं होता। अब आप ही देखिये, आज के इस विशाल कार्यक्रम में संस्था की ओर से मेरी मात्र उपस्थिति है। उद्घोषक के न आने के कारण अतिथि महोदय स्वयं ही अपने बाद के वक्ता साहित्यकार महोदय को माइक पर आने के लिए आमंत्रित करते रहे।

(दर्शक दीर्घा में हँसी की लहर फैलती है। सभा कक्ष आधी खाली हो उठती है।)

सभा का जिस सहजता के साथ संचालन किया गया, उसके लिए भी आभार व्यक्त करता हूँ। सभी उपस्थित महानुभावों के प्रति भी धन्यवाद प्रकट करते हुए अंत में सभी से आग्रह करता हूँ कि इसके बाद चायपान का जो संक्षिप्त कार्यक्रम है, कृपया उसमे. भी शामिल होकर हमें कृतार्थ करें। अब मैं इस कार्यक्रम के समापन की घोषणा करता हूँ।

(ताली बजाते हुए दर्शकगण अपनी-अपनी कुर्सी से उठने लगते हैं। उसी बीच एक युवक दूसरे युवक के कान में फुसफुसाते हुए कहने लगता है-

'वह जो महिला मंच पर किसी महिला को न रखने बात कर रही थी न, वह तो पुरस्कार की भूख मिटाने के लिए अपनी अस्मिता तक को ताक पर रखने से बाज नहीं आती।

दूसरा युवक : तुम्हें यह सब कैसे पता ?

पहला युवक : उस महिला और पुरस्कारदातृ एक अन्य संस्था के प्रधान को मेरे भाई ने एक रिसोर्ट में आपत्तिजनक स्थिति में पाया था। विश्वास न हो ता फोटो दिखाऊँ।

दूसरा युवक : अन्य लोगों की नजर उन दोनों पर पड़ते देखकर)- चुप कर जा। चुप।)

पर्दा गिरता है।

अनुवादक : प्रकाश प्रसाद उपाध्याय

एकाङ्की

आँधी

रामेश्वर राउत मातृदास

नहीं होगा, बिलकुल नहीं होगा, बिलकुल ही नहीं होगा। ऐसे गँवारू तरीके से भी होगा ! हालात तो देखो। एक बार की जिंदगी है, जैसे भी है, चलने दो कहकर मैं तो हाथ पर हाथ धरकर बैठ नहीं सकता । उस टुटपूँजिए को देखो तो, नोटों की गड्डी पर बैठकर मजा लूट रहा है। देश -विदेश की यात्रा उसके लिए पनघट की सैर के समान हो रही है। जानते हो, यह देश मर्दों को मारकर नामर्दों को उठाने की जगह है। यहाँ सज्जन, विद्वान और ईमानदार लोगों को सदैव मुरझाते हुए रहना पड़ता है। घनघोर अन्याय और विडम्बनाओं से भरी हुई ऐसी जगह पर क्या मूल्य और कैसी मान्यता ? जिसकी लाठी में जोर हो भैंस उसी की हो रही है। विधि के हाथों को उलटा बाँधकर मचाई जा रही उदंडता का जो नंगा नाँच हो रहा है उसे देखकर भी ...उफ...

(गहरी साँस खींचते हुए सौरी सीटी बजाती है। सूत्रधार चुप हो जाता है। संस्कार, सभ्यता, सहनशील, सनातन सभी एक दूसरे का मुँह देखने लगते हैं, पर कुछ बोलते नहीं। दर्शकगण सीटी बजाते हुए शोर मचाने लगते हैं।)

संस्कार : देखो सौरी, यह चिल्लाने, चित्कारने या शोर मचाने से इस संसार में कुछ नहीं होने वाला । कुछ पार नहीं लगेगा।

सौरी : (भुँझलाते हुए) यह बात तुम्हें ही नहीं, इस धरा के खर-पतवार तक को भी पता है। अधिक होशियार बनने की कोशिश ना करो तो ही बेहतर हो।

संस्कार : इसके ऊपर भूत सवार हो गया है क्या ?

सौरी : मुझ पर भूत सवार हुआ हो तो हो। भूत चढ़े या प्रेत, तुझे इससे क्या मतलब ?

संस्कार : मुझे सबसे मतलब है और रखता भी हूँ। आज हम और हमारे समाज के साथ-साथ स्वर्ग से सर्वोन्नत हमारा यह महान देश भी यदि देखते-देखते रसातल पर पहुँच रहा है तो इसका कारण यही है।

सौरी : यही है का मतलब ?

संस्कार : जो मुँह बाँ करते ही बातों के तात्पर्य को समझने की क्षमता रखती हो उसके लिए क्या इन सभी वाक्यों के अर्थों को बताने की आवश्यकता होती है ?

सौरी : होती है। इसकी आवश्यकता होती है। तुम्हारे अंदर के भाव, तुम्हारी समझ के अनुसार जानना चाहती हूँ।

संस्कार : मेरे पास कुछ नहीं है ! कुछ नहीं है मेरे पास। यह हवा, पानी, मिट्टी और पानी की तो उपज हूँ मैं भी। लेकिन आज, आज मैं अपने ही राष्ट्र और समाज में दुश्मन की संतान के रूप में जीवन बिता रहा हूँ। सौरी, आज मैं चौतरफा अन्याय और अपमान की बाढ़ में फँस रहा हूँ। जिस पर मुझे हँसी भी आती है।

सौरी : पर यह अन्याय और अपमान तुम्हारी अपनी ही भूल के परिणाम भी तो हो सकते हैं। सोचो और पीछे मुड़कर देखो। अन्याय और अपमान की दबाई यदि अपने बुते के आधार पर मिल जाय तो खुशी की लहर उत्पन्न हो जायगी, समझे संस्कार।

संस्कार : अपने को ज्यादा लालबुझक्कड़ मत समझो सौरी। मैं भी इसी पृथ्वी का आदमी हूँ। तुम जितना जानती हो, उससे कुछ कम या ज्यादा मैं भी जानता हूँ।

सौरी : सही है। सचमुच सही है। यह कलियुग है। कलह युग भी कह सकतें हैं। आजकल किसी की

भलाई के लिए कुछ कहना, 'आ बैल मुझे मार' उक्ति को चरितार्थ करना होता है।

संस्कार : औरों के विषय में बोलने की आवश्यकता ही क्यों आ पड़ी सौरी ? ओ सूत्राधर महोदय, तुम भी तो कुछ बोलो। चुप्पी साधकर क्या तमाशा देख रहे हो ?

सूत्रधार : मुझे कुछ नहीं बोलना है। जो कुछ बोलना है, बोलो ! तुम्हीं लोग दिल खोलकर बोलो ! बोलने का तंत्र तुम्हीं लोग न लाये हो ! खूब बोलो !

सौरी : अरे वाह, कमाल हो गया ! हमारे ऊपर ही इतना बड़ा प्रहार ! क्या बोलने की जिम्मेदारी सिर्फ हम लोगों की है ? यदि ऐसा है तो बाँकी अन्य लोगों के मुँह का क्या काम ?

सूत्रधार : यह बात तो उससे पूछो जिसने इन्हें बनाया है। मुझे तो उस गाँव के रास्ते से कोई वास्ता नहीं होता जहाँ मुझे जाना नहीं हो।

सौरी : आजकल इस बुढ़उ को क्या हो गया है ? क्यों इतनी सनक ? इनके टूटने से बचे दाढ़ आदि को भी तोड़ दिया जाय क्या ? फिर तो बोलने की जरुरत ही नहीं पड़ेगी इस बुड्ढे को। चादर ओढ़कर पड़ा रहेगा एक कोने पर कुँदे की तरह।

सूत्रधार : तीतर की तरह मेरे सामने ज्यादा चीं-चीं मत करो। बोलने वालों को यदि बोलने की आजादी है तो न बोलने वालों को भी न बोलने की आजादी है। हिंग लगे न फिटकरी। जो मुँह में आये बोल दो। इस तरह बकबक करने से क्या होता है यहाँ ? हुई है कुछ उपलब्धि ?

सौरी : हा ऽ हाऽ हाऽ ! उपलब्धि ! सूत्रधार बोले बिना रहे तो लाभ ही लाभ, उपलब्धि ही उपलब्धि होगी ? क्या हमारा जीवन सिर्फ व्यक्तिगत लाभ, हित और उपलब्धि भर के लिए है ? इससे आगे हमारे आगमन का कोई औचित्य है क्या ? हम लोगों के ऊपर कोई सामाजिक दायित्व और जिम्मेवारी नहीं है ? क्या यह अमूल्य जीवन सिर्फ पाने और खाने भर के लिए है ? इस समाज में ऐसें ही नामर्दो और कायरों की अधिकता के कारण हमारा महान देश नेपाल का प्रतिष्ठापूर्ण उच्च शिर आज तक गौरवशाली न हो सका है, समझे सूत्रधार। एक सजग नागरिक की हैसियत से राष्ट्र और समाज के हरेक कदम में जागरुकता और जिम्मेवारी की झलक होनी चाहिये। यह मेरा मत है सूत्रधार।

सूत्रधार : ओहो सौरी, तुम्हारे अंदर तो भयावह झँझावात देख पा रहा हूँ मैं। झँझावात तो क्या ज्वालामुखी का फुटता लावा ही है, ज्वालामुखी का लावा।

सौरी : इस झँझावात और ज्वालामुखी का फुटता लावा सिर्फ मेरे अंदर ही नहीं, वरन् इस समाज के असंख्य लोगों के हृदय में फुट रहा है सूत्रधार।

सूत्रधार : फिर तो यह बात सभी के लिए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए भी सुखद संकेत नहीं है सौरी।

सौरी : नहीं हो सकता है, पर समझकर भी सत्य को छिपाकर बैठने वाले क्या समझें इन बातों को !

सूत्रधार : यहाँ किसी के लिए कोई नहीं है सौरी। कहा जाय तो यह लूटेरों, डाकूओं और बेईमानों का केंद्र है। ये सभी यहाँ सिर्फ लूटने और बटोरने के लिए आये हैं। इसके लिए ही यहाँ अनेक नाटक और नौटंकियाँ हो रही हैं। हम निरीह लोग इन्हीं संगठित और सीमित दुष्टों के द्वारा मंचित नाटकों को देखते हुए अपना बहुमूल्य समय बिताने को वाध्य और विवश हो रहे हैं। हम लोगों को वाध्य और विवश बनाया जा रहा है। विवश ! विवश ! विवश ! ... दाईं, बायीँ, चारों ओर दृष्टि घुमाते हुए धीरे-धीरे सभ्यता का प्रवेश होता है।)

सभ्यता : मैं तो सच में ही निष्काषित की जा चुकी हूँ। इस समाज ने मुझे फूटी हुई कौड़ी के मूल्य के समान तक का नहीं समझा। अकारण अन्याय और अपमान का भार ढोकर इस समाज के साथ चिपककर बैठने की चाह अब नहीं है मुझे। दुर्भाग्य , यह दुर्भाग्य ही तो है। मक्खी के पित्त के समान छोटा चित्त लेकर बैठने और जीने का कोई अर्थ नहीं रहा। यह सोचकर अब मै आ गयी सूत्रधार। मैं आ गयी।

सूत्रधार : तुम्हें आना हो आओ, जाना है जाओ। यहाँ किसी के होने या न होने के साथ किसी को कोई सरोकार नहीं है। किसी के होने या न होने से इस संसार को कुछ फर्क पड़ने वाला भी नहीं है। लेकिन एक बात-एक तत्व अनिवार्य है। यदि वह तत्व नहीं रहा तो यह चराचर जगत-तुम, हम, तू, आप और हुजुर- में से किसी का भी अस्तित्व और महत्त्व एक क्षण के लिए भी विद्यमान न होना निश्चित है, निश्चित। हम लोगों के न रहने पर भी उस तत्व की अनिवार्य उपस्थिति के लिए मैं दिन रात तपस्यारत हूँ, तपस्यारत।

सभ्यता : इसके लिए तो मैं भी अपने को न्यौछावर करने के लिए तत्पर हूँ सूत्रधार । मेरा प्राण तैयार है । सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के इस तत्व की प्राप्ति के लिए स्वयं को समर्पित करने का मुझे भी अवसर दिया जाय । लेकिन वह अनिवार्य तत्व है क्या ?

सूत्रधार : यह अनिवार्य तत्व जीवन और जगत में किसी के द्वारा अलग किये जाने पर अलग नहीं होता, टूटता नहीं ।

सहनशील : (ऊँची आवाज में झल्लाते हुए) सभ्यता, ओऽ सभ्यता- तुम जिस तत्व के लिए न्यौछावर होने के लिए वचनवद्ध हो रही हो, उसके प्रति मेरा भी हताश समर्थन है । सौ की लाठी, एक का बोझ । सभ्यता, धर्म, न्याय और विवेक के पक्ष में समर्पित हो पाना जीवन के लिए सौभाग्य की बात है । इस चराचर जगत में जीवित और निर्जीव दो तत्व हैं । ये दोनों निरंतर रूप से अपने-अपने धर्म का पूर्ण रूप से पालन कर रहे होते हैं । धर्म को त्यागने पर त्यागने योग्य बातें कुछ नहीं रह जाती । धर्म को छोड़ने वाले का सर्वनाश निश्चित है । ऐसे लोगों के अस्तित्व और महत्त्व का कोई मूल्य नहीं होता । जीवन और जगत के मूल सत्व और तत्व ही धर्म है, धर्म । 'धर्मे हीना पशुभिसमानाः । धर्मो रक्षति रक्षितः ।' शास्त्रों की वाणी कभी भी मिथ्या प्रमाणित नहीं हुई है । अतः हम धर्म को छोड़कर नामर्दों और कायरों की भाँति एक क्षण, एक पल भी नहीं जी नहीं सकते । अतः सूत्रधार, मेरा जीवन धर्म की रक्षा के लिए हाजिर है, हाजिर ।

सूत्रधार : शाबाश सहनशील, शाबास । तुम्हारे जैसे ही जीवंत और साहसिक सुपुत्र और सुपुत्रियों के आगमन और उपस्थिति के कारण हमारे समाज के ऊपर कोई भी अँगुली उठाने की साहस नहीं कर पाया है । यह सच है कि पानी यदि पानी के धर्म का निर्वाह करना छोड़ दे तो वह पानी नहीं रहता । आग यदि अपना धर्म छोड़ दे तो वह आग कहलाने के योग्य नहीं रहता । समान रूप से हवा यदि हवा का धर्म त्याग दे तो हवा का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है । 'स्वधर्मे निधनम् श्रेय परधर्मो भयावह' ही हमारे अस्तित्व का मूल दर्शन है सहनशील, मूल दर्शन ।

सनातन : जो धुन है तुम्हारी
जो चाह है तुम्हारी
उसे नजर घुमा घुमाकर देख रहे हैं
इस धरा के समस्त प्राणी

अनुवादक : प्रकाश प्रसाद उपाध्याय

एकाङ्की

देश प्रेम

रणुका भट्टराई

पात्र
देशभक्त, जेलर, पागल और नवयुवक
(जेल के भीतर एक छोटा सा बिस्तर, पानी पीने का वरतन और कुछ छोटे मोटे बरतन । एक कोने में वहुत सारे सामान । एक वृद्ध जेल के एक कोने में ठंडी धरती पर बैठा समय काट रहा है ।उस व्यक्ति का नाम देशभक्त रहता है । वो अपने अतीत को सिमेंट की धरती में खोजते हुए अकेले गुनगुना रहा है,बड़बड़ा रहा है ।)

देशभक्त : (अपने नजदीक रखे हुए मिट्टी के घड़े में से पानी निकालकर गिलास में डालते हुए,पानी को वहुत देर तक देखते हुए लम्वी साँस लेते हुए ... ..) उफ कुछ. इसी तरह से बहा मेरे साथियों का खून लेकिन गिलास नहीं भरा । माँ की आँखों में आँसू खत्म नहीं हुए ... । देश के लिए अभी भी खून पूरा नहीं हुआ है । मैं भी अपने साथियों की तरह मरना चाहता था शहीद होकर (लम्बी साँस लेते हुए) पर विडम्बना । आज इस ठंडी धरती पर बैठकर काल की घंटी का इंतजारकर रहा हूँ ।
(सीने पर हाथ रखते हुए) मेरे कुछ मित्र मंत्री बने तो कुछ शहीद हुए । कम से कम मैं भी शहीद ही हो जाता तो आज इस अवस्था में स्वयं को देखकर यूँ ग्लानि से रोना तो नहीं पड़ता । (पानी पीकर ग्लास रखते हुए)
इसी तरह कल मेरे प्यारे देश को पराये लोग निगल जाएँगे । मैं चुपचाप कैसे देख सकता हूँ । हे भगवान ! नेपाल की दुर्दशा हो रही है । १०४ वर्ष की लम्बी अंधेरी राणाकालीन रात को चीरकर सुबह तो आई लेकिन प्रजातंत्र सिर्फ नाम मात्र में सिमटकर रह गया । गरीब जनता को तो धूप भी नहीं लगी और नजदीक के लोगों को दिन में ही जलाकर अंधेरा बनाया गया । हजारों शहीदों का खून मिट्टी में मिला हुआ है । (अचानक उठकर चारों तरफ देखते हुए सूर्य से पूछने पहुँचता है- तुम सबके लिए बराबर हो न ? कहाँ है ? मेरे शरीर में धूप ? युग बीत गया प्रजातंत्र की धूप लगी ही नहीं ।
(मुँह को निराश बनाते हुए) धूप तो लगी नहीं और रात भी होने लगी है । ये कैसे काले बादलों ने घेर रखा है ?
(जेलर का प्रवेश)
(बृद्ध को बड़बड़ाते हुए देखकर जेलर गुस्से के स्वर में)

जेलर : क्या बड़वड़ा रहे हो ? इतने वर्ष हो गए काल नहीं आया क्या तुम्हारा ? करते समय सोचा नहीं तो अब पछताने से क्या काम ?

देशभक्त : (नजदीक के लोहे के डंडे को पकड़ते हुए जेलर की ओर देखते हुए) देखो बेटा ! मैं किसी के प्रति अन्याय करके, व्यक्ति को मारकर या राष्ट्रघातकरके यहाँ नहीं आया हूँ । (आकाश की ओर देखते हुए) मैं देश की सेवा करूँगा जब मैंने ये कहा तो मुझे जेल की सजा मिली ... ॥

जेलर : करने के समय में जो मन में आया वही किया और अब बेकसूर कहलाना चाहते हो । स्वयं को अच्छा दिखाने के लिए । मुझे तुम्हारी कोई बात नहीं सुननी है । चुपचाप बैठो बुड्ढे । हल्ला मत करो । जेलर चला जाता है ।

देशभक्त : (जेलर को जाते हुए देखता है) कैसे लोग हैं ? मानवता ही नहीं रह गई है । केवल आकार ही आदमी का, आखिर मैंने ऐसी कोई गलत बात भी तो नहीं कही है । किसे है देश की चिंता, मातृभूमि के प्रति प्रेम ... ..। सभी स्वार्थ में लिप्त हैं । यही कारण है कि आज भी शहीदों के खून ने शांति नहीं पाई है । नेपाल से शांति गुम हो चुकी है । आपस में बेकार का गृह कलह कर रहा है ।

पागल : (नेप्थ्य से) खूब-खूब शांति लाई। कहता था देश के लिए मरूँगा देश की चीत्कार सुनकर बैठा है ... धिक्कार है तुम पर ...।

देशभक्त : अब मैं क्या करूँ ? शरीर बूढ़ा हो चुका है बाहर निकल ही नहीं सकता। अगर मैं बाहर आ जाता तो अत्याचारियों और भष्ट्राचारियों को समाप्त कर देता।

(एक अपरिचित पागल का प्रवेश)

पागल : हि...हि...हि...हा...हा...देश को प्रेमकरने वाला देशभक्त ! देश की चिंता करके नहीं सोने वाले तुम। देश को प्रेम करके क्या मिलता है ? एक ही जैसी हालत हा...हा...ही...। फिर चिल्लाकर गुहार ! गुहार ! मेरा देश मेरी नेपाल माँ ‼ नेपाल को कोई अपहरणकर रहा है ... देखो न ... ..बचाओ ... .माँ की चीत्कार ... मेरा हृदयटूट गया। छोड़ो ... छोड़ो ... मैं जा रहा हूँ अपनी माँ को बचाने ...। (लोहे के डंडे को जोर से खिंचने का प्रयासकरते है, असफल होकर बैठते हुए जोर जोर से रोने लगता है, हाँ ... हाँ ... माँ ..माँ ...कहते हुए सर को पटकते हुए कुछ होश में आते हुए) देश को प्रेमकरता हूँ। न्याय देकर अन्यायी को सजा दूँगा जनता की भलाई करूँगा कहते देश के लिए लड़ते आज मुझे जेल की सजा हुई। बहुत समय बीता। इसी तरह समय बिताया। यदि औरों की तरह मैं भी गद्दारीकरना जानता तो कम से कम आज मैं भी चमचमाती गाड़ी में चढ़ता। कोई और माँ को ले जाए इसकी परवाह ही नहीं करता। नहीं नहीं मैं माँ को छुड़ाता। शत्रुओं को परास्त करता असल बेटा वनकर देश की रक्षा करता। (आँखों से आँसू निकालते हुए लड़खड़ाती अवस्था में ही देशभक्त की ओर मुड़ता है।)

पागल : ए तुम भी मेरे साथी लेकिन आज सिमेंट के ऊपर। हमारे साथियों ने हमें फँसाया और खुद मौज किया। ऐ बुड्ढे तुम भी अगर निकल पाते तो तुम भी वैसा ही करते। हा ... हा... ऐसा ही करना चाहिए तभी देशप्रेमी कहलाएंगे। (पागल चला जाता है।)

देशभक्त : केवल मैं ही नहीं। सच्चे देशभक्त देश प्रेम के लिए छटपटा रहे हैं। अकांत हो रहे हैं। लेकिन नेताओं को कोई फिक्र नहीं है वो तो राष्ट्रघाती महासंधि कर रहे हैं। माँ के अंगों को बेच रहे हैं। क्या वे लोग नेपाली ही हैं ? प्रजातंत्र आने के पहले राणा को जनता को जितना दुख देना था दिया। आने के लिए तो प्रजातंत्र आया भी और जनता दमन की जंजीर से मुक्त भी हुई लेकिन दुख से मुक्त नहीं हो पाई। तरह तरह का खेल रचाकर जनता को ढाल बनाकर रखा है। पंचायती व्यवस्था ने भी जनता को ही बलि का बकरा बनाया। न्याय नहीं दे सका और न ही शांति सुरक्षा दे सका। फिर आया २०३६-४६ एकबार फिर नेपाली जनता में खून की नदियाँ बहीं मगर खून का अर्थ नहीं रहा। उस समय के खून के छींटे आज भी सड़कों और गलियों में मिलते हैं। आज की अवस्था को देख रही है। जहाँ वो खून आज भी अपमान का घूँट पी रहा है।(अचानक से कान में प्रतिध्वनि आती है नेपथ्य से आवाज़ आती है।)

आवाज : गोली मारो ! गुहार ! गुहार ! मेरा नेपाल !

देशभक्त : ओहो मेरे सभी मित्र शहीद हो गए। (श्रद्धा से शीश झुकाते हुए मौन हो जाता है।) आज फिर बहुदलीय प्रजातंत्र आए हुए दस वर्ष हो गये मगर शहीदों के सपने साकार होने की तो बात ही छोड़ दी जाए शहीद के खून का मूल्य तक नहीं समझ पाए हैं। शहीदों के खून से सिंची मिट्टी में जो अन्न उगता है वही खाते हैं। शहीदों की मुस्कान में आज हँस रहे हैं नाच रहे हैं। कैसे भूल गए होंगे ? कैसा हृदय होगा ? कहीं पैसे ही का तो हृदय नहीं बना है ? पैसे के गुलाम हैं। जिसके लिए अपनी नेपाल माँ तक को बेचना चाहते हैं। कैसे कुपुत्र ... .? हे माँ तुम्हारे सच्चे सपूत तो कुछ मरे कुछ बाँकी जेल में आएं और कुछ कुपुत्रों के हाथ में देश आया जिन्होंने देश को छिन्न-भिन्नकर दिया। पता भी नहीं चलेगा किस समय राष्ट्र को टुकड़े-टुकड़े करके बेच देगें। (इतने में ही नवयुवक का प्रवेश होता है)

नवयुवक : देशभक्त के चिल्लाने की आवाज को वो कुछ देर बैठा सुन रहा था। देशभक्त के नजदीक जाता है। बाबा ! आपकी अन्तर आत्मा चिल्ला रही है। और भी कहिये मैं सुनूँगा। (नजदीक बैठता है।)

देशभक्त : (खाँसते हुए नवयुवक की ओर प्यार से देखते हुए) और सुनोगे बेटा ! तुम्हारा हृदय सुनने लायक है ? कहीं नेताओं की तरह नकली हृदय तो नहीं है ? अगर है तो मत बैठो जाओ यहाँ से। (हाथ से उसको हटाते हुए।)

नवयुवक : मेरा हृदय पहाड़ जैसा है । मैं सुन सकता हूँ बोलो बाबा ! (देशभक्त की ओर देखते हुए आग्रह करता है) मैं अतीत को जानना चाहता हूँ । आपके द्वारा दिखाये गए रास्ते पर चलना चाहता हूँ, औरों को भी चलना सिखाऊँगा । हाँ बाबा मैं भी देशप्रेम की आग में जल रहा हूँ ।

देशभक्त : मैं भी आज की इस अवस्था को देखकर छटपटा रहा हूँ । तुम यदि नेपाल माँ के बेटे हो तो माता के प्रति कर्त्तव्य को पूरा करो । समय बहुत कम है । अत्याचार ने सीमा लांघ लिया है । देश के कुछ अंग बिक गए हैं । नदी, नाले तालाब बिक चुके, नेताओं ने गद्दारी की, राष्ट्रघात किया । शहीदों के सपने को लात मारी । निर्दोष और निरपराध स्वर्ग जैसी माँ के साथ बलात्कार किया । अब सभी मिलकर उठो ! भाई-भाई मिलो । नहीं तो ये देश भी नहीं रहेगा । शेष भी नहीं रहेगा । नेपाली भी नहीं कहला सकोगे ... । घर, बस्ती, चारों दिशाओं से एक ही आवाज और उद्देश्य लेकर उठो ... । उठो ... देर हो चुकी ।

नवयुवक : कल को भूलकर आज मस्ती कर रहा है । भोग विलास में सब कुछ भूल गया है । राष्ट्रीयता की बात को पचा भी नहीं सकते । अपने कर्त्तव्य से युवा भटक रहे हैं । बहुत कम हैं जिन्हें देश की चिंता है या देश के प्रति प्रेम है । अब हम सभी मिलकर उठेंगे । अब अन्याय नहीं सहेंगे । एक चुटकी मिट्टी भी नहीं छूने देंगे । (युवक जोश से उठता है)

देशभक्त : (युवक को बैठने का आग्रह करते हुए) तुम्हें और बहुत कुछ सुनना है । पता है तुम्हें ? माता के कुपुत्र हमारे स्वाभीमान पर आँच उठाने का काम कर रहे हैं । नेपाल के इतिहास में वीर गोर्खाली की अपनी इज़्ज़त है लेकिन उन्हें बेइज़्ज़ती की थप्पड मार रहे हैं । हरेक राष्ट्र के समक्ष अपनी कमजोरी का प्रदर्शन करते हैं और झोली फैलाकर राष्ट्र का अपमानकर रहे हैं ये सभी । प्रत्येक नेपाली के सर को ऋण के बोझ से दबा दिया है । इतना ही नहीं बेटा ... । ... फूटफूटकर रोने लगा ।

नवयुवक : (उत्सुकता दिखाते हुए) अच्छा और क्या क्या किया है ? कहिये न बाबा ।..अपने हृदयको कठोर बनाइये ... दूसरे देश हमें नीचा दिखाते हैं कैसे बर्दाशत कर सकता हूँ । मैं सोच भी नहीं सकता ।

देशभक्त : और सुनो बेटा । (खाँसते हुए) इतना ही नहीं, हमारे सर्वोच्च शिखर सगरमाथा को उत्तर के लोगों ने अतिक्रमणकर लिया है और अब कहते हैं कि यह हमारा है । दूसरी ओर दक्षिणवाले शांति का दूत गौतम बुद्ध का जन्म हमारे देश में हुआ, ये कह रहा है । गौतम बुद्ध को विश्व भर में हमारे हैं कहकर दावा कर रहा है । हम हर क्षेत्र से दबते जा रहे हैं । धीरे-धीरे अर्थतंत्र की सुरंग खोदकर सूई बनकर भीतर प्रवेश कर रहे हैं और पूरे नेपाल को निगलने के लिए हाथी बनने के ताक में बैठे हैं । यहाँ नेता अपने अपने ताल पर नाच रहे हैं । बेसुरा राष्ट्रप्रेम ... पैसे में डूबा हुआ राष्ट्रप्रेम ।

नवयुवक : (आश्चर्यचकित) इतना सबकुछ देखकर कैसे कोई बैठ सकता है ? ऐसे नेपाली पर तो धिक्कार है । अन्याय करने से ज्यादा अन्याय सहना बहुत बड़ा अपराध है । वो तो एक नम्बर का पापी हुआ । लीजिये हम तो पापी हो गए । अब नहीं सहेंगे ।

देशभक्त : (नवयुवक की पीठ थपथपाते हुए) हम भी इस उम्र में ऐसे ही जोशीले थे । जोश में थे लेकिन आज ये गति है । अन्याय सहकर जीना पड़ा है । (आँसू पोंछते हुए)

नवयुवक : मत रोओ बाबा । मैं आपके सपने पूरे करूँगा ।

देशभक्त : (बीच में) छोड़ो बेटा । उन सपनों को सपनों में ही रहने दो । क्योंकि हकीकत में देखो तो अवस्था ये हैं अकाल में बेवजह हज़ारों निर्दोष जनता मरी । यहाँ ऐसे ही होता है । सत्य मरता है और असत्य राज करता है ।

नवयुवक : बाबा आप ये क्या बोल रहे हैं । मेरा मार्गदर्शन भी कर रहे हैं, फिर निराश क्यों कर रहे हैं ।

देशभक्त : हाँ बेटा ...शहीद के खून का उपहास करने के कारण मेरी आत्मा रो रही है ... हाँ बेटा तुम्हें करना पड़ेगा । गृह कलह करके नहीं, भाई भाई को मारके नहीं । देश को बचाना पड़ेगा । बम,गोली और पिस्तौल से अपने भाइयों का घर ध्वस्त नहीं करना है माँ को दुख देने वाले शत्रु को ध्वस्त करना पड़ेगा । माँ को बचाना होगा । यदि देश को ही नहीं बचा सके तो हमरा संघर्ष खाली जाएगा । बेटा ये संदेश जिसने देश की सत्ता परिवर्त्तन के लिए खून की होली खेली और जिसने बम बारूद में अपनी जान दे दी, उन सभी से कहो -पहले अपना घर बचाओ फिर अपने तरीके से राज करो ।

नवयुवक : जी बाबा । यही संदेश लेकर जाता हूँ । घर

अवश्य बचाऊँगा। अपनेपन और इज़्ज़त से बचाऊँगा और दूसरों को सिखाऊँगा। माँ को दुख, कष्ट से आजाद कर अत्याचारियों को नष्ट करूँगा। मैं देश के लिए संघर्ष करूँगा। मैंने आपसे जो कहा वैसा ही करूँगा।

देशभक्त : (युवक की आवाज के साथ देशभक्त आनंद की साँस लेता है ।)मेरा देश ... मेरी माँ ... .

नवयुवक : (चिंतित स्वर) बाबा। क्या हुआ ...। क्या हुआ ... (बेचैन होते हुए लेकिन देशभक्त ने प्राण त्याग दिए)।

नवयुवक : (रोते हुए) मैं आपके सपनों को पूराकरँगा बाबा। मैं अपनी माँ को बचाऊँगा। मेरा देश नेपाल ...। प्राणों से भी प्यारा नेपाल ...। मेरा देश ॥ (भाव विह्वल होते हुए)

और पर्दा गिर जाता है।

अनुवादक : कंचना झा

प्रेम

ललिता 'दोषी'

पात्र-पात्राएँ :

पल्लवी - २४ वर्ष
चन्दन - ३० वर्ष
मेनका - ४९ वर्ष
प्रश्ना - ५१ वर्ष
लक्ष्मण - ५६ वर्ष
बच्चा - ८ महीना

स्थान : रसोई घर
समय : ७ बजे प्रातः
महीना : माघ

(विशाल खुला रसोई कक्ष, कक्ष के अंदर गोलाकार डाईनंग टेबल, चारों ओर ६ कुर्सियाँ, डाईनंग टेबल के ही समीप फ्रिज, दीवार पर लटकते रैक पर थाली, प्लेट, गैस के चूल्हे से कुछ दूर दाल-मसाले आदि रखने की आलमारी, उसके ऊपर ओभन, एक सुव्यवस्थित दिखता रसोई कक्ष, गैस के ऊपर चाय की केटली रखते हुए मेनका अपनी ही धुन में गाती है ... ...)

मेनका : डाली के फूल की तरह टूटकर
भू-तल पर लोटने वाली है
जिन्दगी एक दिन तो
चिता में लेट जाने वाली है जिन्दगी
छोटी सी इस जिन्दगी को
सन्माँर्ग में हम लगाएँ
महिमा शिव की गाते-गाते
सारा जीवन हम बिताएँ ...
डाली के फूल ... ...

पल्लवी : (रसोई घर में घुसते ही झल्लाते हुए कहने लगती है) वाह, क्या प्रभु शिव-शिव का उच्चारण कर रही हो । 'मुँह में राम और बगल में छुरी' ! शिव के नाम का उच्चारण करने के साथ हृदय में भी उनका वास हो, तब न ... .

मेनका : (पल्लवी को देखकर खुशी व्यक्त करते हुए) अरे, आज तो उल्का दिखाई पड़ गई । अब तो मैं स्पेशल चाय बनाऊँगी अपनी बिटिया रानी के लिए ।

पल्लवी : (गुस्से के साथ) रहने दीजिए यह चिकनी-चुपड़ी बातें । मैं चाय-वाय कुछ नहीं पिऊँगी । तीन रात हो गई बिना सोये हुए । खुद तो कुम्भकर्ण की तरह खर्राटे लेकर सो जाती हैं, दूसरों से क्या मतलब ?

मेनका : (पल्लवी की ओर देखकर मधुर स्वर में) बिजली की कड़क के समान गरजती हो तो क्या कहूँ ? दो कदम की दूरी पर घर है, कभी आना-जाना नहीं । आज शायद इस बच्चे की रुलाई से खिंची चली आई ।

पल्लवी : मैं तो आदि हो रही हूँ अब इन हालातों की । कल कृष्णा देवी आंटी भी कह रही थीं- बेटा तुम्हारी आंटी को हमेशा पैसे की कमी रहती है । पता नहीं, किस सड़क छाप बच्चे को उठाकर ले आई है घर में, रात भर रोता रहता है । उसके रोने की आवाज से रात भर ठीक से सो नहीं पाती हूँ । ऐसा ही रहा तो पता नहीं, मैं कब बीमार पड़ जाऊँ ?

मेनका : कहने दो । तुम बैठो और आराम से चाय पियो । देखो, कहने वालों का मुँह तो बंद नहीं न कर सकते । स्थिति ऐसी ही हो गई है । सागर की आदतों से तो तुम वाकिफ ही हो । उसकी जिद के सामने ...

पल्लवी : (कुर्सी पर बैठकर चाय का कप अपनी ओर खींचते हुए) आप बात को इधर-उधर घुमाओ नहीं । सीधे कहिये न । भैया के वे बधिर दम्पति ... .

मेनका : बेटी, तुम दिल छोटा मत करना । रोने वाला वही गेहुँअन साँप का बच्चा है ।

पल्लवी : (चाय का कप टेबल पर रख आँसू पोंछते

हुए) मुझे अब से बेटी कहकर संबोधन करने की ज़रूरत नहीं है। मुझसे नजदीक अब वह गेहुँअन साँप हो गया आप लोगों के लिए ?

मेनका : बेटी, तुम बात समझे बिना उबल पड़ी। मैंने उस उस गेहुँअन से एक शब्द तक बात नहीं की है। सागर का पैर पड़कर वह 'कुछ दिन तक तो रहने दो' कहकर गिड़गिड़ाने लगा। उसकी बातों में सागर आ गया। क्या करता ? तुम्हीं बताओ ?

पल्लवी : (कुर्सी पर बैठकर गंभीर मुद्रा में) आप पगला तो नहीं गई हो ? उसके समान रईस आदमी को हमारे घर के नजदीक ? क्या अनर्गल बातें कर रहीं हैं आप ?

मेनका : अब दिवाला निकल गया है उसका। तुम्हारे आँसूओं का परिणाम होगा- ठेके के कारोबार में वह मार खा गया। सुंदर पत्नी के बहकावे में आकर उसने ठेके का पता नहीं क्या-क्या कारोबार किया, हर जगह उसे नुकसान ही होता रहा। इन हालात में पत्नी भी आठ महीने के बच्चे को छोड़ और सारे जेवरात उठाकर उड़नछू हो गई। चूहे के बच्चे के समान वह बालक भी पता नहीं कितने दिनों का मेहमान हो।

(चाची की बातों से पल्लवी एकटक देखती रही। इतने में ही पल्लवी की माँ प्रश्ना प्रवेश करती है।)

प्रश्ना : (हाथ की कटोरी टेबल पर रखते हुए) क्या खुसुरफुसुर हो रही है चाची और भतिजी के बीच ? जरा हम भी तो सुनें ? कहीं लड़ तो नहीं रही हो आंटी से ? हाँ बहन, मैं तो थोड़ी सी खटाई लेने आई थी।

मेनका : किस मुँह से कहूँ उस साँप के बारे में ? सागर का दिल कोमल है। उसके बहते हुए आँसूओं को देखकर उसका दिल पिघल गया। मैं तो कुछ सोच भी नहीं पाई। आप लोगों से सलाह-मशवरा करने के लिए आने की सोच ही रही थी, आप ही आ गईं। वैसे तो वह पापी, अब मणिहीन साँप के समान दिखता है।

प्रश्ना : उस साँप के दुर्दिन के संबंध में वीणा ने विस्तार से कहा था। मैने ही पल्लवी को सारी बातें नहीं वताई थी। कल ही की घटना के समान लगती है। सिर्फ पल्लवी मात्र का नहीं, हमारे भी दिल टुकड़े-टुकड़े हो गए।

मेनका : (छलछलाती आँखों से) वह गेहुँअन पल्लवी के दिल में जिस तरह घुसा था उसे देखकर चन्दन और पल्लवी का प्यार पहाड़ के समान मजबूत लगता था। पल्लवी ने भी जिन्दगी के इस लंबे डगर पर उसके साथ चलने की ठान रखी थी। पर ... ..

प्रश्ना : (लंबी साँस भरते हुए) पर उस गेहुँअन ने पल्लवी के अटूट विश्वास को भ्रम की संज्ञा दी। प्रेम के चरम विंदु पर पहुँचने पर पल्लवी को अग्निकुंड में धकेलते हुए उसने जो राह पकड़ी उसी का फल अब भोग रहा है वह पापी। लेकिन ऊपरवाला जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। पल्लवी को उसे बेहतर इंजीनियर लड़का मिल गया। अब तो अगले हफ्ते 'ठहरौनी की रस्म' भी पूरी हो जाएगी।

मेनका : क्या सोच रही हो बेटी ? कहीं उस गेहुँअन के संबंध में तो सोचने नहीं लगी ? तुम्हें सड़क समझकर रौंदता रहा, अब दो-तीन वर्ष के अंदर खुद सड़कछाप बन गया। उस नराधम को दरवाजे के अंदर घुसने नहीं देती। क्या करें, उस बच्चे पर तरस आ गई।

पल्लवी : (नरमी के साथ) आंटी, वह मेरे प्रेमी से अधिक भैया का जिगरी दोस्त है। भैया के कारण ही उससे मेरी पहचान हुई। मैं ही उस कॉलेज में गई जहाँ उसने पढ़ाई की थी। इतनी चोट मिलने पर भी मैंने उसके अहित नहीं चाही। हमेशा उसकी प्रगति की कामना करती रही। वह यहाँ आया है तो किसी साधारण चोट के कारण नहीं आया होगा। भैया भी विवश हो गए होंगे उसे यहाँ लाने के लिये। मुझे पता है कि भैया मेरे घाव में नमक छिड़कने का काम नहीं कर सकते हैं। यह मैं अच्छी तरह जानती हूँ। जब उसने मुझसे दूरी बनाई तब भैया ने भी उससे बातें करनी बंद कर दी थी। और मुझे समझाते हुए कहा भी था -' बहिन, मुझे पूरा यकीन था कि तुम दोनों फिर मिल पाओगे। लेकिन वह पाजी तुम्हारे दिल को समझ नहीं पाया। रूप का शिकार हो उठा पाजी। मुझे तो अब उसके सूरत से भी नफरत हो उठती है। मैं अब उससे कभी बातें नहीं करुँगा बहिन।' लेकिन एक बात सच है आंटी कि उसने अपने मुँह से मुझे कभी 'आइ लभ यू' नहीं कहा था।

मेनका : तुम्हारी बातों को सुनकर मुझे तो हैरानी होती है बेटा। ईद वह तुम्हें प्यार नहीं करता तो यहाँ बिल्ली की तरह दबे पैरों हमेशा क्यों आता रहता और उसकी नजर इधर-उधर तुम्हें क्यों तलाशती रहती ? उसके दिल की बातों को समझकर ही हम तुम्हें यहाँ

बुलाते । तुम्हें देखकर उसका खिलता चेहरा देखते ही बनता था । लेकिन जब उसकी मुलाकात उस चुड़ैल से हुई तब उसने इधर आना-जाना ही बंद कर दिया । और यहाँ तक कह डाला कि मैने प्यार किया ही नहीं था । मानवीय मूल्यों को कुचलने वाले उस पाजी को सबक सिखाना चाहिए था । पर क्या किया जाय ? पकड़कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये जाने पर भी गुस्सा शांत नहीं हो पाएगा ।

प्रश्ना : (मलीन आवाज में) अच्छा बहिन, थोड़ी सी खटाई दो तो मैं चलूँ । पता नहीं ऊपरवाले ने इन दोनों को इतना कोमल दिल क्यों दिया ? मुझे तो उसकी शक्ल याद आते ही लगता है पहाड़ टूटकर गिर पड़ा मेरे ऊपर । (दरवाजे से निकलते हुए) अच्छा तो मैं चली । हाँ बेटा, तुम भी जल्दी आ जाना, वरना कॉलेज जाने में देर हो जाएगी, कल नींद बिगड़ने के कारण पढ़ा नहीं पाई कह रही थी । आज फिर वैसा न हो ।

मेनका : अच्छा तो दीदी, आते रहना । उस पापी को आज ही निकाल बाहर कर दूँगी । बेटा चाहे कुछ भी कहता रहे । मैं अब अपनी प्यारी सी बीटिया की नींद खराब होने नहीं दूँगी ।

मेनका : ठीक है बहन ।

पल्लवी : अब मैं भी चलूँ आंटी । पर उसे घर से न निकालिएगा । मैं ही अपने सोने की जगह बदल लूँगी । रसोईघर में बच्चे के रोने की आवाज नहीं आती है ।

मेनका : ठीक है बेटा । पर दिल छोटा मत करना ।

पल्लवी : (दरवाजे से ऊँची आवाज में) थैंक यू आंटी ।

चन्दन : (बच्चे को गोद में लेकर बराण्डे में घुमाते हुए चन्दन की पल्लवी से मुलाकात होती है । अवरुद्ध स्वर में चन्दन कहता है) तुम्हें बुलाने को अधिकार तो नहीं है पल्लवी । फिर भी थोड़ी देर के लिए कमरे में चलो न प्लीज ।

(पल्लवी कुछ बोले बिना चन्दन के पीछे चल पड़ती है । कमरे की हालत देखकर पल्लवी का दिल पसीज उठता है । पेशाब के दुर्गंध से भरा कमरा, इधर-उधर बिखरे कपड़े, जूठे बरतनों के ढेर और पेशाब से गीले बिस्तर को देखकर पल्लवी उस पर बैठने में असहज महसूस होने पर भी बैठ जाती है ।)

पल्लवी : (लंबी साँस खींचते हुए) उफ ।

चन्दन : (संकोचशील होकर पल्लवी के पास पलंग पर बैठते हुए) पल्लवी ! वैसे तो मैं माफी माँगने योग्य नहीं हूँ, फिर भी क्षमायाचना करता हूँ- मुझे माफ कर देना । लोगबाग कहा करते हैं- नदी के तट पर बैठकर नदी की गहराई को मापा नहीं जा सकता है । अब यह बात सही लग रही है । दीये की रोशनी को देखकर उस पर फिदा होने वाली तितली बन बैठा मैं । तुमने मेरी इतनी बातें सुन ली, मैं धन्य हो उठा । (गोद के बच्चे को पल्लवी की ओर बढ़ाते हुए) थोड़ी देर के लिए सँभालो तो इसे, जरा मैं दूध बना डालूँ ।

(पल्लवी बच्चे को सँभालती है । चूहे के बच्चे के समान बालक को देखकर उसका शरीर सिहर उठता है । पल्लवी की आँखें चन्दन की आँखों से टकराती है । उसकी स्फटिक के समान चमकदार आँखें आँसूओं से भरी हुई थी ।)

पल्लवी : (बच्चे के माथे को स्पर्श करते हुए) अरे, इस बालक को तो तेज बुखार सा लगता है ।

चन्दन : पता नहीं क्या हो गया ? कल से दूध भी झटक रहा है । डॉक्टर के पास ले जाने के लिए पैसे भी तो नहीं है ।

मेनका : (बाहर से ही चिल्लाते हुए कर्कश स्वर में) पल्लवी , बाहर निकलो, जल्दी । इस सागर ने भी पापी इस गेहुँअन को घर में लाकर ... .

चन्दन : (बनते हुए दूध के ग्लास को डरते हुए छोड़कर बच्चे को सँभालता है) हाँ, मैं पापी गेहुँअन साँप ही हूँ पल्लवी । जाओ पल्लवी, जल्दी जाओ, नहीं तो आंटी मार डालेंगी । एक तो मुझे देखते ही आँखें लाल-पीली कर लेती हैं । पर सागर तो दिल का सागर ही निकला । किराया न दे पाने पर जब घरमालिक ने मुझे निकाल बाहर किया तो मैने कोई सहारा न देखकर सागर को बिलखते हुए फोन किया । वह तुरत ही मेरे पास आ पहुँचा । मैंने उसके पैर पड़ते हुए माफी माँगी । वह भी मुझे यहाँ, इस घर में लेकर आना नहीं चाहता था, पर कोई उपाय न देखकर ले ही आया । इस तरह हमारे प्राण तो बच गए, पर... ।

मेनका : (दरवाजे को जोर से धकियाते हुए) दरवाजा खोल उल्लू के पट्ठे ।

पल्लवी : (बच्चे की ओर देखकर) हमारी आंटी हैं ही इस स्वभाव की । चलो पहले बच्चे को हॉस्पिटल ले चलें ।

मेनका : (पल्लवी के हाथ को खींचते हुए) कह रही हूँ,

जल्दी निकल। ऐसे मक्कार के ऊपर दया दिखाना धिक्कार है। 'पल्लवी मेरे रूप और धन से प्यार करती है' कहने वाला यही दुष्ट है। अब जाना न प्रेम का मूल्य ! चलो, कहा मानो ! साँप को दूध पिलाने पर वह पलटकर डस ही लेता है।

पल्लवी : जरा देखो तो इस बच्चे की हालत आंटी। मैं इस मरने नहीं दूँगी। पहले इसे हॉस्पिटल ले चलें ... फिर।

चन्दन : (आँसूओं से भरी आँखों से)तुम जाओ पल्लवी। मुझे अपने पापों की सजा भोगने दो। सच में आंटी मैं मतलवी हूँ। मेरी हालत उस कौओ की तरह हो गई है जो घने कुहरे के बीच और अधिक काली दिखाई पड़ती है। मरें तो कैसे ? जिये तो कैसे ? यह गोद में न होता तो कब का न मर गया होता !

पल्लवी : (आँसू भरी आँखों से) मैं इस बच्चे को मरता हुआ नहीं देख सकती।

मेनका : (क्रुद्ध स्वर में) इस धरती से तुम्हारे जैसे अधम का बोझ कम होने से किसी को कुछ फर्क पड़ने वाला नहीं है। मोबाइल पर नंबर दबाते हुए) दीदी, जिजु को लेकर जल्दी आ जाओ। पल्लवी पगला गई, कह रही है- मैं चन्दन के बच्चे को मरने नहीं दूँगी। हॉस्पिटल ले जा रही है। आगे पता नहीं क्या-क्या करेगी ?

(लक्ष्मण और प्रश्ना दौड़ते हुए प्रवेश करते हैं। कमरे के अंदर आने पर पल्लवी की ओर लपकते हुए लक्ष्मण कहता है-)

लक्ष्मण : (क्रोधित होकर) जल्दी निकलो पल्लवी। यह आदमी दया के योग्य नहीं है। तुम्हारा इसके कमरे के अंदर होने की बात को भी पड़ोसी तुल दे सकते हैं। चलो, जल्दी चलो बेटा।

प्रश्ना : (रोते हुए) तुम्हारे जैसे आदर्श व्ईक्त ही घुटघुटकर मरते हैं। बच्चे को हम देख लेंगे। तुम चलो यहाँ से। इस पापी को अपने पाप का फल भोगने दो।

पल्लवी : पापा, चन्दन को अपने भूल का एहसास हो गया है। वह प्राईश्चत भी कर चुका है। फिर आप ही तो कहा करते हैं- प्राण लेने वाले से लाखों गुणा महान प्राण वचाने वाला होता है। मैं बहुतों को तो बचा नहीं पाई, पर इस बच्चे को ... ..

मेनका : (झल्लाते हुए) तुम क्या कह रही हो पल्लवी ? होश में तो हो ? इस गेहुँअन के चक्कर में कल कहीं वह इंजीनियर भी हाथ से निकल न जाय। तुम चुपचाप निकलो यहाँ से। जल्दी चलो।

चन्दन : पल्लवी मैं तुमसे माफी माँग रहा था, साथ नहीं। बच्चे को दे दो और जाओ तुम। मेरे लिए परेशान मत होओ। मैं तुम्हारे लायक नहीं।

पल्लवी : पापा, यह जान लीजिये, मैं धन-दौलत की ढेर पर भले ही क्यों न रहूँ, चन्दन मेरे दिल के कोने पर हमेशा बसा रहेगा। उसके प्रेम में भले ही स्वार्थ हो, पर मेरे प्रेम में स्वार्थ नहीं था। आज भी उसके लिए मेरे मन में प्रेम भाव है। (माँ की ओर देखते हुए) मम्मी ! मेरे कारण आपका शर झुक नहीं पायेगा। वरन् लोग कहेंगे कि प्रेम हो तो पल्लवी के जैसा। इस बच्चे को अगर कुछ हो गया तो मैं जिंदगी भर अपने को माफ नहीं कर पाऊँगी।

लक्ष्मण : (पल्लवी के पीठ को थपथपाते हुए) शाबास बेटी, शाबास। देखा न चन्दन पल्लवी का प्रेम। हम लोग भी इस अबोध बालक को मरते हुए देख नहीं सकते। आशा करता हूँ तुम इस पर भविष्य में डंक नहीं मारोगे।

चन्दन : (पल्लवी के पैरों को छूते हुए) आंटी, आपने ठीक ही कहा मैं गेहूँअन हूँ। साँप हूँ। पल्लवी साक्षात देवी निकली। मुझे माफ कर दो पल्लवी ... ... माफ कर दो।

पल्लवी : (पैरों को खींचते हुए) भूल सभी से होती है चन्दन। तुमने इसे स्वीकार कर ली। तुम धन्य हो। महान हो।

लक्ष्मण : (प्रश्ना की ओर मुड़ते हुए) मत रोओ प्रश्ना, तुम्हारी बेटी एक बालक को मौत के मुँह से निकाल रही है। इससे बड़ा धर्म और क्या हो सकता है ?

प्रश्ना : वह तो है। पर ... ..

पल्लवी : माँ की आँखों से आँसूओं को पोंछते हुए) मत रोओ मम्मी। पापा ठीक ही तो कह रहे हैं। धर्म ईश्वर की पूजा करके मात्र नहीं कमाई जाती है। उससे बड़ा धर्म तो औरों की आँखों की आँसूओं को पोंछने में है। भगवान भी तो ऐसे कामों से खुश होते हैं।

मेनका : धन्य हो बेटी तुम। (आँसू पोंछते हुए) प्रेम ऐसा होता है। अब जान पाई मैं।

चन्दन : (आँखों से आँसू टपकने लगता है) ईश्वर का दूसरा रूप ही है पल्लवी।

लक्ष्मण : हाँ, मेरी बेटी महान है।

प्रश्ना : अब चलो भी डॉक्टर के पास। देर हो रही है।

पल्लवी : हाँ मम्मी। चलो चलते हैं। तो चन्दन चलो।

अनुवादक : प्रकाश प्रसाद उपाध्याय

आँखें

शार्दूल भट्टराई

(मधुवनी गाँव का एक छोटा-सा घर। घर के सामने एक छोटा-सा असोरा और ओसारे के सामने थोड़ी-सी खुली जगह। ओसारे में बायीं तरफ एक छोटी-सी चौकी रखी हुई है और दायीं तरफ चटाई बिछाई गई है। सामान्य पहिरन में एक युवती दरवाजा खोलकर बाहर निकलती है। वह बहुत सुंदर है। उसके हाथ में झाडू है। वह ओसारा बहारने लगती है। उस घर से थोड़ी दूर सामने एक पगडंडी है। उस पगडंडी पर लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। उसी पगडंडी पर चल रहा है एक पुरुष। वह चलते-चलते रुक जाता है। इधर-उधर देखने के क्रम में उसकी आँखें युवती की तरफ केंद्रीत हो जाती हैं। युवती ओसारा बहारने के बाद सामने की खुली जगह बहारने लगती है। पुरुष मदहोश होकर उस युवती की तरफ देखता रहता है। वह युवती की तरफ बढ़ता है। उसकी आँखें जमीन की तरफ नहीं बल्कि उस युवती की तरफ टिकी हुई हैं। आगे बढ़ने के क्रम में एक जगह ठेस लगने से वह गिरते-गिरते बचता है, फिर भी कुछ परवाह किए बिना आगे बढ़ता ही जाता है। वह युवती के सामने पहुंचता है। युवती अपने सामने एक अजनबी पुरुष को देखकर आश्चर्यचकित हो उठती है।)

पुरुष : (युवती से) हे युवती ! आंगन बहार रही हो ?

युवती : (बहारना छोड़कर एवं पुरुष की ओर देखते हुए) जी।

पुरुष : (युवती का चेहरा देखते हुए) बहुत अच्छा।

युवती : (पुरुष के चेहरे की ओर देखते हुए) माफ कीजिएगा, मैं आपको पहचान न सकी।

पुरुष : जी, मैं तो अजनबी हूँ।

(युवती दुविधाग्रस्त नजर आती है। पुरुष युवती को एक टक देखता रहता है।)

युवती : क्या आप कोई साधु संत हैं ?

पुरुष : नहीं।

युवती : फिर क्या हैं ?

पुरुष : मैं यायावर हूँ।

युवती : यहाँ किस काम से आये हुए हैं ?

पुरुष : घूमने के लिए मधुवनी आया था। मैं उस सामने वाले रास्ते पर चला जा रहा था, आराम करने की इच्छा हुई और इसिलिए रास्ते के करीब ही कोई शांत और एकांत जगह खोज रहा था। यह जगह मुझे मेरी इच्छा के मुताविक लगी। इसिलिए इधर ही चला आया।

युवती : अगर थोड़ा आगे और चले जाते तो आराम करने के लिए अच्छी जगह मिल जाती।

पुरुष : कैसी अच्छी जगह ?

युवती : वहाँ पीपल के पेड़ के नीचे एक बड़ा-सा चबूतरा है। इस गाँव के रास्ते गुजरने वाले प्रत्येक यात्री वहीं पर आराम करते हैं। वह जगह थोड़ी शीतल भी है।

पुरुष : जाने दो। इधर ही आने को मन किया, चला आया। तुम्हें आंगन बहारते देखकर तो और कहीं जाने का ही मन नहीं किया।

युवती : ओ ! तो आप मुझे देखकर ही इधर आ गये ?

पुरुष : ऐसा तो नहीं है। मैं तो आराम करने के ख्याल से इधर चला आया हूँ।

युवती : पक्का न ! आपका उद्देश्य तो केवल आराम करना ही है न ?

पुरुष : बिल्कुल !

युवती : ठीक है। आराम कीजिये।

(कुछ देर तक चुप्पी छाई रही।)

पुरुष : (युवती की आँखों में आँखें मिलाकर) कितनी सुंदर, बिल्कुल पुष्पा जैसी।

युवती : क्या कहा आपने ? मैं समझ न सकी।

पुरुष : मैंने बस यही कहा कि तुम पुष्पा जैसी हो।

युवती : कौन पुष्पा ?

पुरुष : मेरी बचपन की सहेली पुष्पा। वैसे उसका नाम तो पुष्पवती है। लेकिन मैं उसे पुष्पा ही बुलाता था, कभी कभी पुष्पी भी कहता था। लोग उसे प्रेम से पुष्पी ही बुलाते थे। इन दिनों वह काशी में है। लेकिन बहुत दिन हुआ, उससे भेंट नहीं हो पाई है। जाने कैसी है वो, क्या कर रही है ? तुम्हें देखकर उसकी याद आ गई। (पुरष थोड़ा भावुक हो उठता है पसीना पोंछता है।)

युवती : लगता है आपको गर्मी लगी है। शीतल छांह की ओर चले आइये।

पुरुष : नहीं, नहीं ठीक है। चलने से गर्मी लग गई है। लेकिन यहाँ आने पर ठंड का अहसास हो रहा है।

युवती : ऐसे कैसे ?

पुरुष : पता नहीं !

(पुरुष युवती को गहरी नजर से देखने लगता है।)

युवती : खड़े क्यों हैं, बैठ जाइए न !

पुरुष : नहीं, अभी के लिए ठीक है, बाद में बैठ जाऊंगा।

युवती : वो तो ठीक है, मगर आप तो थककर आराम करने ही आए हैं न, तो बैठ जाना ही उचित होगा।

पुरुष : मुझे तो ऐसे खड़े रहने में ही आराम मिल रहा है, युवती।

(पुरुष युवती के सामने खड़े होकर उसे निहारने लगता है। युवती सकपका जाती है।)

युवती : आप मुझें क्यों देख रहे हैं ?

पुरुष : क्या तुम्हें देखा भी नहीं जा सकता ?

युवती : देखने का तरीका भी होता है।

पुरुष : कैसा तरीका ?

युवती : ऐसी बातें भी क्या कहने की आवश्यकता है ?

पुरुष : कह देने से अच्छा ही होगा।

युवती : इसका अच्छा अर्थ नहीं है।

पुरुष : क्यों ?

युवती : आप तो ऐसे जता रहे हैं कि आपको किसी बात की खबर ही नहीं है। ऐसी बातें तो खुद को ही मालूम होनी चाहिए। नहीं ?

पुरुष : क्यों ? तुम्हें जो अच्छा लगता है, उसे नहीं देखती हो ? क्या तुम्हें अपने मनसपंद चीजों को देखना अच्छा नहीं लगता ?

(युवती कुछ नहीं बोलती है। वह द्वार बुहारने लगती है। पुरुष युवती को देखता रहता है। युवती बुहारने के बाद झाडू एक कोने में रख देती है। पुरुष युवती के बहुत करीब जाकर उसे देखने लगता है।)

युवती : (पुरुष के चेहरे की ओर देखते हुए) बैठिए न !

पुरुष : बैठूंगा। वैसे भी मैं बैठने के लिए ही तो आया हूँ।

युवती : (दिखाते हुए) यदि चौकी पर बैठना हो तो, इधर बैठिएगा, चटाई पर बैठना हो तो उधर बैठिएगा।

पुरुष : ठीक है, मैं बैठ जाऊंगा। वैसे तुम्हारा नाम क्या है ?

युवती : कलावती।

पुरुष : कितना अच्छा नाम है। पुष्पवती-कलावती, दोनों अच्छे नाम।

(कुछ देर की चुप्पी)

कलावती : यहाँ आने का कहीं कोई दूसरा काम तो नहीं ?

पुरुष : नहीं, कोई काम नहीं।

कलावती : तो क्या केवल आराम करने के लिए ही आये हैं ?

पुरुष : आराम करने भी और तुमसे मिलने भी। जब तुम्हें देखा, तुम पुष्पी जैसी लगी। तभी से मिलने की इच्छा हो उठी। इसीलिए आया हूँ।

कलावती : इसके अलावा भी कोई उद्देश्य तो नहीं, आपके यहाँ आने का ?

पुरुष : तुम तो मेरे पीछे ही पड़ गई। इतनी भी जांच पड़ताल मत करो। समझ लो, मैं एक प्यासा राही पानी की तलाश में यहाँ तक आ गया हूँ। चलो मुझे पानी पिला दो। मेरी प्यास बुझा दो।

कलावती : आप मेरे क्या लगते हैं कि मैं आपको पानी पिलाऊं। आपको मैं क्या समझकर पानी पिलाऊं ?

पुरुष : समझ लो, मैं एक मेहमान हूँ।

कलावती : ठीक है। मगर मेहमानों का भी तो कोई परिचय वगैरह होता है न ? नाम, पता कुछ तो होगा ?

पुरुष : मैं कालीदास। उज्जैन से आया हूँ। मैं अभी भ्रमण के सिलसिला में यहाँ आ पहुंचा हूँ।

कलावती : अच्छा ... ... !

कालीदास : मैं ज्ञान की खोज में निकला हूँ।

कलावती : ज्ञान की खोज में निकले हुए आप यहाँ क्यों चले आये हैं ? ज्ञान के लिए तो गुरुकुल, महाविद्यालय और बड़े-बड़े ऋषि मुनियों के पास जाना चाहिये न ?

कालीदास : सही कहा तुमने। वैसी जगहों पर भी जाऊंगा। लेकिन अभी मैं विभिन्न जगहों की यात्रा से ज्ञान प्राप्त करने के सिलसिला में हूँ। मैं यही सोचकर यहाँ आया हूँ कि मुझे यहाँ से भी कुछ न कुछ ज्ञान प्राप्त होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि तुम्हारे घर से भी मुझे कुछ न कुछ अवश्य प्राप्त होगा।

(कलावती आश्चर्यचकित हो उठती है। कालीदास कलावती को निरंतर देखता रहता है।)

कलावती : आप यहाँ बैठिए, मैं पानी लेकर आती हूँ।

(कलावती पानी लेने अंदर चली जाती है। कालीदास वहीं पर खड़ा हो जाता है और इधर-उधर देखने लगता है। कलावती करुवा में पानी लेकर आती है। कालीदास एक टक कलावती के शरीर की ओर नजरें टिकाए हुए है।

कलावती : लीजिए, पानी पीजिए। (कालीदास कुछ नहीं वोलता। वह एक टक कलावती को देख रहा होता है।) लीजिए न पानी!

कालीदास : ठहरो, कुछ देर ठहरो।

(कलावती हाथ में पानी लिए कुछ देर खड़ी रहती है। कालीदास की नजरें कलावती की ओर ही केंद्रीत हैं। वह कभी कलावती के चेहरे की ओर तो कभी उसके शरीर की ओर देखता है तो कभी पैरों की ओर देखता है।)

कलावती : चौकी पर भी बैठने से होता तो?

कालीदास : नहीं, मुझे बैंठने की जरूरत नहीं है।

कलावती : हुजूर आप अपने को मेहमान कह रहे हैं। फिर तो मेहमान को कुछ खाने पीने की चीज भी देनी होगी न?

कालीदास : मुझे कुछ खाने की इच्छा नहीं है। मैं कुछ नहीं खाऊंगा।

कलावती : पानी भी नहीं पी रहे, कुछ खाने की इच्छा भी नहीं जता रहे। किस तरह के मेहमान हैं आप?

कालीदास : मैं खाने पीने का भूखा नहीं हूँ।

कलावती : मगर मेहमान को कुछ न कुछ तो खिलाना ही पड़ता है न?

(कालीदास की नजरें कलावती की ओर ही टिकी हुई हैं। कलावती पानी का करुवा चौकी पर, एक तरफ रख देती है और चटाई पर बैठ जाती है।)

कालीदास : क्या मैं भी चटाई पर बैठ सकता हूँ?

कलावती : नहीं, नहीं। मेहमान को कहाँ चटाई पर बैठाना, चौकी पर ही बैठिए।

कालीदास : ऐसी बात नहीं है, नीचे चटाई पर बैठने की इच्छा हुई, इसलिए कहा।

कलावती : (हंसते हुए) पानी पीने आए हुए मेहमान को घर में रखना क्या अच्छा है?

कालीदास : अलग रहूँगा न!

कलावती : (हंसते हुए) अपरिचित महिला और पुरुष एक चटाई पर कैसे? कोई देखेगा तो क्या सोचेगा? क्या कहेगा?

(कुछ देर के लिए चुप्पी)

कालीदास : (कलावती के करीब जाकर) इस गाँव में तुम्हारी तरह युवती भी है।

कलावती : क्यों? कैसी हूँ मैं?

कालीदास : सुंदरी, अपार सुंदरी! अद्‌भुत सुंदरी! तुम्हारी तरह सुंदरी मैंने आज तक नहीं देखी है। तुम्हारी सुंदरता की क्या तारीफ करूं, जितनी भी करूंगा, कम होगी। फिर किस किस की तारीफ करूं? आँखें, नाक, चेहरा, दांत, कान, बाल, हाथ, पांव, हंसना, बोलना, चलना ...! सभी में सुंदरता भरी हुई है। अनुपम सुंदरता! (कालीदास धीरे-से मुस्कुरा देती है। कालीदास उसकी मुस्कुराहट पर मदहोश हो जाता है।)

कलावती : आप भी तो सुंदर है! इतने सुकुमार नजर आ रहे हैं। किसी दरवार के राजकुमार की तरह।

कालीदास : सच?

कलावती : जी, हाँ।

कालीदास : तुम्हारी बातें सुनकर प्रसन्नता हुई।

(कुछ देर की चुप्पी)

कलावती : आप खुद को मेहमान कह रहे हैं। फिर न तो यहाँ बैठ रहे हैं, और न फिर कुछ खा-पी रहे हैं। आप कैसे मेहमान हैं?

कालीदास : तुम जैसे मानो, वैसा ही मेहमान हूँ मैं।

कलावती : मेहमान तो धन और यौवन की तरह होते हैं, जो आते हैं, और चले जाते हैं।

कालीदास : समझ लो, मैं भी वैसा ही हूँ।

कलावती : अच्छा, तो आप भी वैसे ही हैं?

कालीदास : मेरे कहने का मतलब यह है कि तुम जैसे समझो, मैं वैसा हूँ।

कलावती : मैं आपको नहीं पहचानती। लेकिन आप मेरे साथ इस तरह व्यवहार करने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे आप मुझे बहुत करीब से जानते-पहचानते

हैं। मैं यह समझ नहीं पा रही हूँ।

कालीदास : पहली बात तो यह है कि तुम मेरी संगिनी पुष्पी की तरह लगी। दूसरी बात, भले लोगों को अपने मन के करीब रखा करो, खुद-ब-खुद समझ जाओगी। मैं तुम्हें अपने दिल में रख चुका। तुम भी मुझे अपने दिल में रखो। खुद जान जाओगी ... दूरियां और नजदिकियां।

कलावती : जिसे मैं पहचानती तक नहीं, उसे कैसे दिल में रख लूं ?

कालीदास : जैसे मैंने तुम्हें अपने दिल में रखा, वैसे ही तुम भी मुझे अपने दिल में रख लो।

कलावती : मुझे नहीं मेरे रूप को रखा होगा ?

कालीदास : बात तो एक ही हुई न !

कलावती : जी नहीं, यह एक बात नहीं है। आप भ्रम में हैं।

कालीदास : मैं भ्रम में हूं ? मैं कालीदास ! मेरे जैसे आदमी को तुम भ्रमित समझ रही हो ?

कलावती : मुझे तो वैसा ही लग रहा है। दिल और आँखें दोनों अलग-अलग चीज हैं। दिल की समझदारी और आँखों के देखने को आप एक समझ रहे हैं। आँखों से देखी गई चीजों पर भ्रम हो सकता है जिसकी सच्चाई को पता लगाकर उसे सत्य दिखाना दिल का काम होना चाहिए। लेकिन यहाँ तो आप खुद दिल और आँखों के भ्रम में पड़े हुए हैं।

कालीदास : मुझे तो लगता है कि तुम ही भ्रम में पड़ी हुई हो।

कलावती : मैं आँखों से देखी हुई की बात नहीं करती, दिल का कहा हुआ मानती हूँ।

कालीदास : तो बताओ, मेरे बारे में तुम्हारा दिल का क्या कहना है ?

कलावती : मेरा दिल कहता है कि आपकी आँखें भ्रमित हैं। यदि प्रभाव में पड़ना ही है तो मन के प्रभाव में पड़िए, आँखों के प्रभाव में नहीं। यदि आपमें अच्छी भावना है तो आँखों से आकर्षित मत होइए, मन से होइए। मगर यदि भावना ही खराब है, तब तो जो जी में आए, कीजिए।

कालीदास : तुम इतनी अच्छी हो। मगर तुम्हारी बातें क्यों इनती बुरी है ?

कलावती : अब आप जो समझें। लेकिन मैं अपने आप को अच्छी नहीं मानती। यह भी नहीं चाहती कि कोई मुझे अच्छा कह दे। मुझे स्वांग करना भी नहीं आता। मैं जैसी हूँ, वैसी ही हूँ। फिर भी, यह समाज है। समाज के पास देखने का नजरिया भी बहुत है।

(कलावती उठ जाती है और कहीं दूर देखने लगती है। वह खुश नजर आती है। कालीदास भी जिधर कलावती देख रही होती है, उधर ही देखने लगता है। एक सैनिक आता हुआ दिखाई देता है।)

कालीदास : (आते हुए सैनिक की ओर देखते हुए) वह सैनिक इधर क्यों आ रहा है ?

कलावती : डरने की कोई बात नहीं है। शायद वे मुझसे मिलने आ रहे होंगे ?

(कालीदास घबड़ा जाता है। छटपटाने लगता है। सैनिक करीब पहुंच जाता है। उसने अपने हाथ में एक बड़ा थैला ले रखा है। सैनिक कालीदास को कलावती के साथ देखकर आश्चर्यचकित हो उठता है। कालीदास भी अहसज महसूस करता है। दोंनो एक दूसरे को अजनबी की तरह देखते हैं।)

सैनिक : (कालीदास की ओर देखते हुए) आप कौन ? लगता है, आपको कहीं देखा है।

कालीदास : आप कौन ? मुझे भी लग रहा है कि मैंने भी आपको कहीं देखा है।

(दोनों सोचने लगते हैं। कलावती अवाक् होकर दोनों के चेहरे देखने लगती है।)

सैनिक : आपका नाम ?

कालीदास : मैं ... कालीदास।

सैनिक : नाम भी सुना-सुना-सा लगता है। (सोचते हुए) मगर एक ही नाम और लगभग एक चेहरे वाले कई लोग लोग भी तो होते हैं। छोड़िए इन बातों को। ज्यादा माथापची करने की क्या जरूरत !

कालीदास : जी हाँ, बिल्कुल सही है। अब इतनी छोटी-सी बात में क्या माथापची करना।

सैनिक : (कालीदास से) यहाँ आप किस काम से आये हैं ?

कालीदास : मैं तो मेहमान हूँ।

सैनिक : (शंका के भाव में) क्या आप मेहमान ही हैं ?

कालीदास : जी।

सैनिक : (कालीदास के शरीर देखते हुए) पता नहीं, क्या हैं आप ?

कालीदास : मैं मेहमान ही हूँ।

(सैनिक कलावती की ओर देखकर नजरें मटकाता है। कलावती हंस देती है। सैनिक अपने लाये हुए थैले

की ओर इशारा करता है। कलावती थैले की ओर देखकर प्रसन्न हो जाती है। कालीदास सैनिक और कलावती हाव-भाव देखकर अवाक् रह जाता है।)

कलावती : (सैनिक से) इस बार तो थैला भी बहुत बड़ा ही है ?

सैनिक : हाँ तो ! तुम्हें सजाना-संवारना तो पड़ा न ? तुम तो ऐसे भी खूबसूरत हो, और मेरे लाये हुये श्रृंगार- सामग्रियों और नये कपड़ों से सजकर जाने कितनी खूबसूरत लगोगी ? मैं समझ नहीं पा रहा कि उस मेरी क्या स्थिति होगी ? कल्पना मात्र करने से रोमाँचित हो उठता हूँ।

(सैनिक कलावती को अंकमाल करता है। वह धीरे-से कालीदास के बारे में कलावती को कुछ बताता है। कलावती कालीदास की ओर देखती है। सैनिक और जोर से कलावती को अपनी बांहों में कस लेता है।)

कालीदास : (गुस्से से सैनिक को देखते हुए) एक सैनिक को गाँव की युवती के साथ इतना श्रृंगारिक होना अच्छा नहीं।

(सैनिक कलावती को अपनी बांहों में ही दबोचे रहना चाहता है, लेकिन कलावती अपने को उसकी बांहों की पकड़ से अलग करती है।)

सैनिक : (कालीदास से) हे कालीदास ! इस तरह की बातें मत कीजिए। इस दुनिया में जब तक नारी और पुरुष रहेंगे, इस तरह की बातें होती रहेंगी। ऐसी छोटी-छोटी-सी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। लेकिन एक बात जरा सच-सच कहिए।

कालीदास : क्या ?

सैनिक : आप यहाँ क्यों आये हैं ?

कालीदास : मैं पहले ही कह चुका हूँ कि मैं एक मेहमान हूँ।

सैनिक : मैं भी शुरू-शरू में यहाँ का मेहमान ही था। वही सामने वाली पगडंडी पर चलते-चलते एक दिन इस घर का मेहमान बनने पहुंच गया था। अब तो क्या मेहमान कहा जाय ! कलावती के पास आना-जाना लगा हुआ है।

(कालीदास आश्चर्यचकित हो जाता है।)

कलावती : (सैनिक की ओर इशारा करते हुए कालीदास से) वे तो बड़े आदमी हैं, क्या आप नहीं जानते ? राजा विक्रमादित्य के दरवार के सैनिक हैं वे।

कालीदास : (आश्चर्यचकित होते हुए) अच्छा, राजा विक्रमादित्य के दरवार का सैनिक ! वड़ा आदमी होता है।

(कलावती चौकी पर बैठ जाती है। सैनिक भी कलावती से सटकर उसी चौकी पर बैठ जाता है। कालीदास छटपटाकर इधर-उधर देखने लगता है।)

सैनिक : (चौकी के बगल में रखे हुए करुवा के पानी की ओर देखते हुए) यह करुवा का पानी किसके लिए है, कलावती ?

कलावती : कालीदास ने यह कहकर पानी मंगाया था कि उन्हें प्यास लगी है। मैंने पानी लाकर दिया, लेकिन उन्होंने नहीं पिया।

सैनिक : उन्हें पानी की प्यास नहीं लगी है, कलावती। उनकी प्यास किसी और चीज की है।

कलावती : किस चीज की ?

सैनिक : 'किसी भी चीज की' कहा जा सकता है।

कलावती : फिर कहिए न, किस चीज की ?

सैनिक : कह दूं ?

कलावती : जी हाँ, कह दीजिए।

सैनिक : वे तो तुम्हारे रूप और यौवन को देखकर यहाँ आये हुए हैं। देख नहीं रही, उनकी आँखों में कितनी मादकता है।

कलावती : (कालीदास की आँखों में झांकते हुए) अरे ! हाँ !

सैनिक : चलो जाने दो, यह पानी मैं ही पी लेता हूँ।

(सैनिक पानी पीता है। कालीदास सैनिक से नाराज होकर जाने या न जाने की स्थिति में हो दिखता है। सैनिक पानी पीने के बाद फिर कलावती को अंकमाल भरता है। लेकिन कलावती कालीदास के चेहरे की ओर देखकर आँखें घुमाती है। कालीदास अवाक् होकर कलावती को देखने लगता है। वह कलावती की आँखों का इशारा समझ नहीं पाता।)

कालीदास : तुम्हारी आँखें क्या कह रही हैं, कलावती ?

कलावती : क्या आप आँखों के इशारे भी नहीं समझते, कालीदास ?

कालीदास : मैं सबकुछ समझता हूँ। ऐसी कोई बात नहीं, जो मैं नहीं जानता। लेकिन मुझे यह समझने में काफी दिक्कत हो रही है कि तुम्हारी आँखें क्या कह रही हैं ?

कलावती : कहते हैं, राजा और दरवार के पंडितों के पास बुद्धि नहीं होती। आप भी वैसा ही हैं क्या ?

कालीदास : यह तुम किस तरह की बात कर रही हो

कलावती ?

कलावती : क्या आप मेरी बात नहीं समझ पा रहे ?

कालीदास : नहीं। नहीं समझ पा रहा हूँ।

सैनिक : (कालीदास से) और आप समझेंगे भी नहीं कालीदास। क्योंकि आप में बातें समझने की क्षमता ही नहीं है। आप केवल आँखों से ताड़ना जानते हैं, लेकिन मन की बात समझ नहीं सकते। केवल आपकी आँखें नशीली हैं।

कालीदास : (गुस्साकर) मेरी आँखें नशीली नहीं हैं, सैनिक। क्या आपने अपनी आँखों को नहीं देखा है ? कितनी कामुक हैं, आपकी आँखें ?

सैनिक : आप भी तो वैसे ही हैं !

कालीदास : मैं वैसा नहीं हूँ।

सैनिक : लेकिन मुझे तो आप वैसे ही नजर आ रहे हैं।

कालीदास : आपके देखने से क्या होता है ? आप तो जो कुछ भी देख लेते हैं।

कलावती : कालीदास ! आप अपने को अलग महसूस न करें। आखिर आप भी तो उसी जगह पर आये हुए है जहाँ और लोग आते हैं।

कालीदास : (आश्चर्यचकित होते हुए) आंय ! क्या कह रही हो तुम ? यहाँ और कौन-कौन आता है ?

कलावती : बड़े बड़े लोग ही तो आते हैं। (सैनिक को दिखाते हुए) जैसे, अभी ये आये हुए हैं, राजा विक्रमादित्य के दरवार के सैनिक अधिकारी। कालीदास, आप भी तो काशी नरेश के रिश्तेदार ही हैं न। हैं न ?

(कालीदास आश्चर्यचकित हो जाते हैं। कलावती और सैनिक मुस्कुराते हुए कालीदास की ओर देखते हैं।)

कालीदास : कलावती ! मैं वैसा व्यक्ति नहीं हूँ जैसा तुम लोगों ने समझा है। मैं ज्ञान की खोज में निकला हुआ व्यक्ति हूँ।

कलावती : ज्ञान के बहुत से क्षेत्र होते हैं। यह भी तो एक ज्ञान का ही क्षेत्र है। क्या नहीं है ?

कालीदास : नहीं। यह ज्ञान का क्षेत्र नहीं है। यह तो मनुष्य को मतिभ्रष्ट बनाने वाली जगह है। मैं नहीं रहूँगा यहाँ।

सैनिक : ठीक है। चले जाइये। चलो कलावती, हम भी अंदर चलते हैं।

(सैनिक और कलावती दोनों चौकी पर से उठ खड़े होते हैं। सैनिक एक हाथ में झोला पकड़ता है और दूसरे हाथ से कलावती की बांह पकड़कर अंदर ले जाने लगता है। कलावती कालीदास की ओर देखर आँखें मटकाती हैं। कालीदास अवाक् हो उठता है।)

कलावती : बात समझ में नहीं आई , कालीदास ? (कलावती फिर अपनी आँखें मटकाती हुई कालीदास को कहती है।)

कालीदास : हे कलावती ! तुम मुझे देखकर इस तरह क्यों आँखें मटका रही हो, मैं समझ नहीं पा रहा हूँ।

कलावती : कोई खास बात नहीं । मैं तो बस यही कह रही हूँ कि आप थोड़ी देर बाहर ही इन्तजार करें।

कालीदास : मैं अब नहीं ठहर सकता। मैंने तुमको उस रूप में नहीं देखा था, कलावती। मुझे तो लगा था कि तुम मेरी पुष्पी की तरह हो, लेकिन नहीं, तुम पुष्पी की तरह नहीं हो।

कलावती : ऐसा मत कहिए कालीदास। मैं तो ऐसी ही हूँ। मुझे ही देखकर तो आप यहाँ आये। अब जव आ ही गये हैं, तो थोड़ी देर इन्तजार करने में क्या हर्ज है ?

कालीदास : नहीं। अब मैं नहीं ठहर सकता।

कलावती : ऐसा मत कहिए। मेहमान को ऐसे भेज देना भी तो ठीक नहीं। फिर ऐसी अश्लील नजरें लेकर कहाँ जायेंगे आप ? कहीं किसी ने देख लिया तो ?

कालीदास : (आश्चर्य भाव के साथ) क्या ? मेरी आँखें अश्लील हैं ?

कलावती : हाँ तो। अगर विश्वास न हो, एक बार खुद देख लीजिये।

कालीदास : खुद की आँखें खुद ही कैसे देखी जा सकती है ?

कलावतीः इतना भी ज्ञान नहीं है आपको ? (हंसकर) मूर्ख कालीदास !

(सैनिक कलावती को घींचकर अंदर ले जाता है। कालीदास अवाक् देखता रह जाता है। अंदर से दरवाजा बंद हो जाता है। कालीदास निराश हो उठता है। वह हठात उठता है और अपनी राह चल देता है। धीरे-धीरे अंधेरा हो जाता है।)

अनुवाद : गोपाल अश्क

समालोचना

भवभूति विरचित मालती-माधव नाटक का सामान्य दिग्दर्शन

डा. माधव प्रसाद लामिछाने

१. विषय प्रवेश

नाटककार भवभूति संस्कृत साहित्य के महान नाटककार हैं। उनके तीन नाट्य कृति उपलब्ध हैं। वे हैं -महावीर चरित, उत्तर राम चरित और मालती-माधव। संस्कृत वांगमय में काव्य को दृश्य काव्य और श्रव्य काव्य दो वर्गों में विभाजित किया गया है। अभिनययुक्त काव्य को दृश्यकाव्य कहा जाता है और श्रवणयुक्त काव्य को श्रव्यकाव्य। अभिज्ञान शाकुन्तल, उत्तर राम चरित , मृच्छकटिक आदि दृश्यकाव्य के अंतर्गत आते हैं और मेघदूत, रघुवंश, किरातार्जुनीय आदि श्रव्यकाव्य के अंतर्गत। पुन: दृश्यकाव्य रुपक और उपरुपक दो वर्ग में विभाजित हैं। रुपक दस प्रकार के माने जाते है - नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, इहामृग, अंक, वीथी और प्रहसन। इसीप्रकार उपरुपक नाटिका, त्रोतक, गोष्टि, नाट्यरासक आदि अठारह प्रकार के होते हैं। काव्य संबंधी इस प्रकार के विभाजन के आधार पर देखा जाए तो प्रस्तुत मालती-माधव रुपक अंतर्गत प्रकरण नामक भेद में आता है क्योंकि प्रकरण में लौकिक तथा कवि कल्पित चरित्रों का वर्णन होता है जिसमें दस अंक अपेक्षित होते हैं। मालती माधव कृति में भी दस अंक ही हैं और इसमें वर्णित चरित्र ऐतिहासिक अथवा पौराणिक न होकर कवि कल्पित हैं। काव्य संबंधी पूर्वीय लक्षण शास्त्रों में काव्य के उपर्युक्त सूक्ष्म भेद होते हुए भी पाश्चात्य साहित्य के प्रभाव के कारण समीक्षक सभी प्रकार के रुपक को नाटक ही मानकर समीक्षा करते हैं। अत: इस लेख के पंक्तिकार भी इसी दृष्टिकोण से विमुख हो नहीं सके। इसीलिए मालती- माधव को नाटक और भवभूति को नाटककार से अभिहित किया गया है। इस नाटक का सामान्य दिग्दर्शन करने का प्रयास किया गया है।

२. नाटककार भवभूति

नाटककार भवभूति का जन्म विक्रम की आठवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में वर्तमान महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा में स्थित गोन्डिया जिले के पद्मपुर नामक स्थान में हुआ था। यह बात कह्लण की राजतरंगिणी से विदित होती है। कश्मीर नरेश मुक्तापीड ललितादित्य के उत्कर्ष वर्णन के क्रम में राजतरंगिणी में ललितादित्य द्वारा विजित काव्यकुंज नरेश यशो वर्मा की राज सभा में भवभूति उज्ज्वल रत्न के रूप में अलंकृत थे। ललितादित्य ने यशो वर्मा को विक्रम संवत् ७९३ में पराजित किया था। अत: भवभूति का समय विक्रम की आठवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध मानना उपयुक्त होगा। इनके पिता का नाम नीलकंठ और माता का नाम जातुकर्णी था। ये कश्यप गोत्र में उन्पन्न कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय शाखाध्यायी थे। इनका वास्तविक नाम श्रीकंठ था पर इनकी 'साऽम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूतिः' इस रचना से प्रभावित होकर काव्यकुंज नरेश यशो वर्मा ने इन्हें भवभूति पद से अलंकृत किया और इनके नाम के बारे में दूसरा मत यह भी है कि 'तपस्वी कां गतोऽवस्थामिति स्मेराननावि। गिरिजायाः स्तानौ वन्दे भवभूतिसिताऽऽनौ ' उनकी इस रचना से प्रभावित होकर उन्हें भवभूति पदवी से अलंकृत किया गया। ये उम्बेक नाम से भी परिचित थे। मालती-माधव की एक प्राचीन हस्तलिखित पुस्तक में 'प्रकरणमिदं कुमारिलशिष्यस्योम्बेकाचार्य' लिखा गया है। इससे पता चलता है कि ये एक प्रसिद्ध मीमांसक कुमारिल भट्ट के शिष्य थे। इन्होंने सुप्रसिद्ध मीमांसक प्रभाकर भट्ट के श्लोकवार्तिक ऊपर टीका भी लिखी थी। उसीतरह मंडन मिश्र के भावनाविवेक ऊपर भी टीका की थी। इसप्रकार भवभूति के वीर चरित, उत्तर राम चरित और मालती- माधव तीन नाटक तथा श्लोकवार्तिक और भावनाविवेक की टीका करके कुल पाँच कृति उपलब्ध

हैं। महावीर चरित में भगवान राम के वनवास पूर्व के चरित्र के वारे में वर्णन है और उत्तर राम चरित में राम का सीता के साथ वियोग का वर्णन है।

३. मालती - माधव की संक्षिप्त कथावस्तु

मातली-माधव दश अंक में विभक्त है। प्रस्तुत नाटक की कथावस्तु इतिहास और पुराण से न लेकर वृहत कथा से ली गई है। अब यहाँ प्रत्येक अंक की संक्षिप्त कथावस्तु प्रस्तुत है।

३.१ प्रथम अंक

किसी समय में भूरिवसु और देवरात नामक दो ब्राह्मण कुमारों का विद्यार्थी जीवन में घनिष्ठ मित्रता थी। उन दोनों की मित्रता इतनी घनिष्ट थी कि विवाह पश्चात अगर एक का पुत्र और दूसरे की पुत्री हुई तो विवाह बंधन में बाँध देने तक कि प्रतिज्ञा हुई। कालान्तर में भूरिवसु पद्मावती नामक राज्य के मंत्री बने। विवाह के पश्चात भूरिवसु के घर में पुत्री का आगमन हुआ और उधर देवरात के घर में पुत्र का। देवरात के पुत्र माधव अत्यंत सुंदर और सच्चरित्र से विकसित होते गए। उन्होंने अत्यंत कम समय में विविध विद्याओं में कुशलता हासिल की। उधर भूरिवसु की पुत्री मालती भी अत्यंत सुंदर, मितभाषिणी, बडों की आज्ञाकारिणी तथा विद्या विनय संपन्न थी। पद्मावती राज्य के राजा के एक नर्म सचिव थे जिनका नाम नंदन था, वो मालती से विवाह करना चाहते थे। उन्होंने राजा को अपने अनुकूल वनाकर मातली के साथ विवाह करने के लिए राजा के माध्यम से भूरिवसु से याचना की। भूरिवसु के लिए विवशता थी कि उन्होंने पहले ही अपने मित्र को वचन दिया था। अपनी सुकोमल, अंत्यत सुंदर पुत्री मालती का विवाह कूरुप, कर्कश और प्रौढ़ नंदन के साथ करने के लिए स्वीकृति देने में भूरिवसु को अत्यंत दुख का सामना करना पडा। उन्होंने राजा के सामने विवश होकर राजा के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। यह बात बौद्ध संन्यासिनी कामन्दकी को पता चली। वह भूरिवसु और देवरात की प्रतिज्ञा को पूर्ण कराने में गुप्त ढंग से मालती और माधव का विवाह करानेका प्रबंध मिलाने में अपनी शिष्या अवलोकिता से सलाह मसौदा करने लगी। कुछ वर्षो के बाद देवरात ने अपने पुत्र माधव को न्याय शास्त्र पढ़ने के लिए भूरिवसु के यहाँ भेज दिया। उनका मनसाय यह था कि भूरिवसु को पहले की गई प्रतिज्ञा का स्मरण हो जाए। बौद्ध संन्यासिनी कामन्दकी के आज्ञानुसार अवलोकिता ने मालती और माधव के बीच में परस्पर अनुराग उत्पन्न कराने के लिए विभिन्न उपाय करने लगी। वह अपने लक्ष्य में कामयाब हुई, फलस्वरुप दोनों के बीच में परस्पर प्रेम का संचार होने लगा।

३.२ द्वितीय अंक

इस प्रकार कामन्दकी, मालती और माधव में परस्पर प्रेम अंकुरित कराने में सफल हुई। उनके सामने दूसरी बड़ी समस्या यह थी कि यद्यपि भूरिवसु अपनी पुत्री का विवाह नंदन के साथ कराना नहीं चाहते थे परन्तु सेवा धर्म की कठोरता के कारण वे प्रत्यक्ष रूप से माधव के साथ अपनी पुत्री का विवाह संस्कार संपन्न करने में असमर्थ थे। उधर मातली का प्रेम माधव के साथ पराकष्ठा में पहुँच चुका था पर अपनी निष्ठा और शालीनता के कारण वह अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन करने में असमर्थ थी। इसीलिए कामन्दकी इस चिन्ता में रहती थी कि कैसे मालती को अपने पिता के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न कराया जा सके और वह अपने पिता की आज्ञा का साहसपूर्वक उल्लंघन करे? कामन्दकी चाहती थी कि मालती स्वेच्छा से माधव के साथ विवाह करने की बात अपने पिता से हिम्मत से करे। अपनी अभिलाषा तथा योजना को पूरा करने के उद्देश्य से वह मातली के यहाँ पहुँचती है और बातचीत करने लगती है। प्रसंगवश राजा की इच्छा के अुनसार पिता भूरिवसु ने नंदन के साथ मालती का विवाह के लिए स्वीकृति दी जाने की बात भी कह देती है। यह बात सुनकर मालती बेचैन हो गई। वह अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन करने में असमर्थ थी। कामन्दकी ने मातली में अपने पिता के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न कराने के लिए शकुन्तला, उर्वशी, वासवदत्ता आदि कुलीन स्त्रियों के प्रसंग उठाए और यह भी कहा कि इन कुलीन स्त्रियों ने भी अपने पिता की आज्ञा की उपेक्षा करते हुए अपने प्रेम का महत्त्व दिया था। ऐसे ही उपायों का अवलंबन करते हुए कामन्दकी ने मातली के मन में पिता की आज्ञा का उल्लंघन करने तथा माधव के साथ स्वेच्छा से विवाह करने के लिए हौसला बढ़ाई।

३.३ तृतीय अंक

कामन्दकी नंदन की बहन मदयन्तिका का विवाह माधव के साथी मकरन्द मे साथ कराना चाहती

थी। इसलिए उन्होंने मकरन्द के प्रति मदयन्तिका के हृदय में प्रेम उत्पन्न करने के लिए अपनी मित्र बुद्धरक्षिता को मदयन्तिका के साथ मित्र के रूप में रखा गया । अपने योजना के अनुसार कामन्दकी ने कृष्णपक्ष के चतुर्दशी के दिन में शिव मंदिर के समीप स्थित बगीचा में पहुँचने के लिए माधव के पास संदेश भेजा। मालती ने उन्हें कहा " आज कृष्णपक्ष की चतुर्दशी है, इसलिए अपने ही हाथ से फूल चुनकर शिवजी को अर्पण करने पर तुम्हारी इच्छा सिद्ध होगी । " उसी वक्त मदयन्तिका को लेकर बुद्धरक्षिता भी उसी बगीचे में पहुँची । बगीचे में लालिमायुक्त अशोक वृक्ष के नीचे माधव और मालती फूल चुनने लगे। तब वहाँ मंद वायु बहने लगती है, भ्रमर फूल मे बैठने लगते हैं, फूल से सुगंध बिखरने लगती है और दोनों प्रेमी- युगल के मन में कामवासना जागृत होती है। कुछ समय के बाद कामन्दकी मालती को बुलाती है और मातली के वियोग में माधव के मन में उत्पन्न कारुणिक भाव को बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करती है। इतने में अचानक पिंजड़ा तोड़कर एक सिंह बगीचे में प्रवेश करता है और देखते ही देखते वहाँ के लोगों और जानवरों पर आक्रमण करने लगता है। चारों ओर हाहाकार मच गया। संयोगवश मदयन्तिका भी वहीं थी। सिंह उनकी ओर लपका। वहाँ उपस्थित सारे लोग इधर-उधर चीखते-चिल्लाते भागने लगे, उसे बचाने कोई नहीं गया। सौभाग्यवश मकरन्द हाथ में तलवार लेकर सिंह से लड़ने पहुँचे। बड़े साहसपूर्वक मकरन्द ने सिंह को मार गिराया और मदयन्तिका को बचाया। परन्तु सिंह के भयानक आक्रमण के कारण उसका शरीर लहुलुहान हो गया था और वह मूर्च्छित हो गया। बगीचे की कोलाहल को सुनकर माधव भी उस ओर चला जाता है। अपना मित्र मकरन्द सिंह से लड़ने के लिए तैयार देखकर वह उसके सहयोग के लिए दौड़कर वहाँ पहुंच जाते हैं लेकिन पहले ही मकरन्द ने सिंह का काम तमाम कर दिया था। सिंह के आक्रमण के कारण मकरन्द बेहोश पड़े थे और उन्हें देखकर वे भी बेहोश हो गए।

३.४ चतुर्थ अंक

कामन्दकी, मदयन्तिका और मातली के संयुक्त उपचार के पश्चात मकरंद और माधव भी स्वस्थ हो गए। इसी वक्त मदयन्तिका और मकरन्द की आँखे चार हो गईं और उन दोनों के मन में प्रेम का संचार हुआ। इधर मालती और माधव के मन में भी प्रेम भाव और अधिक प्रगाढ़ होता गया। इसी वक्त एक व्यक्ति वहाँ पहुँच जाता है और कहने लगता है- "राजा की आज्ञा से नंदन के साथ मालती का विवाह तय हो गया है इसीलिए विवाह कार्य संपादन के लिए नन्दन ने अपनी बहन को तुरुन्त बुलाया है।" इस खबर से माधव और मालती दोनों अत्यंत दुखी होते हैं और सोचते हैं कि शायद अपनी आशा पूर्ण नहीं होगी। जब वैवाहिक वेश-भूषा में सुसज्जित होने के लिए मालती को बुलाया जाने लगा तब दोनों अत्यंत निराश हो जाते हैं। माधव ने कामन्दकी के आश्वासन को निसार समझा और श्मशान में पिशाचों को महामांस बिक्री करने पर अपनी आशा पूरा होने की संभावना को देखकर वे अपने मित्र मकरन्द के साथ शहर की ओर चल पड़े।

३.५ पंचम अंक

डरावने वेशभूषा पहनी हुई कपालकुण्डला नामक एक कापालिक अपने गुरु अघोरघण्ट का पुरश्चरण सफल बनाने के लिए एक सुंदर स्त्री की तलाश में आकाश मार्ग में इधर-उधर घूम रही थी। इतने वे वह एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में नरमांस लेकर मांस बिक्री के लिए करालादेवी मंदिर के पार्श्व में स्थित श्मशान में बैठे माधव को देखती है। इस समय माधव बैचैन हृदय से मालती के प्रेम का स्मरण कर रहे थे। उन्हें अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए किसी प्रकार का उपाय सूझ नहीं रहा था तब वे एक स्त्री की करुण ध्वनि सुनते हैं। उक्त ध्वनि मंदिर के बगल से आ रही थी। माधव ने देखा कि वह स्त्री और कोई न होकर मातली ही थी। वास्तव में कपालकुण्डला ने अपने गुरु अघोरघंट के पुरश्चरण सफल बनाने के लिए कराला देवी को बलि देने के लिए मालती का अपहरण किया था। पूजा समाप्त करके स्तुति पाठ के पश्चात बलि देने के लिए जब अघोर घण्ट मालती के ऊपर खड्ग प्रहार करने ही वाला था तब उक्त कार्य रोकने के लिए माधव अचानक उसके सामने प्रस्तुत हो जाते हैं। अपने कार्य में बाधा-अड़चन को देखकर अघोरघण्ट रुष्ट हो जाता है और फिर उन दोनों के बीच में युद्ध हो जाता है। माधव की वीरता के सामने उसका कुछ न चला और अंत में वह माधव के तलवार का शिकार बन जाता है।

३.६ षष्ठ अंक

कपालकुण्डला ने माधव से अपने गुरु की हत्या का बदला लेने के लिए प्रतिज्ञा की। उधर मातली की तलाश होने लगी। कामन्दकी के परामर्श अनुसार भूरिवसु की आज्ञा से करालादेवी मंदिर को राजा के सिपाहियों ने घेर लिया। आखिर मातली वहीं मिली। मालती का विवाह के लिए तैयारी होने लगी। विवाह के लिए आवश्यक सामग्रियाँ संग्रह किया जाने लगा। इधर मालती और माधव अत्यंत बेचैन थे। अपनी इच्छा सिद्ध होने की संभावना दोनों नहीं देख रहे थे। कामन्दकी ने उन दोनों की इच्छा सिद्धि के लिए एक उपाय सोचा। उन्होंने माधव और मकरन्द को देवी-मंदिर में कहीं छुपाकर रखा और दुल्हन के वेश में सुसज्जित मालती को अपनी माँ की आज्ञा लेकर अपने सौभाग्य वृद्धि के लिए देवी मंदिर में जाने के लिए कहा। उसी वक्त राजा द्वारा दुल्हन मालती के लिए सुन्दर वस्त्र और आभूषण भेजे गए। कामन्दकी ने मालती को मंदिर के अंदर वस्त्र पहना देने के लिए लवंगिका को कहा। जब लवंगिका मालती को वस्त्र पहचाने लगी तब मालती ने उस वस्त्र को पहनने से अस्वीकार कर दिया। उन्होंने हाथ जोड़ते हुए लवंगिका से कहा-" एक बार मुझे माधव से मिला दीजिए उसके वाद मैं उनका स्मरण करते हुए अपने प्राण त्याग दूँगी।" ठीक इसी समय में कामन्दकी ने माधव को वहाँ जाने का संकेत दिया। माधव का वहाँ पहुँचते ही लवंगिका वहाँ से उठकर अन्यत्र चली जाती है। मालती को इन सव घटनाओं के वारे में पता नहीं था। वो व्याकुल मुद्रा में खड़ी हो जाती है और माधव को लवंगिका सोचकर आलिंगन करने लगती है। वह नेत्रनिमिलित अवस्था में अपनी गर्दन की माला को माधव के गले में डाल देती है। जब मालती आँख खोलती है तब वह आश्चर्य एवं लज्जा भाव से माधव को देखती है और तनिक पीछे हट जाती है। इसप्रकार कामन्दकी उन दोनों का गान्धर्व विवाह करा देती है।

३.७ सप्तम अंक

कामन्दकी मालती और माधव को बगीचे में बैठने के लिए कहती है और मकरन्द को मालती के वेश में सुसज्जित करके भेज देती है। इसप्रकार मालती के वेश में सुसज्जित मकरंद और नन्दन मकरन्द के बीच में विवाह हुआ। सुहागरात के समय में नववधू समझकर नंद मकरंद के समीप होना चाहता था पर नन्दन उसे अपने करीब आने नहीं देते थे। अब तक भी नंदन ने मकरन्द को पहचाना नहीं था परन्तु जब वह थोड़ी कठोरता से मालती वेशधारी मकरन्द के करीब पहुँचा तब मकरन्द ने उसे जोर से धकेल दिया। अपमान बोध करते हुए मालती को चरित्रहीन आदि कहते हुए नन्दन बाहर चला जाता है। मालती को समझाने के उद्देश्य से बुद्धरक्षिता को लेकर मदयन्तिका वहाँ पहुँच जाती है। मकरन्द ओढ़नी ओढ़कर सोने का अभिनय कर रहे थे। बातचीत के प्रसंग में लवंगिका ने मकरन्द की वीरता की चर्चा की। मकरन्द ने मदयन्तिका को सिंह के आक्रमण से बचाया था जिससे उसके हृदय में मकरन्द के प्रति असीम प्रेम और श्रद्धा उत्पन्न हुआ था। अब की इस बातचीत से लवंगिका को इस बात का पता चलता है कि मदयन्तिका मकरन्द के प्रति समर्पित होने में लालायित हैं। इधर मालती वेशधारी मकरन्द भी यह सब सुन रहे थे। मौका देखकर मकरन्द बिस्तर से उठ जाते हैं और मदयन्तिका का हाथ पकड़र प्रेमालाप करने लगते हैं। तत्पश्चात वहाँ से सभी लोग मालती और माधव जिस बगीचे में बैठे थे, चले जाते हैं।

३.८ अष्टम अंक

आधी रात को बगीचे की ओर प्रस्थान करते मदयन्तिका, मकरन्द आदि को देखकर पहरेदार सिपाही उन्हें रोक लेते हैं। मकरन्द सिपाही से लड़ ही रहे थे कि तभी वहाँ कलहंस पहुँच जाते हैं और मदयन्तिका आदि स्त्रियों को उनके साथ बगीचे की ओर भेज देते हैं और सिपाहियों से युद्ध जारी रखते हैं। इधर मालती और माधव मदयन्ति और मकरन्द की प्रतीक्षा कर रहे थे। जब कलहंस मदयन्तिका आदि स्त्रियों को लेकर बगीचे में पहुँच जाते हैं तब माधव अपने मित्र की सहायता के लिए अस्त्र शस्त्र लेकर कलहंस के साथ उस ओर चले जाते हैं। कुछ समय के बाद मालती अधीर होने लगती हैं और वो अवलोककिता और बुद्धरक्षिता को कामन्दकी के यहाँ भेज देती है तथा लवंगिका को माधव की खबर लेने भेज देती हैं। अब इस समय बगीचे में मदयन्तिका और मालती केवल दो ही थीं। मालती अत्यंत अधीर होते हुए माधव और मकरन्द की प्रतीक्षा करने लगती हैं। इसी समय मौका का फायदा उठाते हुए कापालिकी कपालकुण्डला मालती को अपहरण करके श्रीपर्वत में ले जाती है। उधर जब राजा मदयन्तिका और मालती का राजभवन से वाहर निकलने की खबर सुनते हैं। तब

माधव और मकरन्द को पकड़ने के लिए और सैनिकों को भेज देते हैं। राजा स्वयं राजभवन की छत में बैठकर माधव, मकरन्द और कलहंस तथा अपने सैकड़ों सिपाहियों का युद्ध देखते हैं। वे अपने युद्ध कौशल से अपने सैकड़ों सिपाहियों को क्षणभर में क्षतविक्षत बनाने देखते हैं। तव उनकी वीरता से प्रभावित होकर उन्होंने उन वीरों को अपने पास बुलाया। राजा ने उनके अपराध की क्षमा दे दी। राजा की सदाशयता की प्रशंसा करते हुए जव वे बगीचे की ओर गए तब तक देर हो चुकी थी, मालती का अपहरण हो चुका था। माधव को कपाल कुण्डला की भीषण प्रतिज्ञा का स्मरण हो आया और वे मालती के जीवन प्रति अन्यंत उदासीन हो जाते हैं।

३.९ नवम अंक

मालती को न पाकर माधव अत्यंत चिन्तित हुए। वे विन्ध्य पर्वत में मालती को खोजने निकले। माधव के मित्र मकरन्द भी साथ में थे। माधव पागल की तरह वृक्ष, पत्थर, नदी नाले आदि को मालती के बारे में पूछताछ करने लगे। कभी मूर्च्छित होते, कभी पागल की तरह बातें करते, ऐसी अवस्था देखकर मकरन्द भी अत्यंत विह्वल हो गए। माधव के पागलपन को दूर करने का वह प्रयास करने लगे पर वे असफल रहे। माधव की ऐसी अवस्था को देखकर मकरन्द का भी धैर्य का बाँध फूट गया। आखिर मित्र के जीवन की आशा न देखकर वे भी आत्महत्या करने के उद्देश्य से पाटलावती नदी के शिखर में चढ़ गए और शिव जी का स्मरण करते हुए कहने लगे कि हे प्रभु ! मुझे जन्मजन्मान्तर तक भी माधव जैसे भित्र का साहचर्य प्राप्त रहे। इतना कहकर वो नदी में कूदने ही वाले थे इतने में एक योगिनी उनका हाथ पकड़ती है और कहती है कि मालती जिन्दा है। वह माधव द्वारा मालती को पहना दी गइ फूल की माला प्रमाण स्वरुप दिखाती है। ये योगिनी कामन्दकी की शिष्या सौदामिनी थी जो मन्त्र सिद्धि के लिए श्रीपर्वत में गई हुई थी। जब कपालकुण्डला ने माधव से गुरुवध की वदला लेने के लिए मालती को श्रीपर्वत ले गई थी तब सौदामिनी ने कपालकुण्डला से मालती को बचाकर अपनी कुटी में छुपाकर रखी थी। मालती के वियोग में माधव के ऊपर किसी प्रकार के अनिष्ट होने की आशंका से अभिज्ञान रुप माला लेकर वह माधव को ढूँढ़ते हुए वहाँ पहुँची थी। हवा के शीतल स्पर्श से माधव होश में आ गए , उसी वक्त सौदामिनी ने मातली की माला माधव को दे दी। माला को देखकर माधव आश्चर्यचकित हो गए। सौदामिनी ने मालती की खबर माधव को दे दी और अपनी योग शक्ति से उन्हें उड़ाकर श्रीपर्वत में ले गई। मकरन्द भी उसी वन में रह रही कामन्दकी को यह खबर सुनाने वहाँ चले।

३.१० दशम अंक

कामन्दकी, लवंगिका, मदयन्तिका आदि भी मालती को खोज में शोकाकुल उसी वन में इधर-उधर भटक रही थीं। पर मालती का अता पता नहीं था। इसीलिए उन सभी ने मालती के अभाव में अपना जीवन व्यर्थ मानने हुए आत्महत्या करने के उद्देश्य से मधुमती नदी में कूदने का मनसाय बना लिए। इसी वक्त सौदामिनी की प्रशंसा करते हुए हर्ष विभोर मकरन्द उनके सामने में जा पहुँचते हैं। माधव भी इसी समय मालती को लेकर वहाँ पहुँच गए। उधर भूरिवसु भी अपनी पुत्री मालती का वृत्तान्त सुनकर अपने सारे कार्य छोड़कर राजा के अनुरोध का भी बेवास्ता कर देहत्याग के लिए अग्नि में प्रवेश करने ही वाले थे कि इतने में सौदामिनी वहाँ पुहँच जाती है और उन्हें अग्नि प्रवेश से रोक लेती है। रास्ते में मालती जब अपने पिता की अवस्था से विदित हो जाती है तब वह बेहोश हो जाती है। मालती का बेहोश होता देखकर उनके अन्य साथी भी बेहोश हो जाते हैं। कुछ पल के बाद सब होश में आ जाते हैं और सबकी उदासीनता खुशी में परिवर्तित हो जाती है। उधर मकरन्द का विवाह मदयन्तिका के साथ कराने के लिए राजा सहमत हो जाते हैं और माधव को संबोधन करते हुए लिखा गया पत्र सौदामिनी माधव को देती है। इस प्रकार मालती और माधव तथा मकरन्द और मदयन्ति का मिलन हो जाता है और सबकी अभिलाषा पूरी हो जाती है।

४. मालतीमाधव नाटक का वैशिष्ट्य

संस्कृत नाट्य शास्त्र में भवभूति का स्थान अत्यंत उच्च रहा है। समीक्षक उन्हें कालीदास की ही श्रेणी में रखते हैं। कालीदास कमनीय कला कौशल और अनुपम उपमा विधान के माध्यम से सत्य, शिव और सुंदर वस्तु का चित्रण करने में सफल हैं तो भवभूति अपने प्रौढ़ और मनोहर प्रतिभा के माध्यम से अलौकिक, अदभुत और भयानक वस्तु को भी सहजता के साथ चित्रण करते हुए पाठकों का ध्यान आकृष्ट करने में

सफल हुए हैं । प्रस्तुत मालती-माधव नाटक में प्रकृति के सुंदर चित्रण में भी भवभूति को अनुपम सफलता मिली है । इस नाटक के सप्तम अंक में अर्धरात्रि का जो सुंदर वर्णन नाटककार ने किया है वह किस पाठक के हृदय को आकृष्ट नहीं करता होगा ?

रस विधान की दृष्टि से मालती माधव नाटक को देखें तो इस नाटक में विभिन्न रसों का समुचित प्रयोग हुआ है । नाटक का प्रथम और द्वितीय अंक में माधव के प्रेम प्रसंग में श्रृंगार रस की विशष्टता देखी जाती है। नाटक के तृतीय अंक में वीर और रौद्र रस का सुंदर संयोजन मिलता है । सप्तम अंक मे वीर रस का समुचित प्रयोग मिलता है तो नवम् अंक में करुण और अदभूत रस का सुन्दर प्रयोग देखने को मिलता है । इस अंक में अपनी प्रेमिका मालती की खोज जंगल-जंगल फिरते माधव की कारुणिक अवस्था के चित्रण से सहृदयी पाठकों का हृदय करुण रस में आप्लावित हो जाता है । मालती को संदेश पहुँचाने के लिए माधव ने मेघ के साथ जो प्रार्थना की है, इससे पाठक को कालीदास के मेघदूत का स्मरण हो आता है । दशम अंक में अद्भुत रस का प्रयोग देखने को मिलता है । इसप्रकार मालती माधव नाटक में नाटककार भवभूति ने विभिन्न रसों का बड़े कुशलतापूर्वक प्रयोग किया है ।

५. निष्कर्ष

संस्कृत के महान नाटककार भवभूति का मालती माधव नाटक संस्कृत नाट्य साहित्य की अनुपम कृति है । महाकवि कालीदास की ही श्रेणी के नाटककार भवभूति ने इस नाटक में वृहद कथा की कथावस्तु को लेकर अपने प्रौढ़ और मनोहर प्रतिभा के माध्यम से अलौकिक, अद्भुत और भयानक विषय को भी बड़े सहज एवं हृदयस्पर्शी ढंग से इस नाटक में प्रस्तुत किया है । उनका रचना कौशल अनुपम है । एक ही नाटक में भी अनेक रसों का समुचित प्रयोग होना इस नाटक की दूसरी महत्त्वपूर्ण विशेषता है । इन्हीं विशेषताओं के कारण यह नाटक संस्कृत नाट्य साहित्य का कालजयी नाटक बन पाया है । शिवमस्तु ।

अनुवादकः डिल्लीराम शर्मा संग्रौला

भोजपुरी नाटक

तलाक के बाद

गोपाल अश्क

(पर्दा उठता है)

दृश्य : १

स्थान : किसी शहर के किसी घर का एक कमरा

समय : सुबह का समय ।

(सूरज की किरणें फूट रही हैं । धरती पर उजाला फैल रहा है । चिड़ियों के चहचहाने की आवाज सुनाई दे रही है । मुक्ता अपने पलंग पर सोई हुई है । आज उसके बगल में उसका पति नहीं है । उसके बगल में उसकी लड़की सोई है । बाहर दरवाजे पर दूधवाला चिल्ला रहा है :)

दूधवाला : मालिक ! दूध ले लीजिए । मुझे बहुत जगह जाना है । (घर के अंदर से कोई नहीं निकलता । थोड़ी देर चुप रहने के बाद दूधवाला फिर से चिल्लाने लगता है) मालिक ! ओ मालिक ! दूध ले लीजिए न ! मुझे देर हो जाएगी, बहुत जगह जाना है ।

(थोड़ी देर बाद मुक्ता अपनी आँखे मिचते हुई आती है और पतीला दूधवाले के आगे रख देती है । दूधवाला दूध उढ़ेलते हुए कहता है) : क्या बात है मालकिन ! आज तो आप आई हैं ! साहब नहीं हैं क्या ?

मुक्ता : नहीं ।

दूधवाला : अच्छा ... अच्छा । बिटिया को स्कूल छोड़ने गए होंगे ।

(इतना सुनते ही मुक्ता घबरा सी जाती है । जल्दी-जल्दी दूध का पतीला उठाकर अंदर चली जाती है । वह सरासर अपने कमरे में जाती है और अपनी बेटी को उठाते हुए कहती है)

मुक्ता : नेहा उठो, जल्दी फ्रेस हो जाओ । मैं तो भूल ही गई थी, आज से तो मुझे तुम्हें स्कूल पहुंचाना और लाना होगा ।

नेहा : (आँख मिचते हुए) क्यों माँ ? पापा ?

मुक्ता : बेटा, आज से माँ भी मैं ही हूँ, पापा भी मैं भी हूँ । तुम्हें अब जो चाहिए, मुझसे कहना । ठीक है न !

नेहा : हाँ माँ । (इतना कहकर नेहा मुंह हाथ धोने लगती है ।)

(मुक्ता कीचन में जाकर नेहा के लिए टिफीन तैयार करने लगती है । मुक्ता की आवाज गूंज जाती है ।)

मुक्ता : सुनते हो ! जरा नेहा का स्कूल बैग तैयार कर दो । ... अरे चिल्लाओ मत..चाय मिल जाएगी... ला रही हूँ । (मुक्ता अचानक झेप जाती है । क्योंकि उसे पता चलता है कि आज उसका पति कुछ नहीं सुनने वाला । क्योंकि वह यह घर छोड़कर जा चुका है । फिर चिल्लाते हुए कहती है) नेहा ! तुम अभी तक तैयार नहीं हुई ? चलो बेटा,जल्दी करो वरना देर हो जाएगी । (उधर नेहा मुंह हाथ धोकर अपना स्कूल बैग उठाती है, इधर मुक्ता अपने बेटी को कुछ खिलाने लगती है । जल्दी जल्दी खिलाकर उसका टिफीन बॉक्स बैग में रख देती है । स्कूल बैग लेकर बाहर निकलती है, नेहा भी पीछे-पीछे बाहर निकलती है । मुक्ता अपनी स्कूटी स्टार्ट करती है और नेहा को पीछे बिठाकर स्कूल के लिए रवाना हो जाती है)

दृश्य : दो

(मुक्ता अपनी बेटी नेहा को उसके स्कूल छोड़कर आ रही होती है । तभी अचानक उसका मोबाइल बज उठता है । वह स्कूटी साइड करके मोबाइल पर बात करने लगती है)

मुक्ता : हाँ, बोलिए प्रकाशजी ।

...

मुक्ता : क्या ? दस बजे ही मीटींग है ! अच्छा कोई बात नहीं ... मैं साढ़े नौ बजे तक ऑफिस पहुंच जाऊंगी । ... चलिए फोन रखती हूँ ।

(मुक्ता फिर स्कूटी आगे बढ़ाती है। अभी कुछ ही दूर गई होती है कि फिर उसका मोबाइल बज उठता है। वह फिर अपनी स्कूटी को सड़क के किनारे करती है और:)

मुक्ता : अब क्या है ? अब किस लिए फोन किए हो ?

...

नहीं, आज मैं नहीं आ सकती।

...

क्यों नहीं आ सकती का क्या मतलब ? और सुनो ... यह पूछने का अधिकार गंवा चुके हो तुम... आज से तुम्हारी और मेरी दुनिया अलग है ... रास्ते भी अलग हैं।

...

तुम को जो करना हो, करो। मैं अपने घर से कहीं नहीं जाने वाली। तुमने खुद घर को छोड़ा है, मैंने तुम्हें निकाला नहीं है।

...

अब तुम इस घर में रहो या न रहो, आई डॉन्ट केयर। मैं इतना जानती हूँ कि यह घर मेरा है और तुमने मुझे तलाक दे दिया है। मैं अपनी मर्जी का मालिक हूँ।

... धमकी मत दो। वरना थाने के चक्कर काटने पड़ेगे। अदालत में भी दौड़ लगानी पड़ेगी।

(अचानक मोबाइल की आवाज बंद हो जाती है। मुक्ता अपनी स्कूटी फिर से आगे बढ़ाती है। कुछ दूर जाने के बाद उसका मोबाइल फिर से बज उठता है। वह फिर र अपनी स्कूटी साइड करती है और बतियाने लगती है।)

मुक्ता : हाँ, बोलो माँ।

...

नेहा को स्कूल पहुंचाकर घर जा रही हूँ।

...

आज नौ बजे ही ऑफिस जाना है। तीन बजे नेहा के स्कूल जाना होगा। उसकी तीन बजे छुट्टी हो जाती है। शाम को एक और मिटिंग है। घर आते-आते रात हो जाएगी।

...

हां माँ, तुम ठीक कह रही हो। नेहा को तुम्हारे पास छोड़ जाऊंगी। परेशान हो गई हूँ माँ।

...

क्या कह रही हो तुम ? मैंने तलाक लिया ? माँ मैंने तलाक लिया था उसने मुझे तलाक लेने मजबूर कर दिया ? मेरी यह परेशानी उसके साथ रहने से बिल्कुल कम है। उसने मेरे जीवन कोनरक बना दिया था।

...

खुली हवा में सांस ले पा रही हूँ, क्या यह कम है ? मुझे रोकने-टोकने वाला नहीं है, यह क्या कम अच्छी बात है ?

...

अच्छा, अब फोन रखो माँ। तुम्हें मेरी बात समझ में नहीं आएगी। मैं आकर बात करती हूँ। अभी देर हो रही है। घर जाकर खाना भी बनाना है।

(मोबाइल का सम्पर्क खत्म हो जाता है। मुक्ता अपनी स्कूटी तीव्रता के साथ कुदा देती है।)

दृश्य ३

स्थान : घर का एक कमरा

समय : रात का समय

(अविनाश अपने पलंग पर यूं ही लेटा हुआ है। सामने टेबुल पर मुक्ता की तस्वीर रखी हुई है। मुक्ता मुस्कुरा रही है। सामने दीवाल पर घड़ी टंगी हुई है। घड़ी की सुई ठीक १२ पर जाकर अटकी हुई है, चल नहीं रही। अविनाश काफी दु:खी और व्यथित है। वह मुक्ता की मुस्कुराती हुई तस्वीर को देखते हुए पागल-बड़बड़ाता है।)

अविनाश : मुस्कुराओ ! खूब मुस्कुराओ ! आज तेरे पास मुस्कुराने की वजह भी है। आखिर तुम मुझसे आजाद जो हो गई है। अपने मर्जी की मालिक जो हो गई हो।

(अविनाश को लगता है कि मुक्ता की तस्वीर उससे जवाब तलब कर रही है।)

नेपथ्य से : सारा आरोप मुझ पर ही मत लगाओ। केवल मैं ही तुमसे आजाद होना नहीं चाहती थी, तुम भी मुझसे आजाद होना चाहते थे। ...क्यों ... आज मेरी बहुत याद आ रही है क्या ? ... बना लो जाम ... और लगा लो अपने होठों से ... ... जब तक चाहो ... जितना चाहो ... ...पीते रहो शराब ... आज तुम्हें रोकने-टोकने वाली 'मैं' तो हूँ नहीं।

अविनाश : क्या मैं शराबी हूँ ? मैं शराब पीकर तुम्हें

मारता-पिटता हूँ ? ... तुम्हें तंग करता हूँ ?

नेपथ्य से : तो क्या तुम शराबी नहीं हो ? तुम शराब पीकर मुझे तंग नहीं करते थे...मारते-पीटते नहीं थे ?

अविनाश : आ जाओ मुक्ता ... आ जाओ ... .मैं तुम्हारे बिना नहीं जी सकता ... ...शायद मर भी नहीं सकता.. और शायद तुम भी ... ...

नेपथ्य से : इस गलतफहमी में मत रहना । तुम मेरे विना रह पाओ या नहीं, मगर मैं तुम्हारे बिना मजे से रह पाऊंगी । आखिर मेरे पास नेहा जो है ।

अविनाश : क्या संतान पति की जगह ले सकती है ? क्या संतान से पति से पूरी होने वाली जरूरतें पूरी की जा सकती हैं ?

नेपथ्य से : यह तलाक लेने से पहले सोचनी चाहिए थी ... ... मुझे भरी अदालत में नंगा करने से पहले सोचनी चाहिए थी । अब तो कुछ नहीं हो सकता ।

(अविनाश उदास आँखों से मुक्ता की तस्वीर निहारने लगता है । पॉकेट से सिगरेट निकालकर जलाता है और पीने लगता है । तभी उसका मोबाइल बज उठता है । वह मोवाइल उठाता है और बातें करने लगता है । उधर से मुक्ता बात कर रही होती है)

अविनाश : अभी मैं तुमसे ही बातें कर रहा था ।

उधर से : वातें कर रहा था ! क्या मतलब है तुम्हारा ?

अविनाश : मतलब यह है कि मैं तुम्हारी तस्वीर से बातें कर रहा था । डार्लिग ... .

उधर से : ओ...ए ... डार्लिंग ... वार्लिंग नहीं ... मैं तुम्हारी कोई डार्लिंग वार्लिंग नहीं हूँ । मैंने सिर्फ एक बात कहने के लिए फोन किया है ।

अविनाश : कहो ।

उधर से : अपनी बेटी से बात करो । यह तुम्हारे लिए रो रही है । स्कूल में कोई प्रोग्राम है । वहाँ माता पिता दोनों को जाना अनिवार्य है । जब से स्कूल से आई है, एक ही रट लगा रखी है... पापा को बुलाओ, कल पापा को स्कूल लेकर चलो ।

अविनाश : कहाँ है नेहा । मोवाइल दो उसको ।

(उधर से नेहा की आवाज सुनाई देती है)

नेहा : पापा... पापा ... तुम घर क्यों नहीं आए ? कल मेरे स्कूल में एक प्रोग्राम है, जिसमें आपको और माँ दोनों को एक साथ आना है ।

अविनाश : बेटा, ऐसा है कि मैं कल ऑफिस के काम से वाहर जा रहा हूँ । कल मैं नहीं आ सकता । अपनी माँ को ले जाना ।

(नेहा के रोने की आवाज सुनाई देती है । फिर अचानक मुक्ता की आवाज सुनाई देने लगती है)

मुक्ता : रुला दिया न बच्ची को ! मैं अच्छी तरह जानती हूँ कि तुम कल कहीं नहीं जा रहे हो । तुम केवल हम माँ बेटी को तकलीफ देना चाह रहे हो । अगर तुमने हमें समय दिया होता,तो यह नौबत ही नहीं आती ।

अविनाश : देवी जी ! देवी जी ! सुनिए ! इल्जाम मैं भी लगा सकता हूँ । जब हम अलग हो गए, तो फिर यह साथ-साथ होने का दिखावा क्यों ?

मुक्ता : मैं तुम्हें मेरे साथ घूमने, सिनेमा देखने या मौज मस्ती करने के लिए नहीं कह रही हूं । नेहा, केवल मेरी ही बेटी नहीं है, तुम्हारी भी है । और अभी वह इतनी बड़ी नहीं हुई है, जो तलाक का अर्थ समझ सके । कल अगर तुम नहीं आये ... ... तो देख लेना ... ... ।

अविनाब : क्या करोगी मुक्ता रानी ? जो करना है,अभी ही आकर कर जाओ न । मैं तुम्हारी राह देख रहा हूँ ।

मुक्ता : मैं... और तुम्हारे पास ... ... कभी नहीं ... मैं नहीं आ सकती ।

अविनाश : जब तुम मेरे पास नहीं आ सकती, तो तुमने यह कैसे समझ लिया कि मैं तुम्हारे पास आ जाऊंगा ... फिर चाहे वो नेहा के लिए ही क्यों न हो ।

मुक्ता : तो तुम सौदा कर रहे हो ?

अविनाश : जीवन ही एक सौदा है । इसे समझौता भी कहा जा सकता है । काश तुम समझ पाती !

(अचानक उधर से आवाज आनी बंद हो जाती है । अविनाश की नजरों के सामने उसकी बेटी नेहा का मासूम चेहरा झिलमिलाने लगता है ।)

दृश्य ४

स्थान : मुक्ता का कमरा

समय : रात का समय

(मुक्ता अपने पलंग पर लेटी हुई है । बगल में नेहा भी लेटी हुई है । कमरे में मद्धिम रोशनी है । मुक्ता अपने आप से बातें कर रही होती है ।)

मुक्ता : यह कैसा जीवन है । यह कैसी आजादी है ? पति

पत्नी का रिश्ता कैसा रिश्ता है ? भी चैन नहीं । भूलने की जितनी कोशिश करती हूँ, वह उतना ही याद आता है । पहले उसके साथ रहने से तकलीफ होती थी, अब उसके साथ नहीं रहने तकलीफ हो रही है । लाख कोशिश करती हूँ, कि लोग मुझे उसके नाम से नहीं जानें । मगर लोग आज भी मुझे अविनाश का एक्स वाइफ ही कहते हैं । और यह बगल में सो रही उसकी निशानी नेहा ... इसका मैं क्या करूं ? इसने तो और मुझे बेहाल करके रखा है । हर वक्त अपने पापा को खोजती रहती है । आज स्कूल के प्रोग्राम में भी अपने पापा के लिए कितना बेचैन हो गई थी । वो तो गनिमत है कि प्रोग्राम शुरू होने से पहले अविनाश आ गया और शांत हो गई । ... कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे तलाक का फैसला गलत है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम अलग होकर भी अलग नहीं रह सकते ? कहीं ऐसा तो नहीं कि हमें अलग रहने की टीस ता उम्र रहेगी ?

(इतने में मोबाइल बज उठता है । उधर से अविनाश होता है ।)

मुक्ता : जी कौन ?

अविनाश : मैं ... मैं तुम्हारा एक्स हसबैंड ।

मुक्ता : क्या मजाक कर रहे हो ? सीधे सीधे कहो, तुमने किस लिए फोन किया है ।

अविनाश : आज सीधे-सीधे कह रहा हूँ ... मैंने अपनी पत्नी मुक्ता के लिए फोन किया है ।

मुक्ता : क्या बक रहे हो तुम ? अब मैं तुम्हारी पत्नी नहीं हूँ ।

अविनाश : माफ करना मुक्ता डार्लिंग । यह अविनाश का पतिवाला टैग तो तुम्हारे साथ जीवन भर रहेगा... भले ही वह एक्स हसबैंड के रूप में ही क्यों न रहे ।

(मुक्ता के जोर-जोर से बोलने के कारण नेहा जग जाती है । और अपनी माँ से पूछती है ।)

नेहा : क्यों चिल्ला रही हो माँ ? और किस पर चिल्ला रही हो ? पापा ने फोन किया है क्या ?

मुक्ता : तुम सो जाओ नेहा । पापा ने फोन नहीं किया है, रॉन्ग नंबर है ।

नेहा : नहीं ... मुझे लगता है कि पापा हैं । तभी तुम इतना गुस्सा कर रही हो । दो... दो मुझे... मैं भी पापा से बात करूंगी । उन्हें थैंक्यू कहूँगी ।

मुक्ता : थैंक्यू ? किस लिए ?

नेहा : वो आज मेरे स्कूल में आए थे न, इसलिए । मेरी टीचर ने कहा था कि चाहे जो हो जाए, लेकिन तुम्हारे पापा नहीं आएंगे ।

मुक्ता : क्यों ? ऐसा क्यों कहा था उन्होंने ?

नेहा : मुझे नहीं मालूम माँ ।

मुक्ता : यह दुनिया भी न !

अविनाश : (उधर से) क्या हुआ डार्लिंग ! क्या हो गया दुनिया को ?

मुक्ता : कुछ नहीं । लो, अपनी लाड़ली से बात करो । यह तुम्हें थैंक्यू कहना चाहती है ।

(मुक्ता नेहा को मोबाइल थमा देती है । नेहा बोलने लगती है ।)

नेहा : थैंक्यू पापा ।

अविनाश : थैंक्यू किसलिए बेटा ?

नेहा : आज आप स्कूल में आए न, इसलिए ।

अविनाश : यह क्या बात हुई ? बेटा बुलाए और बाप न आए ! ऐसा कभी हो सकता है ?

नेहा : तो पापा, आ जाओ न घर ।

अविनाश : अभी !

नेहा : हाँ, अभी ।

अविनाश : नहीं बेटा, अभी नहीं ... अभी बहुत रात हो चुकी है । तुम सो जाओ ... मैं फिर कभी आता हूँ ।

नेहा : फिर कभी नहीं... कल सुबह होते आना पापा । मैं आपके साथ स्कूल जाऊंगी ।

(नेहा अपनी माँ को मोबाइल थमा देती है और सोने का उपक्रम करने लगती है । मुक्ता कभी मोबाइल, जिससे अभी भी आवाज आ रही है, 'मुक्ता ! बेटी मुझे बुला रही है । कभी तुम भी बुलाकर देखो न !' को देखती है तो कभी नेहा के मासूम चेहरे को, जिसपर इस विश्वास का रंग चढ़ा है कि कल उसके पापा आएंगे ।)

(पर्दा गिर जाता है ।)

अनु : नाटककार स्वयं

नेपाल भाषा नाटक

रोती जिंदगी

पद्मरत्न तुलाधर

पर्दा उठता है

स्थान : किसी सड़क का फूटपाथ

(फूटपाथ पर तीन-चार लोहे की कुर्सियां रखी हुई हैं। एक कुर्सी पर एक सुंदर लड़की बैठी और जोर-जोर से रोती हुई दिखाई देती है। यह किसी को नहीं मालूम है कि वह लड़की उस तरह जोर-जोर से क्यों रो रही है ?। राहगीर उस लड़की को रोते हुए देखते हैं और आश्चर्यचकित होते हुए आगे बढ़ जाते हैं। राहगीरों में कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें उस लड़की का रोना अच्छा नहीं लगता। उन्हें वहाँ उस लड़की को रोते हुए छोड़कर जाना अच्छा नहीं लगता। धीरे-धीरे चार पांच राहगीर एकत्रित हो जाते हैं। वह लड़की कभी जोर-जोर से तो कभी धीरे-धीरे रो रही हैं। एक अधेड़ औरत उसके करीब जाती है और पूछती है।)

औरत : क्या हुआ बेटी ? क्यों रो रही हो ? (लड़की चुप होने का नाम ही नही लेती, रोती ही रहती है)
बोलो, कुछ तो बोलो। आखिर क्या हुआ है जो रोए जा रही हो ?
(वह लड़की अभी भी चुप नही होती, रोना बंद नहीं करती। इतने में वहाँ एकत्रित लोगों में से एक लड़का सामने जाकर खड़ा हो जाता है और)

लड़का : दीदी ! क्या हुआ ? क्यों रो रही हो ? मुझे बताओ। मैं तुम्हारी मदद करने को तैयार हूँ। बोलो न दीदी !
(वह लड़की उस लड़के की बात की अनसुनी करती दिखाई देती है। वह चुप नहीं होती, बल्कि और जोर-जोर से रोने लगती है। वहाँ पर इकट्ठे हुए लोगों में से कोई भी उस लड़की को मना नहीं सका। इतने में एक बुजुर्ग आदमी वहाँ पहुंचता है और से पूछता है:)

बुजुर्ग आदमी : (लोगों से) क्या हुआ ? यह लड़की क्यों रो रही है ? कौन है यह ? किसी ने कुछ किया क्या ?
इसके घर में किसी की मौत हुई है क्या ? कहीं इसका कुछ खो तो नहीं गया है ? लगता है, इसके जीवन में जरूर कोई घटना या दुर्घटना घटी है। तभी तो इस तरह रो रही है बेचारी !

लड़का : मैंने भी इसके रोने की वजह जानने की काफी कोशिश की है चाचा ! मगर यह लड़की कुछ बोलती ही नहीं। रोए जा रही है, बस रोए जा रही है ! मैंने यहाँ तक कहा कि हम तुम्हारी सहायता करने को तैयार हैं, बताओं, क्यों रो रही हो ? मगर यह लड़की चुप होने का नाम ही नहीं ले रही है।

औरत : मैं भी तभी से देख रही हूँ, यह लड़की रोए ही जा रही है, चुप होने का नाम ही नहीं ले रही। हाय ! विपतियों का पहाड़ टूट गया है शायद। जरूर कोई दर्दभरी घटना घटी होगी ? हाय ! कितनी रो रही है बेचारी ! इसे यूं रोते देख मुझे भी रोना आ रहा है। (औरत सिसकियां लेने्लगती है।)

लड़का : (औरत को राते हुए देखकर) अरे चाची ! आप भी रोने लगीं ? अब क्या होगा ? अब दीदी को कौन चुप कराएगा ? कौन मनाएगा ? देखिये चाची, आप चुप हो जाइए। आखिर हमें ही तो मनाना है।

बुजुर्ग आदमी : (लड़के को देखते हुए) लगता है, मैंने तुमको कहीं देखा है। शायद मैं तुम्हें पहचानता हूँ ! क्या तुम्हें कुछ याद है क़ि हम कहाँ मिले थे ? मुझे तो कुछ याद नहीं आ रहा !

लड़का : (याद करने की कोशश करते हुए) अरे हाँ, हाँ, याद आ गया। मैं बैंक में काम करता हूँ न, आप तो वहाँ आते-जाते रहते हैं। शायद वहीं देखा होगा !

बुजुर्ग आदमी : हाँ, हाँ ! मुझे भी याद आ गया। माफ

करना बेटा, बुढ़ापे में स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती है।

(कुछ याद करने की कोशिश करते हुए) बेटा, तुम्हारा ... नाम ... अमर है न ?

अमर : हाँ, चाचाजी ! मैं अमर ही हूँ। मुझे अब आपका नाम भी याद आ रहा है, आप चंद्रज्योति सेठ हैं न ?

चंद्रज्योति : आखिर हम जाने-पहचाने निकल गये।

अमर : जी !

चंद्रज्योति : हमें सबसे पहले उस लड़की को चुप कराना चाहिए।

अमर : सही कह रहे हैं आप ! हमें उसे चुप कराना ही होगा। वरना वह हम सब को रूला देगी। देख रहे हैं न, कितनी रो रही है। ऐसा लगता है कि उसकी आँखों गंगा-जमुना बह रही है।

(इतने में निमा वहाँ आ जाती है। वह सफेद साड़ी पहनी हुई है।)

निमा : (उस लड़की के पास जाकर) सुधा ! तुम अभी तक रो रही हो ? बस ! अब रोना-धोना बंद करो और घर चलो। (वह लड़की यानि कि सुधा अब भी रोए जा रही है।)

औरत : (निमा से) क्या आप इसको जानती हैं ? यह लड़की बहुत देर से रो रही है, चुप होने का नाम ही नहीं ले रही। खुद रो रही है, और हम सभी को भी रुला रही है।

निमा : (औरत से) चाची ! आप क्यों रो रही हैं ? चलिए, आप चुप हो जाइए। देखिए, यह मेरी सहेली है और मैं इसे मनाने के लिए ही यहाँ आई हूँ। मेरा तो इसे चुप कराना और मनाकर घर ले जाना, रोज का काम हो गया है। (खुद रोती हुई) प्लीज सुधा ! चुप भी हो जा। चल अब घर चलते हैं। देखो तो ये लोग भी रोने लगे हैं ।

चंद्रज्योति : (निमा से) देवी जी ! अगर आप जानती हैं तो हमें बताइए कि लड़की इस तरह फूट-फूटकर क्यों रो रही है ? आखिर क्या हुआ है इसके जीवन में ? इसे यूं रोते देख हमें भी रोना आ रहा है। मैं आज इधर सुबह की सैर करने आया, तो देखा कि यह लड़की यहाँ रो रही है। आप तो इसकी सहेली हैं न ! तो आपको जरूर पता होगा कि यह क्यों रो रही है ?

अमर : हाँ, दीदी ! आप हमें बताइए न, यह दीदी क्यों रो रही है ? क्या तकलीफ है इनको ? अगर हमारी सहायता की जरूरत हो, तो हम सहायता करने के लिए तैयार हैं।

निमा : (रोते हुए) ठीक है। मैं बताऊंगी, इसके रोने के कारण। मगर जरा ठहरिए। मैं भी खुद को संभाल नहीं पा रही। (सुधा को गले लगाते हुए) देखो सुधा ! अब बस करो ! बहुत हो गया। यह रोना-धोना बंद करो। चलो, मैं तुम्हें तुम्हारे घर छोड़ देती हूँ। मैं तुमसे विनती करती हूँ, सुधा। हाथ जोड़ती हूँ, तुम्हारे आगे। (इतना कहकर सुधा भी जोर-जोर से रोने लगती है।)

औरत : (सुधा और निमा की कुसी के बगल में रखी हुई कुर्सी पर बैठते हुए) बेटी ! आखिर तुम इस तरह क्यों रो रही हो ? अब चुप हो जाओ। देखो, तुम्हें रोते हुए देख हमें भी रोना आ रहा है। सच कहो, तुमने हम सबको रुला दिया है। बेटा, अब चुप हो जाओ !

चंद्रज्योति : (निमा से) देवी जी ! आप भी रोने लगीं ? प्लीज आप रोना छोड़कर हमें यह बताएं कि यह लड़की इस तरह क्यों रो रही है ? दुःख तकलीफों को याद करके आखिर कब तक रोया जा सकता है। देखिए, किसके जीवन में दुःख नहीं होता। कुछ दिन पहले हुए प्लेन एक्सिडेंट में मेरे जवान बेटे की मौत हो गई। हाय ! कितनी दर्दनाक मौत थी उसकी ! कितना छटपटाकर मरा होगा मेरा बेटा ! उसकी लाश लाश न थी, माँस का लोथड़ा थी। मैं अपने बेटे सगुन को भुला न पाया। याद करते आँखें बरसने लगती हैं। कलेजा मुंह को आ जाता है। (चंद्रज्योति फूट-फूटकर रोने लगता है।)

औरत : (रोते हुए) ऐसा लगता है, हम सभी के नसीब में रोना ही लिखा है। मैं आपको क्या बताऊं, कैसे बताऊं। एक साल पहले की बात है, मेरे बेटे और बहू को अमेरिका में आतंककारियों ने मार डाला। मेरे बेटे और बहू अमेरिका में एक बड़े दफ्तर में नौकरी कर रहे थे। आतंककारियों ने उसी दप्तर में बम विष्फोट किया था, जिससे सौ से भी ज्यादा लोगों की जाने गई थीं। मेरी इकलौती संतान, अब दुनिया में नहीं है। मेरी प्यारी बहू भी नहीं है। उनकी याद आते ही कलेजा मुंह को आता है। (फफक कर रोते हुए) वह म्हपूजा के लिए घर आया था। वापस जाने के बाद यह घटना घट गई। (जोर-जोर चिल्लाते हुए) मेरे बेटे ! मेरे सबीन ! मुझे छोड़कर क्यों चले गये ? मुझे भी अपने पास बुला लो।

अमर : (औरत के पास जाकर) चाचीजी ! अब आप भी चुप हो जाइए । देखिए, आपको रोते देखकर मुझे भी रोना आ रहा है ।

चंद्रज्योति : (अमर से) बेटा, देखो ! हमारे जैसी अगर तुम्हारी भी कोई दु:ख भरी कहानी है, तो कह डालो । तुम भी जी भरकर रो लो, ताकि जी हलका हो जाय ।

अमर : सेठजी ! मैं क्या बताऊं ? मैंने भी बहुत रोया है । छह महीने पहले की बात है, मेरी यूरी, मेरी प्यारी पत्नी को एक माइक्रोबस ने कुचल कर मार डाला । कॉलेज से पढ़ाकर बाहर सड़क पर निकली थी । इतने में माइक्रोबस ने कुचल कर मार डाला । चार महीने की गर्भवती थी वो । (रोते हुए) अस्पताल में जाकर देखा था मैं । उस वक्त तक वह जिंदा थी, सांसे चल रही थीं । मगर कुछ देर के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । उसके सर, हाथ और पैर चारों तरफ घाव थे । मुझे अब भी याद है, उसने मुझसे कहा था,-'मुझे बचा लो अमर ! मैं मरना नहीं चाहती ।' लेकिन मैं चाहकर भी उसे बचा नहीं सका । मैं निरीह था, मजबूर था । यह दर्द नासूर बन गया है, चाचा ! सहा नहीं जाता । (अमर रोने लगता है)

निमा : आप तीनों के जीवन में अपनी-अपनी ट्रेजडी रही है । लगता है, आप लोग भी जीवन भर रोते ही रहे हो । मैं भी इससे बची कहाँ हूँ ? मेरे जीवन में भी ट्रेजडी हुई है । और ऐसी हुई है, क्या कहूँ ?

भगवान करे, उस तरह की ट्रेजडी किसी के साथ न हो । मेरे पति, मैं और मेरे बेटे और बेटी घूमने के लिए पोखरा गए थे । वहाँ के फेवाताल में मेरी आँखों के सामने मेरे पति, मेरे बेटे और मेरी बेटी डूब गए । हमने बहुत देर तक तलाश की, मगर नहीं मिले । और जब मिले तो उनकी जानें जा चुकी थीं । पल भर में मेरा जीवन उजड़ गया था । मेरी जान मुझसे दूर चली गई थी । मैं निष्प्राण बनकर रह गई । मैं किसी को भी बचा नहीं सकी । जिंदगी लेकर गई थी, लाश लेकर लौटी । (रोते हुए) उफ ! यह दर्द ! यह पीड़ा ! जीवन भर सालते रहे । मैं कैसे सह पाई, समझ में नहीं आता । हाय ! कैसे कहूँ आगे की बात ? नियति का खेल देखिए ! उनकी चिता को अग्नि मुझे ही देनी पड़ी । (फफक कर रोते हुए) जाने कितनी बार बेहोश हुई थी मैं ! हे ईश्वर ! यह क्या हो गया मेरे साथ ?

म्हपूजा : नेवार समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार, जिसमें अपने ही शरीर की पूजा की जाती है ।

अमर : (सुधा को उठते हुए देखकर) लगता है, दीदी कुछ कहना चाह रही है । हमें इसकी बातें सुननी चाहिए ।

निमा : सच सुधा ? (सुधा को सहारा देकर उठाकर फिर से बिठाते हुए) बोलो सुधा । अपने मन की बात कह डालो ।

(सुधा पहले की तरह ही कभी जोर से कभी धीरे से रो रही है ।) मुझे लगता है कि सुधा अपनी बात नहीं कह पाएगी । मैं ही कह देती हूँ, इसकी ट्रेजडी । (सिसकती हुई) मुझे लगता है कि आप लोग मेरी सहेली सुधा की बात सुन नहीं पाएंगे । मैं भी कह पाऊंगी या नहीं, कह नहीं सकती । सुधा की माँ, बाप, सास और ससूर सभी भूकंप में अपने घर में ही दबकर मर गए । उस दिन यानि कि शनिवार के दिन, सुधा अपने पति के साथ घूमने के लिए दामन गई थी । उसने वापस आने पर देखा कि उनका घर ढहकर गिरा पड़ा हुआ था और उनके माँ बाप, सास और ससूर का कोई अता-पता नहीं था । कई दिनों के बाद सेना ने उसके घर के मलवे हटाया, तो उनकी लाशें मिलीं । (सुधा रोने लगती है । अमर कभी इधर तो कभी उधर टहल रहा है । चंद्रज्योति विचलित हो उठता है ।

चंद्रज्योति : बस करो बेटा, कुछ मत कहो । मैं नहीं सुन पाऊंगा । हाय ! कितने छटपटाए होंगे वे । कैसी भयानक मौत मिली उन्हें !

निमा : (रोती हुई) आज भी सुधा के कानों में भूकंप आने की आवाज गूंजती है । आज भी उसकी आँखों में उसके माँ, बाप, सास और ससूर के दबकर मरने का मंजर दिखाई देता है ।

औरत : सचमुच यह असहनीय पीड़ा है । लेकिन जीना तो पड़ता ही है न बेटा । अब चुप हो जाओ । मत रोओ ।

निमा : चाची ! सुधा की तकलीफे यहीं खत्म नहीं हुई ।

चंद्रज्योति : क्या कोई इससे भी बड़ी तकलीफ हो सकती है भला ?

निमा : हाँ चाचाजी । मैं बताती हूँ । सुधा के पति एक बहुत ही इमानदार और सीधा सरल आदमी थे । एक दिन इसी जगह पर बैठा था । चार आदमियों ने उसे गोली मार दी और उसे मरा हुआ छोड़कर भाग

गए। बाद में पता चला कि सुधा के पति को बदमाश ठीकेदारों ने हत्या की थी। सुधा के पति ने जोर से चिल्लाते हुए इसका हाथ पकड़कर कहा था, 'मार डाला ! मुझे बचा लो।' यही बात सुधा को खाती है और उसे चैन से रहने नहीं देती। सुधा उस घटना की याद आते ही रोने लगती है।

औरत : हाय अम्मा ! (मुंह में साड़ी का पल्लू ठूसते हुए) मेरी बेटी ... (रोते हुए) उन हत्यारों को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए।

अमर : बहुत बड़ा हादसा है यह। बहुत वड़ी ट्रेजडी है। जव सुनकर ही रोने का मन करने लगता है,तो बेचारी दीदी तो ... इसकी तो आँखों के सामने ... ... (उधर सुधा के रोने की आवाज तेज होती जाती है।)

निमा : एक बात और है। सुधा की एक प्यारी सी बेटी थी। बिल्कुल गुड़िया-सी। अपने कक्षा में हमेशा फर्स्ट आती थी। पंद्रह साल की थी, और दसवीं में पढ़ रही थी। (सभी ध्यान देकर सुन रहे हैं। लेकिन सुधा फिर से रोने लगती है।) एक दिन स्कूल के ही तीन राक्षस शिक्षकों ने उसका बलात्कार किया और मारकर उधर ... (हाथ से इशारा करके बताते हुए) तुकुचा नदी में फेंक दिया। (सभी स्तब्ध हो जाते हैं। सभी का समवेत स्वर सुनाई देता है,-'जिंदा दफना देना चाहिए राक्षसों को)

अमर : मैं मारूंगा उन राक्षस मास्टरों को।

औरत : हाय ! कैसे बर्दाश्त की होगी वह दरिंदगी। रोओ बेटा, जी भर के रो लो। (खुद रोने लगती है।)

चंद्रज्योति : बहुत बुरा हुआ है इस लड़की के साथ। ऐसी वात से कोई भी विचलित हो उठेगा। इस लड़की की बेटी के साट ... राक्षसों ने क्या ... अरे देखो ... देखो ... क्या कर रहा है ? मुझसे तो सुना भी नहीं जा रहा। (रोने लगता है।)

निमा : इसीलिए मेरी सहेली सुधा यहाँ सप्ताह में एकबार आती है और इसी जगह पर बैठ कर नदी की ओर देखते हुए रोने लगती है। वह याद कर-कर के रोने लगती है। (सुधा रोने लगती है।) मैं भी अकेली हूँ। लेकिन क्या करूं मेरा मन नहीं मानता। आखिर यह मेरी सहेली है। इसलिए मैं यहाँ आती हूँ और इसको समझा-बुझाकर घर छोड़ जाती हूं। हम दोनों की किस्मत में रोना ही लिखा है। (रोती हुई) सुधा, मेरी बात मानो। रोना बंद करो और घर चलो। (निमा सुधा को उठाकर गले लगाती है, और हाथ पकड़ कर आगे बढ़ने लगती है।)

चंद्रज्योति : हम सभी को रोना आ रहा है। (रोते हुए) अच्छा तो मैं चलता हूँ। (चंद्रज्योति अपने घर की ओर जाने लगता है।)

अमर : (रोनी सूरत बनाकर) मैं भी जा रहा हूँ ... (अमर आगे बढ़ जाता है।)

औरत : चलिए चलते हैं। मैं क्या कहूँ। मेरे लिए तो रोना ही एक कार्य बन गया है। (वह रोते हुए आगे

निमा : मैं तो कभी चुप ही नहीं रह सकती। रोना ही जीवन बन गया है। मेरे कलेजे में जलन है। (रोने लगती है। सुधा भी यहीं आकर जीवन भर रोती रहेगी। (सुधा रोने लगती है। निमा उसके हाथ पकड़कर घर की ओर चल देती है। सुधा भी धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए तथा रोते हुए अपने घर की ओर चल देती है।)

(पर्दा गिर जाता है)

अनुवाद : रमेशकाजी स्थापित

थारू नाटक

अग्नि परीक्षा

सुशील चौधरी

पात्र परिचय

हर्कमान : सुन्तली के दादा, ६५ वर्ष
वीरमान : सुन्तली के पिता, ४५ वर्ष
तीला : सुन्तली की माँ, ४० वर्ष
सुन्तली : हर्कमान की पोती, १० वर्ष
मनकली : सुन्तली की सखी, ९ वर्ष
दिलमाया : सुन्तली की सखी, १० वर्ष
चौकीदार : ४५ वर्ष
कोतवाल : ४५ वर्ष
सेविका १
सेविका २
सेविका ३
धोबी : ४० वर्ष
धोबिनः ३५ वर्ष
श्रीरामचन्द्र : ३५ वर्ष
सीता : ३० वर्ष
सेनापति १
सेनापति २
राजगुरु : ६५ वर्ष
राथा : ग्रामीण महिला
उत्तरा : शिक्षिका
मनसरी : ग्रामीण महिला

दृश्य : एक

(स्थान विद्यालय का खेल का मैदान, जहाँ छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे हैं ।)

सुन्तली : मनकली ! अरे मनकली ! आओ न, मैदान में खेलने के लिए चलते हैं ।

मनकली : दिलमाया ! चलो चलते हैं खेलने । सुन्तली हमें स्कूल के मैदान में खेलने के लिए बुला रही है ।

दिलमाया : कुछ देर रुको तो सही । मेरा होमवर्क खत्म होने ही वाला है । फिर एक साथ चलेंगे । (घर के फर्श पर बिछे पुआल से बने आसन' गुन्द्री' पर बैठकर दिलमाया जल्दी-जल्दी अपना गृहकार्य करने लगती है । मनकली उसे ध्यानपूर्वक देखती है ।)

मनकली : (मुँह फुलाकर, कुछ नाराज मुद्रा में) तुमने तो अपना सारा होमवर्क कर लिया । मैं कब करूँगी ? इस सुन्तली के कारण मैं कुछ नहीं कर पाई । नहीं तो मैं भी अपना काम खत्म कर लेती ।

सुन्तली : अरे ! थोड़ा-सा होमवर्क ही तो है । शाम का खाना खाने के बाद लिख लेना । कुछ ही पलों में खत्म हो जाएगा ।

दिलमाया : (बोल-बोल कर लिखने लगती है) नेपाल का राष्ट्रीय जानवर गाई (गाय) है ।

सुन्तली : दिलमाया ! ये 'गाई' लिखते समय 'ई' में सींग क्यों लगाया जाता है ?

दिलमाया : मुझे क्या पता ? किताबों में इसी तरह लिखा होता है, इसलिए मैं भी इसी तरह लिख लेती हूँ ।

सुन्तली : नेपाली पढ़ाने वाले शिक्षक से मैंने जब पूछा था तो उन्होंने कहा था कि गाय के सींग होते हैं, इसलिए 'गाई' में सींग लगाया जाता है । एक दिन हमें 'राई' सर पढ़ाने आए । 'राई' के 'ई' में भी सींग तो देखा मैंने । लेकिन 'राई' सर के तो सींग नहीं थे । (हँसती है---हा...हा...हा ...)

मनकली : कितना हँसाती हो तुम भी । बड़ी होकर तुम धुर्मुस की सुन्तली बनोगी शायद । हँसते-हँसते पेट दर्द होने लगा है मेरा तो ... (हा...हा हा हा हा हा हा हा)

सुन्तली : किसीका मज़ाक उड़ाना तो कोई तुमसे सीखे । छोड़ो ये सब बातें । चलो अब ! सब मिलकर खेलने चलते हैं । (खेलने के लिए मैदान की ओर निकल पड़ते हैं ।)

दिलमाया : लेकिन हम खेलेंगे क्या ?

सुन्तली : तारा बाजी लै लै । (सभी बच्चे गोलाकार घेरा बनाते हैं और गीत गाते हैं) गोल-गोल घेरा बनाएँ आओ सब मिलकर, आओ सब मिलकर । (फिर क्रमशः ... सभी मिलकर गीत गाना शुरू करते हैं ... तारा बाजी लै लै..)

तारा बाजी लै लै
मामा आए घोड़ा
माइजु आइन सोली
काफल गेड़ी कुटुक्क
निदाइ जाउ सुटुक्क । (सभी बच्चे सोने का नाटक करते हैं ।)

(सुन्तली के दादा जी खाँसते हुए वहाँ आ पहुँचते हैं ।)

हर्कमान : (खाँसते हुए) अरे ! इतनी शाम तक ये बच्चे यहाँ क्यों खेल रहे हैं ? सुन्तली ! चलो घर चलते हैं, बेटा । और सुनो बच्चो ! तुम सब भी अपने-अपने घर जाओ । होमवर्क भी तो नहीं किया होगा तुम सबने ?

सभी बच्चे : (एक साथ) ठीक है दादा जी । (सभी बच्चे अपने-अपने घरों की ओर चल पड़ते हैं ।)

सुन्तली : दादा जी ! आज आप कौन-सी कहानी सुनाएँगे ?

हर्कमान : तुझे तो कहानी सुनने की ही पड़ी है । अँधेरा होने चला है । जल्दी चल, तेरी माँ तुझे ढूँढ़ते हुए आ पहुँचेगी अभी ।

सुन्तली : (दादा जी का हाथ पकड़ कर झिंझोड़ते हुए) दादा जी ! आप भी । बताइए न, कौन-सी कहानी सुनाएँगे ? मैं अपने दोस्तों को भी बुलाऊँ कहानी सुनने ?

हर्कमान : अच्छा, ठीक है । कल गाँव में 'सीता दहन' नाटक दिखाने आ रहे हैं हसनापुर से । सुना है, रामायण की कहानी पर आधारित है नाटक । उसके वाद मैं कोई नई कहानी सुनाऊँगा , बेटा । (अपने घर के आँगन में उपस्थित होते हैं । कुत्तों के भौंकने की आवाज़ आती है ।)

तीला : अरे ! इतनी देर तक तुम कहाँ खो गए थे ? तुम्हें ढूँढ़ते हुए कबसे निकले हुए हैं । कहाँ थे तुम ?

हर्कमान : मैं पीपल चौक से घर की ओर आ रहा था । सुन्तली और उसके दोस्त स्कूल के मैदान में खेल रहे थे । मैं लेकर आया इसे । (सुन्तली डर जाती है । कुत्ते भौंकने लगते हैं । सुन्तली के पिता जी भी आ पहुँचते हैं ।)

वीरमान : कब आ पहुँचे ये दोनों?

तीला : अभी-अभी आ पहुँचे हैं ।

वीरमान : आजकल रेडियो से बहुत बुरी-बुरी घटनाएँ और खबरें सुनी जा रही हैं । चलते-फिरते भी बहुत ध्यान रखना पड़ता है । शाम के वक्त ज्यादा देर तक मत खेलना, बेटा ।

सुन्तली : (सिर हिलाते हुए) ठीक है पापा । नहीं खेलूँगी ।

तीला : अरे ! बात ही करते रहोगे? खाना तैयार हो चुका है । खाने के लिए आ जाओ जल्दी । (सभी रसोईघर की ओर चल पड़ते हैं ।)

चौकीदार : (ऐलान करते हुए) सुनो ! सुनो ! ! सुनो ! ! ! गाँव के सभी भैया- भाभी, दीदी-बहन, चाचा-चाची, मामा-मामी, दादा-दादी, नाना-नानी, मुन्ना-मुन्नी और सभी बच्चो, सुनो ! सभी गाँव वालो, सुनो !! कल शनिवार छुट्टी के दिन, दोपहर ठीक ग्यारह बजे, स्कूल के मैदान में, हसनापुर वाले' सीता-दहन' नाटक दिखाने आ रहे हैं । इसी सूचना के माध्यम से आप सभी को नाटक देखने का हार्दिक आमंत्रण दिया जा रहा है । नाटक देखने के लिए सपरिवार अवश्य आइए ...अवश्य आइए ...अवश्य आइए ...

(पर्दा गिरता है ।)

दृश्य : दो

(गाँव के विद्यालय का खेल का मैदान । नाटक का मंच । नाटक का मंचन प्रारंभ होता है ।)

कोतवालः (नगाड़ा बजाते हुए) डम... डम... डम... डम...डम । अयोध्यावासी सभी नागरिको ! मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र चौदह वर्ष के कठोर वनवास से लौटकर आ चुके हैं । उनके लिए शुभ राज्याभिषेक सभा होने जा रही है । उनके स्वागत और सत्कार के लिए पुष्पगुच्छा सहित सभी को तैयार रहने के लिए आग्रह किया जाता है । (भव्यता के साथ शुभ राज्याभिषेक समारोह का आयोजन होता है । राम, लक्ष्मण और सीता विशेष पोशाकों में सुसज्जित हैं। राजगुरु, राजा दशरथ के परिवार के सभी सदस्य, अन्य अगणित गणमान्य व्यक्तियों की भव्य उपस्थिति देखी जाती है । गीत-नृत्यों के साथ उत्सव का वातावरण प्रदर्शित किया जाता है ।)

सेविका १ : हमारे राजा राम और रानी सीता चौदह वर्ष का कठोर वनवास काटकर लौटे हैं, लेकिन उनके चेहरों की सुंदरता तिल मात्र भी कम नहीं हुई है । उनके चेहरों पर वही कांति है जो चौदह वर्ष पहले थी ।

सेविका २ : (मसखरी करते हुए) अरे ! भाई लक्ष्मण को तो देखो । भैया राम के साथ वनवास के लिए निकलते समय छोटा बच्चा जान पड़ता था । और अब देखो, कैसा मुछैल जवान बनकर लौटा है । हि...हि...हि...(दोनों हँस पड़ती हैं ।)

सेविका १ : अब तो राम का राज्य होगा । सुख के दिन आएँगे । अब दुख के दिन गए सभी के ।

सेविका ३ : तब तो...(सेविका २ की ओर दिखाते हुए) इस पिंगला की शादी भी जल्दी-से-जल्दी हो जाएगी और इसके सुख के दिन भी जल्दी आ जाएँगे ... (हि...हि...हि...करते हुए दोनों हँसने लगती हैं ।)

सेविका २ : और तेरी कौन कहे ! दूसरों का मज़ाक उड़ाना तो कोई तुमसे सीखे ...तेरी तो मैं ...(मारने दौड़ती है । सेविका १ और ३ मंच का चक्कर लगाते हुए मंच से बाहर निकलती हैं ।)

(पर्दा गिरता है ।)

दृश्य : तीन

(धोबी की झोपड़ी । धोए हुए कपड़ों की बड़ी-सी गठरी ढोते हुए धोबी घर लौटता है । घर में पहुँच कर पत्नी को ऊँची आवाज़ देकर बुलाता है, परंतु कोई आवाज़ नहीं आती ।)

धोबी : ये आज भी घर में नहीं है । कहाँ जाती है आज कल ये !? अरे कालु की माँ ! पानी तो ले आओ । प्यास लगी है । जल्दी करो । ये कपड़े भी सुखाने हैं । अरे ! सुनती क्यों नहीं हो? (गुस्सा करते हुए ...) कहाँ मर गई कालु की माँ ! भूख भी लगी है जोरों की । कहाँ मरती है दिन भर ये ! आज मैंने इसकी टाँगें न तोड़ी तो मेरा नाम नहीं ...(मंच के चारों ओर अंटशंट बकते हुए घूमता है और बाहर निकलता है ।)

लाडली : (चुलबुले ढंग से गुनगुनाते हुए मंच में प्रवेश) राम गए चौदह वर्ष के लिए वन में, स्वर्णमृग पकड़ने गए पंचवटी वन में ...कहकर गाने के दिन भी चले गए अब । राम के वनवास से लौटने और राजा बनने के बाद तो राज्य में चमत्कार ही हुआ है । हर कहीं सब कुछ अच्छा ही अच्छा होता जा रहा है । लेकिन मेरे घर में भी कुछ अच्छा होगा या नहीं ।आज भी मेरे घर आने में देरी हो गई । पता नहीं, मेरा पति आज मेरा क्या हाल करेगा ? डर ही लग रहा है । - ऐसे में बहुत ही क्रोधित मुद्रा में धोबी का प्रवेश ।)

धोबी : अच्छा ! महारानी का शुभागमन अब और इधर से हो रहा है !? औरत होकर इतनी रात को तू अपने घर आ रही है ? आज तू घर में घुसकर तो देख । तेरी तो आज मैं हड्डी-पसली तोड़ कर रख दूँगा । मैं सुबह से शाम तक मर-मर कर काम करता हूँ, कपड़े धोता हूँ, थकान से चूर होकर घर लौटता हूँ ।और तू...तू दिनभर परपुरुषों के संग रंगरेलियाँ मनाती है और मेरी जगहँसाई करती फिरती है ?

लाडली : मैं मेरी बड़ी दीदी के यहाँ गई थी । मेरे आने में कुछ ही तो देरी हुई !

धोबी : कल छोटी दीदी के यहाँ, आज बड़ी दीदी के घर, कल छोटे भैया के यहाँ, परसों बड़े भैया से मिलने । तेरे सारे बहाने मैं समझता हूँ । -लाडली धोबी की लाई हुई कपड़ों की गठरी खोलने के लिए पहुँचती है और गठरी खोलने लगती है ।) छुओ मत मेरी गठरी को ! जरूरत नहीं है तुझे कपड़े सुखाने की । मैं खुद सुखाऊँगा मेरे धोए हुए कपड़े । निकल जा तू मेरे घर से, कलमुँही, अभी ! इसी वक्त !! -लाडली के बाल खींच कर उसे जमीन पर घसीटता है । लाडली जोर-जोर से रोने लगती है ।)

लाडली : (रोते हुए) हे राम ! मुझे बचाओ, प्रभु ! मुझे बचाओ !!

धोबी : अच्छा ! राम-राम !! आठों पहर कुछ करती तो नहीं और राम का नाम लेती हो ! काम की न काज की, दुश्मन अनाज की । निर्लज्ज ! (लाडली को बेरहमी से पीटने लगता है ।)

लाडली : राम की कसम ! भगवान की कसम !! बहुत दिन हो गए थे, इसलिए मैं बड़ी दीदी के यहाँ गई थी । विश्वास कीजिए, स्वामी ! राम की कसम ।

धोबी : राम का तो नाम भी मत लो मेरे सामने, समझी ? रावण से अपहृत पत्नी को स्वीकार करने वाले निर्लज्ज राम जैसा नहीं हूँ मैं । दूर हो जा मेरे सामने से । निकल जा घर से, इसी वक्त ! तेरा चेहरा भी नहीं देखना है मुझे । (मंच से बाहर

निकलता है । लाडली रोते हुए विलाप करती है । करुण स्वर में गीत बजता है । राम भी उसी रास्ते से निकल रहे होते हैं और धोबी-धोबिन का सारा प्रसंग देख-सुनकर हतप्रभ रह जाते हैं ।)

दृश्य : चार

(दरबार का बैठक कक्ष । सेनापति, राजगुरु, राजकर्मचारियों के बीच गंभीर बैठक । राम का अस्थिर मुद्रा में बैठक कक्ष में चलना- फिरना ।)

नेपथ्य से : रावण अपहृत पत्नी को स्वीकार करने वाले राम की तरह निर्लज्ज नहीं हूँ मैं, समझी? - आवाज़ प्रतिध्वनित होती है ।)

सेनापति : कुछ क्रोधित स्वर में) महाराज ! आदेश हो तो शिरोच्छेदन कर दूँ इस धोबी का ?

राजगुरु : राजन ! नादान धोबी की सामान्य- सी बात पर इतने चिंतित न हों । राज्य भर लोक कल्याणकारी कार्यों को पहले की ही तरह निरंतरता दें ।

रामचंद्र : गुरुदेव ! भले ही एक धोबी द्वारा कही गई हो, परंतु यह कोई सामान्य बात नहीं है । उसको मात्र नहीं, अन्य अनेक प्रजाओं को भी यही भ्रम है कि अकारण मैं सीता को साथ लेकर आया ।

राजगुरु : राजन ! सभी प्रजाओं का और प्रजाओं की सभी बातों का समाधान नहीं हुआ करता । आप स्वयं को संभालिए ।

रामचंद्र : नहीं गुरुदेव ! मेरे लिए तो मेरी सभी प्रजाएँ एक समान हैं । उनके एक-एक प्रश्न का उत्तर देना, उनकी एक-एक समस्या का समाधान करना मेरा दायित्व और कर्तव्य है । उस पर भी यह तो मेरी सत्ता और मेरे ही व्यवहार पर आया हुआ गंभीर प्रश्न है ।

राजगुरु : इस प्रश्न और समस्या का भी समाधान तो है, राजन ! परंतु अति कठिन है ।

रामचंद्र : कितना भी कठिन क्यों न हो, परंतु इस समस्या को संबोधित करना ही होगा । इसका समाधान निकालना ही होगा । परामर्श करें, गुरुदेव !

राजगुरु : (गंभीर स्वर में) इसका एकमात्र, विकल्पहीन एवं पूर्ण समाधान है-- अग्नि- परीक्षा ...- उपस्थित सभी आश्चर्य की दृष्टि से एक आपस को देखते हैं ।)

सभी : (एक साथ) अग्नि परीक्षा !? ... अर्थात सीता-दहन??

राजगुरु : (दृढ़ आवाज़ के साथ) हाँ । सीता को अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा, वह भी सार्वजनिक रूप में । सीता में सतता होगी तो अग्नि देवता उनकी कुछ भी हानि नहीं पहुँचा सकेंगे । सभी प्रजाओं को भी यह विश्वास करना ही होगा कि सीता पतिव्रता नारी है । उन्हें यह सीख और प्रेरणा मिलेगी कि उन्हें भी सीता का सा खरा चरित्र अपनाना होगा ।

रामचंद्र : (मंच के चारों ओर फेरा लगाते हैं और हिम्मत बटोरते हुए कहते हैं) सेनापति !

सेनापति : आज्ञा हो, महाराज !

रामचंद्र : गुरुदेव के परामर्श का पालन किया जाए । दरबार के आँगन में सीता की अग्नि परीक्षा के लिए मंडप की व्यवस्था की जाए ।

सेनापति : जो आज्ञा, महाराज !

(राजसभा में उपस्थित सभी एक दूसरे की ओर अचंभित और आतंकित दृष्टि से देखते हैं । दृढ़ पदचाप के साथ राम का मंच से प्रस्थान । धीरे-धीरे मंच से सभी का प्रस्थान ।)

दृश्य : पाँच

(अग्नि परीक्षा के लिए मंडप तैयार किया जाता है । कहारों के द्वारा सीता को डोली में मंडप तक लाया जाता है । मंडप में अग्नि प्रज्वलन किया जाता है । अग्नि के प्रकाश में सभी प्रजाओं को भयभीत मुद्रा में देखा जाता है । लोगों के रोने की आवाज भी सुनाई देती है । गंभीर मुद्रा में सीता का अग्नि प्रवेश । कुछ ही क्षणों में आग बुझ जाती है । अग्नि परीक्षा में सीता उत्तीर्ण होती है । उपस्थित सभी प्रजाओं में आनंद की लहर दौड़ जाती है और खुशी के निकल आते हैं । सीता और राम की जयजयकार होती है । श्री रामचन्द्र जी की जय ! सीता माता की जय ! सीता माता की जय !! सीता माता की जय !!! ...)

दृश्य : छह

(गाँव की महिलाएँ पानी भरने के लिए गगरी, मटकी या अन्य बर्तन लेकर एक पहाड़ी झरने के नीचे पहुँचती हैं । सभी के बीच धीरे-धीरे 'सीता दहन' नाटक के बारे में चर्चा होने लगती है ।)

मनसरी : अरे ! आज तो कमाल हो गया । हम सभी एक ही समय में पानी भरने आ पहुँचे, जैसे हमने पहले ही तय कर लिया हो । यह झरना भी हर साल सूखता जा रहा है । पता नहीं इसकी कम होती धारा कब तक हमारी प्यास बुझाएगी ।

तीला : सही कहा, मनसरी ।और सुनो न ! इस पानी की चिंता भी सिर्फ़ हम औरतों को ही है । सवेरे उठो, हाथ- मुँह धोओ, घर-आँगन झाड़ू लगाओ और निकलो बर्तनें लेकर पानी भरने । और यहाँ आकर करते रहो इंतज़ार अपनी बारी का । पानी लेकर घर लौट भी नहीं पाए होंगे, डाँट- फटकार शुरू हो चुकी होती है सबकी कि चाय-नाश्ता बनाने में देर हो गई । घर के मर्दों को तो देखो, कितना आराम है इनको । देर रात को गाँव घूम कर लौटते हैं । खाया- पिया, शोर मचाया । सुबह भी देर तक सोते हैं । और घर में राज भी उन्हीं का चलता है । - राधा भी पानी भरने कई बर्तनों सहित पहुँचती है ।) अरे वाह ! आज तो राधा भी सुबह-सुबह ही पानी भरने ...

राधा : हाँ, तीला ! आज कुछ जल्दी है । और सुनाओ, क्या गप्पें हाँक रही थी ?

तीला : गप्पें नहीं हाँक रही थी, राधा । घर- घर की कहानी बता रही थी । इन मर्दों को तो देखो ! सुबह जगने से लेकर रात सोने के वक्त तक काम करती हैं घर की औरतें , और घर में हुकूमत चलती है मर्दों की ।

राधा : तुमने सोलह आने सही कहा, तीला । सोचकर भी हैरानी होती है । दिन-रात मर-मर कर काम करती हैं घर की बहुएँ-औरतें । फिर सास-ससुर से लेकर अपने ही शौहर तक की खरी-खोटी भी उन्हींको सुननी पड़ती है । - बर्तनों में पानी भरने लगती है ।) क्या कहती हो, उत्तरा बहन ? तुम तो स्कूल पढ़ाती हो और नारी अधिकारों के बारे में ज्यादा जानती भी हो ।

उत्तरा : बात पढ़ाने और ज्यादा जानने की नहीं है, राधा दीदी । यह तो सबकी भोगी हुई बात है । आप लोग तो भुक्तभोगी हैं । आप लोगों से ज्यादा इन दुख-कष्टों के बारे में कौन जानता है ? उस दिन स्कूल में 'सीता दहन' नाटक नहीं देखा आपने ? धोबी धोबिन की कैसी धुलाई करता है ! सही क्या है, गलत क्या है जाने बिना, घर में न होने की छोटी-सी बात पर बुरी तरह से मार-पीट कर अपनी ही पत्नी को घर से बाहर निकाल देता है । बेचारी धोबिन ! कभी धोबी देर से घर लौटे तो क्या उसे भी घर में घुसने से रोका जाना चाहिए ? किसीने सोचा है इस पर ? क्या औरतें ढोल हैं कि जितना चाहो, पीटा जाए ? गँवार, बेशरम कहीं के !

मनसरी : बिलकुल सही कहा । मुझे भी बहुत बुरा लगा । खुद को संभाल नहीं पाई मैं तब । -आँखों से निकलते आँसू छिपाने का असफल प्रयास करती है ।)

तीला : मेरी हालत भी तुम्हारी ही तरह थी । सीता पर विधि का अन्याय भी तो हद से जूयादा ही हुआ था । पति के साथ वनवास पर उसने कितने कष्ट सहे होंगे । रावण द्वारा अपहृत हुई । अपने पति से बिछड़ कर महीनों पीड़ा में गुजारे । रावण से युद्ध लड़कर राम ने सीता का उद्धार तो किया, लेकिन अयोध्या लौटने के बाद भी उसके कष्ट कम नहीं हुए । अपनी पवित्रता और पतिव्रता की अग्नि परीक्षा देनी पड़ी । इतनी शंका थी तो राम ने रावण के साथ युद्ध क्यों लड़ा ? सीता का उद्धार क्यों किया? अपने साथ अयोध्या लाए ही क्यों ?

राधा : और हमारे समाज का विधान तो देखो । हमेशा सीताओं को ही अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है, चाहे वह कितनी ही चरित्रवान क्यों न हो । पुरुष कितने दुश्चरित्र होते हैं, क्या हमें पता नहीं ? सच कहूँ तो हम महिलाओं पर उंगली उठाने और सवाल करने का उन्हें कोई हक नहीं है ।

उत्तरा : राधा दीदी ने बिलकुल सही कहा । हर युग में सिर्फ महिलाओं पर ही अत्याचार हुआ है । कभी सुना है, पुरुषों की भी अग्नि परीक्षा हुई हो ? पुरुष कितना भी दोषी हो, समाज की दृष्टि में वह हमेशा दूध का धुला है । द्रौपदी को जुए में दाँव पर रखने का अधिकार युधिष्ठिर को किसने दिया ? कौरव की राजसभा में जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तब उस सभा के महाविद्वान मंत्रीगण, बड़े-बुजुर्ग इस दृश्य को कैसे चुपचाप देख सके होंगे ? धिक्कार है उनकी वीरता, शास्त्रज्ञान और विद्वत्ता पर ! द्रौपदी को वस्त्र दान कर उसकी इज्जत बचाने वाले कृष्ण को तो देखो, सोलह सौ गोपियों के पति के रूप में, उनके साथ रास रचाने वाले के रूप में वह खुद ही बदनाम है ।

तीला : 'मर्दों की दस-दस पत्नियाँ' जैसी तो हमारे समाज में कहावत ही है । ये लोकोक्तियाँ, ये कुसंस्कार ऐसे ही नहीं बने हैं । पौराणिक शास्त्र और ऐतिहासिक कथानकों के ऐसे निंदनीय और बेमेल प्रसंगों के कारण ही समाज में नारी-पुरुषों के बीच विभेदकारी संस्कारों का चलन हुआ है । हम औरतें युग-युगांतर से इन्हींका शिकार बनती आ रही हैं ।

मनसरी : 'सीता दहन' नाटक ने भी हर देखने वाले के मन में तहलका ही मचाया न ?

उत्तरा : सच कहा, मनसरी ! इस नाटक ने तो हमारे मन-मन को आंदोलित कर दिया । हम सबको भी अब न्याय और समानता के लिए आवाज़ उठानी ही पड़ेगी । महिलाओं द्वारा हर पल, हर क्षण अग्नि परीक्षा मात्र देते रहने की परंपराओं का, विभेदकारी सामाजिक चिंतन और संस्कारों का हमें अंत्य करना होगा । सारा यश पुरुषों को और सारा अपयश सिर्फ महिलाओं पर ? ऐसे कुचिंतनों के खिलाफ़ हमें जिहाद छेड़ना चाहिए । क्यों साथियो ?

राधा : लेकिन कैसे, दीदी ?

उत्तरा : पीड़ितों की आवाज में आवाज मिलाकर । उनकी आवाज को और भी जोरदार बनाकर । मानव सभ्यता का इतिहास मानव संघर्ष का भी इतिहास है । उसने हमेशा गलत चिंतन और संस्कारों के खिलाफ़ बगावत की है । समाज और प्रकृति के प्रकोपों के विरुद्ध एक होकर लड़ाई लड़ी है ।

सभी : (एक साथ) हाँ, हम सबको एक होकर लड़ना ही होगा । हाँ, लड़ना ही पड़ेगा । -एकता दर्शाने के लिए सभी की बंद मुट्ठियाँ हवा में लहराती हैं । संदेशमूलक गीत गूँजता है । जोशीला नृत्य प्रदर्शित होता है । नृत्य में और भी महिलाएँ आकर साथ देती हैं ।)

(पर्दा गिरता है ।)

अनुवादक : पुरुषोत्तम पोखेल

एकाङ्की

दहेज

शिवशरण प्रसाद कुर्मी

स्थान : धर्मनगर गाँव

परिवार एक के पात्रों का परिचय

राम विलाश चौधरी : घर का मालिक
मनमाया चौधरी : राम विलाश की पत्नी
महेश चौधरी : राम विलाश और मनमाया का पुत्र, पेशे से यंत्री

स्थान : हरिहरपुर

परिवार दूसरे के पात्रों का परिचय

राम गोपाल चौधरी : धनाढ्य, घर का मालिक
धनेश्वरी चौधरी : राम गोपाल की पत्नी
फूलमती चौधरी : राम गोपाल चौधरी और धनेश्वरी चौधरी की पुत्री, अशिक्षित
पंडित : रामराज तिवारी बाबा

दृश्य : एक

(राम गोपाल बाहर बरांदा में बैठा हुआ है । अचानक उसे कुछ यादी है और वह अपनी पत्नी धनेश्वरी को आवाज देता है)

राम गोपाल : (बुलाते हुए) अरे,ओ फूलमती की माँ ! क्या कर रही हो ? जरा बाहर आओ तो !

नेपथ्य से : खाना पकाने के लिए तैयारी कर रही हूँ। बहुत देर हो गई है । खाना तो पड़ेगा न !

राम गोपाल : अरे कोई बात नहीं । पहले यहाँ आ जाओ, थोड़ी बात हो जाय । खाना तो बनता रहेगा । (मंच पर चढ़ती हुई धनेश्वरी अपनी साड़ी का पल्लू ठीक करती है, फिर कहती है ।)

धनेश्वरी : क्या बात है ? क्यों चिल्ला रहे हैं ?

राम गोपाल : अरे बात क्या होनी है ? तुम्हें तो किसी बात की चिंता होती ही नहीं है । बिटिया विवाह करने योग्य हो चली है । इसीलिए मैं तुमसे कुछ बातचीत करना चाहता हूँ ।

धनेश्वरी : इसी को कहते हैं कि विना लगन की शहनाई बजाना । यहाँ खाना पकाने में देरी हो रही है, और आप हैं कि बेटी की शादी की बात ले बैठे हैं । खाने-पीने के बाद भी तो यह बात हो सकती थी न ? अच्छा, चलिए । कहिए, क्या बात है ? कहीं लड़का-वड़का देख रखे हैं क्या ?

राम गोपाल : (सोचते हुए) पता चला है, धर्मनगर में एक लड़का है । वो जो, राम विलाश बाबू हैं, उन्हीं का बेटा है । बड़ा पढ़ा-लिखा है, घर-परिवार भी अच्छा है ।

धनेश्वरी : (कुछ देर की चुप्पी के बाद) लेकिन हमारी बिटिया तो अनपढ़ है न । क्या वे शादी के लिए राजी हो जाएंगे ?

राम गोपाल : तुम भी अजीब बात करती हो ? अरे आज का जमाना लेन-देन का जमाना है । जब रुपयों की गड्डी सामने नजर आएगी, तो वे खुद-व-खुद मान जाएंगे । भा.रू दस लाख नगद और चार पहिए वाली गाड़ी दूंगा । चार-छह भर के गहने दूंगा । फिर देखूंगा, कैसे नहीं मानते हैं ?

धनेश्वरी : अगर ऐसी बात है, तो फिर देर मत कीजिए । जाइए, जल्दी से पंडित काका को बुलाकर ले आइए । मैं खाना पकाने जा रही हूँ । ***(इतना कहकर धनेश्वरी मंच से नीचे उतर जाती है और राम गोपाल चौधरी पंडित रामराज तिवारी के घर की ओर चल देता है ।)***

दृश्य : दो

(राम गोपाल पंडित रामराज तिवारी के दरवाजे पर खड़ा होकर पुकारने लगता है ।)

राम गोपाल : (पुकारते हुए) काका ! पंडित काका ! अंदर हैं क्या ? बाहर तो आइए !

पंडित : (घर के अंदर से बाहर निकलते हुए) अरे कौन है भाई ? ...अरे... चौधरी बाबू आप हैं ! आप अचानक मेरे घर ! क्या बात है ? किधर से चले आ रहे हैं ?

राम गोपाल : कहीं से नहीं...अपने घर से आ रहा हूँ। और आपसे कुछ जरूरी सलाह करनी है, इसीलिए आया हूँ।

पंडित : (सर हिलाते हुए) हाँ...हां.. कोई बात नहीं ...क्या बात है ? किस चीज की सलाह करनी है ? अच्छा पहले बैठ जाइए। ***(राम गोपाल वहीं बगल में बैठ जाता है, और कहना शुरू कर देता है।)*** बात यह है पंडित काका, ..कि बिटिया शादी योग्य हो गई है। उसकी शादी करने को सोच रहा हूँ।

पंडित : (हंसते हुए) तो इसमें कौन बड़ी बात है। ठान दीजिए यग। और आपके पास भगवान का दिया हुआ सब कुछ है। न धन की कमी है, न मन की कमी है। फिर किस बात की चिंता है ?

राम गोपाल : (सांस लेते हुए) सो तो ठीक है, काका। मैं क्या कह रहा था, वो धर्मनगरवाले राम विलाश बाबू हैं न, उनका एक लड़का है। क्यों न उसी से अपनी बिटिया की शादी करवा दी जाय।

पंडित : (हा...हा..हा...हा हंसते हुए) अरे मान ! आपने मेरे मुंह की बात छीन ली। मैं कई दिनों से यही सोच रहा था। शुभ कार्य में देरी नहीं करनी चाहिए। चलिए, अभी चलते हैं।

राम गोपाल : (हंसते हुए) ठीक है।

(उसके बाद राम गोपाल चौधरी और पंडित धर्मनगर की ओर चल देते हैं।)

दृश्य – तीन

(राम गोपाल और पंडित धर्मनगर के राम विलास के घर के सामने पहुंच जाते हैं। और)

पंडित : अरे ! राम विलास बाबू हैं क्या घर में ?

राम विलास : (घर से बाहर निकलते हुए) अरे..प्रणाम् पंडीजी ! आइए..आइए कहाँ से आ रहे हैं ? और मेरे यहाँ ?

पंडित : कहीं जाने की तैयारी है क्या ?

राम विलास : हाँ, सोच रहा हूँ, थोड़ा झंडेनगर से हो आऊं। आप बताइए, कैसे आना हुआ ?

पंडित : (परिचय कराते हुए) इनसे मिलिए। आप हैं राम गोपाल बाबू...यह हमारे गाँव के हैं। गाँव में इनकी बड़ी इज्जत है। धन संपत्ति की कमी नहीं है।

राम विलास : सो तो ठीक है, मगर ... .

पंडित : यह आपके पास एक खास मकसद से आए हैं।

राम विलास : कहिए, मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ?

पंडित : (हंसते हुए) अरे राम विलास बाबू ! सेवा की बात नहीं है। बात यह है कि ये अपनी बेटी की शादी आपके बेटे से करना चाहते हैं ? अब आप कहिए, आपका क्या विचार है ?

राम विलास : (सोचते हुए) शादी तो करनी ही है। मगर कैसे ...यह समझ में नहीं आ रहा

पंडित : इसमें ज्यादा समझने की क्या बात है ? आप घर परिवार में सलाह कर लीजिए और ... (राम गोपाल की ओर देखते हुए) अरे चुप क्यों हैं बाबू, आप भी तो कुछ कहिए। पहले तो बहुत बेसब्र हो रहे थे...अब क्या हुआ ?

राम गोपाल : कुछ नहीं पंडितजी ! आप बोल ही रहें हैं..तो मैं क्या ... । आप लोग जो तय करें, हमें मंजूर है। बस मेरी यही इच्छा है कि मेरी बेटी की शादी इस घर में हो जाय।

पंडित : राम विलास बाबू ! अब आप खुलके कहिए...अपने बेटे की शादी कैसे करेंगे ? दान दहेज की चिंता विल्कुल मत कीजिए। आप जो कहेंगे, राम गोपाल बाबू पूरा करेंगे। एक ही तो बेटी है।

राम विलास : अब मैं क्या कहूँ ? बेटे की पढ़ाई-लिखाई में खर्च तो काफी हुआ है...दहेज तो...

पंडित : अरे ...अरे इसकी चिंता मत कीजिए। खुलकर कहिए..क्या कितना चाहिए ? आप कुछ बोलें, इससे पहले मैं एक वात कहना चाहता हूँ। राम गोपाल बाबू अपनी बेटी की शादी में दस लाख भा.रू नगद के साथ-साथ एक चार पहिए वाली गाड़ी और चार-छह भर का जेवर देना चाहते हैं। और जब माड़ो हिलाने की विधि की जाएगी, तो एक तोले की अंगूठी अलग से ... अब कहिए... क्या विचार है ?

राम विलास : मुझे जरा अपनी पत्नी से सलाह करनी होगी। आखिर माँ है ?

राम गोपाल : क्यों नहीं हुजूर... बिल्कुल कीजिए। हम लोग यहीं इंतजार करेंगे।

(राम विलास अपने घर के अंदर चला जाता है। राम गोपाल और पंडित वहीं बैठे रह जाते हैं।)

दृश्य : चार

(राम विलास की पत्नी अपने पलंग पर बैठी हुई है। स्वेटर बीन रही है। राम विलास उसके बगल में बैठ जाता है और ...)

राम विलास : सुन रही हो ... लड़की वाले आए हैं। राम गोपाल चौधरी नाम है...बड़े धनी मनी आदमी हैं। हमारे बेटे से अपनी बेटी की शादी करना चाहते हैं।

मनमाया : कहाँ के हैं ? मतलब उनका घर कहाँ है ?

राम विलास : अरे, हरिहरपुर के हैं। दहेज काफी मिलेगा।

मनमाया : बात तो ठीक है। हमें अपने बेटे की शादी भी करनी है। लेकिन यह क्या... आप सीधे दहेज की क्या बात करने लग गए ? लड़की कैसी है ? सुंदर है कि नहीं...पढ़ी-लिखी है कि नहीं ? देखिए जी, मैं कह देती हूँ...मुझे नगद दहेज की लालच नहीं है। मुझे नहीं चाहिए दहेज वगैरह। मुझे तो ...

राम विलास : मतलब ! तुम कहना क्या चाहती हो ?

मनमाया : मैं यही कहना चाह रही हूँ कि मुझे लड़की सुंदर और पढ़ी-लिखी चाहिए। संस्कारी चाहिए। समय के अनुसार चलने वाली चाहिए।

राम विलास : अरे ! यह तुम क्या कह रही हो ?

मनमाया : मैं बिल्कुल सही कह रही हूँ। मुझे दहेज नहीं चाहिए। मैंने अपने छप्पन वर्ष की आयु में समझ लिया है कि दहेज का कोई मतलब नहीं होता। जीवनसाथी से मतलब होता है। पैसा का क्या ? आज है, कल नहीं रहेगा। लेकिन शिक्षा तो जीवन भर रहेगी। और शिक्षित लड़की ही घर को स्वर्ग बनाती है।

राम विलास : तब क्या जवाब दूं, उन्हें ?

मनमाया : पहले आप यह बताइए कि लड़की पढ़ी-लिखी है कि नहीं ?

राम विलास : (सोचते हुए) शायद नहीं।

मनमाया : शायद का क्या मतलब ?

राम विलास : तो क्या... उन्हें मना कर दूं ?

मनमाया : एकबारगी ऐसा कुछ मत कहिए... धीरे से उन्हें समझाइए कि जमाना बदल रहा है ... आज के जमाने में दहेज की उतनी आवश्यकता नहीं है, जितनी शिक्षा दीक्षा की है। आप यही कह दीजिए कि हमें पढ़ी-लिखी और सुंदर लड़की चाहिए, दहेज नहीं ... वे खुद-व-खुद चले जाएंगे। वैसे आप क्या चाहते हैं ?

राम विलास : मैं..?

मनमाया : हाँ, आप !

राम विलास : मैं तो अपने घर परिवार और बेटे की रजामंदी चाहता हूँ। खुशियाँ चाहता हूँ मैं थोड़ा बहक गया था...अच्छा किया... तुमने मेरी आँखें खोल दीं। सचमुच जमाना बदल रहा है। (इतना कहकर राम विलास बाहर निकलता है। लेकिन वहाँ राम गोपाल और पंडित नहीं होते हैं... शायद उन लोगों ने इनकी बातें सुन ली थी... वहाँ से जा चुके होते हैं।

अनुवाद : गोपाल अश्क

एकाङ्की/अमेरिका (America)

चौध

एलिस गेर्स्टेनबर्ग ('Fourteen' by Alice Gertensberg)

पात्रहरू
श्रीमती होरेस प्रिङ्गल : फेसनमा सोख भएकी महिला
इलेन : फेसन दुनियाँमा पहिलो पाइला राख्न खोजिरहेकी होरेसकी जवान छोरी
डनम : घरेलु सहयोगी

(दृश्य: न्युयोर्कको घरको भान्साकोठा। एउटा लामो टेबुल जसको दुई छेउमा एक-एकओटा कुर्ची छन् र टेबलको दुई किनारमा छ-छओटा कुर्ची गरी जम्मा चौधओटा कुर्ची सजिएका छन्। श्रीमती प्रिङ्गल आइपुग्दा घरेलु सहयोगी डुनम टेबलमाथि साजसज्जाको अन्तिम तयारी गरिररहेकी हुन्छे। प्रिङ्गल फेसनमा चाख भएकी र सुन्दर महिला हुन् जो आकर्षक सायङ्कालीन गाउन लगाउने गर्छिन्। उनी उत्तेजित हुने स्वभावकी छन् तर सगँसगै योग्य र कर्मशील अनि जीवन्त र हँसिली पनि। उनी फूलको बुके र त्यसलाई प्याक गर्न प्रयोग गरिएको कागजको खाली डब्बा लिएर हतारमा भित्र पस्छिन्।)

श्रीमती प्रिङ्गल : डनम, मैले भर्खर हार्परबाट सुनें कि उनलाई बिरामी परेर ओछ्यान परेको साथीले बोलाएको छ। उसैले मलाई यी फूलहरू पठायो– योसम्म त ठिक छ। तर अन्तिम अवस्थामा आएर भोजनको निम्तो अस्वीकार गर्ने जवान मानिसहरूलाई म समर्थन गर्न सक्तिनँ।

डनम : *(श्रीमती प्रिङ्गललाई सान्त्वना दिँदै)* म्याडम, मलाई यो डब्बा र कागजहरू दिनुहोस्।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(पहिले टेबल अनि आफ्नो घडीमा अधीरतापूर्वक हेर्दै)* तिमीले यति राम्ररी सजावट गरिसकेपछि त यो एकदम नकाम भयो र अहिले अबेर पनि हुँदै छ। कुनै पनि क्षण यहाँ कोही आइपुग्न सक्छ। भान्से तयार त छ ?

डनम : भान्से त सधैंझैं खुब रिसाएकी छ, हजुर।

श्रीमती प्रिङ्गल : यो सुनेर मलाई खुसी लाग्यो। ऊ एउटा कलाकार जस्तै छे। आवेग जति शान्त, काम त्यति राम्रो। उसले हामीले राम्रो खाना खुवाउन्जे म उसले केके कुराको कसम खान्छे भन्ने त्यति वास्ता गर्दिनँ। बाँकी तिमीहरू उसलाई दखल नदिनु। अनि गुस्तावचाहिँ कहाँ छ नि ?

डनम : मलाई भन्न खुब अप्ठ्यारो लागिरहेको छ हजुर। तर बाहिर त डरलाग्दो हिउँको आँधी आइरहेको छ। ऊ हिँड्ने पेटी सफा गर्दैछ।

श्रीमती प्रिङ्गल : हत्तेरिका। साँच्ची, मैले त पाल मगाउनुपर्थ्यो। तर यसरी आँधी आउला भन्ने कसले सोच्यो र !

(उनले झ्याल बाहिर हेरिन्। सायङ्कालीन गाउन लगाएकी उनकी छोरी इलेन हातमा नेमप्लेटको बन्डल लिएर दौडिँदै आइन्।)

इलेन : मुमा, नेमप्लेट र नक्साहरू यहाँ छन्। यिनीहरूलाई टेबलमा वरिपरि मिलाएर राखिदिऊँ ?

श्रीमती प्रिङ्गल : हुन्छ, छोरी। म तिम्रो बुबाहजुरलाई खोज्न माथि जान्छु। उहाँ टाई लगाउन पटक्कै जानिसिन्न। *(उनी भान्साबाट बाहिर निस्कन लाग्छिन्।)* डनम, एउटा प्लेट हटाऊ।

डनम : हजुर। एउटा प्लेट हटाऊँ ? होइन हजुर, त्यो पक्का हो कि तपाईं तेह्र जनासँग बस्नुहुने छैन।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(पछाडि फर्किंदै)* तेह्र ? किन ? हो त, तिमी ठिक भनिरहेकी छयौ– तेह्र। हामी तेह्र जना त बस्न सम्भवै छैन। यो सब हार्परको लापरवाहीले गर्दा भएको हो। बिरामी साथी, त्यो त केही पनि होइन। ऊ त्यस्तो लापरवाह मानिस हो जो आफ्ना साथीहरूको निम्तोलाई समयमा जवाफ दिँदैन। उसले पठाएको फूल उसलाई क्षमा दिनका लागि हो। तर उसले मलाई नराम्ररी फसायो–यो तेह्रमा। अब यो अन्तिम समयमा मैले कसलाई बोलाउने होला, भगवान्।

छिटो–इलेन–मलाई कुनै उपाय निकाल्न मदत गर। *(उनी हतारिएर टेलिफोन भएको नजिक जान्छिन् र अत्तालिँदै परिचित मानिसहरूको सूची हेर्न थाल्छिन्।)*

इलेन : जर्ज काका त उपलब्ध होइसिन्छ होला नि।

श्रीमती प्रिङ्गल : उनी कहिले खुला दिमागका छैनन्।

डनम : मोर्गानजीलाई बोलाउन सकिन्छ कि, हजुर। उहाँ सधैं कुनै न कुनै ठट्यौली सुनाउनुहुन्छ।

श्रीमती प्रिङ्गल : किन ? हो त, डनम। तिमी चलाख छ्यौ। हेलो सेन्ट्रल–लेक-भ्यु ५९७१–कृपया, अलि छिटो–छोरी इलेन, तिम्रो कपालको गाँठो अलि खुकुलो बनाऊ–त्यसलाई तान त–यता आऊ। *(टेलिफोनमा)* मोर्गन सन्चै हुनुहुन्छ। म श्रीमती प्रिङ्गल बोल्दै छु–बाटोपारिबाट। हो। मोर्गन आउनासाथ मलाई फोन गर्न भन्दिनुहोला। म उहाँ हामीसँगै खाना खानुहोस् भन्ने चाहन्छु। के दश मिनेटजति पछि उहाँ आउने आशा गर्न सकिन्छ ? *(उनले इलेनको कपाल फुकालेर भुवादार देखिने बनाइदिइन्। इलेनले मन नपरेको जस्तो गरेर अनुहार बिगारिन्। तर उनकी आमाले त्यसमा ध्यान दिइनन्।)* उहाँ आउनासाथ मलाई तुरुन्त फोन गर्न लगाउनुहोला है। *(उनले रिसिभर राखिदिन्छिन्।)* अब उनले यो सूचना पाएनन् भने के पो गर्ने होला।

इलेन : ठिकै छ नि, मुमा। मलाई टेबलमा बसिरहनुपर्छ भन्ने के छ र ? यो आखिर हजुरको पार्टी हो। सबै जना मभन्दा बढी उमेरका र विवाहितहरू नै आउने हुन्।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(इलेनको हातमा रहेको नक्सातर्फ सङ्केत गर्दै)* मैले तिमिलाई ओलिभर फर्नवर्थको नजिक राखेको देखिनौ र ? करोडौं। उसको महत्त्व करोडौंको छ।

इलेन : खैर, उसले मलाई केही दिने होइन क्यारे।

श्रीमती प्रिङ्गल : उसले तिमिलाई बिहे गर्न सक्तैन र ? तिमीले आफ्ना लागि राम्रो जोडी बनाउने प्रयास गर्दिनौ ? उपयुक्त लागेको सबै मान्छेलाई म तिम्रो नजिक पुऱ्याइदिने छु। बाँकी काम तिमी सम्पन्न गर्न सक्तिनौ ?

इलेन : ऊ जस्तो महत्त्वपूर्ण मानिससँग मेरो विवाह गराउन खोज्नु, त्यसको कुनै अर्थ छैन, मुमा। उसले मलाई नराम्ररी डराउन दिन्छ। मेरो त जिब्रो नै लरबरिन्छ। म ऊसँग त्यत्तिकै डराउँछु जति म वेल्सका राजकुमारसँग डराउँथें होला।

श्रीमती प्रिङ्गल : वेल्सका राजकुमार ? हेर, वेल्सका राजकुमारलाई मेरो घरमा निम्त्याउन मैले के पो गर्थिनँ होला। न्युयोर्कले उनका लागि आफ्नो मुटु नै बिर्सेको छ। मैले फर्नवर्थलाई हिजै मात्र भनेकी थिएँ कि राजकुमारलाई यहाँ ल्याउन म जेसुकै पनि गर्न तयार छु। म जीवनभरका लागि आफ्नो सामाजिक स्तरलाई कायम गर्ने छु। पाहुनालाई सत्कार गर्नका लागि मेरो ख्याती उच्च छ। *(टेलिफोनको घण्टी बज्छ।)* हजुर बोल्दै छु–त्यो फोन–हेलो–श्रीमती सेजविक–हो–म श्रीमती प्रिङ्गल बोल्दै छु–के भन्नुभो ? यो त हुनै सक्तैन–लौ, हिउँमा रोकिनुभो रे–अर्को कार लान सकिन्न र ? *(उनले रिसिभरलाई एउटा हातले छोपेर प्रसन्नताका साथ इलेनसँग कुरा गर्छिन्।)* राम्रो। त्यो विधवी आउन नसक्ने भई–हामी बाह्र जना मात्र हुने भइयो–डनम, अब दुईओटा प्लेट हटाऊ। *(डनमले दुईओटा प्लेट हटाई र इलेनले नेमप्लेट बदली। श्रीमती प्रिङ्गल अझै फोनमा कुरा गरिरहेकी छिन्।)* हो र। त्यो त लाजमर्दो भयो। मलाई सारै नरमाइलो लाग्यो। हरे। हामी तपाईंसँग कसरी सहभागी हुन सकिएला। तर तपाईंले वास्तवमा प्रयास त गर्नुभयो ? हेर्नुस्, म त आँसुमै डुब्न लागें। अहिलेलाई गुडबाई। *(उसले रिसिभर राखेर फेरि डायल गर्छे।)* म खुसी छु किनभने ऊ नआउने भई– सेन्ट्रल– मलाई लेक-भ्यु ५९७१मा जोडिदिनुस् त– डनम, अब दुई जना कम हुने भएपछि दुईओटा ककटेल र कम्तीमा चार ग्लास स्याम्पेन बच्ने भयो। *(टेलिफोनमा)* मोर्गन आइपुग्नुभयो त ? मैले बाटो काट्ने बेलामा फोन गरेर रात्रिभोजका लागि दिएको सन्देश उहाँलाई नभन्नुहोला। अब त निकै अबेर भइसक्यो–बुझ्नुभो नि ? *(उनले रिसिभर राख्छिन्।)* जेसुकै होस्, मैले क्लेमलाई चाहिँ बोलाएकी छु। उसको ऋण पनि तिरियो र स्याम्पेनको पनि बचत भयो।

डनम : पेय पदार्थ त एकदम थोरै छ, म्याडम ! धेरै मनोरञ्जन र पिउनमा रोक लगाउने हो कि !

इलेन : *(दुखी हुँदै)* तर मुमा, यदि बाह्र जना मात्र हुने हो भने त बुबाहजुरलाई टेबलको सिरानपट्टि बस्न मिल्ने छैन।

श्रीमती प्रिङ्गल : तर उहाँ त सिरानपट्टि नै बस्नुपर्छ। घरमूलीलाई छेउतिर धकेल्नु त अशोभनिय कुरा हो !

इलेन : अब अर्को कुनै उपाय नै छैन। अब दुबै छेउमा महिलाहरू हुने छन्।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(एकदमै चिन्तित हुँदै)* कस्तो दिक्कलाग्दो ! म त सधैं विर्सन्छु । यो बाह्रको सङ्ख्या त असम्भव नै छ । *(उनी टेबलको चारैतिर जान्छिन् र नेमप्लेट हेर्छिन् ।)* म यीमध्ये कुनै पनि महिलालाई टेबलको सिरानपट्टि राख्न चाहन्नँ । त्यो श्रीमती डार्बी, बिराली जस्ती ! म उसलाई त्यो सम्मान दिन सक्तिनँ अनि श्रीमती... *(टेलिफोनको घन्टी बज्छ ।)* डनम, टेलिफोन उठाऊ ।

डनम : हेलो ! यो श्रीमती प्रिङ्गलको आवास हो, कुनै सन्देश छ कि ? हुन्छ, सर ! के भन्नुभो, सर ? डार्बी ! डाक्टरले तपाईंको छोरालाई ठेउला भयो भन्यो !

श्रीमती प्रिङ्गल : ठेउला ! इलेन !

इलेन : हजुर मुमा !

डनम : हजुर, सर । *(उसले रिसिभरलाई होल्डमा राख्छे ।)* डार्बीले क्षमायाचना गर्नुभएको छ । सरुवा रोग भएको कारणले श्रीमान् र श्रीमती डार्बीले उहाँहरूको घरमा पाहुना रहनुभएका श्रीमान् र श्रीमती फ्लेटवुडका तर्फबाट पनि क्षमा माग्नुभएको छ ।

श्रीमती प्रिङ्गल : थप चार जना घट्यो ।

इलेन : त्यसो भए त अब आठ जना मात्र बाँकी भयो ! डनम, छिटो प्लेटहरू हटाऊ ।

(ऊ कुर्सी हटाउँछे र हत्तारिँदै चाँदीका थालीहरू बटुल्न थाल्छे । श्रीमती प्रिङ्गल झन् बढी दुखी हुँदै सहायता गर्छिन् । त्यस्तो अस्वाभाविक सहयोग देखेर डनम अन्योलमा पर्छे र अनावश्यक रूपमा यताउता गर्न थाल्छे । प्लेटहरू हटाउँछे, केही फुटाउँछे, चाँदीका थाली भुइँमा खसाल्छे, उद्देश्यविहीन हतारो गर्छे र बुढी औँलाले बाँकी औँलालाई चलाउँछे ।)

श्रीमती प्रिङ्गल : यस्तो अवस्थामा बोलाउन सकिने कोही छन् त ?

इलेन : ह्याटवुड दम्पती !

श्रीमती प्रिङ्गल : उनीहरूले निम्तो गर्दा पेय पदार्थ खुवाउने गरेका छैनन् । अब म उनीहरूलाई मेरोमा पेयका लागि निम्ता गर्न सक्तिनँ ।

इलेन : ग्रीन दम्पती !

श्रीमती प्रिङ्गल : उनी मलाई मन पर्दैनन् ।

इलेन : श्रीमान् कोन्ले !

श्रीमती प्रिङ्गल : मैले कति पटक निम्ता गरेपछि पनि उसले त कहिल्यै पनि रात्रिभोजका लागि बोलाएको छैन ।

इलेन : हेस्टर लोड्ले !

श्रीमती प्रिङ्गल : तिमी र ओलिभर फर्नवर्थ भएको एउटै टेबलमा उसलाई बोलाउन चाहन्नँ । ऊ असाध्यै सुन्दर र चलाख पनि छे ।

इलेन : हाम्रो टेलिफोन डायरी कता छ ? *(उनले डायरीतिर आफ्नो औँला बढाउँछिन् ।)* टुपर दम्पती कसो हुन्छ ?

श्रीमती प्रिङ्गल : ती टुपर ! भगवान् रक्षे गर । इलेन, उनीहरूको परिवारमा छ जना छन् ।

इलेन : त्यसो हो भने त हाम्रो सङ्ख्या फेरि चौध नै हुने छ । त्यसपछि बुबाहजुर टेबलको सिरानपट्टि बस्न सकिसिन्छ ।

श्रीमती प्रिङ्गल : लौ, एक पटक कोसिस गरिहेर । म दौडेर जान्छु र तिम्रा बुबाहजुरलाई बैठक कोठा नचलाउन भन्छु । *(उनी बाहिर जान्छिन् ।)*

इलेन : *(टेलिफोनमा)* रिजवे ९३२५—इलेन प्रिङ्गल बोल्दै छु—के म टुपरसँग बोलिरहेकी छु ? ए, एला, हेलो ! तिमीहरूले रातिको खाना त खाएका छैन होला- हामीले घरमा एउटा भोजको आयोजना गरेका थियौं तर अन्तिम समयमा सबैले आउन नसक्ने भएका छन्, आँधीले गर्दा, तिम्रो परिवार यसो छेउबाट आएर हामीसँगै रात्रिको खाना खान मिल्छ होला ? मुमा र मैले सोच्यौं कि तिमीहरूलाई हामी राम्ररी चिन्दछौं । त्यसैले यस्तो अन्तिम समयमा बोलाउँदा पनि अप्ठेरो नपर्ला । के तिमीहरू आउन सक्छौ ? ए, हस् । *(डनमालाई)* डनम, अरू छओटा प्लेट थप । *(टेलिफोनमा)* के भन्यौ ? ए हो र ! तर *(उनी अनकनाउँछिन्, लरबराउँछिन् र तनावमा देखिन्छिन् र रिसिभरलाई हातले छोप्छिन् ।)* डनम, छिटो गएर मुमालाई बोलाऊ । *(डनम गएपछि फेरि टेलिफोनमा कुरा गर्दै)* हुन्छ, हुन्छ, पक्का *(उत्साहहीन आवाजमा)* मलाई मन पर्छ; पक्कै हो, हो नि त । ठिकै छ । *(रिसिभर राखेर टाउकोमाथि हात राख्दै खुइय गर्छिन् ।)* महान् सिजर, अहिले मैले के पो गरें ?

श्रीमती प्रिङ्गल : *(डनमको अघि अघि हतारिँदै पस्छिन् ।)* कुरा के हो ? इलेन ! कुरा !

इलेन : अब मैले बोलिसकें ! मैले गरिसकें, म त्यसबाट निस्किनै सकिनँ, कसै गरी सकिनँ । हजुर यहाँ होइसिन्थेन । मैले जहिले पनि विवेक गुमाउँछु र काम बिगार्छु ।

श्रीमती प्रिङ्गल : तर के ? हामीलाई यसरी तमासे नबनाऊ । त्यस्तो के भयो ?

इलेन : मैले एला र उनको परिवारलाई निम्ता गरेको

छु। उनले निम्ता स्वीकार गरिन् र उनीहरूका दुई जना पाहुना भएको पनि बताइन्। उनीहरूलाई पनि ल्याउँदा हुन्छ भनेर सोधिन् र मैले हुन्छ भनिदिएँ र अब हामी सोह्र जना हुने भयौं !

डनम : *(चिन्तित हुँदै)* सोह्र ! तर म्याडम, त्यति जना त टेबलमा अट्दैनन् नि !

श्रीमती प्रिङ्गल : इलेन ! तिम्रो पारा यस्तै हो; कुनै चलाखी छैन, दुनियाँदारीको ज्ञान छैन, म फोनमा भएको भए विनम्र भएर भन्ने थिएँ कि मेरो टेबल।

इलेन : तर हजुर त फोनमा होइसिन्थ्येन। यस्तो निम्तो त हजुर आफैंले दिनुपर्थ्यो, हजुरलाई थाहै छ कि म सधैं भावुक भइहाल्छु।

डनम : म्याडम, अनि प्लेटहरू ? अनि हामीसँग त कुसन पनि चौधओटा मात्र छन्।

इलेन : म केही खान्नँ।

श्रीमती प्रिङ्गल : तर मलाई लज्जित हुनु छैन, जे छ त्यसैलाई उत्तम किसिमले चलाउनुपर्छ र टेबलमा अर्को बोर्ड फिट गर्नुपर्छ। *(डनम बाहिर जान्छे। श्रीमती प्रिङ्गल र इलेन हतारहतार टेबलपोसको एउटा भाग हटाउँछन्।)*

इलेन : तर मुमाहजुर, म टेबलमै बस्नुपर्छ भन्ने के छ र ?

श्रीमती प्रिङ्गल : *(निश्चितताका साथ कुर्चीतिर देखाउँदै)* तिमी ओलिभर फर्नवर्थको ठिक बगलमा बस्ने छौ ! अब मलाई यो विषयमा फेरि अर्को कुरा सुन्नु छैन।

इलेन : तर हामी अर्को बोर्ड राख्नुको सट्टा उनीहरूलाई यही टेबलमै अटाउन सक्तैनौं र ? मैले प्लेट र कुर्चीहरू नजिकनजिक सारिदिएँ भने !

श्रीमती प्रिङ्गल : के तिमीले यो बिर्सियौ कि टुपरको ज्यान दुई सय पचास पाउन्डभन्दा भारी छ ? र श्रीमती कोन्लेको त कम्मरको घेरो नै देखिन्न। त्यस्तो गर्न सम्भव नै छैन !

डनम : *(बोर्ड लिएर प्रवेश गर्छे।)* म्याडम, भान्से नजिकै छे, उसले त चौध जनाको लागि मात्र खाना बनाएकी छ रे।

श्रीमती प्रिङ्गल : अब म केही गर्न सक्तिनँ। उसले सोह्र जनाको लागि नै तयार गर्नुपर्छ। उसलाई सुपको डब्बा खोल्न भन र तरकारी अनि...।

डनम : तर आइसक्रिम र सर्भ गर्ने कुप !

इलेन : मलाई त्यो मन पर्दैन भनेर बहाना गरिदिउँला नि।

श्रीमती प्रिङ्गल : र म डाइटमा छु भनेर भनिदिन्छु।

इलेन : तर म टेबलमा हुनैपर्छ भन्ने त केही छैन नि।

श्रीमती प्रिङ्गल : चुप लाग ! *(टेलिफोन बज्नासाथ त्यता जान्छिन्।)* टेलिफोन ! *(रिसिभर भएको आफ्नो हात टाउकोतिर पुऱ्याउँदै)* अब के भो ? यसको जवाफ नदिनू ! यसले मलाई पागल बनाउँदै छ। *(उनी आफैं जान्छिन् तर इलेन र डनम त्यही बस्छन्।)* हेलो ! हजुर, श्रीमती प्रिङ्गल बोल्दै छु। ए, हो ! के भन्नुभो ? आँधी ! चिसोले समात्यो ! एकदम खतरनाक छ ! *(उनले डनमलाई टेबलमा बोर्ड नजोड्नलाई इसारा गर्छिन्। डनम, इलेन र श्रीमती प्रिङ्गल राहत महसुस गर्छन् तर श्रीमती प्रिङ्गल टेलिफोनमा अरू नै भाव देखाउँछिन्।)* प्यारी जेसिका, कस्तो दुःखको कुरा ! हो, तिम्रो श्रीमान्‌को कुरा सही हो। यो त मूर्खता नै हुने छ। तोरीको लेप लगाउनू, मह मिसाएको ह्विस्की खानु र आराम गर्नू, कस्तो दुःखद ! *(उनले रिसिभर राखिदिन्छिन्।)* त्यो, गज्जब भयो। अब हामी जम्माजम्मी चौध जना हुने भयौं।

इलेन : तर नेमप्लेट त अब सबै गडबड भयो नि। खास बोलाएका मध्ये जम्मा छ जना मात्र आउँदै छन्। अब हजुरले अर्को नक्सा बनाउनुपर्ने भयो। उनीहरू कता-कता बसुन् भन्ने चाहिसिन्छ ?

श्रीमती प्रिङ्गल : त्यो मलाई देऊ। *(उनी टेलिफोन टेबलमा बस्छिन् जहाँ लेख्ने प्याड र पेन्सिल पनि छ र नयाँ नक्सा बनाउँछिन्।)*

इलेन : यहाँ केही खाली कार्डहरू छन्। *(उनले पुराना कार्डहरू च्यातिदिन्छिन् र डनमलाई सहयोग गर्न जान्छिन् जो टेबलमा बोर्ड थप्ने कामले हायलकायल भएकी छ।)*

श्रीमती प्रिङ्गल : कस्तो लथालिङ्ग हो ! मैले त्यो नक्सा बनाउन घण्टौं समय लगाएँ। पाहुनाहरू सहज रूपले मिलेर बस्न सकुन् भन्ने त्यसैमा निर्भर हुन्छ। डनम, त्यहाँ मुख्य ढोकाको घण्टी छ- मैले अन्नालाई तिम्रो तर्फबाट ढोका खोल्न भनेकी थिएँ तर जाऊ र बैठक कोठाबाट चियाऊ त्यो को रहेछ- *(जसै डनम बाहिर जान्छे, टेलिफोनको घण्टी बज्छ। श्रीमती प्रिङ्गलले त्यसलाई संशयका साथ हेर्छिन्।)* यो मोबाइलको डाम्नो ! अब के भन्नु छ ? फेरि के भो ? हेलो ! को ? फर्नवर्थ ! श्रीमान् ओलिभर फर्नवर्थ ? होइन, तपाईं उहाँको निजी सचिव ? उहाँलाई के भो ? तिमीलाई क्षमा माग्न अराउनुभएको छ ! उहाँलाई विशेष कामले बोस्टन

जानुपर्ने भयो, हे ! *(कुराकानी पुरा हुन नपाउँदै उनले रिसिभर राखिदिन्छिन् र आवेशमा फोनको सेटलाई हिर्काउँछिन् । त्यसपछि उठेर रिसको झोँकमा यता र उता गर्छिन् ।)* उसलाई यो आँट कसरी आयो ? कसरी आँट आयो ? अन्तिम समयमा आएर यस्तो ! सत्कार दिने व्यक्तिको भावनाको कुनै कदर नै छैन ! साँझको मनोरञ्जन दिनका लागि गरिएको उसको प्रयत्नको कुनै सम्मान छैन ! यस्तो सभ्य रात्रिभोजको योजना जो मैले गरें र उसले आउँछु भनेर प्रतिज्ञा गरेको थियो, व्यापार ! म त्यो कुरा पत्याउन सक्तिनँ ! उसले आफूलाई दुःख दिन चाहेन । हिउँ आँधीको चिसोदेखि डरायो । मानौं उसलाई ढोकासम्म पुऱ्याउने आधा दर्जन सुविधासम्पन्न कारहरू थिएनन् । स्वार्थ ! तल्लो स्तरको असभ्यता ! करोडौं बराबरको मूल्यवान् ! इलेन, तिम्रा लागि सुहाउँदो जोडा र मैले प्रतिज्ञा गरेकी थिएँ कि तिमी टेबलमा उसको बगलमा बस्ने छौ *(उनले फर्नवर्थको नामको कार्ड च्यातिदिइन् ।)* र अब भन्न सक्तिनँ । म तिमीलाई त्यस्तो अवसर फेरि कहिले दिन सक्छु होला ! मलाई असाध्यै रिस उठेको छ । म ऊसँग फेरि कहिल्यै कुरा गर्ने छैन । उसले मलाई यस्तो व्यवहार गर्न सक्ने छैन ।

इलेन : *(डराउँदै)* सायद उसको कुनै महत्त्वपूर्ण काम थियो होला र त उसलाई बोलाइयो होला ।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(छोरीको कुरा नसुनीकनै)* र म यो सहरकै एक महत्त्वपूर्ण सत्कारक हुँ । मानिसहरू मेरो निम्तो पाउन लालायित हुन्छन् र मेरा सबै सम्बन्धहरू सफल हुन्छन् । म चाहन्छु तिनीहरू सफल हुनैपर्छ । म असफलता सहन गर्न सक्तिनँ । म असफल हुने छैन । ऊ मेरो महत्त्वपूर्ण पाहुना थियो । ऊ साधारण मान्छेहरूभन्दा उच्च कोटीको थियो, आर्थिक रूपमा अति महत्त्वपूर्ण, हरेक मानिस उसलाई भेट्नु सौभाग्यको कुरा मान्छ र ऊ आज आइरहेको छैन ! म क्रुद्ध छु ! क्रुद्ध ! यो सबै त्यो पापी आँधीले गर्दा भएको हो !

इलेन : अब म टेबलबाट परै बस्नुपर्छ । ऊ नआउने भएपछि बाँकी सङ्ख्या फेरि तेह्र हुने भयो ।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(आवेशमा)* सुत्न जाऊ, शिशु गृहमा जाऊ ! तिमीलाई दुध र बिस्कुट त्यहीं पठाइदिउँला ।

इलेन : तर मुमाहजुर, उसको सहरबाहिर काम पर्नुमा त मेरो कुनै दोष छैन नि ।

श्रीमती प्रिङ्गल : छ, तिम्रै दोष छ ! तिमी अलि उत्साही भएको भए, यति काँतर नभएको भए र आफूलाई केही बनाउने प्रयत्न गरेको भए, उसले अरू मानिसहरूबाट तिम्रो आकर्षणका बारेमा सुन्ने थियो र तिमीलाई भेट्न ऊ आफैं नै उत्सुक हुने थियो । हरे ! कस्तो परिवार पाएँ मैले ! मेरो लक्ष्यमा सघाउने कोही पनि छैन । सुत्न जाऊ ! म तेह्र जना भएर त पक्कै बस्दिनँ । तिमी सुत्न जाऊ । मैले देख्ने ठाउँबाट पर जाऊ । *(डनम बायाँपट्टिबाट प्रवेश गर्छ ।)*

डनम : त्यो श्रीमान् मोर्गन हुनुहुँदो रहेछ, म्याडम !

श्रीमती प्रिङ्गल : मोर्गन ? तर मैले उनको कामदारलाई फोन गरेर नआउनू भन्न लगाएको थिएँ त !

डनम : उहाँले दोस्रो सन्देश पाउनुभएन कि त, म्याडम ! किनकि उहाँले प्रिङ्गल सरसँग रात्रिभोजको निम्ता पाएकोमा अति खुसी भएको कुरा गर्दै हुनुहुन्थ्यो ।

इलेन : त्यसो भए त सङ्ख्या फेरि तेह्र हुने भयो । हजुरले मलाई सुत्न नपठाएको खण्डमा बाहेक ।

श्रीमती प्रिङ्गल : हो, अब म तिमी सुत्न जाऊ भन्ने चाहन्नँ । डनम, अब हामी त्यही बिन्दुमा छौं जहाँबाट हामीले सुरु गरेका थियौं अर्थात् चौध ।

डनम : म्याडम, म अब ककटेलहरू तयार गर्छु । अन्नाले भनेकी थिई थुप्रै मोटरहरू हिउँ छिचोल्दै आइरहेका छन् । अब ढिला भइसक्यो र भान्सेले खाना चिसिन लाग्यो भनेर कराउँदै छे । *(टेलिफोनको घण्टी बज्छ । इलेन उफ्रिन्छे ।)*

इलेन : म टेलिफोन उठाउन्नँ ।

श्रीमती प्रिङ्गल : मलाई केही भन्नु छैन । हेलो, यो के हो ? *(च्याँठिँदै)* हो, हजुर ? श्रीमती टुपर ! हजुर ! श्रीमती टुपर, तर अब तपाईं त आउनैपर्छ, हामी तयार भएर पर्खिरहेछौं । हो, तपाईंहरू आठ जनाको लागि । तपाईंकी छोरीले मेरी छोरीलाई तपाईंहरूको पाहुनाको बारेमा पनि बताएकी थिइन् र हामी उहाँहरूलाई पनि स्वागत गर्न उत्साहित छौं । अब हामी तपाईंहरूको प्रतीक्षामा छौं । प्लेटहरू पनि तयार गरिसकिएको छ, तर तपाईंकी छोरीको कुरा त ठिकै थियो नि । त्यो कुनै दबाब थिएन । तपाईंहरू त जसरी भए पनि आउनैपर्छ । मेरी छोरीसँग तपाईंहरूको पाहुनालाई पनि निम्ता दिने अधिकार थियो । हरे, आठ जना कुनै ठुलो सङ्ख्या नै होइन । प्रशस्त ठाउँ छ । टेबल पनि तयार नै छ । म तपाईंलाई बिन्ती गर्छु । त्यसो नभन्नुस् न, त्यो तपाईंहरूको दबाब नै होइन । हरे ! यस्तो अड्डी कस्नु त तपाईंको मूर्खता हो !

त्यस्तो किन गर्नुहुन्छ तपाईं ? *(उनले रिसभिर राखिदिन्छिन् ।)* अब, तिमीलाई के लाग्छ ? पाहुनाका बारेमा एलाले तिमीसँग भनेको कुराले श्रीमती टुपर खुब रिसाएकी छिन् । भन्छिन्, उसको कुनै ढङ्ग नै छैन । अब छ जनाको निम्तो भएको ठाउँमा आठ जना आउन कुनै तरिकाले पनि उनलाई उचित लागेन रे । त्यसैले उनी एला र हेनरीलाई घरमा छाडेर छ जना मात्र आउँदै छन् । डनम, दुईवटा प्लेट हटाऊ । आखिरमा हामी बाह्र मात्र भयौं ।

इलेन : तर बाह्र जना मात्र हुने हो भने त बुवाहजुरलाई सिरानपट्टि बस्न मिल्दैन ।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(थकित, दुखित, क्रुद्ध र तनावग्रस्त)* अब म बहुलाउने भएँ । अब म कसैलाई फेरि आमन्त्रण गर्ने छैन, कहिल्यै गर्ने छैन । मानिसहरूलाई आफू आउन सक्छु कि सक्तिनँ भन्ने ज्ञान त हुनुपर्छ नि । तर उनीहरू पहिला स्वीकार गर्छन् र पछि पछुताउँछन्, पछुताउँछन् र फेरि स्विकार गर्छन् । उनीहरूले मलाई क्रुद्ध पारिसके । *(डनम बाहिर जान्छे ।)* यो अब मेरो तर्फबाट अन्तिम रात्रिभोज हुने छ; एकदम अन्तिम, एउटा असफलता, भयङ्कर असफलता ! एउटा सोचविचार नगरिएको भिड, सँगै हतारिएर हिँड्छ, जब म यति सुन्दर तरिकाले योजना गरिरहेकी थिएँ । अब म उनीहरूलाई कसरी बसाउन सक्छु, कसरी ? यदि मैले श्रीमान् टुपरलाई यहाँ राखेँ र श्रीमती कोन्लेलाई त्यहाँ राखेँ भने श्रीमती टुपर त आफ्ना लोग्नेको बगलमै बस्नुपर्ने छ र यदि मैले त्यहाँ मोर्गनलाई राख्न चाहें भने, हरे ! यो त असम्भव छ । एउटा ह्याटमा तिनीहरूको नामको चिट राखेर चिट्ठा गर्नुपर्ने भो । अब कहिले यो हुने छैन ! अब पुग्यो मलाई ! यो समाजसँग पनि वाक्क भएँ । भोज पनि पुग्यो । साथीहरू पनि पुग्यो । अब म स्लेटलाई पुछेर सफा गर्ने छु । उनीहरूले मनोरञ्जनको मेरो निम्तोलाई सम्झेर पछुताउने छन्, अनि आफू अलि लचिलो हुनुपर्थ्यो भन्ने ठान्ने छन् । यसपछि म केवल आफ्नै लागि बाँच्ने छु । अब म स्वार्थी र जिद्दीवाल हुने छु र असामाजिक, अनि आफ्नो पेय सारा सहरलाई निःशुल्क खुवाउनुको सट्टा आफैं पिउने छु । मलाई पुग्यो । ओलिभर फर्नवर्थ जस्ता मान्छेहरूबाट पनि आजित भएँ ! मलाई तिनीहरू कति धनी छन् भन्ने कुराले केही फरक पर्दैन ! उनीहरू कति प्रभावशाली छन्, उनीहरू कति महत्त्वपूर्ण छन् ! सामान्य सदाचार र समझविना उनीहरू केही पनि होइनन्; व्यापार, रेल यात्रा, सब बकवास । आउन मन लागेन । प्यारी, सुन्दर युवतीलाई भेट्न मन भएन । ऊसँग बिहे गर्न मन भएन । ठिकै छ, ऊ तिम्रा लागि सुहाउँदो पनि छैन ! के तिमी उसलाई बिहे गर्न चाहन्छ्यौ र ! के तिमी ऊसँग बिहे गर्ने हिम्मत गर्न सक्तिनौ र ! अब म तिमीलाई ऊसँग बिहे गर्न पनि दिने छैन । मेरो कुरा सुन्यौ ? यदि तिमी ऊसँग भाग्न वा अरू केही गर्न खोज्यौ भने म त्यसलाई सफल हुन दिने छैन; हो, दिने छैन । ओलिभर फर्नवर्थले मबाट फेरि यो सम्मान पाउने छैन ! ऊ मेरो नजरबाट हराइसक्यो ! म ओलिभर फर्नवर्थलाई घृणा गर्छु !

(डनम चाँदीको थालीमा एउटा चिठी लिएर आउँछे ।)

डनम : श्रीमान् फर्नवर्थको चिठी आएको छ, म्याडम !

श्रीमती प्रिङ्गल : फर्नवर्थको चिठी ? *(उनले त्यो चिठी लिन्छिन् र त्यसलाई खोल्छिन् ।)*

डनम : हजुर म्याडम । तल्लो हलमा दुई जना अपरिचित मानिसहरू पनि आएका छन् । उनीहरूले नै यो चिठी दिएका हुन् । एक जनाले भनेको थियो कि ऊ निजी सचिव हो । बाँकी पाहुनाहरू माथि बैठक कोठामा बसिरहनुभएको छ । म्याडम; मैले गन्दा तपाईं, इलेन र प्रिङ्गल सरसमेत गरेर जम्मा बाह्र जना भए । तर तलका दुई अपरिचित मानिसहरू तपाईंको जबाफ पर्खिरहेका छन् । एउटा मानिसको अनुहार त परिचित अनुहार जस्तो लाग्छ तर मैले ठम्याउन सकिनँ तर मैले उसलाई कतै देखेको छु जस्तो लाग्छ ।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(उनी चिठी पढिरहेकी छिन् र यो अनौठो खुसीले बेहोस होलिन् जस्तो भइरहेछ ।)* अनुहार देखेको– कतै– हे भगवान ! इलेन, उहाँ वेल्सको राजकुमार हो !

डनम : ती निजी सचिवले भने, तपाईंले टेलिफोन काटिदिनुभो वा सेन्ट्रलबाट नै काटियो । श्रीमान् फर्नवर्थलाई महामहिमको सहभागी हुने सहरको कार्यक्रमलाई हिउँले अवरोध गरिरहेको छ भन्ने थाहा थियो भन्ने उनले बताउन चाहेका थिए रे ।

श्रीमती प्रिङ्गल : वेल्सका राजकुमार हाम्रो तल्लो हलमा कुरिरहेको ! रात्रिभोजका लागि मेरो आमन्त्रण कुरिरहेको !

इलेन : त्यस भए हामी फेरि तेह्र हुने भयौं ।

डनम : उनीसँग निजी सचिव पनि छन्, इलेन । ऊ अङ्गरक्षक हो ।

श्रीमती प्रिङ्गल : *(आफ्नो ठाउँबाट उठेर)* इलेन, ती निजी सचिव पनि पक्कै आउने छन् । हामी रात्रिभोजमा चौध जना हुने छौं । डनम, अब ककटेलहरू राख्न सुरु गर । पाहुनाहरू जहाँ चाहन्छन् त्यही बस्न सक्ने छन् । म आफैं गएर राजकुमारलाई लिएर आउने छु !

इलेन : *(पछ्याउँदै)* तर मुमा, आफ्नो ठाउँमा राजकुमारलाई पठाउनु ओलिभर फर्नवर्थको महानता होइन त ?

श्रीमती प्रिङ्गल : ओलिभर फर्नवर्थ सबैभन्दा समझदार मानिस हो भनेर मैले सधैं भनेको होइन त ?

इलेन : म त फर्नवर्थलाई मन पराउँछु कि जस्तो लागिरहेछ ।

श्रीमती प्रिङ्गल : अबुझ केटी ! फर्नवर्थलाई मन पराउन अब धेरै ढिला भइसक्यो । अब त राजकुमारलाई मन पराउने समय हो । *(बाहिर निस्किँदै)* कुनै न कुनै तरिकाले म सबैभन्दा सफल सत्कारक हुन समर्थ भएकी छु ! हे भगवान्, यो हिउँआँधीका लागि धन्यवाद !

(पर्दा)

अनुवाद : केशव सिग्देल

एकाङ्की/अमेरिका (America)

तेल

युजिन ओ' निल ("Ile" by Eugene O'Niel)

(क्याप्टेन किल्नीको कोठा, बाफबाट चल्ने बडेमानको जहाज अट्लान्टिक क्विनभित्र। कोठा सानो, चार पाटा मिलेको छ। भित्ता करिब आठ फुट अग्ला छन् र बिचमा जहाजको अग्रभाग देखिने गरी भुन्डयाइएको बत्ती छ। जहाजको बायाँपट्टि सामान्य कुसन राखिएको एउटा फलैंचा बनाइएको छ, भित्तोमा अडयाएको छ। फलैंचाको अगाडिपट्टि एउटा टेबल छ। फलैंचामाथिपट्टि पर्दा लगाएका केही झ्यालहरू छन्।)

(पछाडिपट्टि, बायाँतिर एउटा ढोका छ, जसबाट क्याप्टेनको शयन-कक्षमा प्रवेश गर्न सकिन्छ। ढोकाको दायाँतिर एउटा नयाँ जस्तो देखिने सनई जस्तो बाजा छ, भित्तोमा ढल्काएर राखिएको।)

(दायाँपट्टि, पछाडितिर, एउटा मार्बलको सतहको भएको बोर्ड छ। यसमाथि, कुनै महिलाको बुनाईका सामान एउटा पेचमा राखिएको छ। अझ अगाडि, ढोका हुँदै अर्को सानो बाटोतिर जाने बाटो छ र अधिकृतहरूको आवास हुँदै जहाजको मुख्य भागतिर जान्छ।)

(कक्षको मध्य भागमा एउटा स्टोभ छ। सिलिङको विचबाट एउटा बत्ती झुन्डिएको देखिन्छ। क्याबिनमा सबै भित्तामा सेतो रङ लगाइएको छ।)

